आधा गाँव

© राही मासूम रज़ा

प्रकाशक अक्षर प्रकाशन प्रा० लिमिटेड,
२/३६, अंसारी रोड, दरियागंज,
दिल्ली ६

•

मूल्य रुपये १० ५०

•

प्रथम संस्करण १९६६

•

आवरण हरिपाल त्यागी

•

मुद्रक दुर्गा प्रिंटिंग वर्क्स आगरा ४

•

आवरण मुद्रक परमहंस प्रेस दिल्ली ६

•

पुस्तकबंधक अग्रसिया बाइण्डर्स
आगरा ४



राही मासूम रजा

र प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड

© राही मासूम रज़ा

प्रकाशक अक्षर प्रकाशन प्रा० लिमिटेड,
२/३६ अंसारी रोड, दरियागंज,
दिल्ली ६

●

मूल्य रुपये १० ५०

●

प्रथम संस्करण १९६६

●

आवरण हरिपाल त्यागी

●

मुद्रक दुर्गा प्रिंटिंग वर्क्स, आगरा ४

●

आवरण मुद्रक परमहंस प्रेस दिल्ली ६

●

पुस्तकबन्ध अप्रशिया बाइण्डर्स
आगरा ४

राही मासूम रजा

अक्षर प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड

यह 'आधा गाँव' अपने पुराने दोस्त

कुँवरपालसिंह को

भेंट करता हूँ

क्योंकि अगर उनका साथ न होता

तो शायद न यह कहानी लिखी ही

न पाता

प्रकाशकीय वक्तव्य

राही मासूम रज़ा ने कहीं लिखा है कि "साहित्य में मूल प्रश्न वास्तविकता का नहीं होता, बल्कि वास्तविकता की तरफ़ हमारे रवैये या दृष्टिकोण का होता है।"

लेखक का रवैया जितना आवश्यक है उतना ही ज़रूरी है ज़िन्दगी का रवैया। 'आधा गाँव' उपन्यास इसी ज़िन्दगी के रवैये का उपन्यास है। यह उपन्यास भारतीय ज़िन्दगी के एक महत्त्वपूर्ण पहलू की बेहद सशक्त, समग्र और सच्ची तसवीर सामने रखता है।

हिन्दी उपन्यासों की परम्परा में 'आधा गाँव' बहुत-सी नयी अवधारणाओं का स्रोत है। मुख्य बात प्रामाणिक अनुभव की है। यानी ज़िन्दगी के रवैये की। जो इस उपन्यास की ज़िन्दगी के रवैये को नहीं समझ पायेंगे उन्हें इसमें शायद कुछ अशोभन और अशिष्ट भी लगे। अश्लील इसलिए नहीं, क्योंकि अश्लीलता स्थितियों में होती है और स्थितियों की दृष्टि से इस उपन्यास को किसी भी भाषा के समकालीन उपन्यासों के साथ रखा जा सकता है।

पता नहीं जिस बोली का उपयोग हेनरी मिलर ने अपने उपन्यासों (विशेषकर ट्रापिक ऑफ़ कैन्सर) में किया है वह कहाँ बोली जाती है या नहीं, लेकिन हेनरी मिलर की भाषा के मिज़ाज में आपत्तिजनक और स्थितियों के लिहाज़ से अश्लील माना जाता है। परन्तु राही की भाषा का स्तर कतई दूसरा है, क्योंकि वह बोली के स्थान से जुड़ी हुई है। बोली ही भाषा को जनता रची है। भाषा इधर और निखरकर आती है। बोलियों में न जाने कितने मुहावरे, सूक्तियाँ, गालियाँ और शब्द ऐसे चलते हैं जिन्हें भाषा में नहीं लिया जाता।

तथाकथित शिष्ट समाज में जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाता है, वही कभी-कभी जिन्दगी के स्वयं का दमन और झेलनेवाले के लिए सही और सच्चा भी होता है। सही बात को कहने के लिए सच्ची भाषा ही इस्तेमाल की जा सकती है। इस दृष्टि से इस उपन्यास की भाषा में जो सच्चाई और खरापन है, वह दिमागी अय्याशी का ही खटक सकता है—जिन्दगी को स्वयं झेलनेवाले को नहीं।

उपन्यास में सीधे साधे खुली गालियों का इस्तेमाल है, जिसे अभिजात जिन्दगी के सन्दर्भ में न तो परम्परानुसार डैश डैश कह कर या बिन्दियाँ लगाकर ध्वनित ही किया जा सकता है और न छोड़ा ही जा सकता है क्योंकि जिस जिन्दगी को इस उपन्यास में उठाया गया है, वह जितनी स्पष्ट, दारुण और बेज़ार है, वह उतनी ही सच्ची और खरी भाषा की माँग भी करती है, और इस माँग को पहली बार एक जिम्मेदार लेखक ने हिन्दी में पूरा किया है।

ऊँघता शहर

गाजीपुर के पुराने किले में अब एक स्कूल है जहाँ गंगा की लहरों की आवाज़ तो आती है, लेकिन इतिहास के गुनगुनाने या ठण्डी साँसें लेने की आवाज़ नहीं आती। किले की दीवारों पर अब कोई पहरेदार नहीं घूमता न ही उन तक कोई विद्यार्थी ही आता है जो डूबते हुए सूरज की रोशनी में चमचमाती हुई गंगा में कुछ कहे या सुने।

गँदले पानी की इस महान धारा को न जाने कितनी कहानियाँ याद होंगी। परन्तु माँएँ तो जिनों, परियों, भूतों और डाकुओं की कहानियों में मगन हैं और गंगा के किनारे ले जाकर बच्चों से मिलते हुए इस शहर को इसका खयाल भी नहीं आता कि गंगा के पाठशाले में बैठकर अपने पुरखों की कहानियाँ सुनें।

यह असम्भव नहीं कि अगर अब भी इस किले की पुरानी दीवार पर कोई आ बैठे और अपनी आँखें बन्द कर ले तो उस पार के गाँव और मकान और खेत घने जंगलों में बदल जायें और तपोवन में ऋषियों की कुटियाँ दिखायी देने लगें। और वह देखे कि अयोध्या के दो राजकुमार कन्धे में कमानें लटकाये तपोवन के पवित्र सन्नाटे की रक्षा कर रहे हैं।

लेकिन इन दीवारों पर कोई बैठता ही नहीं। क्योंकि जब इन पर बैठने की उम्र आती है तो गज़भर की छातियों वाले बेरोज़गारी के कोल्हू में जोत दिये जाते हैं कि वे अपने सपनों का तेल निकालें और इस ज़हर को पीकर चुपचाप मर जायें।

लगा झूलनी का धक्का
बलम कलकत्ता चले गये।

कलकत्ता की चटकलों में इस शहर के सपने सन के ताने बाने में बुनकर विलायत भेज दिये जाते हैं और फिर सिर्फ़ सूनी आँखें रह जाती हैं और वीरान दिल रह जाते हैं और पके हुए बदन रह जाते हैं जो किसी अघोरी की झाड़ू।

मन में रहते हैं जो पगडण्डियों, कच्चे पक्के तालाबों, धान, जौ और मटर के खेतों को याद करते रहते हैं।

कलकत्ता!

कलकत्ता किसी शहर का नाम नहीं है। गाज़ीपुर के बेटे बेटियों के लिए यह भी विरह का एक नाम है। यह शब्द विरह की एक पूरी कहानी है जिसमें न मालूम कितनी आँखों का काजल बहकर सूख चुका है। हर साल हज़ारों हज़ार परदेस जानेवाले मेघदूत द्वारा हज़ारों हज़ार सन्देश भेजते हैं। शायद इसीलिए गाज़ीपुर में टूटकर पानी बरसता है और बरसात में नयी-पुरानी दीवारों, मस्जिदों और मन्दिरों की छतों और स्कूलों की खिड़कियों के दरवाज़ों की दरारों में विरह के अँखुये फूट आते हैं और जुदाई का दर्द जाग उठता है और गाने लगते हैं

बरसन में कौऊ घर में ना निकसे
तुमहि अनूक बिदेस जवैया।

कलकत्ता, बम्बई, कानपुर और ढाका—इस शहर की हदें हैं। दूर तक फैली हुई हदें। यहाँ के रहनेवाले यहाँ से जाकर भी यहीं के रहते हैं। गुब्बारे आकाश में चाहे जितनी दूर निकल जायें परन्तु अपने केन्द्र से उनका सम्बन्ध नहीं टूटता जहाँ किसी बच्चे के हाथ में निकले धागे का एक सिरा होता है।

इधर कुछ दिनों से ऐसा हो गया है कि बहुत-से बच्चों के हाथों से यह डोर टूट गयी है।

यह कहानी सच पूछिए तो उन्हीं गुब्बारों की है या शायद उन बच्चों की जिनके हाथों में मरी हुई डोर का एक सिरा है और जो अपने गुब्बारों को तलाश कर रहे हैं और जिन्हें यह नहीं मालूम कि डोर टूट जाने पर उन गुब्बारों का अंजाम क्या हुआ।

गंगा इस नगर के सिर पर और गालों पर हाथ फेरती रहती है, जैसे कोई माँ अपने बीमार बच्चे को प्यार कर रही हो। परन्तु जब इस प्यार की कोई प्रतिक्रिया नहीं होती तो गंगा बिफर बिलखकर रोने लगती है और यह नगर उसके आँसुओं में डूब जाता है। लोग कहते हैं कि बाढ़ आ गयी।

[illegible] मानते हैं। हिन्दू गंगा पर चढ़ावा चढ़ाने लगते हैं कि रूठी

हर गंगा मैया मान जाय। अपने प्यार की इस हतक पर गंगा झल्ला जाती है और किले की दीवार से अपना सिर टकराने लगती है और उसमें उजले-मटमैले बाल उलझकर दूर-दूर तक फैल जाते हैं। हम उसे झाग कहते हैं। गंगा जब यह देखती है कि उसके दुख को कोई नहीं समझता, तो वह अपने आँसू पोंछ डालती है, तब हम यह कहते हैं कि पानी उतर गया। मुसलमान कहते हैं कि अज़ान का वार कभी खाली नहीं जाता। हिन्दू कहते हैं कि गंगा ने उनकी भेंट स्वीकार कर ली। और कोई यह नहीं कहता कि माँ के आँसुओं ने ज़मीन को और भी उपजाऊ बना दिया है। दूर दूर तक ज़मीन पर गर्म मिट्टी का एक ग़िलाफ़ सा चढ़ जाता है। परन्तु गंगा भी क्या करे, डाँगर बैलों में हल का बोझ उठाने की ताक़त ही नहीं है।

यह शहर इतिहास से बेख़बर है। इसे इतनी फ़ुरसत ही नहीं मिलती कि कभी बरगद की ठण्डी छाँव में लेटकर अपने इतिहास के विषय में सोचे जो रामायण में आगे तक फैला हुआ है। रहा भविष्य, तो उसके विषय में सोचने का इसे साहस ही नहीं है। रुपये के घड़े में एक पतला-सा छेद है जिसमें क्षण क्षण रुपया टपकता रहता है। यह शहर क्षण क्षण जीता है और क्षण क्षण मरता है और फिर जी उठता है।

कौन जाने इसकी यह घोर तपस्या कब ख़त्म हो। ग़ाज़ीपुर ज़िन्दगी में काफ़िलों के रास्ते पर नहीं है। कभी हवा इधर से होकर गुज़रती है तो काफ़िलों की धूल आ जाती है और यह बस्ती उस धूल को इत्र की तरह अपने कपड़ों में और अपने बदन पर मलकर खुश हो लेती है।

यह मेरा शहर है। मैं जब भी अपने शहर की गलियों में गुज़रता हूँ यह मेरे कंधे पर हाथ रख देता है। मेरी छोटी बड़ी कहानियों के रास्ते पर मुझे जगह जगह मिलता है। परन्तु इसकी सम्पूर्ण वास्तविकता अब तक मेरे क़ाबू में नहीं आयी है इसीलिए मैं इसे एक बार फिर देखना चाहता हूँ।

यह उपन्यास वास्तव में मेरा एक सफ़र है। मैं ग़ाज़ीपुर की तलाश में निकला हूँ लेकिन पहले मैं अपनी गंगौली में ठहरूँगा। अगर गंगौली की हक़ीक़त पकड़ में आ गयी तो मैं ग़ाज़ीपुर का एपिक लिखने का साहस करूँगा। यह उपन्यास वास्तव में उस एपिक (महाकाव्य) की भूमिका है।

परन्तु एक बात सुन लीजिए। यह कहानी न कुछ लोगों की है और न कुछ परिवारों की। यह उस गाँव की कहानी भी नहीं है जिसमें इस कहानी के भले-बुरे पात्र अपने को पूर्ण बनाने का प्रयत्न कर रहे हैं। यह कहानी न धार्मिक है न राजनीतिक। क्योंकि समय न धार्मिक होता है न राजनीतिक और यह कहानी है समय ही की। यह गंगौली में गुज़रनेवाले समय की कहानी है। कई बूढ़े मर गये, कई जवान बूढ़े हो गये, कई बच्चे जवान हो गये और कई बच्चे पैदा हो गये। यह कहानी इस हेर-फेर में फँसे हुए सपनों और हौसलों की कहानी है। यह कहानी है उन खण्डहरों की जहाँ कभी मकान थे और यह कहानी है उन मकानों की जो खण्डहरों पर बनाये गये हैं।

और यह कहानी जितनी सच्ची है उतनी ही झूठी भी।

मुझे झूठ में सच और सच में झूठ की मिलावट की कला आती है। इस कहानी में जगह-जगह 'मैं' इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ कि यह कहानी मुझसे दूर न जा सके कि मैं जब चाहूँ इसे छू लूँ। अपने आपको ढाढ़स देने के लिए ही तो यह कहानी मैं सुना रहा हूँ यह आपको और अपने आपको यह विश्वास दिलाने के लिए कि ऐसी कहानी की तरह मैं सुन भी हूँ। इसलिए यह आपबीती भी है और जगबीती भी।

युग एक बिना जिल्द की किताब की तरह एक सुनसान मकान में पड़ा हुआ है। हवा की हल्की-सी लहर भी इसके पन्ने उलटती-पलटती रहती है। पढ़नेवाले के सामने पन्नों में फ़ासला घटता-बढ़ता रहता है: कभी वह दस पृष्ठ आगे निकल जाता है और कभी दस पृष्ठ पीछे रह जाता है। इसलिए मैं प्रथम पुरुष का प्रयोग कर रहा हूँ कि पन्ने स्वयं न उलट सकें ताकि भ्रम [illegible] और मैं यह कह सकूँ कि क्या था, क्या है और क्या होनेवाला है।

कहते हैं कि आषाढ़ की एक काली रात में सुलतान के एक सरदार सैयद मसूद ग़ाज़ी ने बाढ़ पर आयी गंगा को पार करके गाधिपुरी पर हमला किया, फलतः यह शहर गाधिपुरी से ग़ाज़ीपुर हो गया। रास्ते वही रहे, गलियाँ भी वही रहीं, मकान भी वही रहे, नाम बदल गया—नाम शायद एक ऊपरी खोल होता है जिसे बदला जा सकता है। नाम का व्यक्तित्व से कोई अटूट रिश्ता नहीं होता शायद क्योंकि यदि ऐसा होता तो ग़ाज़ीपुर होकर गाधिपुरी को भी बदल

जाना चाहिए या फिर कम-से-कम इतना होता कि हारनेवाले ठाकुर ब्राह्मण कायस्थ अहीर भर और चमार अपने को गादिपुरी कहते और जीतनेवाले सय्यद, शेख और पठान अपने को ग़ाज़ीपुरी। परन्तु ऐसा नहीं हुआ। सब ग़ाज़ीपुरी हैं और अगर शहर का नाम न बदला होता तो सब गादिपुरी होते। ये नये नाम हैं बड़े दिलचस्प। अरबी का फ़तह हिंदी के गढ़ में घुलकर एक इकाई बन जाता है। इसीलिए तो पाकिस्तान बन जाने के बाद भी पाकिस्तान की हकीकत मेरी समझ में नहीं आती। अगर जनता को गढ़ से ग़ाज़ी को पुर से और दिलदार को नगर से अलग कर दिया जायगा तो बस्तियाँ वीरान और बेनाम हो जायेंगी और अगर इमाम को बाड़े से निकाल दिया गया तो मोहर्रम कम होगा।

गंगा इस ग़ाज़ीपुर को भी उसी तरह सीने से लगाये हुए है जिस तरह वे गादिपुरी को लगाये हुए थी। इसीलिए नाम गादिपुरी हो या ग़ाज़ीपुर कोई फ़र्क नहीं पड़ता क्योंकि मसूद ग़ाज़ी के चार बच्चों ने दूर पास के देहातों पर ज़रूर कब्ज़ा जमाया होगा। और यूँ दिल्ली से आनेवाला खानदान बड़े ज़मींदार परिवारों में ज़रूर बढ़ता और मैं यह कहानी फिर भी लिखता।

मसूद ग़ाज़ी के एक लड़के नूरुद्दीन शहीद ने (यह शहादत कब और क्यों हुई यह मुझे नहीं मालूम और शायद किसी को नहीं मालूम।) दो नदियाँ पार करके ग़ाज़ीपुर से कोई बारह चौदह मील दूर गंगौली को फ़तह किया। कहते हैं कि इस गाँव के राजा का नाम गंगू था और उसी के नाम पर इस गाँव का नाम गंगौली पड़ा। लेकिन इस सय्यद खानदान के पाँव जमने के बाद भी इस गाँव का नाम नूरपुर या नूरुद्दीन नगर नहीं हुआ—मेरी गंगौली का नाम मेरे ग़ाज़ीपुर से बचा रहा। लेकिन मज़े की बात यह है कि नूरुद्दीन शहीद की समाधि, जो गंगौली से नयी है गंगौली से पुरानी मालूम देती है। ईंटों की इस छोटी-सी इमारत पर कभी एक छत ज़रूर रही होगी। परन्तु मैं तो लगभग [illegible] साल से इसे खण्डहर ही देख रहा हूँ। बस दस मोहर्रम को जब दोनों पट्टियों के जुलूस यहाँ आते हैं तो मजमा-सा लग जाता है और समाधि से अलग हटकर लड़कों के अखाड़ेवाले अपना मजमा लगाकर गतका बनेठी और तलवार के हाथ निकालने लगते हैं और फिर एकदम से कोई आत्मा

नारा लगाता है—बोल मुहम्मदी ! और सारा गाँव जवाब देता है—या हुसैन !!'

इधर कुछ दिनों से गंगौली में गंगौलीवालों की संख्या कम होती जा रही है और सुन्नियों शियों और हिंदुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। शायद इसीलिए नूरुद्दीन शहीद की समाधि पर अब उतना बड़ा मजमा नहीं लगता और गंगौली का वातावरण 'बोल मुहम्मदी—या हुसैन' की आवाज़ से उस तरह नहीं गूँजता जिस तरह कभी गूँज उठा करता था। शायद यही कारण है कि समाधि आज उदास उदास नज़र आती है और अपनी अंधी आँखों से इधर उधर देखती रहती है और सोचती रहती है—मेरी गंगौली कहाँ गयी ! लेकिन इस समाधि की जड़ें गंगौली की जमीन में हैं। इसीलिए वह जहाँ की तहाँ खड़ी है—अकेली।

विशाल वृक्ष अपनी जगह से नहीं हटते जब तक कि उन्हें काट न डाला जाय या जब तक कि उनकी जड़ खोखली न हो जायें। अबुल कासिम खाँ, बद्दन, नार, पन्नू भाई, तम्मन, सगर अख्तर और सिग्गा पाकिस्तान में हैं। परन्तु नूरुद्दीन शहीद की समाधि अब भी गंगौली में है और उस कस्टोडियन ने भी नहीं हथियाया है क्योंकि कस्टोडियन को मालूम था कि नूरुद्दीन शहीद की समाधि गंगौली के सैयदों की नहीं है बल्कि गंगौली की है। बरगद के पेड़ की उम्र ज़रा लम्बी होती है और फिर इस समाधि को कई नस्लों ने अपनी-अपनी हड्डियों की खाद दी है।

इस समाधि के अतिरिक्त गंगौली के सैयदों ने एक 'कर्बला'[1] भी बनवाया। यह कर्बला समाधि के दक्षिण में है और यह समाधि गंगौली के पूरब में है। इन लोगों ने एक तालाब भी खुदवाया जो गाँव के पश्चिमी सिरे पर है। यह तालाब नूरुद्दीन शहीद के उत्तराधिकारियों ने ही बनवाया होगा क्योंकि इसके आस पास किसी मन्दिर का निशान नहीं है। तालाब से निकली हुई मिट्टी के टीलों पर आम और जामुन के पेड़ हैं और गाँव के मीर साहिबान दस मुहर्रम को इन्हीं टीलों पर नमाज़ पढ़ने आते हैं। इस तालाब के पश्चिम में पूरा का बना

---

[1] इमाम हुसैन की समाधि की नकल—जहाँ ताज़िये दफ़नाये जाते हैं।

हुआ तीन दरों वाला नील का एक वीरान कारखाना है जिसे हम लोग न मालूम क्या गोदाम कहते हैं। यह जॉन गिलक्राइस्ट की यादगार है यानी एक और ही युग की निशानी है। अब तो यह सिर्फ चरवाहों के काम आता है जो उस पर बैठकर ईख खाते हैं और यह प्रेमियों के काम आता है। यहाँ चाहे हीर का राँझा न मिलता हो, परन्तु बदन को वस्त्र अवश्य मिल जाता है।

एक टूटी फूटी समाधि और एक उजड़ हुए कारखाने के बीच में यह गाँव आबाद है। गगौली के कोनों पर सैयद लोगों के मकान हैं। कुल मिलाकर दस घर होंगे। दक्खिनवाले घर दक्खिनी पट्टी कहलाते हैं और उत्तरवाले उत्तरी पट्टी। बीच में जुलाहों के घर हैं। खुनदा के घर से राछियों की आबादी शुरू हो जाती है और फिर गन्दी, कच्ची गली गगौली के बाजार में दाखिल हो जाती है और नीची दूकानों और खुजली के मारे हुए कुत्तों से दबकर गुजरती हुई नूरुद्दीन शहीद की समाधि के खुले हुए वातावरण में आकर इत्मीनान की साँसें लेती है।

गाँव के आस-पास झोपड़ों और नीलवालों के कई पुरे आबाद हैं। किसी में चमार रहते हैं, किसी में भर और किसी में अहीर। गगौली में तीन बड़े दरवाजे हैं। एक उत्तर पट्टी में है और पक्कड़ तले कहा जाता है। यह लकड़ी का एक बड़ा-सा फाटक है। सामने ही पक्कड़ का एक पेड़ है। चौखट से उतरते ही दाहिनी तरफ कई इमाम चौक हैं जिन पर नौ मोहर्रम को लकड़ी के खूबसूरत ताजिये रखे जाते हैं और फिर एक बड़ा आँगन है। जमींदारी में इन बड़े आँगनों का एक बड़ा सामाजिक महत्त्व है। बिरादरी की बारातें यहीं उतरती हैं मरने जाने का खाना यहीं होता है। आसामियों को सजा यहीं दी जाती है। पट्टीदारी के मामले यहीं उलझाये और सुलझाये जाते हैं और यहाँ पानदारों छिप्पियों और कलबत्तरों का नाच रंग होता है—ये आँगन न हों तो जमींदारियाँ ही न चलें।

तो एक बड़ा फाटक उत्तर पट्टी में भी है और दो दक्खिन पट्टी में। एक जहीर मियाँ के पुरखों का यानी दद्दा के मामूवालों का। इस फाटक का नाम 'बड़का फाटक' है। और दूसरा बड़ा दरवाजा अब्बू दा के बुजुर्गों का है जो अब्बू मियाँ का फाटक कहा जाता है।

इस कहानी तीनों पट्टियों और इनके चारों तरफ़ रहनेवाले सैयद परिवारों में जाती है।

हाँ, एक बात और। यह गंगौली कोई काल्पनिक गाँव नहीं है और इस गाँव में आपको जो घर नज़र आयेंगे वे भी काल्पनिक नहीं हैं। मैंने तो केवल इतना किया है कि इन मकानों को मकानवालों से खाली करवाकर इस उपन्यास के पात्रों को बसा दिया है। ये पात्र ऐसे हैं कि इस वातावरण में अजनबी नहीं मालूम होंगे और शायद आप भी अनुभव करें कि फुन्नन मियाँ, अब्बू मियाँ, झंगटिया-बो, मौलवी बेदार, कोमिला, बबरमुआ, बलराम चमार, हकीम अली कबीर, गया अहीर और अनवारुलहसन राक़ी और दूसरे तमाम लोग भी गंगौली के रहने वाले हैं। लेकिन मैंने इन काल्पनिक पात्रों में कुछ असली पात्रों को भी भर दिया है। ये असली पात्र मेरे घरवाले हैं जिनसे मैंने यथार्थ की पृष्ठभूमि बनाया है और जिनके कारण इस कहानी के काल्पनिक पात्र भी मुझसे बेतकल्लुफ़ हो गये हैं।

आइए अब चलें।

मेरा गाँव, मेरे लोग

मैं गोरी दादी के आँगन में भागता हुआ दक्खिन वाले तीन-दरे में घुस गया। ठोकर लगी, गिर पड़ा। भाई साहब मेरे पीछे-पीछे भाग आ रहे थे। बात यह हुई थी कि बाजी ने घनिया बनाकर बक्स में छुपा रखी थी। हमने देख लिया। घनिया खतम हो गयी। बाजी ने अम्मा से शिकायत की। अम्मा ने हमें दौड़ा लिया—इसलिए हम भाग रहे थे।

भाई साहब ने लपककर मुझे उठाया ही था कि अम्मा का हाथ सिर पर दिखायी दिया। मैं तो ज़िन्दा मछली की तरह तड़पकर उनके हाथों से निकल गया। लेकिन भाई साहब के बाल अम्मा के हाथों में आ गये। मैं चुपचाप वहाँ से सरक लिया। सामने ही नईमा दादी की खलवत का छोटा-सा दरवाजा था, मैं खलवत में घुस गया।

खलवत के छोटे-से आँगन में अमरूद के एक पेड़ के बाद कुछ बचता ही नहीं था। मुश्किल से दो खटोले पड़ जाते थे, उनमें से एक खटोले पर नईमा दादी लेटी हुई तसबीह फेर रही थीं, और उनके सिर के पास से गुज़रनेवाली अलगनी पर दो काले कुरते, दो काले आड़े पाजामे और दो काले दुपट्टे पड़े हुए सूख रहे थे। एक दुपट्टे के कोने से काला रंग बूँद-बूँद टपक रहा था और ज़मीन की गुदली को भिगो रहा था।

मुझे नहीं मालूम कि मँझले दादा को अब्बा की इन नईमा दादी में ऐसी कौन-सी बात नज़र आयी थी कि उन्होंने एक अच्छी-खासी गोरी-चिट्टी दादी थीं। छोड़कर चन्दन मिट्टी की इस पुतली को निकाह में ले लिया और फिर उनके लिए उन्होंने यह खलवत बनवायी क्योंकि नईमा दादी बहरहाल जुलाहिन थीं और सैयदानियों के साथ नहीं रह सकती थीं। पुराने ज़माने के लोग इसका बड़ा ख़याल रखा करते थे कि कौन कहाँ बैठ सकता है और कहाँ नहीं। मेरी समझ में ये बातें नहीं आतीं लेकिन मेरी समझ में तो और बहुत-सी बातें भी नहीं आतीं। मेरी समझ में तो यह भी नहीं आता कि मँझले दादा के दबसोन नट

गुज्जन मियाँ उर्फ़ सय्यद ग़ज़नफ़र हुसैन ज़ैदी यानी छोटे दादा ने एक अच्छी खासी गोरी चिट्टी गोल मटोल, चिकनी चुपड़ी हुसैनी दादी को छोड़कर जमुर्रद नामी एक रण्डी को क्या रख लिया? मैंने जमुर्रद को नहीं देखा है लेकिन हुसैनी दादी को मैंने अपनी आँख खोलने से लेकर उनकी आँख बन्द हो जाने तक देखा है। वह बड़ी कंजूस थीं मगर बड़ी खूबसूरत थीं। जमुर्रद को गंगौली की किसी औरत ने नहीं देखा था मगर सभी का यह ख़याल था कि उसने गुज्जन मियाँ पर कोई टोना टोटका कर दिया है। इसीलिए गंगौली की तमाम औरतों का पक्का ख़याल था कि वह बंगालिन है, हालाँकि वह बागरवी की थी।

लेकिन गंगौली की औरतों को गुज्जन मियाँ से यह शिकायत नहीं थी कि उन्होंने कोई रण्डी डाल ली है। रण्डी डाल लेने में कोई बुराई नहीं, लेकिन हुसैनी-जैसी ख़ूबसूरत बीवी को छोड़ना अलबत्ता गुनाह है। आख़िर अतहर मियाँ ने काली दुल्हन यानी रौशना बीवी से निभायी कि नहीं! जबकि अतहर मियाँ की गिनती ख़ूबसूरतों में होती थी। मगर उन्होंने गुस्से में करवट-करवट जन्नत दे उन्होंने कभी काली दुल्हन का दिल न मैला होने दिया जबकि उन्हीं दिनों उस साहूकारपाटा जिनती नाइन की जवानी ऐसी फटी पड़ रही थी कि मियाँ लोग पागल हुए जा रहे थे और हर ब्याहता को इसका धड़का लगा रहता था कि कब उसके आँगन में एक ख़लवत बन जायगी। लेकिन अतहर मियाँ ने उसकी तरफ़ न देखा कि दुल्हन का दिल मैला होगा—और यह मुई जिनती मरी जा रही थी उन पर।

मगर जिस तरह मेरी समझ में हुसैनी दादी और जमुर्रद का बखेड़ा नहीं आती उसी तरह मेरी समझ में यह भी नहीं आता कि जब रब्बन बी काली थीं और अतहर मियाँ बिलकुल चन्दे आफ़ताब और चन्दे माहताब थे, और जिनती नाइन उन पर थूक भी जा रही थी तो आख़िर उन्होंने अपना दामन क्यों नहीं फैलाया?

दूसरा ब्याह कर लेना या किसी ऐरी-गैरी औरत को घर में डाल लेना बुरा नहीं समझा जाता था। शायद ही मियाँ लोगों का कोई ऐसा ख़ानदान हो जिसमें कलमी लड़के और लड़कियाँ न हों। जिनके घर में गाय का भी नहीं

होता थे भी किसी न किसी तरह कुलमी आमा और कलमी परिवार का शाद्र पूरा कर ही लेते हैं।

बस एक मीर अनहुर हुसन जैदी ने ऐसा नहीं किया। वह पूरा साल अफीम खा-खाकर मोहरम की तैयारियों में सर्फ कर दिया करते थे। उन्होंने अपनी सारी ज़िन्दगी ही मोहरम की तैयारियों में गुज़ार दी।

सच तो यह है कि उन दिनों सारा साल मोहरम के इन्तज़ार ही में कट जाता था। ईद की खुशी अपनी जगह, मगर मोहरम की खुशी भी कुछ कम नहीं हुआ करती थी। बकरीद के बाद ही से मोहरम की तैयारी शुरू हो जाती। दद्दा मरसिये गुनगुनाना शुरू कर देतीं, अम्मा हम सब के लिए काले कपड़े सीने में लग जातीं, और बाजी नौहों की बयाज़ें निकालकर नयी-नयी धुनों की मश्क करने लगतीं। उन दिनों नौहों की धुनों पर फिल्मी म्युज़िक का कब्ज़ा नहीं हुआ था। नौहों की धुनें देहातों, कस्बों और छोटे-मोटे शहरों की लोक धुनों की तरह सादी और साथ ही साथ गम्भीर हुआ करती थीं, और जब बाजी, अम्मा या मामी और खाला या फूफी काले कपड़े पहनकर नौहा पढ़ने बैठती होंगी

मान माने सकीना यह कहती उठी मेंह का सीना नहीं तो सकीना नहीं तो बयाज़ संभालने वाली कलाइयाँ एकदम से बदल जातीं। सुननेवालों को ऐसा मालूम होता जैसे नौहे की आवाज़ पास ही मिस्र के किसी घर से आ रही है और देखनेवाली आँखें देख लेतीं कि एक ज़मींदोज़ कैदखाने में हुसैन की बहन उनके हुसैन की चहेती बेटी सकीना का बहनापे की मालिश कर रही है

लेकिन सादगी दूकानों पर तो मिलती नहीं।

लखनऊ के बारे में तो मैं जानता नहीं—ग़ाज़ीपुर के बारे में भी नहीं जानता, लेकिन यह ज़रूर जानता हूँ कि गंगौली के सैयद खानदानों में मोहरम एक रूहानी ईद से कम नहीं हुआ करता था। नौहों की धुनें इस एहतियात से बनायी जाती थीं कि ईद की सवैयाँ शरमा जायें। भाई साहब एक महीना पहले ही से मातम की प्रैक्टिस शुरू कर देते। मुझे ठीक हाथों से मातम करना नहीं आता। भाई साहब मातम के कलाकार हैं। उन्होंने बहुत ज़ोर मारा कि

मैं सोग न किसी तरह लेकिन मैंने दोनों हाथों से मातम करने की कला सीख कर न दी। मगर हम दक्खिन पट्टीवालों के लिए मातम कोई समस्या नहीं था। उत्तर पट्टीवाले हमारे मुकाबले मातम नहीं कर सकते थे। हमारी पट्टी में लड़कों और जवानों की तादाद ज़्यादा थी। नवीं मोहर्रम के आते-आते तो अब्बू (चाचा) बच्चा बच्चा शब्बर दा, अग्गू दा, हम्माद दा, फुन्नन दा, अच्छू दा, मिच्छू दा, हामिद दा और खुद लो यह है कि गोर दा और गुज्जन दा भी बढ़ चढ़कर मातम के हाथ लगाने लगते थे, और मातम इतना ज़ोरदार हो जाता था कि झाड़ियों और कवलों और फानूसों की ज़िलूगी कलम मातम की गमक से काँप उठा करती थी। और शहनशीन में लगे हुए पर्दों में ज़रा के फर्क पिघलकर आँसू की बूँद बन जाते थे। बस सवाल रह जाता था बेहोश होने का—उत्तर पट्टी में मरहूम भाई को मातम करते करते बेहोश हो जाने की कला आती थी। वह आठवीं और शामे-गरीबाँ की मजलिस में हर साल बेहोश हो जाते थे। हमारी पट्टी में कोई बेहोश होनेवाला नहीं था, इसलिए जब इमाम अली कबीर चाचा या रशीद मियाँ या उत्तर पट्टी का कोई बुजुर्ग यहाँ मरहूम भाई के मुँह पर केवड़ा छिड़कता तो दक्खिन पट्टी के लड़कों और जवानों पर घड़ों पानी पड़ जाता। सब सोचते कि लानत है हम पर!—यानी हम अपनी पट्टी की मजलिस में बेहोश तक नहीं हो सकते। इसलिए बरसों के बाद से ही मैं बेहोश होने की मश्क करने लगता। मगर जब बेहोश होकर गिरता तो बड़ी चोट लगती और मैं भाई साहब के साथ मिल जाकर बेहोश होकर गिरने की तरकीब निकालने में जुट जाता जिससे चोट न आये। दक्खिन पट्टी के लड़कों की एक पूरी टीम यह तरकीब सोचने में सालभर लगी रहा करती थी। मैं और भाई साहब के सिवाय सब भाई मिलन अब्बू फुन्नन दा की लड़की मुमताज और हामिद दा की लड़की इम्मू और उनके भाई फुन्नन और हसन बाकिर दा की लड़की सिद्दू—सभी तरह रिहर्सल में लगे रहते थे। मगर हर साल होता यही कि मरहूम भाई बेहोश हो जाते और हम लोग मुँह देखते रह जाते।

अच्छा, अगर हम लोग मरहूम भाई की तरह बेहोश न होते तो? मैंने भाई साहब से कहा।

"सुनाह हुई!" भाई साहब बोले।

इस बात का मेरे पास कोई जवाब नहीं था, इसलिए मैंने फ़ैसला किया कि चाहे लोग तो ठेंगे से लोग, मगर जवर मैं नौ की सुबह वाली मजलिस में बोलूँगा ज़रूर गैंगा—पट्टी की आबरू तो रह जायगी।

यह फ़ैसला करके मैं बहुत खुश हुआ और मज़ी ने उस दिन का रात स्वप्न देखा जिस दिन लारी आकर फाटक पर खड़ी होगा और बनारस मजलिस की वालिदा गाजीपुर के लिए रवाना होगा।

ख़ुदा-ख़ुदा करके वह तारीख़ आ गयी।

जब सामान लद चुका और सवारियाँ बैठ चुकीं तो चचा ने अम्मा को एक सिलीप देते हुए कहा, 'इस साल तो जरा मासूम के हाथ से भी नौहा पढ़वा लीजिए। ज़ान वाली है।

इस वह परदे के पीछे से मातम के जुलूस में गरजता लगता था। उस वक्त मैं उस समय नहीं पाया था, लेकिन अम्मा समझ गयीं और मुसकराने लगीं। बात यह थी कि उत्तर और दक्खिन पट्टी के सामने से तो हम लोग एक थे, लेकिन खुद दक्खिन पट्टी में सब मसियत नहीं थी, आपस में बड़ा पट्टीदारा चला करता था।

कहते हैं कि अब्दुल्ला के हाथ किसी जाना-पहचाना के मरने के बाद बड़ी दौलत आया। यह मेरे पैदा होने से बहुत पहले की बात है। लेकिन मैंने देखा और कामयाब वाला लड़का देखा और मुसलिम देखा और पुराने दादा से यह सुना है कि जब सानी साहिबा मरीं तो अब्दु दादा ने एक असिल का पट्टा पढ़ाया, उस गाड़ी के से बरामद निकाय—चुनांचे उसके गावर में गज़ाना [illegible] गया। सोने का ढेर और अशर्फ़ियाँ पाताल में छुपाकर महल में निकाली गयीं। यह असिल भी दौलत के ढेर के साथ गाज़ीपुर आया। ज़ाहिर है कि किसी मयख़ाना ने पता नहीं लगाया, बस बात फूट निकली। पुलिस ने इधर-उधर पकड़ना शुरू किया। अब्दु दादा ने भाग भाग अपने रिश्तेदारों के घरों में छुपा दिया। जब मामला ठंडा हुआ तो रिश्तेदारों ने रकम भी दाब ली। मामा बचाए कुछ न बच सके, लेकिन मामा बिलकुल बेकार नहीं हो गये थे, उनके पास फिर भी काफ़ी माल बच रहा था। चुनांचे उन्हें इस पर नवाबी शान लगा और

उन्होंने एक लारी ख़रीद ली। फुन्नन दा उसके कण्डक्टर बनाये गये। थोड़े ही दिनों के बाद लारी ख़राब होकर जो खड़ी हुई तो फिर नहीं चली।

चची ने जो लारी वाली बात कही थी उसमें इस लारी की तरफ़ इशारा छुपा हुआ था इसीलिए अम्मा मुसकरा दी थीं।

हमारे घर और अग्गू दा के घर में यूँ भी कुछ चला करती थी। हमारे यहाँ कुछ बनता तो उनके यहाँ भी वह चीज़ फ़ौरन तैयार हो जाती। वहाँ कोई काम शुरू होता तो हमारे यहाँ भी हाथ लग जाता। इसलिए जब हम लोगों ने लारी पर गंगौली जाना शुरू किया तो उनके घरवाले कैसे न जाते! कई बरस तो वे लोग केवल इसलिए लारी से न जा सके कि जो लारी उन्हें मिलती थी वह हमारी वाली लॉरी से ख़राब होती थी इसलिए चौपला, डोलियों और इक्कों में काम चलता रहा फिर एक नयी लारी मिल ही गयी।

बात यह है कि वे लोग हमसे छोटा समझते थे, क्योंकि अच्छन दा को पीरपुर की रियासत से पढ़ने के लिए पाँच रुपये माहवार का वज़ीफ़ा मिला करता था। इसी वज़ीफ़े के बल पर उन्होंने अपनी पढ़ाई ख़त्म की थी और अग्गू दा को अच्छन दा ने पढ़ाया था और वह हीवेट होस्टल में बड़ी शान से रहा करते थे। अग्गू दा की बीवी मौक़ा निकालकर उस वज़ीफ़े की बात ज़रूर शुरू करती थीं।

इसलिए इन दोनों घरों के मर्दों के सम्बन्ध तो अच्छे थे या कम से कम अच्छे लगते थे मगर औरतों में यह तनाव साफ़ साफ़ दिखायी देता था।

अग्गू दा की बीवी तो फिर भी ज़रा सीधी थीं, मगर अच्छन दा की बीवी आफ़त की परकाला थीं। यह तो ग़नीमत थी कि इस ख़ानदान में सबसे बड़ी थीं अम्मा बिल्कुल बेज़बान पर बहुत ही शरीफ़ थीं, इसलिए बात कभी हदों से न बढ़ सकी। ख़ुद अम्मा और चची में नहीं बनती थी, मगर क्या मजाल जो किसी को पता चल जाय। अम्मा रोज़ एक बार अम्मू के घर जाती थीं और चची एक बार हमारे यहाँ आती थीं और दोनों इस तरह घुल मिलकर बातें करती थीं कि सगी बहनें क्या करेंगी? यह बात तो मुझे अम्मा और चची के मरने के बरसों बाद मालूम हुई। दूसरी चची और बाजी में तकरार हो गयी। चची ने अम्मू से शिकायत की। तब अम्मू ने नसीहत के तौर पर चची

का यह बात बनायी। मैं मौजूद था इसलिए यह बात मुझे मालूम हो गयी। मेरे ख़याल में मेरे दूसरे भाई-बहनों को यह बात शायद आज भी न मालूम हो—मुन्ना और मुरैया को तो शायद पहली चची भी न याद होगी क्योंकि उनके मरने के वक़्त ये दोनों बहुत छोटी थी।

चची बड़ी छोटी-सी थी और बहुत खड़ी उर्दू बोलती थी। हम लोग उर्दू नहीं बोलते थे। अब्बा ने चूँकि फ़ैज़ाबाद और लखनऊ में पढ़ा है इसलिए वह तो उर्दू बोलते हैं। बाजी शादी के बाद लखनऊ की हो गयी इसलिए कभी-कभार वह भी उर्दू बोल लेती हैं, मगर हम लोग आज भी वही ज़बान बोलते हैं जो ज़बान अम्मा बोला करती थी और जो ज़बान नसीबा बुआ बोला करती थी। और जो ज़बान मत्ता बुआ, दद्दू और रऊफ़ की थी। और जो ज़बान गंगौली के मीर साहबान की है—यानी भोजपुरी उर्दू। मेरी छोटी बहन अफ़सरी बारह-पन्द्रह बरस से दिल्ली में रह रही है मगर अब तक उसे उर्दू बोलना नहीं आ सका है। वह आज भी वही अम्मा के दूध के साथ पी हुई भोजपुरी उर्दू बोलती है।

लेकिन मुझे चची की बोली बहुत अच्छी लगा करती थी। मैं उनकी बातें सुनने के लिए घंटों उनके पास बैठा रहा करता था। वह जब तक ज़िन्दा रहीं अपनी खड़ी बोली की वजह से हमारे घर के वातावरण में अजनबी रहीं। चची के अलावा खड़ी उर्दू सुनने का मौक़ा टामी बाई में मिला करता था। टामी अपने ज़माने की मशहूर वेश्या थी। रिटायर होने के बाद शिव भक्त हो गयी और शहर के बाहर एक बाग़ में रहने लगी जो उनकी जवानी के ज़माने में उन्हें एक रईस ने दिया था। उनके लड़के ने उन पर पतिता होने का इलज़ाम लगाया और मुक़दमा क़ायम कर दिया। टामी ने अब्बा को वकील किया। चुनांचे वह मुक़दमे की मिसिल लेकर अक्सर आया करती थी। उनके साथ चाँदी का एक ख़ूबसूरत खासदान हुआ करता था जिसमें सफ़ेद पान की नन्ही-नन्ही गिलौरियाँ हुआ करती थीं। ख़ुद गिलौरी खाने से पहले वह खासदान अब्बा के सामने बढ़ाती। अब्बा इन्कार कर देते तब वह मुँह में एक गिलौरी रखने के बाद मुक़दमे की बात शुरू करती। और मैं अब्बा की घूमनेवाली कुर्सी का पुश्ता पकड़कर खड़ा हो जाता। वे बातें मेरी समझ

म नहीं जाना थी । लेकिन टामी बाई की आवाज़ इतनी अच्छी थी, और उनकी बातों में स्नेह रस हुआ करता था कि मुझ पर जैसे जादू हो जाता था । मुझको यह बात टामी की बातें सुनकर मालूम हुई कि शब्द की कोई हैसियत नहीं होती । शब्दों से परिचित हुए बिना भी बात सुनी और समझी जा सकती है ।

एक दिन मैं उनके पास जा बैठा ।

उन्होंने मेरे सिर पर हाथ फेरा और कहा 'जीते रहिए !'

मैंने घबराकर उन्हें सलाम किया । वह हँस पड़ीं । उस वक्त वह अपने मुँह में रखने के लिए गिलौरी निकाल चुकी थीं बोलीं 'खायेगा ?'

मैं तो कब से उन गिलौरियों पर जान दिये हुए था फिर भी मैंने इनकार कर दिया । मगर जिसकी ज़िन्दगी नौजवानों और बूढ़ों के इनकार से इकरार निकालने में गुज़री हो उसके सामने छः सात साल के एक बच्चे के इनकार की हैसियत ही क्या हो सकती थी !

उन्होंने मुझे गिलौरी खिला दी । वह गिलौरी अजीब थी—मुँह में आते ही बिल्कुल बिखर गयी । लेकिन टामी बहरहाल रण्डी थी, इसलिए मुझे यह ख़याल सताने लगा कि शायद मैंने उनकी गिलौरी खाकर कोई भूल की है इसलिए मैं वहाँ से भाग खड़ा हुआ ।

अब्बा साहब दीवानख़ाने में उतरे हुए थे । मैं उनके पास बैठ गया ।

'क्या है ?' उन्होंने पूछा ।

'हम टामी का पान खा लिया है ।' मैंने बिसूरकर कहा 'ऊ रण्डी है न !'

'पान खाया ?' अब्बा ने पूछा ।

मैं नाग की तरह अपने आँगन में रेंगकर फुन्नू के द्वार से घर में चला गया ।

दुआर निशाना मारी था । एक पलंग पर पत्नी रहा करती थी । उस वक्त भी एक पलंग पर पड़ी हुई थी और अम्मा या उनके पाँव दाब रही थीं । रानी सभी बगलवाले पलंग पर सर झुकाए बैठी थीं ।

वहाँ भी मुश्किल हो गया था ।

फूफा का हिसाब बड़ा गजब का हुआ करता था। उनके यहाँ दो का मतलब दो सौ भी हो सकता था और दो हजार भी। लेकिन उनका हुक्म टालना आसान नहीं था। वह बड़े गुस्सवर थे।

फूफा यूँ तो गोहना मोहम्मदाबाद के एक मामूली जमींदार थे लेकिन उन्हें फूफी की बहुत बड़ी जायदाद मिल गयी तो वह नवाब साहब कहे जाने लगे—और फिर वह नवाब साहब हो भी गये। उनके छोटे भाई नजमुल मियाँ कभी-कभी आते थे तो फूफा के घर की गरीबी का ठीक पता चल जाता था।

नजमुल मियाँ को अफीम खाने का शौक था। लेकिन अफीम के लिए पैसा उनके पास कभी नहीं हुआ करता था इसलिए वह फसल पर पोस्त के माल खरीद लिया करते थे और सालभर उन्हीं को उबाल उबालकर पिया करते थे। जब उसके लिए भी पैसे न होते तो वह अफीम की कोठी से पैकिंग के टाट खरीद लाते। फिर वे टाट उबाले जाते और उस उबलते हुए पानी में चाय की पत्ती डाली जाती और वह सारा सारा दिन वही चाय पिया करते और बाहर की ड्योढ़ी में फूफा के नौकर करीम के पास एक बैसखट पर पड़े रहा करते।

नजमुल मियाँ नवाब साहब से ज्यादा करीम के भाई मालूम होते थे। मैंने तो उन्हें कभी दस्तरख्वान पर देखा नहीं। जब हुद्दन फुफू खाना निकालने बैठतीं तो पहले फूफा की थाली तैयार होती। चीनी के नफीस बरतनों में कई तरह के सालन निकलते छोटी छोटी प्यालियों में कई तरह की चटनियाँ निकलतीं अचार और मुरब्बा निकलता। एक प्याले में औटा हुआ गाढ़ा गुलाबी दूध होता जिस पर कोई तीन अंगुल मोटी बालाई होती।

फूफा के खाने के बाद दमड़ा और उसकी बीवी का खाना निकलता। दमड़ा इसी घर में पला था। फिर करीम और नजमुल मियाँ का—तामचीनी या तांबे की प्लेट में भात निकाल लिया जाता। फिर उसी भात पर तह करके चपातियों की चार जोड़ियाँ रख दी जातीं यानी आठ चपातियाँ। एक प्याले में दाल और एक में बड़े का कलिया। दमड़ी का एक हाथ में करीम का खाना उठाती और दूसरे में नजमुल मियाँ का। वह खाना लेकर दरवाजे तक जाती

आवाज़ देती, नजमुल मियाँ हाथ बढ़ाकर अपना खाना ले लेते और करीम अपना। इसके बाद दमनी बो बावर्चीखाने में लौट आती और दमड़ी के खाने की सेनी लेकर अपनी खलवत में चली जाती।

दमनी को चूँकि फुफ्फू की अम्मा यानी हमारी छुटकी दद्दा ने पाला था इसलिए हम लोग उसे दमड़ी चा कहा करते थे। और वह अब्बा और अम्मू को भैया कहा करता था। छुटकी दद्दा ने उसे किताबों की एक दूकान रखवा दी थी। एक दिन उस पर एक बोर्ड लगा—नादिरअली ताजिर कुतुब! यह दमड़ी आदमी बड़े रख-रखाव का था। चूड़ीदार पाजामे पर लम्बा अचकन पहना करता था और उसने ईरानी टोपी को छोड़कर ज़िन्दगी भर कोई और टोपी नहीं पहनी। इसलिए वह थोड़े ही दिनों के बाद नादिरअली से एम० नादिरअली बना और फिर सैयद नादिरअली ताजिर कुतुब हो गया।

लेकिन दमनी वो जिस तरह बेनाम आयी थी, उसी तरह बेनाम रह गयी। बेनाम होना तो बहुओं की तक़दीर है। बस बस इतना हो जाता है कि अच्छे घरानों में वो ज़िल्लत से बच जाती है वह या तो बहू कही जाती है या दुल्हन या दुल्हिन। वह अगर मालदार हुई तो उसे खिताब दिये जाते हैं—अज़ीज़ दुल्हन (चाहे सुसराल में उसे कोई मुँह न लगाता हो) और नफ़ीस दुल्हन (चाहे वह निहायत फूहड़ हो) वग़ैरह-वग़ैरह। ग़रज़ कि हमारे समाज में या तो यह होता है कि मैकेवाले जहेज़ देकर बेटी से अपना दिया हुआ नाम छीन लेते हैं या फिर यह कहिए कि सुसरालवाले इसे गवारा नहीं करते कि उनके यहाँ किसी और घर का दिया हुआ नाम चले। बात जो भी हो नतीजा यही निकलता है कि [illegible] साल या सत्रह साल तक रफ़ेआ ख़ातून उर्फ़ रब्बन या कनीज़ फ़ातिमा उर्फ़ फुद्दन रहने वाली लड़कियाँ एकदम से कुनबे में या तो बहू या दुल्हन या दुलहिन बनकर रह जाती हैं—भाभी, चची, ममानी और कभी-कभी ख़ुदा ने चाहा तो दादी और नानी भी बन जाती हैं। मगर नहीं रह जाती तो रफ़ेआ ख़ातून या कनीज़ फ़ातिमा। बेनाम रहना शायद ज़मींदारों और ख़ासकर हवेलियों-मकानों की बन्नियों की तक़दीर है, इसलिए ये बेनाम लड़कियाँ कहानी के पन्नों पर आतीं और ज़िन्दगी के दूसरे मामलों में शरीक होने या न होने की हद पर रह जाती हैं। बस यहाँ एक ऐसा दरवाज़ा है जो

किसी रसनी को नहीं मिलती और शायद इसीलिए ये शरीफ लड़कियाँ अपनी बनामी को झेल जाती हैं।

कभी-कभी तो यह बनामी उन लड़कियों से ऐसी चिपक जाती है कि मरते मरते पिण्ड नहीं छोड़ती। दमड़ी बो के साथ यही हुआ। दमड़ी के मरने के बाद भी वह निहायत काली और बदसूरत दमड़ी बो ही रही। हद तो यह कि उसने दूसरी और फिर तीसरी शादी की मगर वह आज भी हमारे यहाँ कभी याद की जाती है तो दमड़ी बो ही के नाम से। यानी अगर उसकी तीनों ससुरालवाले कहीं इकट्ठा होकर उसी की बातें करें तो उन्हें यह नहीं मालूम हो सकता कि वह एक ही औरत के बारे में बातें कर रहे हैं—पता नहीं दमड़ी बो को खुद भी अपना नाम याद होगा कि नहीं।

तमाम औरतों के बारे में तो मैं नहीं कह सकता लेकिन दमड़ी बो तो सिर्फ दमड़ी बो थी क्योंकि उसका कोई मैका ही नहीं था कि वह कभी वहाँ जाती तो कोई उसे उसके नाम से पुकारता। मसलन अब्बा और अम्मा की शादी हुई तो अम्मा के नाम की रियायत से मेरी ननिहाल में अब्बा नफ़ीस दूल्हा हो गये और ददिहाल में अम्मा दुल्हन। मगर जब मामू मियाँ या मामू साहब आ जाते या वसुहा से कोई बेगारिन कोई चीज़ लेकर आ जाती या वहाँ की कोई चमाइन भगन या अहिरिन गंगा नहाने आ जाती तो अम्मा थोड़ी देर के लिए फिर नफ़ीसा बन जातीं और बनामी के सहरा में दिन गुज़ारने के लिए ताज़ादम हो जातीं। मेरी अम्मा यूँ भी ज़रा खुशनसीब थीं क्योंकि उनके साथ उनकी खिलाई यानी हमारी माई भी ग़ाज़ीपुर आ गयी थीं और वह ज़िन्दगीभर अम्मा को नफ़ीसा और अब्बा को नफ़ीस दूल्हा कहती रहीं। शायद दादा माई से इसीलिए खफ़ा रहती रही हों कि उसने अम्मा के मैके की हद बना दी थी और शायद इसीलिए वह बड़ी बेचैनी से मोहर्रम की राह देखा करती थी कि ससुराल में तो इस मुई कलूटी ज़मुर्रद की आवाज़ दब जायगी।

मुनाके लोगों में बँटते ही दादा ने इत्मीनान की एक साँस ली और सब की आँख बचाकर चोरी से एक कोने में छिप के पूजन के बाद अपनी बड़ी-बड़ी मरमरी उँगलियों से होंठ साफ करके उँगलियों को अपने छोटे छोटे निहायत सफ़ेद रेशमी बालों में पोंछने लगीं।

अफसरी अम्मा की गोद से फिसलकर ठीक उसी जगह लद से गिरी जहाँ दद्दा का पीक थी। अम्मा ने उसे कमयाली में उठाकर फिर अपनी गोद में रख लिया। बात यह है कि उस समय वह मद्दू की पिटाई करने में लगी हुई थीं—मगर उन्होंने जो अपनी बे-कालर वाली कले की हरी कमीज़ पर पीक का दाग पड़ा देखा तो उन्होंने अफसरी की पीठ पर एक धमक्का दिया—हालाँकि उन्हें यह मालूम था कि अफसरी का कोई दोष नहीं है मगर ज़ाहिर है कि वह दद्दा को डाँट तो नहीं सकती थीं ना। मगर अफसरी को इस नज़ाकत का पता नहीं था। इसलिए वह भोयँ भोयँ रोने लगी। उधर बाजी ने मद्दू का एक थप्पड़ जड़ दिया क्योंकि उसने उन्हें दाँत काट लिया था।

"सारी कमीज़ नास हो गयी!" चच्ची ने कहा। यह कहकर वह बड़ी बाजी की तरफ देखने लगीं जो इस्मत में चेहरे की जिल्द को नम और चमकदार बनाने की कोई तरकीब पढ़ रही थीं।

बाजी की बात ने अम्मा को फिर यह याद दिला दिया कि उनकी कमीज़ में पीक का धब्बा पड़ गया है मगर ठीक उसी वक्त लोगी रोने पड़ीं और मरदाने तक अफसरी के रोने की आवाज़ न जा सकी या गयी तो नाना ने उसे सौंरी ही के किसी पुरज़े की चीख-पुकार समझकर सब्र कर लिया। उस सौंरी तक साथ कई रागों में अलाप ले रही थी।

हवा जो लगी तो जाड़े का टोटका के लिए अब्बा मौलवी मुनव्वर को बुलवा या कोई बारीक नुस्खा समझाने लगे। अम्मू अपने दूसरे बच्चे रमज़ को प्यार करने लगे जो पिछली सीढ़ी में हाथ निकाल निकालकर उनकी मारी-सी गुम गरदन को छू रहा था और मैं अम्मू की गोद में बैठा मौलवी मुनव्वर को घूर रहा था कि कब गफ़लत छोड़ें राज इस लँगड़े मौलवी से छुटकारा मिला रहता।

हमारे मौलवी मुनव्वर को पढ़ाने से ज़्यादा पिटाई करने में मज़ा आता था। यह हमारे दर्जे अजाउस की इस्मा भी हम से न लिया करते थे इसलिए हम लोगों का बचपन बड़ी गरीबी में गुज़रा। और शायद यही वजह है कि मज़ाक-हँसाना का कभी न सुन आती है और न भाई साहब को। हम लोग हाथ से बैंगन सब कर लेते के आता है, शायद इसलिए है कि

मौलवी मुनव्वर का डर हमारे दिलों से अभी तक नहीं निकला है शायद हम डरते हैं कि अगर पैसा खर्च न कर दिया गया तो मौलवी साहब चपत लेंगे। शहला (मेरी भाभी) का यही नहीं मालूम, इसीलिए कभी-कभार फिजूलखर्ची पर भाई साहब को डाँटती रहती है।

लेकिन हम लोग मौलवी साहब की आँख बचाकर सालभर में आठ आने तक जरूर बचा लिया करते थे ताकि मोहर्रम की मजलिसों में जब यतीम का हिस्सा नीलाम हो, तो कम से कम एक बार जरूर खरीद सकें।

हर मजलिस के आखिर में अंजुमन हुसैनिया का कोई आदमी रूमाल में मजलिस का हिस्सा (प्रसाद) लेकर नीलाम करता

यतीम का हिस्सा! यतीम का हिस्सा!"

लोग बोली बोलते। तबरुक (प्रसाद) अच्छा होता तो मौलवी बशीर और दिलदार दोनों ही बोली बढ़ाते। किसी मामूली तबरुक पर मैंने कभी इन लोगों को बोली लगाते नहीं देखा।

हर साल ग्यारह मोहर्रम को 'अंजुमन हुसैनिया' के जलसे में एलान किया जाता कि इस मोहर्रम में यतीमों के लिए कितना पैसा इकट्ठा हुआ फिर वह रकम शीया यतीमखाना लखनऊ को भेज दी जाती।

चूँकि मैंने जब में हाथ डालकर उस अठन्नी को टटोला, और जब मुझे इत्मीनान हो गया कि अठन्नी मौजूद है तो लारी के पुरजों और उसके बॉडी की खड़खड़ाहट लोरी गाने लगी और खिड़कियों से आनेवाली तेज हवा ने उसमें बिस्तर लगा दिया और मैं अम्मू की छाती की नर्म गाद का तकिया लगाकर सो गया।

मेरी आँख खुली तो लॉरी ब्लारी के पुल को पार कर रही थी। नदी के किनारे सजा हुआ एक बोसीदा सा मंदिर, जो जगह-जगह से समय चुका था इधर उधर के खेतों की हरियाली को देखकर खुश हो रहा था। पुल के पास ही बने-बुने पुल के मसाले के दालान टूटे से थे। बच्चों के गौर निवासन के दिनों में आस पास की माँयें उन्हें यही मसाला चखाती हैं इसलिए धीरे धीरे ये टूट ताम हान जा रहे हैं। यह मसाला मुगलों के जमाने में माँओं का हाथ बँटाता आ रहा है और कुछ लोग कहते हैं कि मुगलों ने हिन्दुस्तान के लिए

कुछ किया ही नहीं। मुमकिन है कि कार्क साहब का यह खयाल ठीक हो कि सीकरी और ताजमहल बनाने का सेहरा मुगलों के सिर नहीं बाँधा जा सकता, मैं तो यह भी मान लेता हूँ कि लाल किला भी किसी और ने बनवाया है लेकिन गाज़ीपुर की माँओं की कई पीढ़ियाँ जानती हैं कि चौरी के पुल के पास उन्होंने मसाले के कई तूदे ज़रूर छोड़े हैं जो दाँत निकलने में बच्चों की मदद करते हैं।

लारी के हॉर्न की आवाज़ सुनकर आठ सवारियाँ लादे हुए इक्के का मरियल घोड़ा चौंककर रुक गया और सड़क के एक किनारे की तरफ भागने लगा। मगर आदमियों के बोझ की वजह से उससे भागा नहीं जा रहा था, इसलिए इक्केवान को मौका मिल गया। उसने इक्के से कूदकर किसी न किसी तरह घोड़े को सँभाल लिया और उधर से इत्मीनान कर लेने के बाद वह मुड़कर ड्राइवर को गालियाँ देने लगा। यह सिर्फ मेरा खयाल है कि वह गालियाँ दे रहा था क्योंकि वह हाथ उसी अन्दाज़ से नचा रहा था। ड्राइवर ने उसकी आवाज़ नहीं सुनी क्योंकि उस वक्त वह खुद नंगी टाँगों वाले कुछ बच्चों को गालियाँ देने में लगा हुआ था जो अपने लँगोटे खोल उसे दिखा दिखाकर आगे पीछे झूल रहे थे।

"ई सभन के पास पइजामा ना है का?" मैंने अम्मू से पूछा।

"ई हरमज़ादे हैं।" अम्मू ने कहा।

"हरमज़ादा का होता है?" मैंने दूसरा सवाल जड़ दिया।

"भाउज से पूछ लिहा।" यह कहकर अम्मू मेरे बालों से खेलने लगे।

"नाहीं आप बताये।" मैंने ज़िद की।

"ए मासूम, ऊ देखो—बगुला!" पीछे से भाई साहब ने नारा मारा।

मैंने देखा—धान के खेत में बगुलों का एक पूरा लश्कर उतरा हुआ था और एक नन्हा-सा चरवाहा एक भैंस की पीठ पर बैठा खेतों के बीच से गुज़रने वाली पगडण्डी पर चला जा रहा था।

उन दिनों मैं जब भी किसी लड़के या लड़की को भैंस की पीठ पर बैठा देखा करता था तो मचल जाता था और सोचने लगता था कि आखिर अब्बा घोड़े की तरह एक भैंस क्यों नहीं ले लेते!

मुझे अपने घोड़े मानी या उसके सईस मथुरा से कोई शिकायत नहीं थी क्योंकि अक्सर मैं कमर में झाड़ू की सींक की तलवार खोंसकर राजकुमार बनना चाहता। मथुरा मुझे तने से मानी की पीठ पर बिठला देता और मानी कभी एतराज़ न करता। लेकिन घर में कोई दूसरा घोड़ा नहीं था, इसलिए भाई साहब जवाबी राजकुमार न बन पाते, चुनांचे मैं भी उतर आता, और हम लोग दो पैदल राजकुमार बनकर तलवार के हाथ निकालने लगते। लेकिन अस्तबल में लीद और मानी के पेशाब की नमी की वजह से जख्मी होकर गिरने की आसानियाँ नहीं थीं, इसलिए हम लोग फिर या तो आँगन में आ जाते या पीली कोठी में चले जाते जहाँ अकेली गोरी दादी रहा करती थीं। दोपहर में तो कोई पीली कोठी का रुख़ ही नहीं करता था, क्योंकि मशहूर था कि गोरी दादी पर किसी जोगी का साया है। अम्मा और लतीफ़न बुआ ने तो इत्तफ़ाक़ से इस जोगी को देख भी लिया था। वह अधेड़ उम्र का एक दाढ़ी वाला था जो गोरी दादी की पट्टी पर कुहनियाँ टिकाये ज़मीन पर उकड़ूँ बैठा हुआ था। लेकिन हम लोगों ने उसे कभी नहीं देखा।

एक बार ऐसा हुआ कि जख्मी होकर मर जाने की बारी मेरी थी। मैं गिरकर मरा ही था कि बाजी आ गयीं बोलीं 'ए मच्छन तनी लपक के एक पैसे की हरी चुनरी लिआ दो—ऊ बुढ़वा का जनी कहाँ जाके मर गया है।"

मैं चुप लेटा रहा। मैं कैसे बोलता। मैं तो मरा हुआ था।

"ई मर गया है।" भाई साहब ने बाजी को ख़बर दी।

"का!" बाजी घबराकर अम्मा की तरफ़ भागीं। हम दोनों भाई चुपचाप बाहर सरक गये। बाद में पता चला कि बाजी के साथ अम्मा, मत्तो बुआ, माई, बच्चो दद्दा, छुन्नी दद्दा और ईदू की नाइन जो उस वक़्त अम्मा के नाख़ून काट रही थी और मशरिक की कुंजड़न जो तरकारियाँ बेचने आयी थी और लतीफ़न मनहारिन—ग़रज़ कि घबरायी हुई औरतों का एक ग़ोल पीली कोठी में घुस आया। गोरी दादी अपने कमरे में लेटी हुई थीं। गर्मी की सख़्त दोपहर थी और वह चाँद के रंग की घरगोलार पलंग पर पानी छिड़के और पलंग का तार किये बहाल पड़ी थीं। उनके मलमल के कुरते का दामन गरदन पर पड़ा हुआ था और किसी गोल तकिये की तरह फूलती हुई दो मुसकुराती

है

छातियाँ उनके पेट से चिमटी हुई थीं। इतने लोगों को घर में आता देखकर वह घबरा गया और उठ बैठा।

मगर न तो वहाँ भाई साहब थे और न मेरा लाश। इसलिए बाजी पर पहली बार डाँट पड़ी, चूँकि वह इतनी चहेती थीं कि भाई साहब के हिस्से का प्यार भी उन्होंने हड़प कर लिया था इसलिए भाई साहब उन्हें यूँ भी बहुत परेशान किया करते थे। हर वक्त मौके की तलाश में रहा करते थे। बाजी उठते बैठते उनकी शिकायत किया करती थीं और अम्मा उठते-बैठते उन्हें पीटा करती थीं। लेकिन उन्होंने बाजी को परेशान करना न छोड़ा। उन्हें बाजी को परेशान करने से जो रूहानी लज्जत मिला करती थी वह शायद पिटने की तकलीफ से भारी हुआ करती थी इसीलिए बाजी भरसक उनसे दूर बैठा करती थीं।

मातम में भी उन्होंने उनसे दूर जगह बनायी थी मगर भाई साहब पास सरक आये थे और लगातार उनका मुँह चिढ़ा रहे थे। मगर वह उनकी शरारतों और नाक के हिचकोलों से बेखबर आँखें बन्द किये होले होले मातम करती जा रही थीं और कोई नौहा गुनगुनाती जा रही थीं। लेकिन शायद मातम की ताल ठीक नहीं आ रही थी इसलिए वह बार बार मातम के नये टुकड़े लगाने की कोशिश कर रही थीं।

भाई साहब ने उनकी नन्हीं सी चोटी को लोरी की खिड़की की सलाख से बाँध दिया—और फिर जो लोरी ने एक झटका दिया तो बाजी अपनी चोटी के सहारे लटक गयीं और जोर से चीख पड़ीं। अब घरेलू जिन्दगी में जमहूरियत तो होती नहीं कि राय शुमारी हो या छानबीन की जाय और मुलजिम को सफाई का मौका दिया जाय इसलिए अम्मा पूछ-गछ किये बिना वहीं शुरू हो गयीं और भाई साहब सरकन सकाकर बैठ गये। सरकन सुकाकर मार खा लेने का फन उन्हें बहुत अच्छी तरह आ गया था।

"तेरे हाथ टूटें मुहम्मिन नासपिटे!" बाजी ने कोसना शुरू किया। अकेला बस चुप रहा। भाई ने बाजी को डाँटा।

बस एक यही भाई थी जो बार बार भाई साहब की मदद पर आ जाया करती थी। भाई साहब ही उसके बड़े चहेते थे—और चूँकि भाई साहब उस

बहुत चाहते थे इसलिए मैं भी उसे बहुत चाहता था। शहला के सिवाय मैं भाई साहब की हर मोहब्बत में बराबर का शरीक हूँ।

'आवा न कहत्यू कुछ।' बाजी चमकीं।

'ओका का कहें।' माई बोलीं, 'जरा सा बात भई ना कि तोरा टट्टुआ सुना ना बस पेंपें शुरू कर दयु। ई नफासत तुहा कउनो काम जाग न छोटन। आओ बेटा, हमरे पास आओ।' उसने भाई साहब को चुमकारा। वह उसके पास चले गये। वह अपने छोटे छोटे निहायत काले और बूढ़े हाथ उनके सिर पर फेरने लगीं—भाई साहब को नींद आ गयी।

एक जगह तारो रुकी तो मैं बाहर से अन्दर चला गया। दद्दा ने मुझे अपनी गोद में बिठा लिया। दद्दा का रंग इतना सफेद था कि उनकी गोद में बैठने से डर लगता था कि कहीं वह मैला न हो जाय। सुना है कि दादा बड़े बदसूरत थे। दुश्मन के दिल की सियाही तो किसी ने देखी नहीं है मगर दादा के सख्त पक्के रंग को देखने वाले अभी जिन्दा हैं—मुझे नहीं मालूम कि इतनी खूबसूरत दद्दा की शादी इतने बदसूरत दादा से कैसे हो गयी। वह भाई ऐसे अमीर भी नहीं थे और दद्दा राजा मुनीर हसन की बहन थीं। दद्दा कुँवारा था और दादा टुन्नू। अच्छा हुक्का के सिवाय शायद दादा के पास कुछ नहीं था। वह गाजीपुर की कचहरी में कोई फटीचर-सी नौकरी किया करते थे। दद्दा शादी के बाद बस एक बार ससुराल गयीं और फिर जो वहाँ से लौट कर आयीं, तो फिर उस मुए की बस्ती ने ससुराल जाने का नाम न लिया। उनका कहना था कि उनकी ससुराल बदसूरतों का एक घना जंगल है, चुनांचे हम लोग अपनी ददिहालवालों को बिलकुल नहीं जानते और इसीलिए हम लोग अपने आपको गाजीपुर का कहते हैं आज़मगढ़ का नहीं कहते और गंगौली के नाम पर जान देते हैं और टकमा बिजौली का नाम सुनकर हमारे दिलों में कोई गुदगुदी नहीं होती। हम लोग दद्दा के पोते हैं और दद्दा को बिजौली के लोग कभी अच्छे नहीं लगे। मगर जब दादा पागल हो गये और ज़ंजीरों में जकड़कर इमामबाड़े के पूरब वाले कमरे में बन्द कर दिये गये तो सुना है कि छुई मुई-सी अकबरी बीवी ने उनकी बड़ी सेवा की। दद्दा रोज़ एक बार उनके कमरे में जातीं—दादा के बदन की गन्दगी साफ़ करतीं

कमरे को धोती। गंदा या उजला कपड़ा पहनाती। दादा बड़ी खामोशी से उन्हें ये सब काम करने दिया करते थे, मगर वह जैसे ही कमरे से निकलतीं दादा कपड़ों को तार-तार कर डालते—फिर बरसात की एक काली रात में वह न मालूम कैसे निकल भागे और पोखर के पास एक गड्ढे में डूबकर मर गये। उन्हें दफ़न किया गया। हालाँकि दादी से उन्हें कुछ लड़कों और लड़कियों के सिवाय कभी कुछ नहीं मिला था—वाह, कुछ मिला कैसे नहीं था! एक तो सुहाग ही मिला था।

मुसलिम दा, फुन्नन दा, कल्लू ककवा और गया अहीर के सिवाय दादा किसी से डरते हो नहीं थे। जब वह जँगले में खड़े होकर गली से गुज़रने वाली औरतों को अपना कपड़ा दिखाते और गालियाँ बकते तो बेचारी औरतें शरमा कर गुज़र जातीं। अब गाँव के दामाद—बड़े फाटक के पागल दामाद को कोई क्या कह सकता था? मगर जैसे ही कोई मुसलिम दा, फुन्नन दा, कल्लू ककवा या गया अहीर का नाम लेता, दादा को जैसे साँप सूँघ जाता। अपनी सालियों का तो उन्होंने नाक में दम कर रखा था। वे झल्लाकर कहतीं "अकबरी बू को कुछ न कहियो।" इस जुमले में फुन्नन दा, ककवा और गया के नामों से ज़्यादा बल था। यह जुमला सुनकर दादा थोड़ी देर के लिए चुप हो जाते थे। इसीलिए तो गंगौली में मशहूर था कि पागल भी अकबरी बू का आदर करता है—दादी को भी अपनी इस ताक़त का पूरा अहसास था—वह गंगौली के सय्यदवाड़े में सबसे बड़ा था। गंगौली में उनका सिक्का चलता था और वह अम्मा को बार-बार इसका अहसास दिलाती रहती थीं। चुनांचे उन्होंने जो यह देखा कि अम्मा उनकी बातें गौर से नहीं सुन रही हैं तो बिगड़ गयीं, बोलीं, "हई ल्या, न कहिथियूँ दुलहिन"

"ए अम्मा! ई हरमज़ादगी का होता है?" मैंने दादी की बात काटकर अम्मा से सवाल किया।

अम्मा इस ज़ोर से खिलखिलायीं कि टोकना भी भूल गया।

"चुप नासमार्!" दादी ने मेरी पीठ पर धौल मारा, "ई अम्मा से पूछने की बात है?"

"अब्बू तो कहिन रहा कि अम्मा से पूछ ल्या।" मैंने बिसूरकर कहा।

ठीक उसी वक्त लारी मगौली की तरफ मुडी और यह बात खत्म हो गयी। मैं अपना सवाल भूल गया। दद्दा अपना जवाब भूल गयी।

नाले के मोहाने से कटकर पोखरे से बचती हुई एक निहायत कच्ची सडक गाँव की तरफ रेंग रही थी। उस चीज को सडक कहना कहाँ तक ठीक है यह मैं आज तक तय नहीं कर सका हूँ। उस सडक का तो हाल यह था कि एक गड्ढा खत्म होता ही था कि दूसरा शुरू हो जाता था। ड्राइवर गड्ढों से बचने की पूरी कोशिश कर रहा था। लारी कभी दाहिनी तरफ झुक जाती थी और कभी बायीं तरफ। "दद्दा 'या अली' कहने में लग गयी, और इन झटकों के बीच में वह बडबडाती जाती थी, "नऊज, ए हो को बशीर मार कहत रहे कि बडे आराम से पहुँचय्हे। इ है ग्रान्डपीटी लारी है या बला।"

अभी मगौली कोई दो फर्लांग दूर रही होगी कि लड़कों के शोर करते हुए एक गोल ने लारी के आगे पीछे भागना शुरू किया। लारी की रफ्तार इतनी सुस्त थी कि लडके भागते भागते उससे आगे निकल जाते थे। भाई साहब के साथ मैं भी शोर करके लडकों के शोर का जवाब देने की कोशिश करने लगा।

पुन्नू चचा के घर के सामने से लॉरी बायीं तरफ मुडी। सामने ही हामिद दादा और वाजिद दादा अपनी उजली दाढ़ियों पर हाथ फेर रहे थे।

"वाजिद दादा, आदाब!" भाई साहब ने नारा मारा।

"वाजिद दादा, आदाब!" भाई साहब का बाजगश्त बनकर मैंने भी नारा मारा।

वाजिद दादा ने यकीनन दुआ दी होगी, लेकिन हमने वह दुआ नहीं सुनी क्योंकि शोर करते हुए नंग धडंग और कच्चे पक्के लडकों और लडकियों के जुलूस के साथ लारी आगे बढ़ चुकी थी।

बसवाडी की जड से पूरब की तरफ जानेवाली गली के दोनों तरफ जुलाहों के घर हैं। जुलाहे दाढ़ियाँ डाले हुक्का पी रहे थे। एक तरफ दस बारह साल का एक लडका फर्श में मुख्तलिफ रंग के धागों की बड़ी बड़ी रील लगाये जमीन पर थोड़े थोड़े फासले से बांस की सलाखें गाड़ रील के धागों को उनके गिर्द लपेट रहा था। लारी को देखकर वह रुक गया। हुक्का पीनेवाले

चॅमगटा स उठ ग्वड हुए। उन्हान झुककर लारी का सलाम किया। गढई पर बठा कपड धानवाला एक नौजवान लडकी न जल्दी स साग नीची करके अपनी गन्दुमी पिण्डलियाँ छुपा ला—लारी इन तमाम बाता स बेखबर बड फाटक की तरफ रेंग गयी।

लारी क रुकत ही म कूदकर फुन्नन दा क घर की तरफ भागा।

ए मियाँ ओहर मत जाव! गया न कहा।

काह न जायें? मन पूछा।

आ घर माइ न आइल बाडी।

क की माइ?'

मन गया क जवाब की राह नहीं दखा क्योंकि फुन्नन दा क घर अगर गुद गया की माई भी आयी हुई है तो क्या हुआ! एक ता यह कि वह बुढिया पर्दा नहीं करती हागी और अगर पर्दा करती भी हागी ता क्या फक पडता है क्योंकि वह मुझस ता पर्दा कर नहीं सकती।

मैं दादा के घर म घुस गया। दादा घर म नहीं थ। दादी आँगन म बठी साग काट रही थी। उनकी दो बडी बटियाँ दालान म लटी काई नौहा मश्क कर रही थी। दादी मुझे दखकर मुसकरा दी। उनकी बडी बडी काजल भरी सियाह तराशी हुई नुकाली आँखें भी मुसकरा दी और पलभर क लिए उनके चहरे स बुढापे की धूल झड गयी और उनका चहरा निखर आया। उनकी बडी सॉवली और बडी नमकीन शख्सियत पलभर क लिए धुली हुई धूप की तरह आँगन म छिटक गयी।

आदाब दादी! मैंन कहा।

जीयो! कब आया?

अबहीं त आय हैं।

गुडुआ आयी है कि नाही?

आयी हैं।

ए कब्बन!' उन्हाने बडी लडकी का आवाज दी। उसन अपना बडा बडी सियाह और रौशन आँखें मरे चहरे म डाली ता मुझ ऐसा लगा कि जैसे धूप म सिर।

'मुनताज़ कहाँ है ?' मैंने पूछा। बात यह थी कि मैं मुनताज़ को यह बताने के लिए बेचैन था कि इस साल मैं बेहोश होने की मश्क करके आया हूँ और पाँच की मजलिस में ऐसा बेहोश हूँगा कि मशू भाई भी दंग रह जायेंगे। मेरा खयाल था कि लारी की आवाज़ सुनते ही मुनताज़ घर से बाहर आ जायगा और मैं उसे एक तरफ ले जाकर फौरन यह बात बता दूँगा। मगर वह तो घर में भी नहीं था शायद।

'माता निकल आयी हैं बेटा।' दादी ने कहा।

'कहाँ से निकल आयी हैं ?' मैंने पूछा। 'गाँव की माद को न कह रही आप ?'

दादी हँस पड़ीं। 'ऐ भाई, इ मासूम ने एकदम से पागल बना रखा है। चेचक निकल आयी है मुनताज़ के।'

चार दिन से तरकारी खाते-खाते नाक में दम आ गया है।

मैं कोठरी की तरफ चला तो दादी ने मुझे मना किया। मगर मैं नहीं माना। झाँककर देखा—मुनताज़ लेटा हुआ था और फुन्नन दादा नीम की टहनी से मक्खियाँ उड़ा रहे थे।

'भीतर मत जइयो।' दादी ने कहा।

मगर मैं अन्दर चला गया। कैसे न जाता! मुझे मुनताज़ को इतनी बड़ी खबर जो सुनानी थी। मैंने मुनताज़ के कान में वह बात बता दी। मुनताज़ मुसकरा दिया और बोला, 'फुन्नूओ मश्क किहिन है।'

'नहीं।' मैंने कहा, 'बगैर मश्क हम होंगे।'

'नहीं।' मैंने गुस्सा होकर कहा, 'हम फुन्नू के घर में चलकर पास होंगे।'

मैं कमरे से निकल गया।

मैं बहुत गुस्से में था कि यह तो कोई बात न हुई। मश्क करूँ मैं और बेहोश हों फुन्नू। अरे वाह! मैं सीधा हामिद दादा के घर गया। दुलहिनिया आँगन में बैठी रोटी बेल रही थी और हसीना भाभी उसके बगल पर बैठी कोई मरसिया गुनगुना रही थी।

दुलहिनया हामिद दा के बच्चों की माँ है, लेकिन हम लोग उसे दादी नहीं कहते। पूरा सैयदवाड़ा उसे दुलहिनया कहता है। हालाँकि मुसलिम दा और फुन्नन दा के बच्चों की माँ को हम लोग दादी कहते हैं। दुलहिनया को हम लोग आदाब नहीं करते, 'सलाम' करते हैं।

'सलाम!' मैंने कहा।

उसने बेशुमार दुआएँ दे डालीं। और इसी बीच में मैंने हसीना दादी को आदाब कर लिया।

'जीते रहो!'

'फुन्नू कहाँ है?'

'पोखर पर गये हैं,' उन्होंने कहा, 'बैठो।'

मगर मैं नहीं बैठा। मैं पोखरे की तरफ भागा। वहाँ जाकर देखा कि वह अपनी बकरी को नहला रहा है। वह मुझे देखकर खुश हो गया।

'पाँच की मजलिस में हम बेहोश होंगे।' मैंने कहा।

'त हू होलिहो!' फुन्नू ने कहा।

'नहं,' मैंने गरदन झटकी, 'एक गाय वाली हम बेहोश होंगे तें घर गाय होलिहो!'

'अब तमाम लगन बजता बशीर भाई के नौकर ते हैं ना...' फुन्नू उखड़ गया।

मेरे हाथ में एक पत्थर था। मैंने खींच मारा। फुन्नू चीखकर बैठ गया। मैं भाग खड़ा हुआ। मेरा खयाल था कि मैंने फुन्नू को मार डाला है इसलिए अब पुलिस मुझे गिरफ्तार कर लेगी। फिर ले जायेगा। मैंने सोचा कि अब्बू बहुत जालिमों को बचाते रहते हैं तो क्या वह मुझे नहीं बचायेंगे? और क्या शब्बर भाई और अब्बू भाई मेरी वकालत नहीं करेंगे? इसलिए अगर फुन्नू मर गया तो मेरा ठेंगा से। फिर भी घर जाने के खयाल से डर लग रहा था इसलिए मैंने सोचा कि रात में गोदाम में छुप लिया जाय।

मैंने रास्ता बदल दिया।

गोदाम के दरवाज़ा खुला था। मैंने चुप लगा दिया, लेकिन दूसरे दर्जे पर पहुँचा ही था कि एक लड़के के कराहने की आवाज़ आयी।

मुझे काठ मार गया—भूतों की वे तमाम कहानियाँ याद आ गयीं जो गोदाम के बारे में मशहूर थीं। मैंने इधर उधर देखा। दूर-दूर कोई नहीं था। और बहुत दूर—आम के बागों से भी उधर पच्छिम में सूरज डूब रहा था। सहमे हुए बच्चों की तरह मेरे रोंगटे खड़े हो गये और मेरा दिल डाकगाड़ी के इंजिन की तरह धक धक करता हुआ भागने लगा।

फिर एक भारी आवाज़ आयी। मैं बात न सुन सका। लेकिन मैंने आवाज़ पहचान ली। भला मैं तक्कन चा की आवाज़ कैसे न पहचानता। तक्कन चा हर हफ़्ते कोई-न-कोई मुकदमा लेकर अब्बू के पास ज़रूर आते थे। इसीलिए उनकी आवाज़ मुझे ज़बानी याद थी।

"ए तक्कन चा!" मैंने डरते डरते आवाज़ दी क्योंकि हो तो यह भी सकता था कि भूत ने मुझे धोखा देने के लिए तक्कन चा की आवाज़ बना ली हो। इसलिए उन्हें आवाज़ देकर मैं गोदाम से नीचे उतर आया था कि अगर तक्कन चा की जगह किसी भूत ने सिर निकाला तो मैं भाग खड़ा हूँगा। मगर न भूत ने सिर निकाला और न तक्कन चा ने—गोदाम में एकदम से सन्नाटा हो गया।

मैंने सोचा कि भाग ही जाना चाहिए। इसलिए मैं भाग खड़ा हुआ और घबराहट में मैं यह भी भूल गया कि मैंने पुत्तू को क़ैद कर लिया है। लेकिन जब मैंने बड़े दरवाज़े में झाँका और यह देखा कि हाते में पलँग और कपट की नन्ही आरामदेह कुर्सियाँ पड़ी हैं और गाँवभर के मीर साहबान इकट्ठा हैं और सारे का सारा बने बैठे हैं तो मुझे एकदम से याद आ गया कि मैंने पुत्तू को बन्द कर दिया है। मैंने घबराकर इधर उधर देखा। भाई साहब इमामबाड़े के तीनदर में बैठे हुए थे। मुझे देखकर वह मेरे पास आ गये। मैं उन्हें लेकर बाहर निकल गया।

"हम पुत्तू को बन्द कर लिया है।" मैंने कहा।

"का कर लिया है?"

"बन्द।"

"कब?"

"दोपहर से भइ

बाबा पुत्तन त हसीना दादी के साथ घर म बइठे है । भाई साहब न कहा गाली मार अम्मा स शिकायत करती रही कि पुट्टू अपन सिर न इतना निहिन होता त मुग्गा न स्वास्ता पुट्टू को जरूर कुछ हो जाता ।' भाई साहब न हमाना गाली की नकल की ।

मेरा जान म जान आ गयी यानी पुट्टू जिन्दा है ?

हाँ ।

त अब पुलिस हम्म ना पकड़िह ना ?

ना ।

यह सुनकर म दो तरह खुश हुआ कि थोड़ी दूर पर कबड्डा खेलते जुलाहा क लड़का क पास जाकर खड़ा हो गया ।

खेलोगा ' एक लड़के न पूछा ।

हाँ । मैंन कहा ।

म एक गोल म खड़ा हो गया ।

कबड्डी कबड्डी कबड्डी   म कबड्डी कहता हुआ पाले क उधर गया । म कनखियो स लगातार अपन दुश्मनो को देख रहा था लेकिन कभी-कभी मेरी आँख अक्सर उन जुलाहो की तरफ भी चली जाती थी जो मीर साहब क लड़के का यकबी मनाना लगातार इकट्ठा हो गये थे—जैसे कि मीर अनाला हो जाना क्योंकि उस दिन म पहली और आखिरी बार जुलाहा के लड़का क साथ कबड्डी खेला था ।

कबड्डी कबड्डी   मैं बोलता रहा । लड़का न अपना पैर तंग करना शुरू किया । फिर एक लौंडे ने झुककर मेरी टाँग पकड़ ली । मैं गिर पड़ा । तमाम लड़के मुझ पर टूट पड़े । किसी के हाथ म मेरी टाँगें थी किसी के हाथ म सर नाप । मैं कबड्डा बोलता हुआ पाले की तरफ खिसक रहा था मेरी कलाइयाँ छिल गयी थीं कुहनी की खाल उतर गयी थी । गर्दन सलमान का पुरा नार तार हो चुका था मगर मैं कबड्डी बोल रहा था और लगातार पाले की तरफ खिसकता हो जा रहा था ।

फिर लड़को म दो बड़ बड़े गुन्डे हाथो न लड़का को ...

लिया—'अब तुह लोगन अइसन लाट साहब होगइल बाडा की मीर साहब के लड़कन म कचट्टा खेलबा ?" यह आवाज़ गया अहीर की थी। लड़के डरकर भाग गये। मैं मुजरिमों की तरह गरदन झुकाकर खड़ा हो गया। गया ने मेरे कपड़े झाड़े और बदन के रिसते हुए ज़ख्मों में मिट्टी भरकर उसने मुझे गोद में उठा लिया।

'आप मियाँ हुईं आप के ई ना चाही।" उसने मुझे समझाया।

जब गया मुझे लेकर फाटक में दाखिल हुआ तो आँगन में खलबली पड़ गयी। मिट्टी से मेरे ज़ख्म धोये गये। अली कबीर चचा ने फौरन एक नुस्खा लिखा। उस्मान चचा उस नुस्खे को लेकर अपने दवाखाने की तरफ़ लपके गये। पुन्नन दादा जुलाहों के घर तक लपक गये और लाठी बजा बजाकर उन्हें गाली देने लगे। गोर दा ने मुझे अपने पास बुला लिया।

'ये तुम लारी से उतरकर कहाँ गायब हो गये थे ?" उन्होंने पूछा।

गोर दा की आवाज़ बहुत अच्छी थी—इतनी रसीली जैसे मिठुआ आम। वे गोरे थे ही बाकी तरह गोरे थे लेकिन उनसे ज़्यादा खूबसूरत थे। खूब निकलता हुआ क़द, चौड़ी हड्डियाँ, मुसकराती हुई बड़ी बड़ी काली आँखें। उन्हें गाने का इतना शौक था कि जवानी में कलकत्ता भाग गये थे। और सुना है कि वहाँ जाकर न्यू थियेटर्स में भरती हो गये थे। घरवालों को जो मालूम हुआ कि वह थियेटर में भरती हो गये हैं तो घर में कुहराम मच गया। लोग गये और बड़ा मुश्किल से उन्हें बहला-फुसलाकर वापस लाये। राजा सयद मुनीर हसन मामा भाई और थियेटर में काम करें! चुनांचे सरकार ने उन्हें तहसीलदार बना दिया, और उन्हें यह तहसीलदारी ऐसी भायी कि फिर उन्होंने तरक्की के बारे में सोचा ही नहीं। वह ज़िन्दगीभर तहसीलदारी ही करते रह गये। वह बड़े अच्छे शायर थे। तरन्नुम से अपनी ग़ज़लें सुनाते तो समाँ बँध जाता। मुहर्रम मनाने के नाते से मोहर्रम करने गंगौली आ जाते थे। जिस साल वह आते, उस साल गाँव के और तमाम लोग गहना जाते। सबका दाम गिर जाता और सिर्फ़ उन्हीं का दरबार लगा करता था।

इसीलिए जब उन्होंने मुझे अपने पास बुलाया तो मैं फूल गया। लेकिन उनके सवाल का जवाब मैं कम दे सकता था। मैं उन्हें बेहोशी के राज़ में

शरीक करना नहीं चाहता था। मैंने तो सोच रखा था कि जब मैं तड़ से बेहोश हो जाऊँगा तो दक्खिन पट्टी के तमाम लोग खुश हो जायेंगे कि चलो अपनी पट्टी में भी एक ऐसा लड़का निकल ही आया जो मियाँ मश्शू की बेहोशी का जवाब दे सकता है।

"हम पाखर पर गये रहे।" मैंने कहा।

"नहीं! गोरे दादा ने कहा कि मैं पाखरे तक गया था।'

"मैं पाखर तक गया था।" मैंने कहने को कह दिया, मगर ये तमाम अलफ़ाज़ मुझे अजनबी और सख़्त बुरे मालूम हुए।

"अगर आज चाँद हो जाय तो शाम की मजलिस में तुम एक सलाम पढ़ना।" उन्होंने कहा।

"जी अच्छा।" मैंने कहा।

"उर्दू पढ़ लेते हो ना?"

"जी हाँ।"

"किस दर्जे में पढ़ते हो?"

"पाँच में।" मैंने सीना तानकर कहा।

"मुन से मुक़ाबला करोगे?"

मैंने ज़रा मन्नन चचा के लड़के मुन की तरफ़ देखा। वह मेरी तरफ़ देख कर शरारत से मुसकरा दिया। वह पहले ही सूखा हुआ था।

"करोगे मुक़ाबला?" मन्नन चचा ने पूछा।

"उर्दू में?" मैंने सवाल किया।

"नहीं, अंग्रेज़ी में।" मन्नन चचा बोले।

मैं फिर मुन की तरफ़ देखा, मगर उसके चेहरे से मुझे कोई अन्दाज़ा न हो सका कि वह मुझसे कम अंग्रेज़ी जानता है या ज़्यादा। मैंने मौलवी मुनव्वर साहब की तरफ़ देखा, मगर उनका चेहरा तो बिलकुल ही सादा था। वह तो मुझसे भी कम अंग्रेज़ी जानते थे।

"ए सामू! अभी उतार साहब अउर तरवार हुसैन के दलानवा में का किया जाए साहब?" हम्माद ... के पाइद साकिर ... कुरसू था ने सलाम किया। मेरी जान में जान आ गयी कि चलो मुक़ाबला टल

गया। बन्दा मरता क्या न करता। जान पर खेलकर मुक़ाबला तो कर ही डालना। आख़िर उत्तर और दक्खिन पट्टियों का मामला था।

“[illegible] इक़बाल सुहैल तो अहले बैत[1] के सख़्त दुश्मन हैं।” ग़ार दा ने कहा “मगर मेरे ख़याल में मुस्लिम लीग को वोट देने से भी कोई फ़ायदा नहीं।”

मैं वहाँ से चुपचाप सरक गया कि कहीं इस बहस के बाद फिर मुख़ालफ़त वाली बात न उठ खड़ी हो।

मैं वहाँ से उठकर सीधा अन्दर चला गया। वहाँ गाँवभर की बाजियाँ अम्मा से मिलने के लिए आयी हुई थीं। बाजी लड़कियों के एक गोल में बैठी उन्हें 'फ़रेबी दुनिया' फ़िल्म की कहानी सुना रही थीं। लड़कियों ने तमाम बातें तो मान लीं लेकिन उन्होंने यह मानने से साफ़ इन्कार कर दिया कि तसवीरें चलती फिरती और बोलती चालती हैं। गोल गोल का तो ख़ैर कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। मगर बाजी कहाँ माननेवाली थीं। तड़ से बोलीं, अल्ला क़सम बच्चा बाजी! हम अपनी आँख से देखा है।

अब रज्जो बाजी या सल्लन फूफी या अब्बू फू के पास इस अल्ला क़सम का क्या जवाब हो सकता था? अभी वे लड़कियाँ चकरा ही रही थीं कि बाजी ने मुझे देख लिया। मैं सबूत का गवाह बना लिया गया।

“मासूम से पूछ लीजिए।”

मासूम से पूछा गया।

और मैंने उन्हें सब कुछ बताया कि बाजी ठीक कहती हैं तो वे बेचारियाँ बिलकुल बेहाल हो गयीं।

“ई सब सैतान के असार है।”

लेकिन यह बहस यहीं रोक दी गयी, क्योंकि चाँद देखने का शोर होने लगा। पुट्टू ने चाँद देख लिया था और हमीन दादी बिना चाँद देखे पुन्नू की हाँ में हाँ मिलाये जा रही थीं। मुझसे किसी ने कुछ कहा तो था नहीं इसलिए चाँद देखते ही मैं पुन्नू की तरफ़ सरक गया।

[1] अहले बैत = परिवार। शीआ मुसलमानों में मुसलमानों के पैग़म्बर की औलाद को कहते हैं।

"हम बेहोश होंगे!" मैंने चुपके से कहा, "अउर अगर तू भयो बेहोश त हम तोरे पेट में चक्कू घाप देंगे।"

फुन्नू सहमकर हकीमा दादी की तरफ सरक गया।

तमाम औरतें जनाना इमामबाड़े की तरफ बढ़ीं।

इस इमामबाड़े के बारे में अजीब अजीब बातें मशहूर थीं। मशहूर था कि हर जुमे (शुक्रवार) की रात को इसमें जिन्नात मजलिस करते हैं। इसलिए शाम के बाद कोई इधर से गुजरता ही नहीं था। लेकिन मोहर्रम के चाँद के मानी यह होते हैं कि इमाम हुसैन कर्बला से हिंदुस्तान आ गये और इमामबाड़ा जिन्नात के हाथ से निकलकर आदमियों के कब्ज़े में आ गया है। फिर भी मैंने सोचा कि चाँद तो अभी अभी हुआ है। क्या पता कोई भूला भटका जिन्न रह ही गया हो या जिन्नात जल्दी में जाते जाते अपनी कोई चीज़ भूल गये हों और उसे लेने के लिए कोई रास्ते ही से लौट आया हो। इसलिए मैं रुका और अम्मा के पीछे से चलने लगा।

इमामबाड़े में रोशनी हो चुकी थी। बड़े अब्बा सारे पंजे[1] और तुर्रे[2] पर सेहरे[3] चढ़ा रहे थे और छोटी सी सईदा तन्नू भाई के पास पास चढ़ी बैठी उन्हें सारे नौहे सुना रही थी। तन्नू भाई इमामबाड़े के फ़र्श पर लेटे हुए थे। बड़े अब्बा तन्नू भाई और सईदा से बेख़बर अपने काम में मशगूल थे।

कहते हैं कि बड़े अब्बा एम० ए० ओ० कालेज के शोहदों में हुआ करते थे। लेकिन मैंने तो सिर्फ़ उनकी तस्वीर देखी है। वह रामपुर में रहा करते थे। यह बात किसी को नहीं मालूम कि वह करते क्या थे। बस मोहर्रम में यह गंगौली आ जाते थे। उन्हें पाक साफ़ रहने का बड़ा ख़याल रहा करता।

---

[1] बाँस के डंडों में सोने चाँदी के पंजे और सामने पटका लगाकर इमामबाड़े सजाये जाते हैं। यह ताज़ियों के साथ [illegible] [illegible] अलमिया कहा जाता है।

[2] पंजे का फुन्ना है। इमामबाड़ों में तुर्बत की कब्रें भी रखी जाती हैं जो इमाम हुसैन की कब्र का नमूना समझकर ज़ियारत की पूजी जाती हैं।

[3] फूलों की उस माला को कहते हैं जो पंजों और ताज़ियों पर चढ़ायी जाती है।

था कि बच्चों को प्यार करने में भी कतराया करते थे। कभी मुहब्बत बहुत जोश करती तो वह अपने मुँह से अजीब अजीब आवाज़ें निकालने लगते और दो उँगलियों की नोक से उस बच्चे की नाक की नोक को छू लिया करते थे। उनके ख़याल में उनकी अपनी जानमाज़[1] के सिवाय दुनिया की कोई चीज़ पाक थी ही नहीं। वह जाड़ों में भी एक सूती शेरवानी ही पहने रहा करते थे। जब मजलिस पढ़ने के लिए मिम्बर[2] पर बैठते तो जाड़े की वजह से नज़ले की एक बूँद उनके नथुने में झूला करती थी। और मैं यह सोचने लग जाता था कि देखें नज़ले की यह बूँद कब गिरती है। मगर वह बूँद कभी नहीं गिरी। वह जब तक ज़िन्दा रहे अलमों और ताज़ियों और तुरबतों पर सेहरा चढ़ाने का शरफ़ किसी और को नहीं मिला।

चूँकि और सब ख़ानदान ही के थे इसलिए दरद का कोई सवाल नहीं था। वह चुपचाप अपने काम में लगे रहे।

घोंगी के बाद पचीस अलम ज़रदोज़ी के पटके समेत दीवार से टिके हुए थे। उन पर एक रेशमी दुपट्टा पड़ा हुआ था। अलमों के नीचे एक तुरबत थी। उस पर सेहरे[3] का ग़िलाफ़ था। तुरबत के इधर उधर कुछ तसबीहें और सजदागाह (मिट्टी की टिकियाँ जिन पर शीआ मुसलमान सजदा करते हैं) रखी हुई थीं। फिर इमामबाड़े की चौड़ाई भर का एक काला परदा था जो शहनशीन को बाक़ी कमरे से अलग करता था।

इमामबाड़े की दीवारों पर इमाम हुसैन के रौज़े, फ़ुरात नदी और ज़ख़्मी जुलजनाह (इमाम हुसैन का घोड़ा) की मसाला तसवीरों के अलावा क़ुरान की आयतें और मीर अनीस की रुबाइयाँ फ्रेम में जड़ी हुई लटक रही थीं। छत में लटकी हुई शीशे की ख़ूबसूरत हाँडियाँ धूल खा रही थीं। उनमें मोमबत्तियाँ नहीं थीं क्योंकि हमारे इमामबाड़े तक पेट्रोमैक्स का युग आ चुका था। इन

---

1 वह कपड़ा या चटाई जिस पर नमाज़ पढ़ी जाती है।

2 तीन सीढ़ियों का एक [illegible] पड़ा रहता है। एक आदमी इसी पर बैठकर कर्बला की कथा सुनाता है।

3 एक कपड़ा।

हांडियों के इधर-उधर भाभों के बड़े बड़े रंगीन कुमकुमे टँगे हुए थे। इन कुमकुमों में कमरे के लोगों की परछाइयाँ नाचा करती थीं।

यह अन्दाज़ा साहब सज्जन नवाब और मारकन नक्श करने के बाद चले गये। बीवियों ने चूड़ियाँ उढ़ायीं[1]—बाँदी गोरी और साँवली, अधेड़, बूढ़ी और जवान कलाइयाँ नंगी हो गयीं। बाजी ने अपनी नाक से लौंग की तिनकी निकालकर टूटी हुई चूड़ियों के ढेर पर रख दिया।

फिर बाजी बयाज़ लेकर खड़ी हो गयीं। उनकी हमजोलियों और दूसरी घर और औरतें मातम में ताल देने लगीं। रहा पर्दानशीन के तख़्त से खिसककर बैठ गया। तमाम औरतों ने दुपट्टों में मुँह ढँक लिये। बाजी ने नौहा पढ़ना शुरू किया। निहायत पतली और नाज़ुक आवाज़ है मेरी बाजी की, फिर ज़ाहिर यह हो गया कि वह ग़ाज़ीपुर में जिस धुन की ख़बर लेकर आयी थीं उसे भूल गयीं। दो मिसरों के बाद उस जौनपुरी धुन पर ममोली ने अपना टप्पा जमा लिया। बाजी ने बहुत कोशिश की कि वह उस जौनपुरी धुन पर क़ायम रहें मगर फिर उन्हें भी हार मान लेना पड़ी।

दद्दा, एक्की दद्दा, रज्जन दा नम्मा दादा और दूसरा अधेड़ और बूढ़ा आदम सब यहीं पर रहे थे। [illegible] रो रही थीं। जारोक़तार रो रही थीं। और अपना सारा [illegible] बार बार [illegible] अपनी उँगलियों को इमामबाड़े की दीवारों पर [illegible] थी। [illegible] दादा का हलक़ सूख गया, तो उन्होंने बड़ा [illegible] में [illegible] सम्हाला, और [illegible] उँगली [illegible] उन्होंने फिर रोना शुरू कर दिया [illegible] मौला [illegible] के [illegible]

[illegible] भी [illegible] और [illegible] में [illegible] गयी थी, इसलिए [illegible] ही और में [illegible] करता था। [illegible] दूसरा [illegible] कि सब [illegible] आँगन में [illegible] और [illegible] हो आँगन में [illegible] मजबूर हैं [illegible] और उनके [illegible] भी।

[illegible] उँगलियों में [illegible] हैं [illegible]

[illegible] मुँह और अपनी बाबी (सय्यद रसूल [illegible]) का [illegible]

[1] [illegible] के [illegible] की तमाम [illegible] चूड़ियाँ [illegible] है।

रही थी। बाई जनब (हुसन की बहन) का पुरसा दे रही थी। किसी ने सकीना (हुसैन की चार साल की बच्ची) को सीने से लगा रखा था और कोई बनता के बीमार सयद सज्जाद (हुसन के बड़े बेटे) की जजीरें उठाये उनके साथ-साथ चल रही थी न मालूम क्या बात है कि ये सदानियाँ हुसैन की बीवियों को कभी पुरसा नहीं देना।

मैंने जो रहमत नानी की इकलौती आँख से बहते हुए आँसुओं को देखा तो मुझे हँसी आने लगी। अम्मा ने रोते ही रोते मेरी पीठ पर एक धपका मारा, 'मट्टीमिले! निकल बइठ!' इतना कहकर वह फिर रोने लगीं।

मैं मुँह सीधा करके बैठने पर मजबूर हो गया। उनकी आवाज की डोर बीच ही में टूट गयी। बाजी ने उनको उठाया। सल्लन ने अपने मुसकराते हुए काले होंठों पर दुपट्टा रख लिया। अफ़जलुन को हँसी आ गयी। बाजी ने आवाज़ की टूटी हुई डोर की मरम्मत करके उसे सँभाल लिया।

उम्मे सलमा पुकारी ये रोकर
शाम होती है घर आओ असगर

मैंने चौंककर चची की तरफ़ देखा। घर में उन्हीं का नाम उम्मे लैला था। मगर यह अली अकबर कौन हो सकता है जिसके लिए वह इस क़दर परेशान हो सकती है? इमाम हुसैन के बेटे अली अकबर को तो मैं जानता था, मगर चची उन्हें क्या बुलायेंगी भला। इसलिए मैंने सोचा कि इस बात का पता चला ही लेना चाहिए।

"ई अली अकबर कउन हैं चच्ची?" मैंने पूछा।

चची ने कोई जवाब नहीं दिया। वह चुपचाप रोती ही रहीं तो मुझे घबराहट होने लगी। मैंने सोचा कि बाहर चलकर अब्बू से पूछा जाए। इसलिए मैंने धीरे से खिसक लिया और सारी दालान के मकान में शामिल हो गया।

छोटे ख़ाँ याद आ जाईं। यह आवाज़ महरुनिया नाऊन की थी।

कोई ना अइहें मजलिस हो रही। यह आवाज़ गुलमान चा की था।

मैं दालान में था बिल्कुल उनके पास पहुँच गया। मैंने महरुनिया का गुलमान चा की गोद में लहराते देखा। गुलमान चा की आँखों में भी निगाहें जमे रहे थे। मुझे देखते ही उन्होंने महरुनिया को छोड़ दिया। वह भाग गया।

गुलमान चा अम्मू के दूध शरीकी भाई थे। गंगौली ही में रहा करते थे। उन दिनों उनकी उम्र छत्तीस-सैंतीस साल रही होगी। भरा हुआ कसरती बदन था। लम्बा कद, हलका साँवला रंग। बड़ी बड़ी गहरी भूरी आँखें। लोगों का खयाल था कि उन्हें नमाज़, रोज़े और कसरत के सिवाय कोई और शौक ही नहीं है। और औरतों से तो वह दूर भागते हैं। चुनांचे दद्दा के बहुत कहने-सुनने के बाद भी उन्होंने शादी नहीं की। लेकिन चूँकि वह दद्दा का कहना टाल नहीं सकते थे, इसलिए अपनी देख भाल के लिए उन्होंने घर में एक चमाइन रख ली थी। यह चमाइन उनके तीन बच्चों की माँ भी थी। उनका सारा खर्च सरकारी खज़ाने (ज़मींदारी के खज़ाने) से चलता था—यानी सालभर का गल्ला उन्हें ज़हीर चा की ज़मींदारी से मिलता था। उनके कपड़े लत्ते की ज़िम्मेदारी अम्मू के सिर थी। उनका बड़ा लड़का अकबर अली गौसिया कुरबानअली के मदरसे में पढ़ता था और अब्बा उसे पाँच रुपये महीने का वज़ीफ़ा दिया करते थे। उनकी लड़की बच्छन इस घर से उस घर आने जाने में सीना पिरोना सीख रही थी। वह भी सात या आठ ही साल की थी। मुझसे कम दो ही दिन छोटी थी और मुझे बहुत अच्छी लगा करती थी। गरज़ कि सब शरीफ़ थे। बस उनकी चमाइन घर की बीबियों के साथ फ़र्श पर नहीं बैठ सकती थी, मगर उसे मजलिस के फ़र्श पर बैठने की इजाज़त थी। बात यह है कि उसकी आवाज़ बहुत अच्छी थी। गुलमान चा ने उसे दो तीन नौहे याद करवा दिये थे। वह बरसों से मजलिसों में इन्हीं नौहों को पढ़ती आ रही थी। उसकी धुनों पर नौहे धुनों का इतना असर था कि बीबियाँ तो बीबियाँ, मुझ जैसे साहबज़ादे भी मर्दाने इमामबाड़े के बाहर खड़े होकर उसका पढ़ना सुना करते थे और रोया करते थे।

न यह मुसलमान हुई और न ही गुलमान चा ने उसे मुसलमान बनाने की कोई कोशिश ही की। और यह झगटिया की ही कही जाती थी। झगटिया से जब उसका ब्याह हुआ था तो यह अठारह साल की थी और वह चार साल का। फिर ऐसा हुआ कि उसे चेचक निकल आयी और वह बेवा हो गयी—और गुलमान चा ने उसे अपने घर में डाल लिया। कहते हैं कि चमार चढ़ आये थे। और यह भी कहते हैं कि फुसर मियाँ। बस मुखिस ग न हु

समझा-बुझाकर और कुछ दे दिलाकर वापस किया था। सुलेमान चा का कहना था कि मामला पाँच बीसी पर तय हुआ था मगर गया अहीर का कहना था कि चमारों को सिर्फ तीन बीसी मिले थे। बाकी के दो बीसी फुन्नन मियाँ के काम आये थे। किस्सा जो भी हो, चमटिया को सुलेमान चा के घर में आ गयी।

यह झगटिया या थी तो बड़ी काली मगर बला की खूबसूरत सीधी और मीठी थी। बिलकुल ताजा-ताजा गुड़ की तरह जिसमें अभी भाप निकल रही हो। कई मीर साहबान इस चमटिया की मीठाहट पर लट्टू थे। कइयों ने उस मज्जे बाग भी खिलाये, लेकिन वह जो सुलेमान चा की हुई तो उन्हीं की हो गयी।

मगर एक परेशानी भी खड़ी हो गयी। सुलेमान चा मजहबी आदमी थे। इसलिए वह चमटिया की छुई हुई कोई गीली चीज इस्तेमाल नहीं करते थे। इसलिए घर में एक औरत के आ जाने के बाद भी सुलेमान चा को अपना खाना खुद ही पकाना पड़ता था। दाल सालन तो वह फुन्नन दा या वाजिद के यहाँ पकवा लिया करते थे, रहा रोटियाँ तो रोटियाँ वे तुरी डाल लिया करते थे। और खाना खाकर पानी पीने के बाद खुदा का शुक्र अदा कर लिया करते थे।

चमटिया को उन्हें बहुत चाहती थी इसलिए मोहल्लनिया के भाग जाने के बाद वह गड़न-न्खड़ रह गये। उन्हें तो जैसे ठार मार गया था।

आप हाथ में कोटा काट लिहिस रहा। उन्होंने बहुत गौर करने के बाद मुझसे कहा।

मौन। मैं चक्कर में पड़ गया।

'डाइहा रंग। वह बात, आम जहर ना होना।

'अच्छा सुलेमान चा।' मैं अपनी उलझन की तरफ आ गया उसने लेता वे बच्चा का नाम है ना किरा इ बाजी मार उन्हें नला उन्हें लला की पत्नी रहा नहीं मरे? मैंने सुलेमान चा ही से पूछ लिया क्योंकि मुझे तो मदरसनिया और उनके मोंप की अहमियत का बाद पता था नहीं कि मैं उनके बारे में जानता। सुलेमान चा मेरा सवाल सुनकर हँस पड़े। बोले 'उ हमाम हुमन ! बाबो रहा।

त का चच्ची अम्मू से साहेब के बियाह किहिन हैं ?

गुलमान चा खिलखिलाकर हँस पड़े, 'भय्या, इ बात तू वज़ीर से पूछ ल्या ।'

अच्छा । मैं बाहर की तरफ़ चल पड़ा ।

इमामबाड़े में मजलिस की तैयारी हो चुकी थी । सैयद नूरुद्दीन मुहम्मद ज़ैदी, मुख्तार मियाँ, दिलदार मियाँ, मौलवी बशीर, रशीद मियाँ, अली कबीर खाँ, हकीम अली कबीर साहब और फुन्नन मियाँ मिम्बर के सामने थे । फिर उनके पीछे फिर अम्मू, अली मज्जी खाँ, अली हाजी खाँ, अब्बू दादा, शब्बर दादा, हम्माद दादा, मुसलिम दादा और फुम्मू खाँ थे । चच्चा बच्चा मिम्बर से टिककर पसर हुए थे । सय्यद मिम्बर के अन्दर से गिलाफ़ उठाये खड़े रहे थे और भाई साहब कई और लड़कों के साथ मिम्बर के पीछे बैठ गए थे । सफ़ेद धानी और सफ़ेद कुरता पहने गोबरधन मुसलिम दादा को रुई की घटती बढ़ती क़ीमत के बारे में कुछ समझा रहा था । मुसलिम दादा और फ़ाइ उसकी बात सुन रहे थे ।

तीन दर के जिस हिस्से में फ़र्श नहीं था, उसमें कुछ जुलाहे बैठे हुए थे । चमारों और भरों के लड़के प्रसाद के लालच में तीनदर के बाहर ज़मीन पर उकड़ूँ बैठे आपस में लड़ रहे थे ।

शीशे के झाड़ फ़ानूस जल रहे थे । उनकी रोशनी में फ़ानूस, कँवल, हाँडियाँ, गिलास और झाड़ की बिल्लूरी कलमें झिलमिला रही थीं ।

ताज़िये के पास गुसलख़ाने के दरवाज़े से ज़रा हटकर बड़ी सी साइज़ पर हरा सेहरा रखा था और उसकी बड़ी सी गजरा हवा में नाच रहा था । फ़र्श पर छिड़काव किया जा रहा था ।

हकीम अली कबीर साहब अब्बू दादा को बताया, ज़माने के किसी मुहर्रम की बरकतें गिना रहे थे । और अम्मू अली हाजी खाँ के कान में कोई ऐसी बात कह रहे थे जिसे सुनकर उनके लिए हँसी रोकना मुश्किल हो रहा था । मौलवी बशीर साहब सी किसी शहादतनामे[1] के शेर सुना रहे थे । साहब दादा ख़ामोश थे

[1] यह उस तरह की नज़्म होती है जिसमें किसी शहीद का अन्तिम हाल बयान किया जाता है । यह शायरी में भी हो सकता है और कुरान में भी ।

नज़ारा देखकर हैरान थे और घूम-घूमकर तारीफ़ कर रहे थे। पास ही बैठे हुए मिन्नू ना अब्बा से ख़ज़ाना फूफी की निस्बत की बात कर रहे थे। मैं सीधा अम्मू के पास जाकर उनकी गोद में बैठ गया। उन्होंने मेरी गरदन के पिछले हिस्से पर अपनी नाक रगड़ दी। मैं खिलखिलाकर हँस पड़ा। तमाम लोगों ने चौंककर मेरी तरफ़ देखा। मैंने जल्दी से मुँह लटका लिया।

आज नवरतन चाचा गान्मवा पर कउना लफ़्ज़ को मानते रहे। मैंने अम्मू से कहा। अम्मू ने अली होदा चाचा की तरफ़ देखा। वह मुस्करा दिए। वे मार खाता रहा। मैंने अपनी बात पूरी कर ली।

अच्छा, हम उन्हें डाँट देंगे। अली होदा चाचा ने कहा।

बउर की बच्ची की पहली शादी एमाम हुसैन से भई रही? मैंने सवाल किया।

अम्मू और अली होदा चाचा के लिए हँसी रोकना मुश्किल हो गया। दोनों ने बहुत कोशिश की मगर फिर हँस ही पड़े। अगू दा ने भी क़हक़हा लगाया। बच्चा बच्चा और फुम्मू चा दूर थे, मगर उन्होंने जो अपने वज़ीर भाई और होदा भाई और अगू मामू को हँसते देखा, तो समझे कि ज़रूर कोई हँसने की बात है तो उन्होंने भी हँसना शुरू कर दिया। मैं हैरान कि आख़िर क़िस्सा क्या है।

अरे म्याँ वज़ीर क्या बात है? गार.. ने पूछा। अम्मू ने उन्हें बड़ी मुश्किल से बात बनायी। वह मुस्करा दिए फिर उन्होंने मुझे अपने पास आने का इशारा किया। मैं मुजरिमों की तरह उठकर पास गया और गरदन झुका कर बैठ गया।

हज़रत अली अकबर के वालिद का नाम हज़रत उम्म लला था। उन्होंने कहा।

बाक़ी

बाक़ी नहीं। उन्होंने मुझे टोका, 'बाऊ बोलना गँवारों का काम है। सही था मगर बन्ना। तुम्हारे चचा का नाम उन्हीं हज़रत उम्म लला के नाम पर रखा गया है।

चूँकि यह बात गोरे दादा कह रहे थे इसलिए मैं मान गया। मगर यह बात मेरे हलक़ से नहीं उतरी। मैं वहाँ से सरक लेना भी चाहता था क्योंकि भाई साहब मिम्बर के पीछे बैठे गप लड़ा रहे थे और मेरा मुँह चिढ़ा रहे थे। मगर गोरे दादा ने तो जैसे फ़ैसला कर लिया था कि वह मुझे पूरी कर्बला कथा सुनाकर ही दम लेंगे। इसलिए मैं मदीने से मक्के, मक्के से कर्बला, कर्बला से कूफ़े, कूफ़े से दमिश्क और दमिश्क से फिर कर्बला और कर्बला से मदीना आने जाने में थककर बिलकुल चूर हो गया। मुझे नींद आने लगी। मगर भाई साहब अपने हाथों के इशारे से कोई सन्देशा भेज रहे थे। मैंने जो इशारा पहचानकर पीछे देखा तो क्या देखता हूँ कि कल्लू ककरा अफ़ीम की पिनक में हैं। उनका सिर ज़मीन की तरफ़ झुकता चला जा रहा था। उनके खुले हुए मुँह से लार टपक टपककर उनकी मैली सफ़ेद दाढ़ी में जज़्ब हो रही थी। ठीक उसी वक़्त बड़े अब्बा साहब ने इमामबाड़े का हरा नोकदार दरवाज़ा खोल दिया। लोगों ने खड़े होकर अलमों का मुजरा किया। वाजिद दा ने कंधे से अँगोछा उतारकर दाढ़ी पोंछी और रोने के लिए तैयार हो गये। चच्चा बच्चा ने दामन से चश्मा साफ़ किया। गुज्जन दा ने ककरा को टहोका दिया, 'मजलिस शुरू हो रही है।'

'अरे तो हम सो रहे हैं!' यह कहकर ककरा ने हाथों से दाढ़ी साफ़ की। हाथ नम हो गये, तो उन्होंने हाथों को पैरों पर रगड़कर सुखा लिया।

बड़े अब्बा साहब ने लुबानदान में मसाला डाला। खुशबूदार धुआँ लहरा कर उठा—लोबान, लौंग और गंगा जमनी पंजा और गजरा सभी सलामत और पास के दरख़्तों ने धुएँ की चादर में छिपना शुरू किया। दालान में नक़्श का एक मशहूर सात गुम्बज वाला ताज़िया था जिस पर काला मख़मल चढ़ा हुआ था। उसके चारों तरफ़ शान से रखे अलमों की चादरें बँधी हुई थीं। पंजों पर रखी हुई छोटी छोटी सफ़ेद पगड़ियों में जैसे जान पड़ गया था। अलमों और पंजों की पगड़ियों पर पान के पत्तों के तावीज़ जैसे टँके और चन्दन के फूलों के गजरे पड़े हुए थे।

अब्बू दा न सोज़ख्वाना[1] की चौकी से इमामवाडे को एक नजर देखने के बाद अपने दोनो बाजुओं म सुर मिलाने क बाद सलाम पढ़ना शुरू किया। ज़नाने गलियारे म औरतो की आवाजें आने लगी।

"ए धिया, तनी दम क बहिना! मोरा पैरवा कूच दिया। आग लग इ मारामिला अंगरजी जनिन को।" यह आवाज़ हसीना दादी की थी। डाट बाजा पर पड़ी था क्योंकि बाद म उनके भिनभिनाने की आवाज़ भी आयी। 'बाकी हम्माद की बीबी ई कहिन कइम?' यह सवाल किसी न अब्बू का बड़ा बहन सुगन दादा स किया। 'नउज' किसी और बीबी की आवाज़ आयी 'तनी पटावा नाग इयह।'

बात यह था कि अब्बू दा शख्वानी का जब स साज़ख्वाना की दोना बयाजें निकाल चुके थ उन्होंने दोनो बयाजों म निशान लगाने के बाद इधर उधर देखा 'ऐ हम्माद! बइठे का हो, आतया काहे ना!' हम्माद दा आकर उनका दाहिना तरफ बैठ गय। मुश्ताक भाई न बायाँ बाज़ू सँभाल लिया। सुर मिलाये गये। धुन का ठाठ बाँधा गया। अब्बू मियाँ न जागिया म मतला शुरू किया। अभी पहला लाइन भी खत्म नहीं हुई था कि उन्होंने मुश्ताक भाई को और मिलकर बैठने का इशारा किया। वह बिलकुल घुसकर बैठ गय। मगर फिर भी कुछ गड़बड़ रहा। दादा न दूसरी लाइन पढ़ने पढ़ते तमाम लोगों की तरफ देखा और अस्थायी म अन्तर की तरफ जाते जाते उन्होंने मुज्जन दा को बुला लिया। मुज्जन दा आय और अँस्मार मुश्ताक भाई और मिमतार क बीच म बैठ गय।

हुसन अन्ना भी रोना चाहते थ मगर आँसू नहीं निकल रह थ। वह और अम्मू बार बार अपनी छोटी छोटी आँखो को गार रह थ कि व भाग जाय कि हारम म पुस्सू था और अग्गू न फूट फूटकर रोना पर। अम्मू और हुसन ने भी आवाज़ म रोना शुरू कर दिया लेकिन आँसू निकालने म व

---

1 साज़ख्वाना म तीन आदमी मरसिया गाते हैं। बीचवाला गाता है और बाकी दोनों सुर देते हैं। बीचवाला शाह कहा जाता है और इधर उधर वाले बाज़ू।

फिर भी कामयाब न हुए। मैंने भी कई बार ज़ोर-ज़ोर से रोने का इरादा किया मगर न आवाज़ निकली और न आँसू ही आये। बाजिद दा गमछे में मुँह छिपाकर रोने लगे। फुन्नू ने सामनेवाली दीवार में आँखें गड़ा दीं, और जब उसने आँखों को देर तक झपकने नहीं दिया तो पानी आ ही गया। उसने पानी को पोंछने की कोशिश नहीं की। वह आने दिया। लेकिन पानी एक ही आँख में आ सका था, दूसरी आँख बिलकुल सूखी हुई थी।

मरसिये की मंज़िल आते-आते पिट्ठस पड़ गयी। अन्नू दा दमे के मरीज़ थे इसलिए वह पूरा मरसिया न पढ़ सके। सोज़ख़्वानी ख़त्म हो गयी। बड़े अब्बा साहब मिम्बर पर गये। दुरूद पढ़ा गया। बच्चों की आवाज़ सबसे ऊँची थी। बड़े अब्बा साहब ने पहले एक सलाम सुनाया। शायर का नाम उन्होंने नहीं बताया। गंगौली के लोग उनसे किसी का सलाम सुनने के आदी हो चुके थे (मगर बाद में उनके मरने के बाद पता चला कि वह किसी बाके सलाम दरअसल बड़े अब्बा साहब ही के हुआ करते थे)। दो-तीन शेर सुनाते-सुनाते ही उन्हें जोश आ गया। उन्होंने अपने दोनों हाथ सीने पर बाँध लिये और झूम-झूमकर पढ़ने लगे। यह बात मैं अब तक तय नहीं कर सका हूँ कि उनके पढ़ने को तरन्नुम कहा जा सकता है या नहीं। उनकी आवाज़ बहुत ख़राब थी। शक्ल भी अच्छी नहीं थी। और जब उन्हें जोश आ जाता था तो उनका मुँह और फैल जाता था और वह उन पीले दाँतों से बड़े अजीब मालूम होने लगते थे। उनके दाँत देखकर मुझे हमेशा बल्लू रैका की नाद का ख़याल आ जाता था। दाँत ही का क्या रोना चाहिए था और रोना ही की सूरत में एक पीला-पीला-सा मलाल था। लेकिन उनकी कहानी ज़िन्दगी में कोई दिलचस्प नहीं थी। ऐसा लगता था जैसे अल्लाह मियाँ ने उन्हें ख़ूब दुःखी करके भेजा था। और ख़ुदा ने इतना ज़्यादा बढ़ा दे दिया था कि बाक़ी सारी ज़िन्दगी गुज़ारने के बाद भी कभी नहीं टूटा था। यही याद है कि जब वह मजलिस पढ़ते थे तो सुननेवालों पर उनकी शख़्सियत का असर पड़ता था और वे रो पड़ते थे। वह प्रोफ़ेशनल मजलिस पढ़नेवालों की तरह अपना ज़ोर न लगाते थे, न गुल मचाते थे, न गिड़गिड़ाते थे। वह घंटा भर भी नहीं पढ़ते थे। वह तो बस तीन मिनट में दस-पन्द्रह मिनट भर की मजलिस पढ़ा करते

थ। अब वह शीआ मुसलमाना का यह बतान क लिए नाहक घटा क्या बोलत कि अल्लाह एक है। मुहम्मद आखिरी पैग़म्बर और अली पहल खलीफा है क्योंकि उन लोगा का ता यह बात यू भी मालूम है। और औरता म ता काई तक़रीर करन का सवाल ही नही उठता। व ता यँ भी जब किसी बात को मान लता हैं ता मानती चली जाता हैं। एक बार इलाहाबाद के हकीम मुरतुज़ा साहब न अल्लाह क एक हान पर अपनी मशहूर मजलिस पढ़ी। यह मजलिस कोई चार या साढ चार घटा की हुआ करती थी। मर्दाना फर्श पर बठ हुए शीआ मर्दों की ज़बान तक़रीर की तारीफ़ करत-करत सूखी जा रही थी और अन्दर जनाने फर्श पर दर्दा हुक्की ददा स बह रही था कि मुआ मौलवी सठिया गया है का? क्या का हम ई ना मालुम कि अल्लाह एक है? ई त हमर मच्छना का मालुम है। यह इशारा मरी तरफ़ था। उस वक्त मैं तीन या साढ़ तीन साल का था। मैंन यह क़िस्सा अम्मू स सुना जिन्ह यह बात चचा न बताया था। मैं कहना यह चाहता हूँ कि शीआ औरतें मजलिसा म केवल इमाम हुसन और उनके घरवाला की विपदा सुनन आती हैं इसीलिए वह अच्छा साहब औरता म बहुत पापुलर थ और हमारी पट्टी की लगभग तमाम जनाना मजलिसें वही पढ़ा करत थ। और उन मजलिसा म वह ज़ोर शोर का रोना धोना हुआ करता था।

दूसरा शीआ औरता क बार म ता मैं नहीं जानता लेकिन अपन खानदान की औरता क बार म ज़रूर जानता हूँ कि उनक रो पड़न क लिए इमाम हुसन का विस्तृत बयान करन की ज़रूरत नहीं होती। बस इमाम हुसन का नाम लेना काफ़ी हुआ करता था।

एक बार तासरी शाबान[1] की महफ़िल[2] क तौर पर तै किया गया कि वहा बाजा क रूपया का मसरफ़[3] भी हो जाय। गुलाब अपन शहर क नामी का

---

[1] एक अरबी महीने का नाम।

[2] पैदाइश की तारीख पर होनवाल जलस का शीआ म महफ़िल कहत है।

[3] इस बिसमिल्लाह भी कहत है यानी जिस दिन बच्च की पढ़ाई शुरू की जाती है।

बाद किया गया और यह फ़ैसला किया गया कि लखनऊ से खालू मियाँ[1] को बुलवा लिया जाय। खालू मियाँ तैयार हो गये। अब एक तो यह कि महफ़िल हमारे यहाँ हो रही थी, फिर यह कि मौलवी इब्ने हसन नुनहरवी पढ़ने वाले थे इसलिए बड़ा मजमा था। पहले कैस जगीपुरी[2] ने एक क़सीदा पढ़ा। उनके क़सीदे में बड़ा सख़्त तबर्रा[3] था। खालू मियाँ की धुली हुई उर्दू सुनने के लिए शहर से सुन्नी मुसलमान भी आये हुए थे। अब्बा वग़ैरह बहुत परेशान हुए। तमाम पढ़े-लिखे सुन्नी ज़ानू बदलने लगे। मगर खुदा-खुदा करके क़सीदा ख़त्म हुआ। शीआ जुलाहों और नम्बरदारों वालों ने तो हर शेर की उछल उछल कर तारीफ़ की थी इसलिए कैस चचा को यह पता भी न चल सका था कि क्या घपला हो गया था। वह तो 'अल्लाहु मालिक' कहकर मिम्बर से उतर आये, और दोनों हाथों से अपनी हल्की सी दाढ़ी सहलाते हुए खालू मियाँ के पास जा बैठे और दोनों के हल्क़ों में जड़े हुए अक़ीक़, दुर्रे नजफ़ और यशब के नगीनों को देखने लगे जो खुद उन्हीं की तरह मासूम और बेगुनाह थे।

खालू मियाँ उठे। उन्होंने महफ़िल के रंग को भाँप लिया था। वह मिम्बर पर गये। उन्होंने अपनी अचकन के दामन बराबर किये। मिम्बर की दूसरी सीढ़ी पर रखे हुए बिदरी के छोटे से उगालदान में उन्होंने बड़ी एहतियात से अपने मुँह के पान को थूका फिर उन्होंने अपनी जेबी घड़ी में वक़्त देखा और फिर उन्होंने क़ुरान की वह आयत पढ़ी जिसमें शायरों को गुमराह और गुमराह करनेवाला बताया गया है।

इस आयत को सुनते ही सुन्नियों के चेहरे खिल उठे। वे इमामबाड़े से उठ गये। घरवालों ने इत्मीनान की साँस ली और कैस चचा घबराकर खालू मियाँ की तरफ़ देखने लगे कि आख़िर यह बात क्या हुई।

---

[1] मौलाना इब्ने हसन नुनहरवी—एक मशहूर शीआ मौलवी।
[2] एक गुमनाम मगर बड़े अच्छे शायर।
[3] शीआ लोग पहले तीन ख़लीफ़ाओं को नहीं मानते। बहुत से जाहिल शीआ उन तीनों को बुरा भला कहते हैं। आम तौर से इसी को तबर्रा कहते हैं।

शायरा की बुराई हा म कहा इत्तफ़ाक़ स इमाम हुसन का नाम आ गया। जनाने फ़र्श म हाये मारे मौला कहकर रोन की आवाज़ आयी। यह आवाज़ फूफी की था। अब्बा झट स अन्दर गय। फूफी बाक़ायदा मुह ढांपे रो रही थी। अब्बा न कहा "बहन! इमाम हुसन की पदाइश की महफ़िल है।"

"अरे ऊ पदा ना भय हाते त कबला म काहे का शहीद भय हाते ए भया।" फूफी न अपन बन ही म यह टुकड़ा लगा दिया। उनके इस तक ने गाज़ीपुर की अदालत दीवानी क सबस बड़े वकील की ज़बान बन्द कर दी। इसलिए अगर रोन के लिए सिर्फ़ हुसन का नाम काफ़ी है ता इसम क्या ग़रज़ कि मजलिस पढ़नेवाला क्या कह रहा है—जुलाहिनें, चमाइनें और उनकी औलादें अगर शोर करती हैं ता करें, औरतें आपस म बातें करती रहेंगी मगर कान मजलिस पढ़नेवाले की आवाज़ पर लगे रहगे। बस इधर इमाम हुसन का नाम आया और उधर उन्होंने रोना शुरू कर दिया। उन्हें और ज़्यादा रुलाना हो तो मजलिस पढ़नेवाला अपनी आवाज़ ऊंची कर लेता है। और चूंकि बड़े अब्बा साहब मजलिस पढ़त-पढ़त खुद भी कबला पहुँच जाते थे इसलिए अपने आपको वापिस बुलाने के लिए उनकी आवाज़ यूं भी काफ़ी ऊँची हो जाती थी।

चाँद रात की मजलिस बड़े अब्बा के सिवाय कोई और पढ़े तो शायद किसी के आंसू ही न निकलें। क्योंकि उस रात खास मोहर्रम के लिए तैयार नहीं होते। यह मजलिस अब भी होती है मगर चूंकि अब बड़े अब्बा नहीं हैं इसलिए सुना है कि अब यह मजलिस बहुत लुटी मारी होती है। मगर जिस मजलिस की मैं बात कर रहा हूँ उसे बड़े अब्बा ही पढ़ रहे थे और रोने वालों में अम्मू दादा भी शामिल हो गये थे। इसलिए यह पता नहीं चल रहा था कि बड़े अब्बा पढ़ क्या रहे हैं। बस यह दिखायी दे रहा था कि उन्होंने अपने दोनों हाथों को ज़ोर से पकड़ रखा है और वह मिम्बर पर इधर-उधर झूम रहे हैं और कुछ कह रहे हैं।

गंगौली म चाँद रात की मजलिस म नौहा नहीं पढ़ा जाता। दो चार बार 'हुसन! हुसन!' कहकर आहिस्ता आहिस्ता मातम करके सलाम पढ़ लिया

जाना है। मगर जब मैंने देखा कि शम्मू चा लड़कों को दो कतारों में खड़ा कर रहे हैं तो मैं भी लपककर एक कतार में खड़ा हो गया। बड़े-बूढ़ों ने इस बार बच्चों को नहीं देखा। बड़े अब्बा साहब ने सलाम पढ़वाना शुरू ही किया था कि एक पतले दुबले से नौजवान ने नौहा पढ़वाना शुरू कर दिया। उसने बड़ी मोहरी के पाजामे पर डबल ब्रेस्टेड कोट पहन रखा था। बड़े अब्बा ने चौंककर सलाम पढ़वाना बन्द कर दिया। तमाम लोग नौहा पढ़ने वाली अंजुमन को घेरकर खड़े हो गये।

"फूला लाई हूँ ए फ़िज़्ज़ा फूल ला!" उस अजनबी नौजवान ने अन्तरा उठाया।

चूँकि बड़े अब्बा ने भी हुसैन के छः माह बच्चे ही का हाल पढ़ा था, इसलिए उसकी माँ का बैन सुनते ही लोग बिलख बिलखकर रोने लगे। हद तो यह है कि अम्मू और हुसैन अली चा की आँखें भी भीग गयीं। अम्मू दा ने एक एक शेर को कई-कई बार पढ़वाया।

'इ नौहा पढ़े का कउन मौका है!' अली कबीर चा बड़बड़ाय 'अबहीं दू ठो मजलिस अउर होए का है।' लेकिन कतार चा अपने बिना बनियान के सीने पर धीरे धीरे मातम करते रहे जैसे उन्होंने अली कबीर चा की बात सुनी ही न हो।

"ए मस्सू!" अली कबीर चा ने मस्सू भाई का दामन खींचा जो बड़ी देर से गफ़्फ़न की एक तरफ़ नम्बरदार सफ़ में खड़े हुए थे और कभी-कभार मातम साथ पढ़ भी लग जाते थे। यह उनका जाती मसला था। अब तक यह गाँव में अक्सर नौहे पढ़वाया करते थे, इसलिए हर गश्त¹ उन्हीं का था। हर मजलिस पर उनका कब्ज़ा था। अब इस नौजवान की वजह से उनकी अज़मत में बट्टा लग रहा था इसलिए उन्हें तो रोना ही था। मगर जब अली कबीर चा ने दामन खींचा तो उन्हें मुड़ना ही पड़ा, उन्होंने अपना दाहिना कान उनकी तरफ़ झुका दिया। "दरवाज़े पर की मजलिस में बाहर गये बड़ा नौहा नाम सबा।" अली कबीर चा ने कहा।

---

¹ ताज़िया का जुलूस।

'जी !"

"कलकी तू दू टो पन्निया हो।"

यह हुक्म सुनाकर उन्हें इत्मीनान हो गया और शायद वह दूर-पास के किसी मरीज़ के बारे में सोचने लगे।

जिस आदमी ने नौहा पढ़ा था उसका नाम मोहम्मद हुसैन निकला। चावनपुर का रहनेवाला था। कलकत्ता में कोई काम करता था। फुन्नन दा ने फौरन ताड़ लिया। असल में वह इधर बहुत परेशान रहने लगे थे। विलायत खाँ की बीवी से इश्क करना भी ठीक और उनके लिए जेल काटना भी ठीक। उन्हें अपने बच्चों की माँ बनाने में भी कोई नुकसान नहीं। लेकिन लड़कियाँ होंगी तो जवान होंगी और जवान होंगी तो उन्हें ब्याहना पड़ेगा। बिरादरी में शादी होने का सवाल नहीं उठता। इसलिए उन्होंने वहीं मजलिस के फ़र्श पर मोहम्मद हुसैन के बारे में अम्मू से बातचीत शुरू कर दी कि क्यों न रज़िया की शादी इस लड़के से कर दी जाय। अम्मू को भी यह रिश्ता पसन्द आया, और मोहम्मद हुसैन फुन्नन दा के मेहमान हो गये।

सकार पा की मजलिस में मक्कू भाई ने दो नौहे पढ़े। फुन्नन दा और काज़िम दा को ताव आ गया। काज़िम दा ने तो ज़ोर-ज़ोर से अपने गुस्से का एलान भी कर दिया लेकिन फुन्नन दा ने चुपके से मोहम्मद हुसैन के कान में कहा, 'कल सवेरे वाली मजलिस में तीन ठो नौहा पढ़िया—ई उत्तर पट्टी वालन का दिमाग चल गया है।

मैंने सोचा कि इसी तीन नौहा वाली मजलिस में बेहोश हो लिया जाय। मैंने फुन्नू से राय ली। उसने कोई एतराज़ नहीं किया मगर भाई साहब का ख़याल था कि पाँच वाली बड़ी मजलिस ज़्यादा ठीक रहेगी। लेकिन मैंने कहा कि क्यों न पहली ही मजलिस में ऐसा बेहोश हो लिया जाय कि फिर मक्कू भाई बहाना होने के बारे में सोच भी न सकें।

यह बात तय हो गयी।

खाना खाकर तमाम लोग अपने अपने बिस्तर को दस भारे करने लगे, और फिर सार दा की दालान में जलसा शुरू हुआ। अलिमवा हज्जाम ने किस्सा शुरू कर दी। उत्तर-पट्टी से मोमबत्ती बहादुर था अभी हादी था, हुसैन अभी

था और अब्बा मम्नी चा आ गये। हुसन अली चा ने अब्बू दा के कुरते की तनज़ेब की तारीफ़ की। वह उसकी ख़रीदारी का क़िस्सा सुनाने लगे कि किस तरह राजा साहब पीरपुर ने अपने कुरते की तनज़ेब की तारीफ़ की और जब अब्बू दा ने उन्हें अपना कुरता दिखाया, तो वह हैरान हो गये।

का बताइ मीर साहब, जहज़वा डूब न गइल होत त का तनज़ेब आवत रहे, बिल्कुल मलाई समझा। गोवर्धन ने कहा जो एक टीन की कुर्सी पर बैठा हुआ था।

पूरा जहाज़ डूब गया? फुस्सू चा ने पूछा 'तब त बड़ा नुकसान भया साहब?'

अउर का साहब! व्यापार ऐही का नाम बाय।'

मैं चुपचाप आर्ज साहब के साथ कल्लू कक्का की तरफ़ चला गया।

कल्लू कक्का इमामबाड़े के पूर्वी कमरे के पीछे वाली ख़लवत में रहा करते थे। पहले एक बड़ा सा कमरा था जिसके तीन दरवाज़े तो ख़लवत के छोटे से आँगन में खुला करते थे और चौथा दरवाज़ा इमामबाड़े के बगली कमरे में। यह कमरा लकड़ी के बड़े बड़े सन्दूकों से भरा हुआ था। इन्हीं सन्दूकों में मोहर्रम के बाद मोहर्रम का सामान रखा जाता था। आँगन के दक्खिन में एक छोटी-सी कोठरी थी। कक्का उसी कोठरी में रहा करते थे।

हम लोग पहुँचे तो वह चाय बना रहे थे। उनका खटोला आँगन में बिछा हुआ था।

मिट्टी के दो प्यालों में चाय उँडेलकर कक्का ने हमें दी। प्याले ऐसे थे कि ख़ून हों तब भी सान ही दिखायी देते थे। प्याले हमें थमा देने के बाद उन्होंने अल्यूमीनियम के छोटे-छोटे चौड़े मुँह वाले कटोरे से हमारी चाय को पकाकर बालाई हम को। हमने चाय का घूँटा बड़ी मज़ेदार महक थी एक तेज़ भभक से हमारे नथुने भर गये। हमने एक चुसकी ली। बालाई के रेज़े मुँह में आकर चिपकने लगे।

'एक ठो कहानी सुनाओ कक्का!' मैंने कहा।

कक्का ने अमीर हमज़ा का क़िस्सा शुरू कर दिया। मैं जब बाद में

ग   बड़ हो जान पर यह दास्तान पढ़ी तो उसम एसी बहुत सी बातें नहीं मिलीं जिन्हें बक्का ओमिा-न्सी बात का तरह बड यकीन स सुनाया करते थ। लेकिन मुझे बक्का वाली दास्तान ज्यादा अच्छी लगती थी मुमकिन है इसकी वजह यह हो कि वह यह दास्तान लखनऊ का धुली धुलाई उर्दू म नहीं सुनाया करत थे, बल्कि भोजपुरी उर्दू म सुनाया करत थ। और यू भी वह कवल कहानी नहीं सुनाया करते थ साथ साथ एक्टिंग भी करत जात थ। लडाई क तमाम पतर दिखलात, नाच क भाव बनात, यस कभी कभी शोक आ जाती तो नीच की तरफ झुकत चल जात, और जब हम हसन लगत तो हसी का आवाज स उनकी गरदन एक झटक म ऊपर उठ जाती और दास्तान फिर शुरू हो जाती   तो नौशरवाँ का वजीर कहिस कि ए बादशाह! आपन अमीर हमजा स वायदा किया था कि आप अपनी बेटी महरनिगार का बियाह उन्हीं स कीजियगा

मरा तो खयाल है कि वह हमार सो जान क बाद भी कहानी कहत ह थक जात थ, जब तक कि अफीम की पिनक उन्हें सुला न द।

मुझ नहीं मालूम कि म कब सो गया मगर जब मरी आँख खुली तो म हमशा की तरह दादा क बिस्तर पर था—और दादी सुबह की नमाज पढन क बाद लेटी हुई तसबीह (माला) पढ़ रही थी। सारा घर जाग चुका था। अम्मा मुसलिम दा और फुन्नन दा क घरा की मजलिस करक वापस आ चुकी थी और रसोईघर स नाश्त की तयारी की तज महक आ रही थी।

म झटपट नाश्ता करक तयार हो गया क्योंकि अभी कबीर था क दरवाजे की मजलिस म जाना था। और फिर अपन दरवाज का मजलिस म शरीक होना था। लेकिन जब म बाहर निकला तो मन दखा कि अब्बा मज म बठे हुक्का पी रहे हैं। दो चार आसामी जमीन पर उकड बठ हुए थ रजियान क दो-एक लोग भी थ और गाबरधन तो खर था ही। वह चच्चा बच्चा का गद्दे की कोई कहानी सुना रहा था। रजियानवाल अब्बू स किसी मुकदम के बार म बातचीत कर रह थे। य लोग इतन दौलतमन्द है कि जब चाहें गड्‌-गड पूरे गाँव का खरीद लें। लेकिन य कपड़वाली कुर्सी

पर नहीं बठ सकते थ। इन लागा के लिए लकडी या टीन की कुर्सियाँ रखी जाना था।

बड़े घमासान की बहस हो रही थी। अली कबीर चा कह रहे थे, "बाप दादा हीयाँ गड़े चौक इमामबाड़ा हायाँ है इज्जत आबरू हीयाँ है! गंगौली में हम्म मतलब ना हुइहै त का रक्खन का हुइहै! जा लोग कलकत्ते में रुप्या कमाय हम गाव ना न रह सकी

अरे भाई साहब हिजरत करना ता मुसलमाना की तकदीर है। आखिर रसूलल्ला ने भी मक्के से मदीने की तरफ हिजरत की थी कि नहीं।" अम्मू ने बात में जुमला दिया।

बात न किन्तु रहा। कबीर चा ने कहा जरूर रहिन रहा, बाकी हम रसूलल्ला ना न है।'

अरे मीर साहब! यह कांग्रेस हिन्दुओं की पार्टी है! चूंकि मुसलमान जमींदार ज्यादा हैं इसलिए यह जमींदारी जरूर खतम करेगा। तो देहातों में मुसलमान क्या करेंगे? आटे में नमक की तरह तो हैं।' अनवारुलहसन साहब ने कहा।

'नमक ही से दाल में मजा है।' अली कबीर चा ने कहा, 'बनमक की दाल का किन खाया?'

हिन्दुस्तानी मुसलमान की तकदीर में तो रोना लिखा है!' अनवारुल-हसन ने अपनी बात पर जोर दिया।

जब तो हम इन्ने मान रहे कि अपना गंव छोड़ के चल जायें। अ दूसरे के पीना तो हम शीअन की तकदीर है। तू लोग अपनी कर्बला की फिकिर कर ल्या! अली कबीर चा ने फसाना सुना दिया। सब लाजवाब हो गये। मैं चुपचाप उनके पास बैठकर उनकी बात से मजा लेता।

हाँ बरगा थे। उन्हा करवट लेकर कहा।

बस अब मजलिस कर ली जाय। सारे हाँ उठ गये, और स्वार उजाड़ गया।

बबार मा के घर ना। हम गद्दे के पास सवार मा मिल गये।

ई आप गोदामवा पर कउन लटक को मारत रहे ?' मने झट म सवाल कर लिया।

वह बिलकुल घबरा गय। बोले कोई स कहिया मत हम तूह एकन्नी देंगे।' हम अम्मू को बता दिया है। मन कहा, बाकी आप ओको मारन काहे रहे ? ऊ छनुन्दिनवा रहा ना ? मन आखिर उस लड़के की आवाज को पहचान ही लिया।

'हम ओका बहलात रहे ओको चोट लग गयी रही।' यह कहकर तरान चा न मुझे एक दुअन्नी दी और मन सोचा कि चलो अब यतीम का हिस्सा दस आने म शरीक लूगा। चुनांचे मन वह दुअन्नी जेब म रख ली और तरान चा को छोड़कर गड्ढ म ककरा से छिछली मारन लगा। दो एक ककर तो पानी म गिरते ही डूब गय। दो एक तो चार गज तक जाकर डूब। ठीक उसी वक्त जाते हुए जुलाहे क एक लौंडे ने मेरे पास रुककर एक ककर उठाया और छिछली फकी। ककर पानी पर तैरता हुआ उस पार निकल गया। वह लौंडा मेरी तरफ देखकर मुसकराया और बिना कुछ कहे आगे बढ़ गया। मैं बहुत शरमाया कि फाय कलास म पढ़न स क्या फायदा अगर म जुलाहे क इस लौंड की तरह छिछली भी नहीं फक सकता। हाँ, और क्या ? आखिर फायदा ही क्या है अंग्रेजी पढ़न का।

पढ़ाई क इस अहम् सवाल पर विचार करता हुआ मैं कबीर चा क इमामबाड म दाखिल हुआ। मजलिस शुरू हो चुकी थी। हुसन हैदर चा साज पढ़ रहे थ। तमाम लोग अपनी मुकर्रिर जगहों पर बैठ हुए थ। हाँ शुमन दा न मालूम क्या वाजिद खाँ की जगह पर बैठ गय थ। हैदर चा न दूसरा ही सर पढ़ा था कि वाजिद खाँ आ गए। अलमा को मुजरा करन क बाद ही यह बोले 'द का भाई तू हियाँ कहाँ बइठ गया ?

'अरे त कहाँ अउर बइठ जाओ। शुमन दा न कहा।

क्या बैठ जाऊँ म कहाँ और। वाजिद खाँ ठठ उर्दू बोलन लगे।

हद त्या नूँ त सारा उर्दू बोर।

क्या करत हो शुमन! अपनी जगह पर बैठो। सार दा न शुमन दा को डाटा।

फुन्नन दा चुपचाप सरक गये। वाजिद दा आराम से बीचवाले दर में मिम्बर की तरफ़ मुँह करके बैठ गये। हैदर चचा ने पढ़ना शुरू कर दिया। मैं इस फ़िक्र में था कि मजलिस जल्दी ख़त्म हो, कि अपनी मजलिस का नम्बर आये। लेकिन हैदर चचा ने एक लम्बा मरसिया पढ़ दिया, तब सज्जाद चचा ने मिम्बर पर जाकर अनीस का एक मरसिया शुरू किया—'हज़रत से कबलाये मुअल्ला क़रीब है...'[1]

इस मरसिये पर लोग बहुत रोये। फिर मातम शुरू हुआ। मौलवी क़ुरबान अली साहब पर दौरा सा पड़ गया। वह पागलों की तरह मातम करने लगे। इधर उधर के लोगों ने उन्हें रोकना चाहा कि नोहा पढ़ा जाने वाला है मगर वह नहीं माने। उनके हाथ और तेज़ी से चलने लगे। तमाम लोग मातम करने लगे। और फिर लोग ज़ार ज़ार से रोने लगे। भाई साहब खड़े होकर दोनों हाथों से मातम करने लगे। मैं थककर बैठ गया। फिर एक एक करके तमाम लोग थक गये। रोनेवालों की आवाज़ और ऊँची हो गयी। मौलवी क़ुरबान अली के हाथ और तेज़ हो गये—'हुसैन! हुसैन!

हुसैन! हुसैन!
मौला हुसैन!
आक़ा हुसैन!
हुसैन! हुसैन!'

और फिर मौलवी साहब लड़खड़ाकर गिर पड़े। मैंने दिल में कहा—अच्छा बुड्ढ़ा मरने लगे। तो चलो हमारे दरवाज़े की मजलिस में

मगर मौलवी क़ुरबान अली बेहोश नहीं हुए थे, वह मर गये थे।

मैंने हार मान ली। मौलवी क़ुरबान अली ने मरकर मेरी हिम्मत तोड़ दी थी। मैं मरने के लिए तैयार नहीं था क्योंकि मरने के बाद कोई ज़िन्दा नहीं होता।

मौलवी साहब के मरने की ख़बर आग की तरह सारे गाँव में फैल गयी। उत्तर पट्टी के लोग उनके कफ़न-दफ़न की तैयारियाँ करने लगे। हमारे दरवाज़े की मजलिस मातम पर ख़त्म कर दी गयी।

---

१ मीर अनीस के एक मरसिये की पहली लाइन।

मैं अन्दर चला गया।

भाई साहब न इस मौक़े का फायदा उठाकर बाजी के वक्स म धनिये[1] की पाटली उड़ा दी थी। हम दोनों न चटपट अपनी जेब भर ली। हम दोनों न पाखर पर जाकर इत्मीनान से धनिया खाने का प्रोग्राम बनाया ही था कि बाजी आ गयी। उन्होंने अम्मा को आवाज़ दी। अम्मा न हमें पुकारा। हम भाग। अम्मा न हमें दौड़ा लिया।

गोरी भाभी के दक्खिनवाले दालान म भाई साहब पकड़ गये। मैं नईमा दादी की खलवत में घुसकर खटोले के नीचे छुप गया और जल्दी-जल्दी धनिया खाने लगा। अम्मा भाई साहब को मार पीटकर खलवत म आयी। उन्होंने मुझे देख लिया। बाँस के चरखीदार पंखे की डण्डी से उन्होंने मुझे ना शुरू किया। वह जमीन पर उकड़ू बैठ गयी थी। खटोला बहुत नीचा था, मैं बिलकुल फँस गया था।

अब जाने दो। नईमा दादी न कहा।

मैं इस मट्टी मिले को मार डालूँगी आज।

तो मैं मौलवी कुरबान अली की तरह जन्नत में चला जाऊँगा और फिर कभी नहीं आऊँगा मैंने कहा। मैं बाहर से सुन आया था कि मौलवी साहब साथ जन्नत में गये हैं।

ए खुदा न करे, बेटा जन्नत में जाएँ तोरे दुश्मन 'नईमा दादी बोला।

मैंने सोचा कि अगर जन्नत इतनी ही बुरी जगह है, तो मौलवी कुरबान असे बेचारे वहाँ कहाँ जा फँसे। मगर मैं इस सवाल पर ज्यादा न सोच सका, क्योंकि अम्मा न मेरे कान पकड़ लिये थे। वह मुझे घसीटकर बाहर निकालने में कामयाब हो गयी, मगर ठीक उसी वक्त न्हा आ गया, एक कुलाँच भर कर मैं न्हा से लिपट गया।

बीबी आज छोड़ दीजिए इसको। अम्मा न कहा।

मगर मैं मुतमइन था—मैं जानता था कि न्हा मुझे नहीं छोड़ेगा।

---

[1] मोहर्रम म धनिया भूनकर और गरी भूनकर उसमें इलायची मिला ली जाती है। उन दिनों पान नहीं खाया जाता।

उद्गम

आकाश कार्तिक के आसमान की तरह धुला धुला सा था, और सितारों से यों पटा हुआ था जैसे चैत में महुए की सुगन्ध से धरती पट जाती है। जनाने इमामबाड़े के आँगन में लगे हुए कदम्ब की शाखें भी फूलों की अनगिनत गेंदें लिए मुस्करा और हवा में नृत्य कर रही थीं और कच्ची उम्र की सालियों की तरह बहनोई की राह देख रही थीं।

सितारिया को इमामबाड़े के बड़े आँगन में बिलकुल अकेली थी। मोहर्रम का सारा महीना वह यों ही अकेली रह जाया करती थी। क्योंकि सुलेमान का मज़हबीपन इतना जाग उठा करता था कि मोहर्रम के दिनों में वह उस रात में भी नहीं रहा करते थे। वह भी इसका बुरा नहीं माना करती थी। 'आख़िर तो एक दिन अली अकबर के बाबू के आगे अच्छन मियाँ के मुँह दगाय के हाई।' उसने सुसराल में उनके अल्लाह मियाँ के बारे में कुछ-कुछ सुन रखा था। फिर ही दिन में वह अपनी अकबर के बाबू के अल्लाह मियाँ से डरा भी करती थी इसलिए शुरू-शुरू में तो उसने मोहर्रम की तन्हाई का बुरा माना। लेकिन फिर उसने दिल को समझा लिया और फिर यह भी बुरा अच्छा नहीं लगता था कि कबीर मियाँ और सग़ीर मियाँ तो उनके पहलुओं में सोयें और अली अकबर के बाप अपनी मुराद के पास रहें। इसलिए सुलेमान गाज़ीपुर के मोहल्ले के जाने ही मर्दाने में रहने जाते थे। और सकटिया तो जनाने इमामबाड़े के आँगन में उठ आया करती थी। अली अकबर और सकटिया की अकबरा भी अपने पास रख लिया करती थी। अली अकबर अन्दर के सलाम बाहर ही आया करता था और सकटिया अकबरी की पाँव दबाया करता था। और कबीर मियाँ का यही उनकी मसनवी में शहर का मान सुना करता था। और कभी-कभार सग़ीर मियाँ के साथ बिछावन के साथ शायर के बाहर लिए हुए बिना सलियार में या बार पर इमाम के गम गाया करता था। कबीर मियाँ बनता और वह बाबी। और जब एक दिन उसने

पर से एक केंचुआ गिरा तो उसने चुपके से बिक्कन के कान में यह कहा कि उमरा पर गिर गया है।

घर में इस खेल की खबर किसी को नहीं थी। और सगटिया तो खुश थी कि उसकी बहनिया बीबिया के साथ पलंग पर बैठती है और उनके बच्चों के साथ खेलती है। उसे खूब याद था कि जब वह छोटी थी तो इन बातों के लिए कितना तरसा करती थी। और जब सुलेमान ने पहली बार अपने पलंग पर एक तरफ होकर उसे अपने पास लिटा लिया था तो वह कितनी खुश हुई थी।

लेकिन अब के मोहर्रम की तनहाई कुछ अजीब-सी थी। ग़ाज़ीपुर के लोग आये हुए थे। मजलिसें हो रही थीं। लेकिन मोहर्रम पर रंग नहीं आ रहा था। मर्दाने में बशीर मियाँ, बक़ार मियाँ, झब्बर मियाँ और अग्गू मियाँ की कमी थी और इनके अलावा फुन्नन मियाँ, हम्माद मियाँ और अली अकबर के बाबू भी ग़ाज़ीपुर चले गये थे।

उधर अदालत ने दक्खिन पट्टीवालों का मकान सुपुर्द कर लिया था। और डिप्टी बना हादी के बहनोई से मागा मिल जज ने मोहर्रम में तारीखें डाल दी थीं। बड़का फाटक तो दूर नहीं था लेकिन ग़ाज़ीपुर तो बहुत ही दूर था। इतना दूर था कि भरे-पूरे घर और अलमों और ताज़ियों की भीड़-भाड़ में और नौहों मरसियों के मातमी शोर में भी सगटिया को अपने आपको अकेला पा रही थी और इसीलिए ज़िन्दगी में पहली बार उसे यह सोचना पड़ा था कि जिस दुनिया में वह रह रही है वह उसकी अपनी दुनिया नहीं है। 'भगवान ने कर अली अकबर के बाबू के बच्चा ही गइल त हम का करिब!' उसे अली अकबर और बच्चन की ज़रूरत महसूस हो रही थी। वह उन्हें भींच लेना चाहती थी अपने आपको यह यकीन दिलाने के लिए कि वह कोई सयान नहीं है जो गिर जाने के लिए किसी कटी हुई पतंग की तरह हवा में भटक रही हो। वह तो सगटिया बा है। वह अली अकबर के बाबू के लरकन की महतारी है।'

[illegible] सलाम गुनगुनाने की आवाज़ आने लगी। वह आँगन में सलाम गुनगुना रहे थे

जगह माल ली है मज़ारों की ख़ातिर।
ज़मीं पर शहीदों निशाँ सबत हैं।
शबीह इमाम ज़मीं सबत है।

नज्जन की आवाज़ झगटिया वालों की आवाज़ से भी अच्छी थी। वह अक्सर रात गये अपनी दोनों लड़कियों—दिलारा और सितारा के साथ अपने लिए, और आसमान पर टपके हुए महुओं की तरह बिखरे हुए सितारों के लिए, और ज़मीन पर लड़खड़ाती हुई हवाओं और दीवारों से चिपकी हुई परछाइयों के लिए सोज़ख्वानी किया करते थे। और उनकी आवाज़ सुनकर रोती हुई झगटिया वाले जाग उठा करती थी।

नज्जन मीरासी जौनपुर के रहने वाले थे। ग़ाज़ीपुर में तवायफ़ों को गाना सिखाते थे। मरसियों पर उनके साथ संगत किया करते थे। बशीर मियाँ ने उन्हें चार बीघे का [illegible] का लालच दिया तो वह गंगौली आने पर तैयार हो गये। इसलिए [illegible] के मर जाने की वजह से वीरान हो जाने वाली जगह फिर आबाद हो गयी।

नज्जन अपनी बीवी गफ़ूरन और दो बच्चियों दिलारा और सितारा के साथ गंगौली आ गये। दिलारा बिलकुल जवान थी। सितारा उससे कुछ कम जवान थी पर उससे कुछ ज़्यादा खूबसूरत थी। लम्बा नाक नक्शा, नमकीन साँवला रंग, गहरी भूरी आँखें और बड़े घने गहरे सियाह बाल। उसके बाल इतने घने थे कि अगर वह चाहती तो जाड़े में उन्हें ओढ़ सकती थी।

खबिलन पट्टीवालों ने इन मीरासियों को इसलिए आबाद किया था कि [illegible] दिलारा और सितारा की वजह से उनकी मजलिसों की रौनक़ बढ़ जायगी। नज्जन ने अपनी बच्चियों को अपनी आवाज़ का मीठा दर्द भी दे दिया था। [illegible] नज्जन बड़े अच्छे सोज़ख्वान थे और खबिलन-पट्टीवालों को सोज़ख्वानी का [illegible] था। अब्बू मियाँ और मिच्छू मियाँ अच्छे सोज़ख्वान [illegible] और [illegible] मजलिसों का [illegible] उनके बस का न था। फिर उनकी सोज़ख्वानी में [illegible] और [illegible] मियाँ की सोज़ख्वानी वाली बात भी न थी।

मोहर्रम के चाँद में [illegible] मियाँ ने [illegible] की मजलिसों में भी [illegible]

कर साज़ पर ना बन्द कर दिया था। वह रात की मजलिसों में पीलू और दिन की मजलिसों में मालकौंस के ठाठ बाँधने लगे थे और पहली की मजलिस में तो उन्होंने यह हरकत की कि नौ तारीख़ की रात वाली मजलिस का मरसिया पढ़ डाला। इसलिए यह तय किया गया कि दक्खिन-पट्टी की मजलिसों में नज्जन सोज़ख़्वानी किया करेंगे।

नज्जन को यह बात नहीं मालूम थी। वह यूँ ही गुनगुना रहे थे। उनकी आवाज़ में पर्दों की चमक-दमक से ज़्यादा अक़ीदे की गर्मी थी। दिलारा और सितारा बाज़ू बनी हुई थीं, और वे दोनों आवाज़ें ऐसी लग रही थीं जैसे करौंदे की दो चंचल डालियों के बीच में आम का कोई छतनार पेड़ खड़ा हो—उनसे अलग भी और उनके पास भी।

दिलारा तो जोगिया के गहरे सागर में बही चली जा रही थी। सुरों की ऊँची-नीची लहरों के साथ हिचकोले खाती हुई अपने बाबा का साथ दे रही थी। लेकिन सितारा का दिमाग़ उसके बदन ही की तरह चंचल था। वह हम्माद मियाँ के बड़े बेटे अब्बास के बारे में सोच रही थी जो अलीगढ़ में पढ़ता था और सिर्फ़ छुट्टियों में गंगौली आया करता था। और उसके आते ही जैसे मोहर्रम आ जाता था। दक्खिन पट्टी अँगड़ाई लेकर जाग पड़ती। तमाम वीरान गलियारे माँग लेने लगते। पिचके हुए आँगन ठट्ठा मारकर हँसने लगते।

सितारा जानती थी कि अब्बास उसी से मिलने आता है। हालाँकि यह बात अब्बास ने कभी उससे कही नहीं थी। बस होता यह कि अब्बास आता और वह न होती तो वह उदास हो जाता। और जब वह आ जाती तो अब्बास बज़ाहिर तो उससे बेख़बर हो रहता, लेकिन उसकी आवाज़ में एक खनक आ जाती और सितारा की नस-नस में कलियाँ चिटकने लगतीं।

अब्बास ग़फ़ूरन को अलीगढ़ के लतीफ़े सुनाया करता और जिन्ना साहब की राजनीति समझाता। और राजा महमूदाबाद, चौधरी ख़लीक़ुज़्ज़माँ, ग़ज़नफ़र अली, नवाब इस्माइल, नवाब यूसुफ़, सर सुलतान और इसी तरह के न मालूम कितने अजनबी नाम लेता। कहता था कि हिंदुस्तान के दस करोड़ मुसलमान क़ायदे आज़म के पसीने पर अपना ख़ून बहा देंगे। यह बातें न

गफूरन की समझ में आता, न सितारा की। गफूरन कहती 'अब मियाँ आप पढ़े लिखे हैं, ठीक ही कहते होंगे।'

"अरे गफूरन बुआ!" अब्बास कहता, "एक मरतबा पाकिस्तान बन जाने दो। मुसलमान ऐश करेंगे, ऐश!" वह जोश में आ जाता और खान अब्दुल गफ्फार खाँ वगैरह को बुरा भला कहने लगता, 'बुआ, यह लोग तो मुसलमानों को हिन्दुओं के हाथ बेचने पर तुले हुए हैं।'

सितारा को पाकिस्तान के बनने या न बनने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। वह तो बस अब्बास की आवाज़ सुना करती थी। तले जाते हुए अंडे की सोंधी महक की तरह अब्बास की आवाज़ सितारा पर छा जाया करती थी। मगर पाकिस्तान का नाम उसे ज़रूर याद हो गया और उसे यह भी यकीन हो गया था कि पाकिस्तान ज़रूर कोई अच्छी चीज़ है। इसीलिए जब मोहर्रम में दक्खिन-पट्टी के इमामबाड़े के फाटक आवाज़ों से छलकने लगते और वही अब्बास वाले तमाम नाम फिर फिरकर ज़बानों पर आते तो कभी-कभार सितारा दरवाज़े की आड़ में खड़ी हो जाती और उसे यह सुनकर बड़ा ताज्जुब होता कि कबीर मियाँ के अलावा दक्खिन पट्टी का कोई आदमी पाकिस्तान को अच्छा नहीं कहता था।

वैसे इमाम हुसैन ने अमर बिन साद[1] से यह कहा था कि मैं बैअत[2] नहीं कर सकता, लेकिन अगर यज़ीद यह समझता है कि मैं बगावत कर रहा हूँ तो वह मुझे हिन्दुस्तान चला जाने दे। इसीलिए हुसैन को माननेवाले हिन्दुस्तान को बुरा नहीं कह सकते। आखिर मौला और आका ने कुछ सोचकर ही तो [illegible] के इस [illegible] को चुना होगा।

और बचपन से सुना हुआ एक बेचारा ब्राह्मण भी कर्बला में इमाम हुसैन के साथ शहीद हुआ था। उस ब्राह्मण के खानदानवाले खुद को हुसैनी ब्राह्मण[3]

१ यज़ीद की उस सेना का सेनापति जो कर्बला में हुसैन से लड़ी थी।

२ धर्म के मामले में जब कोई किसी को अपनी मर्ज़ी का मालिक मान लेता है तो उसे बैअत करना कहते हैं।

३ शिया मुसलमानों में यह ख्याल आम है कि एक कश्मीरी ब्राह्मण कर्बला में शहीद हुआ था। अभी तो इमाम मोहर्रम में यहाँ आते हैं।

कहते हैं। उनकी गर्दन में गुलूबन्द की तरह एक लाल लकीर-सी पड़ी होती है। अगर यकीन न हो तो ग़ाज़ीपुर के डॉक्टर त्रिलोकीनाथ को देख लो। वह [illegible]मना ब्राह्मण हैं और उनकी गर्दन में खून की वह डोरी पड़ी हुई है। हुसैन हिन्दुस्तान नहीं आ सके हम आ गये हैं। तो हम अब यहाँ से नहीं जायेंगे।

इन बातों के साथ ही फिर शीआ पॉलिटिकल कान्फ्रेंस और फख्रे कौम बल्ब मुस्तफा और हुसैन भाई लालजी और न मालूम किस किस की बातें होने लगतीं। सितारा की समझ में ये बातें भी नहीं आती थीं। लेकिन यह बात उसकी समझ में आती थी कि इमाम हुसैन हिन्दुस्तान आना चाहते थे। शायद अब्बास को यह बात नहीं मालूम है। मगर उसे यह बात कैसे बताई जाय यह सितारा की समझ में नहीं आता था। उसे तो अब्बास की तरफ देखने में भी शर्म आ जाया करती थी—और यह मुआ जिन्ना कैसा शीआ है कि हिन्दुस्तान के खिलाफ है। यह बात भी अब्बास से नहीं पूछ सकती थी मगर सरवरी से पूछ लेने में तो कोई नुकसान था नहीं आखिर वह भी तो हर वक्त न मालूम क्या-क्या अट शट पढ़ा करती है।

'बाजी यह पाकिस्तान क्या है?' उसने एक दिन सरवरी से यह पूछ ही डाला।

'मुसलमानों का एक मुल्क बनेगा।' सरवरी ने बड़े विद्वानों की तरह कहा।

'यह मुल्क क्या होता है बाजी?'

सरवरी इस सवाल पर बिलकुल सटपटा गयी क्योंकि यह बात उसे भी नहीं मालूम थी कि मुल्क क्या होता है। उसे यह मालूम था कि पाकिस्तान से मुसलमानों को क्या फायदा होगा। ये बातें उसे अम्मू से मालूम हो चुकी थीं। और मुस्लिम जब अलीगढ़ से आते तो वह भी पाकिस्तान के अलावा कोई और बात न करते। लेकिन सरवरी को यह बात अब तक किसी ने नहीं बताया था कि मुल्क क्या होता है।

ठीक उसी वक्त अब्बास आ गया। 'क्या बात है बाजी?' उसने सवाल किया।

'सितारा पूछ रही थी कि मुल्क क्या होता है?'

अब्बास खिलखिलाकर हँस पड़ा। शायद सरवर के [illegible] के [illegible] भूल गया

कि हम्माद मियाँ फौजदारी में एक मुकदमे में फँसे हुए हैं और उसमें उनको सजा भी हो सकती है।

'यह तो पगला है बाजी!' उसने कहा 'एक रोज गफूरन बुआ से पूछ रहा थी कि जब बीबी के मियाँ लोगन को मियाँ कहा जाता है तो फिर मुनिस, मासूम, मद्दू, किक्कन, बद्दन और दूसरे उन तमाम लड़कों को मियाँ क्या कहा जाता है जबकि उनका ब्याह भी नहीं हुआ है!' अब्बास फिर हँसने लगा। सरवरी भी हँस पड़ी। पास ही लेटकर तसबीह पढ़ती हुई अकबरी बी भी मुसकरा पड़ीं। सितारा लाल पड़ गयी।

'हम ई ना कह रहा बाजी...' उसने सरवरी से कहा।

'बुलाऊँ गफूरन बुआ को?' अब्बास ने धमकाया।

'बुलाइए।' और जब चौंकी तो उसने देखा कि भरे आँगन में वह अब्बास से बातें कर रही है। वह ऐसा शरमाई कि भाग खड़ी हुई...

'अरे बाप रे यह तुम कैसे सुर लगा रही हो!' नज्जन ने उसे टोका।

वह चौंक पड़ी। उसने घबराकर अपने बाबा की तरफ देखा कि कहीं उसकी चोरी तो नहीं पकड़ी गयी। मगर नज्जन तो जोगिया में पंख लगाये बहुत ऊँचे उड़ रहे थे। सम तक आये बिना वह फिर ऊपर उठ गये। बादलों के पास इतना ऊपर कि आसमान में मँडराती हुई चीलें भी न जा सकें...

सितारा फिर जी लगाकर साथ देने लगी।

अपने आँगन में भरी हुई लड़कियों ने भी इस बार को महसूस कर लिया कि सितारा अपनी यात्रा से लौट आयी है। वह यूँ गायब हो जाने का हुनर जानती थी। वह गुम भी कजरी गाते गाते अक्सर यूँ ही गायब हो जाती थी। और अभी अक्सर वह बाबू के बारे में सोचने लगती थी तो कोई सखी उसे टोक दिया करती थी। लेकिन यह सितारा किसके बारे में सोचने लगती है? उसने अपने आप से सवाल किया।

सितारा का सबसे भी बुरा हुआ कि उसकी चोरी पकड़ गयी है। वह तो बावरचीखाने के पास पत्थर सी हो गयी। घबराकर पानी पीने के लिए उठी तो उसने देखा कि उसके बापू गायब ... हैं और उसके डरे हुए सोचने पर ...

हो गये हैं और सितारे नदारा की तरह उसे टकटकी बाँध देख रहे हैं। ग़फ़ूरन ने उसके पाँयचे बराबर कर दिये। सितारा शायद उस वक़्त कोई ख़्वाब देख रहा था अपनी टाँगों पर किसी के हाथों का दबाव महसूस करते ही वह नींद में शरमा गयी। हटिये! क्या करते हैं आप!'' वह करवट लेकर फिर सो गयी। मगर इतनी सी बात ग़फ़ूरन का माथा ठनकाने के लिए बहुत थी। फिर उसे नींद नहीं आयी। उसे मालूम था कि मियाँ लोगों के अलावा रंकिया के छोकरे और कई मनचले जुलाहे भी सितारा और सितारा के दीवाने हैं। उसे गद्दियों और जुलाहों का कोई डर नहीं था। क्योंकि वे तो सोच भी नहीं सकते थे कि बड़े फाटक में रहनेवाली कोई लड़की उनके हत्थे चढ़ सकती है। लेकिन मियाँ लोगों का हाथ कौन पकड़ सकता है। और अब तो इस मौड़िया ने ख़्वाब में किसी को देख-देखकर शरमाना भी शुरू कर दिया है। सबेरे हो-सबेरे उसने नज्जन से कहा कि अब दिलारा और सितारा की शादी कर देना चाहिए।

भला मानस मौन रह गया है शादी ब्याह की बात को।'' नज्जन यह कहकर उत्तर-पट्टी की मजलिस करने चले गये। ग़फ़ूरन भी बटुवा एक कोना मारकर जनाने की तरफ़ चली गयी। वहाँ अभी तक बीवियाँ आँगन में ही था। पलंग धूप में सरका दिये गये थे। गनमर के आराम के बाद तावाज्म मक्खियाँ रह रहकर उस नहीं के गोलतोल बच्चे के मुँह पर छापा मार रही थीं। वह कुनमुना रहा था और मज़ूर का एक पंखिया से मक्खी हटाने वाली अख्तरी की ड्यूटी लगा रखी थी।

ई मारा मिला निर्मोही पगला गया है का? उनका यह सवाल सबने सुना लेकिन किसी ने जवाब देने का कष्ट नहीं उठाया। तमाम बीवियाँ अपने अपने कामों में लगी हुई थीं। ग़फ़ूरन चुपचाप एक पलंग के पायताने बैठ गयी और अख्तरी के हाथ से पंखिया लेकर बच्चे की मक्खियाँ झलने लगी। गुड़िया उस वक़्त नफ़ीसा बाजी की गोद से अफ़सरी को लेने की कोशिश कर रही थी और सितारा अल्लाह को देख-देखकर शरमाया जा रही थी। अल्लाम सितारा की आँखों को अपने बदन पर महसूस कर रहा था। शायद इसीलिए उसका सीना और चौड़ा हो गया था। फिर उसने तनज़ेब के कुरते की

आस्तीन भी उतार ली। उसके भरे-भरे बाजू नंगे हो गये और सितारा की आँखें उसके बाजुओं से चिपककर उस मकड़ी की तरह फड़फड़ाने लगीं, जो गाढ़े शीरे में फँस गयी हो और निकलना भी चाहती हो और निकलने की सकत भी न हो।

नईमा बी ने सितारा की निगाहों का पीछा किया और वह फ़ौरन भाँप गयीं कि उनकी कहानी शायद दुहरायी जाने वाली है। कोई पचपन साल पहले जब वह भी सितारा ही की तरह लगभग जवान थीं और केवल नईमुन थीं तो उनकी निगाहें यूँ ही हम्माद के अब्बा और अब्बास के दादा के बदन से चिपक गयी थीं। नतीजे में वह नईमुन से नईमा बी बन गयीं। सय्यदज़ादे उन्हें नानी और दादी पुकारने लगे। सय्यदज़ादों ने उनके बाप दादा को नाना या दादा कहकर आवाज़ नहीं दी था। यह एक बहुत बड़ा आदर था। तो क्या यह मुई मारासन गफ़ूरनी की नटनी इस आदर के काबिल है? वह कुछ कहना ही चाहती थीं कि आसमान झनझनाने लगा। सबकी आँखें आसमान की तरफ़ उठ गयीं। लोहे की एक चील सी दिखायी दी जो पर हिलाये बिना ही उड़ी चली जा रही थी।

तमाम औरतें एक-दूसरे को हवाई जहाज़ दिखाने लगीं। बच्चों ने आँगन में उछलना-कूदना शुरू कर दिया। कमर तो उसको दिखा-दिखाकर पेशाब करने लगा। सितारा और दिलारा जो उस वक़्त कमर ही की तरफ़ देख रही थीं घबराकर शरमा गयीं।

फिर हवाई जहाज़ एकदम से आँगन पर आ गया तो कुछ परदे वाली बीबियों ने आँगन की ओर पीठ कर ली और कुछ उठीं और साड़ी सँभालती हुई गिरती-पड़ती दालान में भाग गयीं। इन बीबियों का ख़याल यह था कि हवाई जहाज़ वाले झाँकते ज़रूर होंगे।

इस भाग-दौड़ में नईमा बी सितारा को भूल गयीं और किसी को यह ख़याल भी नहीं आया कि सितारा घर में नहीं है और अब्बास भी अपनी मर्गीना बी की बात में फँसकर कहाँ जा चुका है।

बात यह हुई कि अब्बास ने भी आज ज्यों ही सितारा उसी तरफ़ सरकी कि भाग गया। अब्बास जानता था कि वह भुसौरे में गयी होगी।

मगर वह आँगन को पार करके उधर नहीं गया—सच्ची बात तो यह है कि गुलबदन की तरफ जाने के खयाल से निकला भी नहीं था। सितारों के चले जाने के बाद घर में उसका जी न लगा तो वह बाहर चला गया। इमामबाड़े का तीन-दरा वीरान था। शहनशीन का हरा दरवाज़ा बन्द था। गुसलखाने के पास गड़ा हुआ फव्वारा चुपचाप खड़ा हुआ था और उसका पंजा सूरज के सामने चमक रहा था। गूलरिया की फलियों में फूलते हुए पद्मासन बजाते थे। अब्बास को इनमें क्या दिलचस्पी हो सकती थी। वह पक्के तौर पर मजलिस में चला गया होता, लेकिन उसे खयाल आया कि मजलिस खत्म हो रही होगी। और मम्मू भाई नौहा पन्द्रह बार कर रहे होंगे। इसलिए उसने सोचा कि मियाँ लोगों की गैरहाज़िरी का फायदा उठाकर वह अनवारुल हसन नक़वी के लड़के फारूक से क्यों न मिल आये जो अलीगढ़ ही में पढ़ता था और उसका साथी था। और अखिल भारतीय मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन का उपसभापति था। मियाँ लोगों के सामने तो वह उसके यहाँ जा नहीं सकता था। वह जूते पहने... मियाँ अब्बू, तुम इतने बड़े हो गये और तुम्हें यह भी नहीं मालूम कि अशराफ शीया-वाकिया के दरवाज़ों पर नहीं जाते।'

इसलिए उसने सोचा कि फारूक के यहाँ जाने का इससे अच्छा अवसर नहीं मिल सकता। क्योंकि इस वक्त तमाम मियाँ लोग या तो मम्मू भाई के नौहे पर रो रहे होंगे या रोने की कोशिश कर रहे होंगे या रोनेवालों जैसा मुँह बना रहे होंगे। किसी को पता भी नहीं चल सकता कि वह कहाँ गया था—वह तो अपनी इस गंगौली में शाकिर को शाकिर नाई भी नहीं कह सकता था। किसी सय्यद ज़मींदार का लड़का किसी राकी बच्चे को भाई कैसे कह सकता था।

तमाम ऊँच-नीच पर अच्छी तरह सोच-विचार कर लेने के बाद अब्बास फुन्नन मियाँ के घर के सामने से दक्खिन की तरफ जानेवाली गली में मुड़ गया।

'ए बेटा अब्बास, कब आए?' फुन्नन मियाँ की बीवी कुलसुम की आवाज़ आयी।

वह रुक गया। क्योंकि कुलसुम ने ज़िन्दगी में पहली बार उसे आवाज़ दी

थी। बात यह थी कि फुन्नन मियाँ गोनरखा किस्म के सय्यद थे। और हम्माद मियाँ की माँ नईमा जुलाहिन थी। मगर हम्माद मियाँ बड़े फाटक वाले थे और फुन्नन मियाँ एक मामूली से ज़मींदार थे। वह इतने मामूली ज़मींदार थे कि पाजामा नहीं पहनते थे, लुंगी बाँधते थे—वह भी सिली हुई लुंगी नहीं बल्कि कसाइयों की तरह की फटेदार लुंगी। यह सब ठीक, लेकिन सय्यद फिर सय्यद होता है। हम्माद मियाँ फाटक के गरूर में उन्हें मुँह नहीं लगाते थे। इसलिए कोई बीस-बाईस साल से उन दोनों में बोलचाल बन्द थी। और इसीलिए फुन्नन मियाँ की बीवी कुलसुम की आवाज़ सुनकर वह रुक तो गया, लेकिन उसकी समझ में यह नहीं आया कि आखिर उस कुलसुम से किस तरह बोलना चाहिए।

'शाम तक कोई खबर आयगी।' उसने कहा।

सद्दे इ उत्तर पट्टी वाले—जईसा ई सब माहौल को परेशान किहिन हैं हरमजादे।

अब्बास ने सोचा कि अब तो कुलसुम अम्माद मियाँ से बातचीत कर रही हैं इसलिए उससे डरने की अब कोई ज़रूरत नहीं रह गयी है। इसलिए वह आगे बढ़ गया। वह यह सोच सोचकर खुश हो रहा था कि रहियानवाले उसे प्यार करके कितना खुश होंगे।

मुसलमान मुसलमान भाई-भाई होता है। इस्लाम ऊँच-नीच को नहीं मानता। क्या ओन्जरत (रसूल) ने सलमान[1] फारसी को अपने अहले बैत[2] में नहीं लिया था?

उसने दिल ही दिल में एक भाषण तैयार कर डाला कि अगर फुन्नन मियाँ साला को उसकी इस हरकत का पता चल गया तो वह क्या करेगा।

जब वह इस तकरीर को ठीक तैयार कर चुका तो उसे ऐसा लगा कि यह हज़रत की मसनद में बाज़ार खड़ा हो गया है और टाट का परदा सरका हुआ है और सितारों का बदन झलक रहा है।

[1] पैगम्बर साहब के एक साथी।
[2] घरवाला।

वह परदा उठाकर अन्दर चला गया।

सितारा हड़बड़ाकर उठ बैठी। उसने दुपट्टे का तकिया बना रखा था। मगर जब उसने अब्बास की आँखों की आँच से अपने बदन को पिघलता हुआ महसूस किया तो उसे याद आ गया कि उसने दुपट्टा नहीं ओढ़ रखा है। उसने लपाक से दुपट्टा ओढ़ लिया।

'गुस्ल हुआ नहीं है क्या?' अब्बास ने एक बहुत ही बेवकूफी का सवाल किया।

'न... ऊपर आप की तरफ गया है।'

'और नज्जन मियाँ?'

'ऊ मजलिस कर गए हैं।'

'तो तू अकेली है!' वह चारपाई की पाटी पर आ गया।

'जी हाँ!'

'तुम इतनी खूबसूरत क्या हो गईं?'

यह पूछकर वह बाहर चला गया। उसने सितारा को जवाब देने का मौका न देकर अच्छा ही किया। क्योंकि सितारा बेचारी जवाब ही क्या दे सकती थी! वह तो अपनी सोचों की झाड़ियों में उलझ-उलझकर गिरी गिरी पड़ रही थी। अब्बास के जाने के बाद भी उसे देर तक होश नहीं आया। वह मुसकराती रही और शरमाती रही और दुपट्टे को अपने सीने पर रख रखकर मसोस करती रही और फिर उस घूरने की सारी बातें और दरवाज़े और खपरैल पर पड़ी हुई टाट के पर्दे से छन आने लगा।

और उस खाली दालान की तरफ देखते तो वह सिर गया जिस पर बैठे हुए वह अब्बास को घूर रहा था।

उसने दरवाज़े से झाँका। गली दूर-दूर तक सुनसान थी। मरदाने इमामबाड़े की तरफ से मातमी सलाम की आवाज़ आ रही थी—कि नौबत आ जाए मजलिस का अन्त हो गया।

उसने फिर मुड़कर पलंग की तरफ देखा, और फिर वह पहले ही की तरह अपने दुपट्टे का तकिया बनाकर लेट गया। लेकिन सितारा बेचैन करवटें ही उस अन्धेरे पानी की तरह पलंग पर औंधी लेट उस बोरा

के पुल की चढ़ाई पर अड़ गयी थी। इक्के की छतरी का बाँस पकड़कर बैठे हुए चाचा तो छिटककर दूर जा पड़े थे। और अम्मा 'नादे अली'[1] पढ़ने लगी थीं और आपा 'या अली अली!' पुकारने लगी थी, और करामत अपनी घोड़ी को गन्दी घिनौनी गालियाँ देने लगे थे। और नादे अली पढ़ने वाली अम्मा के साथ-साथ या अली कहने वाली आपा भी शरमा गयी थी।

"यह तुम यहाँ क्या कर रही हो?" अब्बास न मालूम कहाँ से आ गया।

सितारा का दिल धक-धक करने लगा।

"मजलिस शुरू होने वाली है।" उसने बड़ी मुश्किल से कहा।

जवाब में अब्बास उसके पास से गुज़रकर पलंग पर बैठ गया। मगर वह सितारा के पास से यूँ गुज़रा कि उसका हाथ सितारा के हाथ से छू गया। सितारा का सारा बदन सितार की तरह झनझना गया और सातों सुर घबरा कर एक दूसरे से चिपट गये।

दरवाज़े पर ताशा बजना बन्द हो गया। अलिमवा हज्जाम ने फ़र्श से हाथ हटा लिए। शब्बू मियाँ ने शह्नशीन का दरवाज़ा खोला। [illegible] ने उठकर अलमों और ताज़ियों को ताज़ीम दी—और तब वह हुआ जिसकी उम्मीद न थी। शब्बू मियाँ ने नज्जन की तरफ़ देखा और कहा, "पढ़ो!"

जब तक नज्जन सोज़ख्वानी की चौकी पर बैठ नहीं गये, तब तक किसी की समझ में यह बात नहीं आयी। मगर तब सवाल यह पैदा हुआ कि नज्जन का बाज़ू कौन बने। क्योंकि सय्यदज़ादा किसी मीरासी का बाज़ू नहीं बन सकता था। और गंगौली में सय्यदों के सिवाय किसी को सोज़ख्वानी का पता आता नहीं था।

नज्जन ने गुनगुनाना शुरू किया:

जिस घर [illegible] वासा न हुआ

और [illegible] मज़ालिम [illegible]

हुसैन अली मियाँ का ख़याल था कि नज्जन पेशख्वानी[2] करेगा। मगर जब

---

[1] [illegible] हज़रत अली [illegible] अरबी भाषा में दुआ [illegible] है।

[2] मर्सिया पढ़ने का वह तरीक़ा जो साधारणतः मजलिस के [illegible] उस पढ़ाई को पेशख्वानी कहते हैं।

उन्होंने मरसिया गुनगुनाना शुरू किया तो हुसैन अली मियाँ की छोटी छोटी मुट्ठियाँ पहले तो कई बार खुलीं और बन्द हुई फिर वह खड़े हो गये। तमाम लोग चौंक पड़े। हुसन अली मियाँ ने गरीबान में पकड़कर नज्जन को तख्त से उतार दिया और माँ बहन की गाली देकर बोले तोहरिया ई मजाल हो गयी के बइठ गयो मातमदारा कर।

दक्खिन-पट्टी के लोगों को बड़ा गुस्सा आया मगर हुसन अली मियाँ डटे रहे।

'ई हमरे पट्टी की मजलिस है।' उन्होंने इमामबाड़े से कहा। फिर वह तख्त पर बैठ गये। नज्जन चुपचाप तख्त के नीचे बैठे। हुसन अली मियाँ ने वही मरसिया गुनगुनाना शुरू किया। मगर अभी उन्होंने पहला ही बन्द (हुक्म) पढ़ा था कि शब्बू मियाँ मातम-हुसन कहकर खड़े हो गये। यह इशारा था कि मरसिया खत्म हुआ और अब नौहा पढ़ा जायगा। तमाम लोग खड़े होकर मातम करने लगे। हुसन अली मियाँ तख्त से उतर आये और सलाम पढ़े बिना ही इमामबाड़े से निकल गये।

जनाने गलियारे में भी औरतें हुसन अली मियाँ को कोसनी हुई सरकने लगीं। गफूरन जब अपनी मलकिन के दरवाजे पर पहुँची तो उसे दरवाजा अन्दर से बन्द मिला। उसने सितारा को पुकारा। दरवाजा खुला मगर दो चार पल देर से खुला। गफूरन सितारा को देखकर चौंक पड़ी क्योंकि उसके बदन से तो पकी हुई जामुन की तरह रस चुआ पड़ रहा था। वह उससे कुछ कहे बिना अन्दर चली गयी। पलंग पर अब्बास का रूमाल था—गफूरन ने सितारा से कुछ नहीं कहा। हाँ जब नज्जन आये तो उसने उनसे यह जरूर कहा कि अब उन लोगों की गलीनी में रहना ठीक नहीं है। उत्तर और दक्खिन पट्टी के पाटों के बीच में वह क्यों आये? नज्जन ने उसे समझाना चाहा मगर वह नहीं मानी। और जब वह नहीं मानी तो नज्जन को मान जाना पड़ा। आखिर हसवा के बहन से आन्दम ने जन्नत छोड़ दी थी, यह तो फिर एक गाँव था।

शाम तक गफूरन ने सबसे विदा ले ली। तमाम औरतों ने गफूरन और तमाम मर्दों ने नज्जन को समझाया। मगर गफूरन टस से मस न हुई। आखिर इक्का पर सामान लद गया।

जब इक्का नीम के गाछ के सामने से गुजर रहा था तो नज्जन ने देखा

कि शकूरा चमार तेज़ी से साइकिल पर चला आ रहा है। मज्जन ने उसे आवाज़ दी, मगर शकूरा ने उनकी आवाज़ नहीं सुनी। इक्का मस्जिद की तरफ़ बढ़ गया और साइकिल गंगौली की तरफ़ चली गयी।

'मियाँ लोगन की सज़ा हो गइल।' शकूरा ने बड़े फाटक में घुसते ही कहा।

बड़ा फाटक सन्नाटे में आ गया। किसी को यक़ीन नहीं आया। लेकिन शकूरा ने बताया कि दारोगाजी ने सारा ज़ोर फुन्नन मियाँ पर लगा दिया था, अगर फुन्नन मियाँ मुक़दमे में मासूम न रहे होते तो सज़ा न होती। लेकिन एक फुन्नन मियाँ के कारण सबकी सज़ा हो गयी।

यह ख़बर जब अन्दर गयी तो सकटिया ने ज़नाने इमामबाड़े के अलमों को ताककर बड़ी शिकायतभरी नज़रों से कहा, 'ऐ इमाम साहिब! आपके होते ना चाहे रहिन!'

फिर वह इमामबाड़े के चबूतरे में लिपटकर रोने लगी। लेकिन नईमा बी ने फुन्नन मियाँ को कोसना शुरू कर दिया कि उन्हीं मिट्टी मिले की वजह से हम्माद की सज़ा हो गया है।

यह ख़बर जब फुन्नन मियाँ की बीवी कुलसुम को मिली कि नईमा बी उनके मियाँ को कोस रही हैं तो उन्होंने दोनों हाथ उठा-उठाकर नईमा बी और हम्माद मियाँ को कोसना शुरू कर दिया।

इस हंगामे में भला यह कौन सोचता कि सल्लू के खानदान में बसाया जाने वाला परिवार कहाँ गया और क्या गया। अब्बास! उन्हें दो-चार दिन ज़रूर याद किया, मगर फिर उसे भी भूल गया। उसे एक जुलाहिन भा गयी। गरज़ कि वह गंगौली को भूल गया। बात यह है कि वह सितारा की माँ थी। उसने शहर में सितारा का ब्याह किया कि इसके सिवाय कोई चारा न था। उसके यहाँ सतमासा बच्चा हुआ। एक दम तन्दुरुस्त बच्चा। इस बच्चे को सितारा के ससुरालवालों ने शक से देखा। सितारा के मियाँ ने उसे तलाक़ दे दिया। वह गाज़ीपुर वापस आ गया।

और उसने अपने बच्चे का नाम अब्बास रखा।

मियाँ लोग

मोहरम क बाद गगोला वीरान हो जाती थी। बस अधिक लोग नहा जाते
थ लकिन जिन थोड म लोगो क आ जान स गगोली आबाद हो जाया
करता था वह लोग चल जाया करत थ। उत्तर पट्टी स सयद अली हादी
उर्फ चल जान और अली मद्दी मिया चल जात तो अली कदार मिया और
अली बाकर मियाँ और हैदर मिया और उस्ताद और सज्जाद मिया और
मौलवी सयद बाकर हुसन उर्फ सदरुलफाजिल[1] क रहन क बाद भी उत्तर
पट्टी म धूल उड़न लगती। क्योंकि उत्तर पट्टी नाम था एक इमामबाड़ का, और
जब दस मोहर्रम क बाद इमाम हुसन हिंदुस्तान स कबला वापस चल जात[2]
तो इमामबाड भाय भाय करन लगत। इमाम चौक लकड़ी क खूबसूरत और
मजबूत ताजियों क ठाठ की शान म लगाय किसी अकला की तरह दुबककर
बठ जात और गद ताजिया क व चौगद लावारिस मालूम होन लगत।
इमामबाड़ के मिम्बर का गिलाफ उतर जाता और उसकी जगह कमर म चारपाइयाँ पड़ जाती और वह एकदम स
एक मामूली कमरा बन जाता। कमर का फश उठा दिया
किया एक पर हराम सयद अली कबीर उलट हुए बिस्तर का तकिया लगा
कर पड़ जात और मुनफा पीन लगत। जमादारी क पगड़ा-लफ्टा और हकीमा
म जो कुछ बचता उस वह गाँव क लड़कों को गालिया दन और अपन इकलौत
लड़क महदन उफ सयद मआस्सुम हसनन जुल्म की जवानी क ख्वाब दखन म
गुजार दत।

गगौली क अन्तम नागा न रल नहीं दखा था। क्योंकि स्टशन गगाला

[1] लखनऊ क शीआ धार्मिक कालज 'सुलतानुल मदारिस' की आखिरी
डिग्री।

[2] शीआ मुसलमानों का इमान है कि इमाम हुसन मोहर्रम क दिनों म हिंदुस्तान
आ जात हैं और मोहर्रम क बाद फिर कबला वापस चल जात हैं।

से कोई दस मील पर है। और गाज़ीपुर बारह मील दूर है। इसलिए लोग ज़्यादातर इक्कों से सफ़र किया करते थे। और चूँकि मियाँ लोगों के ख़याल में दुनिया ग़ाज़ीपुर की कचहरी के बाद ख़त्म हो जाती थी, इसलिए भी उन्हें नहीं मालूम था कि दुनिया में क्या हो रहा है और क्या नहीं हो रहा है।

रेलगाड़ी पर सबसे पहले हकीम सय्यद अली कबीर ज़ैदी ने सफ़र किया। वह भी इसलिए कि एक साल शाह मियाँ उर्फ़ सय्यद इर्तिज़ा हुसैन आब्दी ने उत्तर-पट्टी के आठ के गश्त[1] पर यह कहकर चोट की कि जुलूस[2] तो लखनऊ में धूप नाज़िये के उठता है। हकीम साहब के दिल में यह बात तीर की तरह तराज़ू हो गया क्योंकि उन्हें आठ के जुलूस पर बड़ा नाज़ था। इस जुलूस में आस-पास के कई देहातों की अंजुमनें नौहा पढ़ने आया करती थीं। उत्तर पट्टी के बड़े आँगन में एक तरफ़ दरी बिछ जाया करती थी और अलिमवा हज्जाम बड़ी मेहनत से मज़ेदार चाय बनाया करता था। ग़ाज़ीपुर तक के किसी जुलूस में कोई बाहरी अंजुमन भाग नहीं लेती थी। इसलिए हकीम साहब यह कैसे मान लेते कि लखनऊ का कोई जुलूस आठवें के जुलूस से बड़ा या अच्छा हो सकता है। इसलिए एक साल हिम्मत करके वह निकल पड़े और उन्हें ग़ाज़ीपुर से रेल में सफ़र करना पड़ा।

वह बरसों बरस तक रेल और उसके डिब्बों और इंजिन की सीटी और गाड़ी की धकधकाहट की बातें किया करते थे—और गाँव के लोग मुँह खोले उनकी बातें सुना किये। बस, रय्यतों के लोगों को कोई अचम्भा नहीं हुआ, क्योंकि ये लोग व्यापारी थे और बहुत पहले से रेल में सफ़र कर रहे थे।

मगर हकीम साहब एक बार रेल पर क्या बैठे कि रेल उनके दिमाग़ पर सवार हो गया। हद तो यह थी कि जब वह सद्दन के बारे में ख़्वाब देखना शुरू करते कि यह पढ़कर क्या करेगा तो पहले यह तय करते कि यह थानेदार हो जायेगा क्योंकि थानेदारी में रुपये की सरकारी से ऊपर की आमदनी ख़ूब होती है। और फिर वह यह तय करते कि जब काफ़ी आमदनी

[1] [2] मातम और ताज़िया का जुलूस निकलता है जिसमें लोग मातम की ताल पर नौहा पढ़ते हैं।

होने लगेगी तो एक रेलगाड़ी खरीद ली जायेगी। लेकिन यह सपना बहुत दिनों न चल सका क्योंकि रेल के अस्तबल के लिए बीघों जमीन की ज़रूरत पड़ेगी। इसलिए अपने सपनों के लिए उन्होंने एक मोटर पर सब्र कर लिया। मोटर भी उन्होंने पहली बार लखनऊ ही में देखी थी।

अब आज जिनती की जवानी की तरह फटी पड़ती हैं सब। उन्होंने यह बात वाजिद मियाँ और मौलवी बशीर को बड़ी राज़दारी से बतायी थी कि मोटरें सड़कों पर जिन्नों की तरह ऐंठती फिरती हैं और ठण्डी साँसें भरने वालों की तरफ मुड़कर भी नहीं देखतीं। और चूँकि इन मोटरों को बड़े अस्तबल की ज़रूरत भी नहीं होती इसलिए वह मोटरों के ख्वाब देखने लगे कि दरवाज़े पर एक चमचमाती हुई मोटर खड़ी है और लोग कह रहे हैं कि काम साहब के फाटक पर तो अंग्रेज़ी लाट का हाथी झूम रहा है जो गन्ने नहीं खाता बल्कि तेज़ महक वाला अंग्रेज़ी मिट्टी का तेल पीता है जिसका भला सा नाम है।

इन ख्वाबों में गोला छोड़ने की बात कभी नहीं आती थी। वह यह कभी नहीं सोचते थे कि उन्होंने छतर मंज़िल के सामने एक और छतर मंज़िल बना ली है। उत्तर पट्टी का यह बड़ा फाटक इतना बड़ा था कि उसमें रहीम सय्यद अली कबीर के सारे ख्वाब न सिर्फ़ यहीं समा जाते थे बल्कि कुछ जगह बच भी रहती थी। और मोहर्रम के बाद जब अली हादी मियाँ का कमरा बन्द हो जाता तो इन सपनों के लिए ज़रूरत से ज़्यादा जगह निकल आया करता था।

उत्तर पट्टी में कोई चीज़ इमामबाड़े की रौनक की बराबरी करने वाली थी तो यहाँ किसी अली हादी का कमरा था—उसमें पक्के सकरे के खूबसूरत ताज़िये, शीशगरी और तहनशीन बक्से[1], हाँडियाँ, कँवल, ऊद-दानों और गुलाबपाशों की कतारें अपनी जगह लेकिन डिप्टी अली हादी के कमरे की तराशी-तराशाई भाँति भाँति की कुर्सियाँ आरामकुर्सियाँ और

---

1 मुहर्रम के बस्तों की तरह यह भी होता है। फ़र्क यह है कि इसमें मरसिये होते हैं।

किताबों की शान भी निराली थी। एक अलमारी में सजी हुई अंग्रेजी किताबें जिनमें से कोई बहुत पुरानी थी, मरसिया को मुंह लगाने पर तैयार नहीं था। उन्नाबी पर तरह-तरह के सिगरेट केस चुपके चुपके मुसकराया करते थे।

हकीम साहब अब्बू हादी मियाँ के बड़े भाई थे। वह अली हादी को बहुत चाहते थे। लेकिन उन्हें उस कमरे से नफरत थी क्योंकि मोहर्रम में अली हादी मियाँ के आते ही जब कमरा खुल जाता था, तो इसमें [illegible] दरबार में इमाम हसन के दरबार से ज्यादा चहल-पहल हुआ करती थी। उत्तर और पश्चिम-पट्टियों के तमाम जवान लोग इस कमरे में भरे रहा करते थे। और चूंकि इसका एक दरवाजा इमामबाड़े में भी खुलता था इसलिए इस कमरे से सिगरेट का धुआँ इठलाकर इमामबाड़े में जाता और वहाँ सुलगने वाले लोबान के धुएं का पीछा करता। कभी कभी तो सातवीं और आठवीं तारीख को भी अब्बू मियाँ, बजार मियाँ, मंजूर मियाँ और खुद अली हादी मियाँ के कहकहों की आवाज दरवाजे का पर्दा उठाकर बेधड़क इमामबाड़े में घुस आया करती थी और बच्चों की तरह फर्श पर लोटने लगती थी।

हकीम साहब इस दरवाजे को बन्द भी नहीं करवा सकते थे क्योंकि यह दरवाजा उनके दादा मीर नजफ अली ही ने खुलवाया था। किस्सा यह हुआ कि उन पर फालिज गिरा और वह हिलने-डुलने के काबिल न रह गये। बस इसी कमरे में पड़े रहा करते थे। जब मोहर्रम आया तो वह बहुत रोये और गिड़गिड़ाकर दुआ मांगने लगे।

मौला गाजी जिन्दा इमामबाड़े [illegible] ना [illegible] बराबर करने में [illegible] अब क्या करें! मशहूर है कि यह दुआ मांगते मांगते उनकी आँख लग गयी और उन्होंने देखा कि [illegible] आया है और कह रहा है [illegible] दरवाजा [illegible] और [illegible] की आग [illegible] और दूसरे ही दिन [illegible] दरवाजा फोड़ लिया गया। यह उस दिन की बात है जब [illegible] मोहर्रम की सातवीं तारीख को [illegible] लगाया करते थे। [illegible] अपना और उनका [illegible] फौरन [illegible] हुए।

अंग्रेज़ी तालीम और इस रिवाज के टकराव ने एक आरज़ू को भी जन्म दिया।

लखनऊ के उसी यादगार सफ़र में हकीम साहब हुसैनाबाद और आसफ़ुद्दौला के इमामबाड़ों से भी प्रभावित हुए थे। इसलिए वह चाहते थे कि सद्दन जल्दी से जवान होकर थानेदार हो जायें तो वह भी आसफ़ुद्दौला की तरह एक लम्बा-चौड़ा इमामबाड़ा बनवाएँ जिस पर शाह नजफ़ जैसा ख़ूबसूरत गुम्बद हो। ये तो ख़ैर के अलम भी हरे किये जायेंगे। तमाम पंजे गंगा-जमनी होंगे और जो कलाबत्तू की डोर से अपने अपने नेज़ों (छड़) में बँधे होंगे। पटके तमाम ज़री के होंगे और फरहरे तमामी[1] के। ताज़िया की कलगियाँ सुनहरी होंगी और कलसों पर जवाहिर की पच्चीकारी होगी। इमामबाड़े का फ़र्श क़ालीन का होगा और मिम्बर संदल का—और आठवीं के जुलूस में रास्ता पर दोनों तरफ़ सर्व चिराग़ाँ[2] होंगे और उसमें दूर-दूर की अंजुमनें नौहा मातम करने आयेंगी। तब देखें मियाँ इत्तनिजा तुमने कम कहते हैं कि जुलूस तो चुग ताज़िये का होना है।

उनकी झोली में एक छोटी सी ख़्वाहिश और थी। दक्खिन पट्टी का ताज़िया बड़ा ताज़िया कहा जाता था। वह नौ की रात में सजाया जाता था और फिर दक्खिपान में वह चौक पर बैठ जाता था—बिलकुल किसी रुस्तम की तरह। दक्खियारे के लोग उसकी मुसाहिबत किया करते थे। चूँकि दक्खिन पट्टी वाले गंगौली के पुराने ज़मींदार थे इसलिए वे अपने ताज़िये ख़ुद नहीं सजाया करते थे। बड़ा ताज़िया राकी सजाते थे। कोई ताज़िया जुलाहों के इन्तज़ाम में था और कोई हज्जामों के।

इस मोहर्रम का तीसरे पहर उन ताज़ियों का दरबार लगा करता था। नरका के सारों ताज़िये अपने अपने चौकों से गाजगाना की नक़ीबों[3] में आने

१ एक प्रकार का कपड़ा।

२ यह एक तरह की टट्टियाँ होती हैं जिनमें चिराग़ जलते हैं।

३ पहले बादशाहों के आगे आगे चोबदार आवाज़ लगाते थे ताकि लोगों को मालूम हो जाय कि किसकी सवारी आ रही है उनको नक़ीब कहते थे।

और वह ताज़िये के इधर उधर ज़मीन पर बैठ जाते—आसामियों की तरह। फिर आठ कहारों के कंधों पर बड़े ताज़िये की सवारी चलती। पीछे-पीछे दूसरे ताज़िये भी चल पड़ते। लकड़ी के ताज़ियों के पीछे कागज़ के मन्नती ताज़ियों का एक पूरा लश्कर होता।

बड़े ताज़िये के आगे आगे अब्बू मियाँ कमर में पटका बाँधे हाथ में चाँदी की मूठवाला एक छड़ा लिये राजग्वाली करते। फुन्नन मियाँ, बशीर मियाँ और हम्माद मियाँ उनके बाज़ू होते। ये लोग हर दो कदम के बाद सलाम के दो शेर पढ़ते चलते। पीछे हज़ार पाँचसौ आदमियों की भीड़ होती। औरतें बच्चों को बड़े ताज़िये के नीचे से निकालतीं। मन्नतें मानतीं। ज़ारी[1] पढ़तीं और शरबत चढ़ातीं। ये औरतें सय्यदानियाँ नहीं हुआ करती थीं। क्योंकि सय्यदानियाँ तो डोली बिना घर से निकल ही नहीं सकती थीं। ये तो गाँव की रारिन जुलाहिनें अहीरनें और चमाइनें होती थीं। बड़ा ताज़िया उनकी उसकी मन्नतों और ज़ारी की दर्दभरी धुन से बेपरवाह किसी गजगामिनी या किसी सम्राट की तरह आगे बढ़ता चला जाता।

ताज़ियों के आगे छट्ठन अहीरों का एक गोल होता। यह ताज़िया इतना बड़ा हुआ करता था कि गाँव की गलियों से नहीं निकल सकता था। टट्टियाँ गिरानी पड़तीं। छट्ठन अहीरों का गोल टट्टियाँ गिराने ही के लिए बड़े ताज़िये के आगे आगे चला करता था।

इन छट्ठन अहीरों के आगे लाठी के अखाड़े होते और उनके आगे *गुरहा मरसिये गाते और ताशा बजानेवाले।*

जुलूस इसी आन बान से नूरुद्दीन शहीद के मज़ार तक जाता। फिर बड़ा ताज़िया लकड़ी के तमाम ताज़ियों के साथ कर्बला से लौट आता और जुलूस कागज़ के ताज़ियों को दफ़न करके खेतों के बीच से जानेवाली पगडण्डी पर चलता हुआ कसबे की तरफ़ चला जाता।

[1] भोजपुरी में कर्बला की कहानी गाना। इसे औरतें रो-रो के मिला जुलाकर गाया करती थीं।

लखनऊ के ताज़िया के साथ हम्माद मियाँ भी लौट आते और गाँववालों का सरकारी खज़ाने से उलनिया की मरम्मत के लिए पैसे देते।

एक साल तो ऐसा हुआ कि एक बूढ़ी ब्राह्मणी की उलनी मज़दूरों की भूल से ज़रा कम निकली हुई थी। बड़ा ताज़िया उसे गिराये बिना गुज़र गया। वह बूढ़ी फूट फूटकर रोने लगी कि इमाम साहब उससे रूठ गये हैं। इसलिए उस पर कोई मुसीबत आनेवाली है नहीं तो भला ऐसा हो सकता था कि बड़ा ताज़िया उसकी उलनी गिराये बिना चला जाता। वह अपने दो बेटों को लेकर नूरुद्दीन शहीद के मज़ार पर गयी। उसने बच्चों को बड़े ताज़िये के सामने खड़ा कर दिया फिर उसने ताज़िये की अनदेखी आत्मा में आँखें डाल दीं और बोली 'ए इमाम साहिब! हमार लइकन के कछऊ हो गइल ना त ठीक ना होई।' फिर उसने हम्माद मियाँ को घेरा 'चलिए मीर साहिब! हमार उलनिया गिरवाय लई।'

हम्माद मियाँ ने सोचा कि शायद उसे पैसा की ज़रूरत है इसलिए उन्होंने पूछ लिया 'तोके पइसवा न चाही? चलल दुआर पर आके ले लव।'

'नाहीं रे सरकार!' वह बिलबिला उठी 'पइसा ना चाही। लइकनवन की जान चाही। उलनिया गिरवाय लइ। हम अपके पाँव पड़त बाड़ी।'

मगर किसी ने उसकी फरियाद नहीं सुनी। और फिर ऐसा हुआ कि उसके बड़े बेटे को सज़ा हो गयी जो एक कत्ल के मुकदमे में फँसा हुआ था। अग्गू मियाँ शब्बर मियाँ और वज़ीर मियाँ ने बड़ा ज़ोर मारा मगर फाँसी की सज़ा हो ही गया। उस बुढ़िया ने हम्माद मियाँ का घेर लिया और कुसुमन मिटाने के लिए उसने अपनी उँगली की दो मुँदरियाँ उतारकर वह आँगन में रखे हुए बड़े ताज़िये के सिर पर फन की तरह चढ़ा दीं और दरख्वास्त करके बोली 'हे इमाम साहिब! बस करी। अब हमार कसूर माफ किया जाय।'

सरकार का मुकदमा कुछ कमज़ोर था। हाकिम ने उसके लड़के को छोड़ दिया। अग्गू मियाँ ने वकालत का नज़राना तलब किया। बुढ़िया ने टका सा जवाब दे दिया क्योंकि उसके ख्याल में तो उसके बेटे को इमाम साहिब ने छुड़ाया था। नहीं तो इन लोगों की वकालत तो उसे फाँसी दिलवा ही चुकी थी।

बड़े ताज़िये के इस कौतुक के बाद उसकी पॉपुलैरिटी बहुत बढ़ गयी। गाज़ीपुर में लोग मन्नतें मानने आने लगे। और उस दिन तो हकीम अली कबीर की परेशानी का कोई ठिकाना न रह गया जिस दिन लखनऊ का मोहर्रम [illegible] की तीन बीवियाँ ख़ास इसलिए गंगौली आयीं कि नौ की रात को बड़े ताज़िये पर मातम करके मन्नत मानेंगी।

[illegible] डर कर छिप गये। चौक के इर्द-गिर्द की सारी ज़मीन कनातों से घेर दी गयी कि औरतें जी खोलकर मातम भी कर लें और उनकी बेपर्दगी भी न हो।

लेकिन कनातों की वजह से [illegible] की ख़ूबसूरत मस्जिद का दरवाज़ा भी बन्द हो गया और मजबूरन शाम की नमाज़ पढ़ने के लिए [illegible] को एक दूसरी मस्जिद में जाना पड़ा।

दक्खिनी औरतों का यूँ बड़े ताज़िये पर मातम करना दक्खिन पट्टीवालों की बड़ी हार थी। क्या हुआ जो आठ के जुलूस में चाचापुर, जहूराबाद [illegible] और [illegible] की अंजुमनें आती हैं। अली कबीर मियाँ उन्हें [illegible] का दिखावा देते हैं। [illegible]-पुलाव खिलवाते हैं और उनके नाज़ उठाते हैं। किसी ताज़िये का बड़ा होना इसमें है कि लखनऊ की मोहतरम [illegible] औरत गंगौली आकर ताज़िये के दर्शन करे। और आने जाने का पैसा अपनी जेब से ख़र्च करे। [illegible] औरतों ने तो अपना खाना खाने पर भी [illegible] नहीं था मगर दक्खिन पट्टीवालों ने उनकी यह बात मानने से इनकार कर दिया। यह बात मेहमानदारी के [illegible] के ख़िलाफ़ थी।

लखनऊ की औरतों के इस [illegible] ने एक बात बिल्कुल साबित कर दी कि इमाम हुसैन जो मोहर्रम में [illegible] हिन्दुस्तान आते हैं तो नौ की रात वह गंगौली की दक्खिन पट्टी में बड़े ताज़िये के चौक पर इन्तज़ार करते हैं। उत्तर पट्टीवाले इस बयान को हज़म कर गये थे।

इस दिन हकीम साहब को बड़ा अरमान था कि किसी तरह उनके चौक पर भी कोई मोजज़ा हो और कि दक्खिन पट्टीवालों का ग़ुरूर टूट जाय।

यह बिल्कुल इत्तफ़ाक़ है कि इन दिनों एक मसला हकीम साहब को परेशान कर रहा था। उन्हीं दिनों [illegible] के एक गाँव [illegible] में एक [illegible]

हो गया। हकीम साहब ने थाना कासिमाबाद के थानेदार से कह सुनकर अपने एक खास आदमी कौमिला चमार को नामजद करवा दिया। चूंकि हकीम साहब जिला अली हाजी के भाई और इलाके के बड़े जमादार थे, उनसे थानेदार के बड़ा काम निकलते थे, इसलिए उन्होंने सिर्फ एक सौ एक रुपया लेकर कौमिला को नामजद करवा दिया। तय यह हुआ था कि उसके खिलाफ मुकदमा इतना कमजोर बनाया जायगा कि वह जजी ही में छूट जाय। थानेदार ने अपना कानिस्टेबल से ग्यारह सौ रुपये अलग लिये कि कौमिला की रिहाई से मुकदमा बिलकुल बेजान हो जायगा। इसलिए वे लोग खामख्वाह छूट जायेंगे।

कौमिला गिरफ्तार हो गया। उसकी माँ बबुरमा बो (बाबूराम की धर्म पत्नी) भागी भागी हकीम साहब के पास आयी। हकीम साहब ने थानेदार को बुलवाया। थानेदार ने वादा कर लिया कि वह कौमिला को बचाने की कोशिश करेंगे। फिर उसने हेड कांस्टेबिल के जरिये बबुरमा बो से सौ रुपये इस काम के लिये लिये कि वह कौमिला के खिलाफ बने हुए मुकदमे को कमजोर कर देगा। हकीम साहब ने कौमिला की माँ को समझा-बुझाकर रुखसत कर दिया। इत्तफाक से उस दरवाजे पर गुलाम हुसेन खां मिल गये। यह गुलाम हुसेन खां हकीम साहब के खानदान के पुश्तैनी नौकर थे। उन्होंने बबुरमा बो को दरवाजे के इमाम चौक की करामातें बतलायीं कि किस तरह एक बार उनकी बीबी को साँप ने काट लिया था और किस तरह उन्होंने इस मामले के बाद इमाम चौक पर मन्नत मानी थी और किस तरह मन्नत के मानते ही साँप का जहर गट् बन्धु उतर गया था। यह कहानी सुनाते वक्त उन्हें यह याद नहीं रह गया कि अब से कोई तीन साल पहले उनकी पहली बीबी साँप के काटे से ही मर गयी थी और दूसरी बीबी को कभी साँप ने काटा ही नहीं था। बबुरमा बो को यह बात मालूम थी, लेकिन उसका लड़का कत्ल के मुकदमे में नामजद था इसलिए उस वक्त उसे यह बात याद ही न आयी, और उसने बड़ी श्रद्धा से इमाम चौक पर मन्नत मान ली। फिर यह बात धीरे धीरे गाँव में फैलायी गयी कि बबुरमा बो ने कौमिला के लिए उत्तर-पट्टी के इमाम चौक पर मन्नत मानी है। गंगौली के बाहर रहनेवाले रिश्तेदारों को ...

के क़ब्ज़े में आ गयी। मगर ये कि गाँव पट्टीवार के। यह न मालूम हो सका कि
गाँव क्या गज़ट में दर्ज किया गया है।

धीरे धीरे यह बात आस पास की बस्तियों में फैल गया और उत्तर पट्टी
वालों ने इत्मीनान की साँस ली।

दक्खिन पट्टी वालों का माथा ठनक गया। बस तो उन लोगों ने फ़ौरन
फ़ैसला कर लिया कि हर मुहर्रम चाहे उनके ताज़िये का चौक नहीं हो
सकता। लेकिन मिला में एक चौक भी बढ़ गया था—अगर कोशिश करके
गया तो यह ताज़िये की बड़ी किरकिरी होगी और दक्खिन पट्टी की नाक कट
जायगी। इसलिए हुआ यह कि जिस तरह थानेदार क़ासिमाबाद को उत्तर-पट्टी
के मोहर्रम के बजट में एक सौ एक रुपये दिये गये थे उसी तरह दक्खिन पट्टी
की ताज़ियादारी के बजट में थानेदार क़ासिमाबाद को तीन सौ रुपये दिये गये कि
क़ासिम की पोती वाला न हो। लेकिन मज़ा नहीं हो जाय। थानेदार ठाकुर
हरनारायनप्रसाद सिंह ने सोचा कि स्साला आख़िर उनका क्या नुक़सान है।
लिहाज़ा यह बात भी तय हो गयी।

अब यह एक बिलकुल इत्तफ़ाक़ की बात है कि चमरटोली के एक पनी
चमार पगान का क़ासिम के मकान से पुराना रिश्ता चला आ रही थी।
मुहर्रमवा का बड़ा बेटा गाज़ीपुर में कलक्टर का माली था और छोटा बेटा
कोचवान। गाँव भर में बात चाल नहीं था मगर इस मौके पर मुहर्रमवा
ने छोटे बेटे को बुलाया और फिर मुहर्रम आने में यह तय किया कि बाद
राम दास क़ासिम के बाग में उसका ताज़ा का भी मौक़ा है। इसलिए मुहर्रमवा
ने आम के पेड़ पर और पान कच्चा उतार दिया। उसका अच्छी था।
इत्तफ़ाक़ किसी उन इत्तफ़ाक़ रहा कि रहा है कि मुहर्रमवा कलक्टर साहब
का माली था। चतुर मुहर्रमवा का दो सौ मिले। उसने उसने इन्तज़ाम
मज़ार में कर और बड़े के पहले ख़बर दिये। तो भी क़ासिम इधर न लाया।
इस सिलसिले में वो ही पता था हाकिम का पहला पहर क़ासिमाबाद गया।
ठाकुर साहब को जब मालूम हुआ कि कलक्टर साहब बहादुर का माली आया
हुआ है तो उनके मन में बात निकल आये। क्योंकि उन दिनों वह अपनी इन्हीं
इन्सपेक्टर के साथ आराम करने का (उन मुहर्रमवा वहीं पहुँच मुहर्रमवान

थी। ठाकुर साहब के कमरे से जाकर वह फौरन नहाती थी और अल्लाह मियाँ से माफी माँगती थी कि पेट की वजह से उसे एक काफिर के साथ सोना पड़ता है)।

बंकिराम ने ठाकुर साहब की खिदमत में बड़ी थैली पेश की और फिर तरह अपने दिल की बात बतायी। ठाकुर साहब ने हिसाब लगाया। वह इस नतीजे पर पहुँचे कि आदमी सौ एक रुपये बहुत होते हैं। इसलिए उन्होंने बंकिराम से भी वायदा कर लिया कि वह भला कलक्टर साहब बहादुर के साथी की बात कैसे टाल सकते हैं? उसी वक्त कामिला के गले में फाँसी का फन्दा पड़ गया।

मुकदमा आरम्भ हुआ। बड़े बहुत अच्छे गवाह निकल आये। हद तो यह है कि एक चश्मदीद गवाह तक मिल गया। कामिला को फाँसी की सजा का हुक्म सुना दिया गया। जब हकीम साहब ने शिकायत की तो ठाकुर साहब ने कहा कि उन्होंने तो बहुत कोशिश की लेकिन जबरदस्त गवाह थे, उसका तो वह क्या करें?'

सविगन पट्टी वालों ने फैसला सुनकर इत्मीनान की साँस ली और एक और समाइन ने बहुतों से कहा कि इस बड़े ताजिये पर मन्नत माननी लाजिम थी कि उसी ताजिये ने पहलवान के लड़के को बचाया था। कामिला की सजा ने बड़े ताजिये की धाक और जमा दी।

हकीम साहब के लिए इस हार को हजम करना बहुत मुश्किल हो गया। लेकिन वह बेबस थे। कर ही क्या सकते थे! फिर तो जिन्दा रहने के लिए जिल्लत का यह जहर पीना आसान नहीं था। इसलिए उन्होंने सविगन पट्टी के इस मुहर्रम वाले शानदार जुलूस को जवाब देने की एक सूरत निकाली।

बड़े पाण्डे से कोई दस बीस कदम पश्चिम की तरफ बढ़कर जो रास्ता उत्तर बस्ती की तरफ मुड़ता है उस पर हकीम साहब के एक आसामी कल्लू शाह का मकान है। इन कल्लू शाह के माँ-बाप ने तो बड़े प्यार से इनका नाम कमरुद्दीन रखा था, लेकिन गाँव के सीधे-सादे लोगों को कमरुद्दीन कहने में जबान को बहुत तोड़ना मरोड़ना पड़ता था इसलिए उन्होंने कमरुद्दीन का कल्लू कर लिया (कब कमरुद्दीन से जो नाम की दुर्गत की

तरह थी। (जैसे सुरसुर और काले)। लेकिन मैंने गलत कहा, बलीउद्दीन और बन्नी के बीच में कई सदियाँ हैं। बलीउद्दीन बली हुआ। गँवारों ने बली का बन्नी बना लिया और बन्नी को बल्ली बनने में कितनी देर लगती है। गँवारों की देखा-देखी मियाँ लोग भी उन्हें बल्ली साह कहने लगे। शेख कमालुद्दीन सिद्दीकी ने भी बल्ली साह होना कबूल कर लिया कि यह नाम आसान भी था और जबानों पर चढ़ भी चुका था।

गुलाम हुसैन खाँ के मकान में बल्ली साह ने एक सपना देखा कि आसमान में एक खिड़की खुली। उस खिड़की में रोशनी की एक सीढ़ी निकली, जो जमीन तक आ गयी। उस सीढ़ी से एक महापुरुष उतरे और उन्होंने बल्ली साह से कहा, "कर्बलावाले ताजियादारी कर, मौत करीब है।" बल्ली साह की आँखें खुल गयीं। मोहर्रम की दस तारीख थी। उन्होंने झपाझप दरवाजे पर मिट्टी का एक चौक बनाकर उस पर खपच्ची का एक कागजी ताजिया रख दिया और उसके चारों तरफ अगरबत्तियाँ सुलगाकर वह खुद वहीं ताजिये के पास जमीन पर जाकर बैठ गये।

दक्खिन पट्टी का जुलूस जब उस मोड़ पर पहुँचा तो उस कागजी ताजिये को देखकर चौंक पड़ा। कहाँ राजा भोज और कहाँ गंगुवा तेली! सबकी का एक मिसकीन बेचारा सा ताजिया सफ्फों के पासंग खूबसूरत ताजिये के जुलूस को ललकार रहा था। चार पग के इस ताजिये के सामने शाहबादी के गिलाफ और रेशम का जरिया और सुनहरे पन्नोंवाले ताजिये अपना आन का बड़प्पन खो रहे थे क्योंकि जब तक वह ताजिया चौक से उठ नहीं जाता यह जुलूस आगे नहीं बढ़ सकता था। ताजिया चाहे मिट्टी का हो चाहे कागज का ताजिया ही होता है। दक्खिन-पट्टी के लोग जमादारी के नशे में ताजिये की तौहीन तो नहीं कर सकते थे, लेकिन बल्ली साह की तौहीन करने से उन्हें कौन रोक सकता था। और एक आदमी बढ़कर उनके ... को झोंकना कर रहा था। नतीजा फुन्नन मियाँ का हाथ छूट गया। वह ... दूर जा गिरे। उत्तर-पट्टी वाले इसी की ताक में बैठे थे।

हुसैन अली मियाँ के खानदान में पहले से ताजिये उठते थे। वे रिश्ते

आये। लट्टुवा अहीर, चमारों और भरों के गोल ने जय बजरंगबली! जय हनुमान साहब! बोलकर धावा कर दिया। नकटी के अखाड़ेवालों ने या हुसैन! का नारा मारकर उनकी लाठियों को अपनी लाठियों पर रोका और फिर वह ताज़िये के आगे आगे चलनेवाले अहीर लट्टुवा जो आगे बढ़ गये थे लौट आये। घमासान लड़ाई होने लगी। अगनू मियाँ यह भूल गये कि वह मदहे अहले असगर जैसी शख्सियत हैं। अच्छू मियाँ यह भूल गये कि फौजदारी करना उनकी शान के खिलाफ़ है। वज़ीर मियाँ ने फौजदारी के कानूनों को उठाकर ताक में रख दिया। दोनों पट्टियों के लोग भी ढेल-चौस करने लगे। मुन्नाज़[1] का एक ढेला उछलकर मियाँ मरसियाख्वाँ[2] की नाक पर बैठ गया। वह बिलबिला उठे। मुन्नाज़ उनकी बिलबिलाहट देखकर हँस पड़ा। गया अहीर की लाठी मौलवी मदह उत्तर हुसैन मदहनशाज़िल के कंधे पर पड़ी। मौलाना एक छड़ी से फौजदारी कर रहे थे और ठेठ अरबी लब्ज़ में शिकन-पट्टीवालों को गालियाँ दे जा रहे थे। गया ने जो बजरंगबली की जय बोलकर एक हाथ दिया तो मौलाना घबरा गये। बोले अबे हरामज़ादे! न हम मरब। मगर शोर इतना हो रहा था कि गया के कानों तक मौलाना की आवाज़ नहीं गयी। मौलाना घबराकर भागे मगर लाठी उनके कंधे को छू गयी। मौलाना के लिए यही काफ़ी था। वह ढेर हो गये।

मियाँ लोगों में बस एक फुन्नन मियाँ बाकायदा लड़ते चले रहे थे। उन्होंने अपने तहबन्द का काछा बाँध लिया था। अँगोछे को सिर में लपेट लिया था और उनकी तेल पिलायी हुई नौ हाथ की लाठी किसी बदज़बान औरत की ज़बान की तरह चल रही थी।

कहारों ने घबराहट में ताज़िये को मोड़ना चाहा तो फुन्नन मियाँ तीर की तरह उनके पास पहुँच गये। उन्होंने अगले कहार को धक्का मारा और

---

1 असल शब्द मुमताज़ है। मगर वह मुन्नाज़ ही पुकारा जाता था इसलिए मैं मुन्नाज़ ही लिख रहा हूँ।

2 मरसिया पढ़कर सुनानेवाला।

गरह सीर करें खुरदुरे और काले)। लेकिन मैंने गलत कहा, बलीउद्दीन और बल्ली के बीच में कई सीढ़ियाँ हैं। बलीउद्दीन बनी हुआ। गँवारों ने वली को वल्ली बना लिया और बल्ली को बल्ली बनने में कितनी देर लगती है। गँवारों की देखा-देखी मियाँ लोग भी उन्हें बल्ली साइ कहने लगे। शेख बलीउद्दीन सिद्दीकी ने भी बल्ली साइ होना कुबूल कर लिया कि यह नाम आसान भी था और जबानों पर चढ़ भी चुका था।

पुनाम हुसैन खां के समधान से बल्ली साइ ने एक सपना देखा कि आसमान में एक खिड़की खुली। उस खिड़की में रोशनी की एक सीढ़ी निकली, जो जमीन तक आ गयी। उस सीढ़ी से एक महापुरुष उतरे और उन्होंने बल्ली साइ से कहा, "बदनसीब ताजियेदारी कर। मौत करीब है।" बल्ली साइ की आँखें खुल गयीं। मोहरम की दस तारीख थी। उन्होंने झपाझप दरवाजे पर मिट्टी का एक चौक बनाकर उस पर चवन्नी का एक कागजी ताजिया रख दिया और उसके चारों तरफ अगरबत्तियाँ सुलगाकर वह खुद वहीं ताजिये के पास जमीन पर उकड़ू बैठ गये।

दक्खिन पट्टी का जुलूस जब उस मोड़ पर पहुँचा तो उस कागजी ताजिये को देखकर चौंक पड़ा। कहाँ राजा भोज और कहाँ गंगुवा तेली! चवन्नी का एक बिलकुल बेचारा सा ताजिया लकड़ी के पचासों खूबसूरत ताजियों के जुलूस को ललकार रहा था। चार पैसे के एक ताजिये के सामने कारचोबी के गिलाफ और रेशम की डोरियाँ और सुनहरे पंजोंवाले ताजिये अपने आप को बेबस पा रहे थे क्योंकि जब तक वह ताजिया चौक से उठ नहीं जाता, यह जुलूस आगे नहीं बढ़ सकता था। ताजिया चाहे सोने-चाँदी का हो चाहे पलंगा कागज का ताजिया ही होता है। दक्खिन पट्टी के लोग जमींदारी के नशे में ताजिये की तौहीन तो नहीं कर सकते थे लेकिन बल्ली साइ की तौहीन करने से उन्हें कौन रोक सकता था। तीन टके का आदमी बड़े फाटक में आग लगाने का हौसला कर रहा था। चुनांचे फुन्नन मियाँ का हाथ छूट गया। बल्ली साइ लुढ़कइयाँ खाकर दूर जा गिरे। उत्तर पट्टी वाले इसी की राह देख रहे थे।

हुसैन अली मियाँ के फाटक में पहले में नट्ठरन (?) बैठे थे। वे निकल

आये। लट्ठबन्द अहीरों, चमारों और भरों के गोल ने "जय बजरंगबली! जय हनुमान साहब!" कहकर धावा कर दिया। तक़ी के अखाड़ेवालों ने "या हुसैन!" का नारा मारकर उनकी लाठियों को अपनी लाठियों पर रोका और फिर वह ताज़िये के आगे आगे चलनेवाले अहीर लट्ठबन्द जो आगे बढ़ गये थे लौट आये। घमासान लड़ाई होने लगी। अग्गू मियाँ यह भूल गये कि वह सय्यद अली असग़र ज़ैदी एडवोकेट हैं। अब्बू मियाँ यह भूल गये कि फौजदारी करना उनकी शान के ख़िलाफ़ है। वज़ीर मियाँ ने फौजदारी के क़ानूनों को उठाकर ताक़ में रख दिया। दोनों पट्टियों के लड़के भी ढेले नोस फेंकने लगे। मुन्नाज़[1] का एक ढेला उछलकर मियाँ मरसियागो[2] की नाक पर बैठ गया। वह बिलबिला उठे। मुन्नाज़ उनकी बिलबिलाहट देखकर हँस पड़ा। गया अहीर की लाश मौलवी सय्यद नसीर हुसैन मुस्तनसाबिल के कन्धे पर पड़ी। मौलाना एक छड़ी से फौजदारी कर रहे थे और ठेठ अरबी लफ़्ज़ में अहिरान-पट्टीवालों को गालियाँ दिये जा रहे थे। गया ने जो "बजरंगबली की जय" कहकर एक हाथ दिया तो मौलाना धड़ाम गये। बोले, "अबे हरामज़ा—!" न कह सके। मगर शोर इतना हो रहा था कि गया के कानों तक मौलाना की आवाज़ नहीं गयी। मौलाना घबराकर झुके मगर लाठी उनके कन्धे को छू गयी। मौलाना के लिए यही काफ़ी था। वह ढेर हो गये।

मियाँ लोगों में बस एक फ़ुन्नन मियाँ बाक़ायदा लट्ठ चला रहे थे। उन्होंने अपने तहबन्द का काछा बाँध लिया था। अँगोछे को सिर में लपेट लिया था और उनकी तेल पिलायी हुई नौ हाथ की लाठी किसी बदज़बान औरत की ज़बान की तरह चल रही थी।

कहारों ने घबराहट में ताज़िये को लौटाना चाहा तो फ़ुन्नन मियाँ तीर की तरह उनके पास पहुँच गये। उन्होंने अगले कहार को थप्पड़ मारा और

---

1 असल नाम मुमताज़ है। मगर वह मुन्नाज़ ही पुकारा जाता था इसलिए मैं मुन्नाज़ ही लिख रहा हूँ।

2 मरसिया पढ़कर गुज़ारनेवाले।

बोले 'साले! त ई तजियवा कहाँ ले जा रहा? का तो का ई ना मालूम मादरचोद कि वक्त लौट जाय त लौट जाय बाकी ई ताजिया ना लौटी।"

कहारों ने ताजिया फिर उठा लिया।

दोनों पट्टियों की औरतें अपने अपने इमामबाड़ों में फरयादी मातम करने लगीं। ऐ कुल के मददगार मदद करने को आओ। आफत से बचाओ!

मगर कुल का मददगार मदद करने को नहीं आया। वह किसकी मदद करता। दोनों तरफ तो सयदानियाँ ही थीं।

फिर पुलिस आ गयी।

लेकिन पुलिस के आने की खबर पुलिस से कुछ पहले आ गयी। दोनों पट्टियों के अक्लमन्दों ने सोचा कि इस मामले में पुलिस को डालना ठीक नहीं है। यह एक घरेलू मामला है। इसलिए जख्मी फौरन हटा दिये गये। अब्बू मियाँ ने मातमख्वानी शुरू कर दी :

आज शब्बीर पे क्या आलमे तनहाई है!

दूसरी तरफ से हकीम साहब सोजख्वानी करते हुए आये और कल्लू साहब का ताजिया उठवा ले गये। पुलिस आयी तो जुलूस कल्लू साहब के दरवाजे से बढ़कर मस्जिद में जाकर लिपट चुका था। जमीन पर खून के धब्बे थे तो मगर उनसे क्या पता चलता है। गाँव के किसी एक आदमी ने यह नहीं कहा कि फौजदारी हुई है। क्योंकि सारा गाँव उत्तर और दक्खिन पट्टी में तकसीम हो चुका था। खून मसवा खोल रहा था लेकिन इस मजहबी और घरेलू मामले में कोई पुलिस को नहीं डालना चाहता था।

अनवारुलहसन राकी वहाबी था और मोहर्रम के खिलाफ था, मगर वह भी इस पट्टीदारी से न बच सका। यह तो ठीक है कि ताजिया एक तरह की बुतपरस्ती है लेकिन पट्टी का मामला फिर पट्टी का मामला है। इसलिए वह थानेदार हरनारायन प्रसाद और दीवानजी समीउद्दीन खाँ को अपने घर ले गया। रास्ते के बीच में उसने थानेदार को पाँच सौ रुपये दिये कि कम-से-कम मीर फ़य्याद और मौलवी बेदार पर फौजदारी का मुकदमा जरूर कायम कर लिया जाय।

मगर थानेदार ठाकुर हरनारायन प्रसाद को इसका पता था कि उन्हें

कोई गवाह नहीं मिल रहा था। मगर पाँच सौ की रकम ऐसी मामूली भी नहीं होती कि कोई थानेदार उसे यूँ ही हाथ से निकल जाने दे। इसलिए ठाकुर साहब ने अनवारुलहसन से वायदा करके रुपया ले लिया। अनवारुल हसन ने कहा कि वह खुद भी गवाह तैयार करने की कोशिश करेंगे।

कोठे से उतरकर ठाकुर साहब समसुद्दीन खाँ के साथ जुलूस की खोज में निकले तो मालूम हुआ कि जुलूस रहमान साहब के दरवाजे पर टिक गया है। बड़े जोर का मातम हो रहा था। लट्ठबन्द अहीरों ने लाठियाँ ताजिये पर रख दी थीं और सब मातम कर रहे थे। सिर्फ चन्द लट्ठबन्द जो ताजिये के सामने सीना सिपर थे कि अगर उत्तर-पट्टी वाले कोई गड़बड़ करें तो उनका सिर तोड़ दिया जाय। उन्हीं चार-पाँच अहीरों के साथ गुलमान मियाँ खड़े थे। एक गमछा उनकी कमर में पटके की तरह बँधा हुआ था। वह अपने [illegible] था जो [illegible] लाठी पर टेक लगाए खड़े थे। उनका लड़का अकबर अली पटेवालों में मिला हुआ तलवार के हाथ निकाल रहा था।

नक्कारेवालों का अखाड़ा तो जुलूस से काफी आगे चला करता था मगर ताजियों की हिफाजत के ख्याल से नक्कारेवाले ताजिये से मिल गए चल रहे थे। उनके ढोल [illegible] के नारों में अब्दू मियाँ का मातमखाना का आवाज रह-रहकर गुम हो रहा था।

गुलमान मियाँ अकबर अली के पैंतरों की सफाई देख-देखकर खुश हो रहे थे। उनकी आँखें बचपन का [illegible] अकबर अली की जवानी का तमाशा देख रही थीं।

ठाकुर साहब समसुद्दीन खाँ के साथ उन्हीं के पास आकर खड़े हो गए।

"[illegible] आज तो आप [illegible] न।" ठाकुर साहब ने कहा।

"अरे दारोगाजी न आ गए"... गुलमान मियाँ ने जो देखा कि वे दारोगाजी ही से बातें कर रहे हैं तो वे चुप हो गए और फिर अकबर अली का पैंतरा देखने लगे।

"तुम को [illegible] तो सुनाई है", थानेदार की आवाज़ उनके कान में

बहुत दूर स आन लगी, " मैं मुकद्दमा जरूर कायम करूँगा लेकिन सरकारी गवाहा का सज़ा नही दी जाती

"ऐ सुलमान !" फुन्नन मियाँ न सुलमान मिया को आवाज दी।

वह ठाकुर साहब से कुछ कह विना फुन्नन मिया की तरफ बढ गये। ठाकुर साहब जो समीउद्दीन खा स कुछ कहने के लिए मुडे ता उन्होने देखा कि समीउद्दीन खा लापता ह। उन्होने घबराकर इधर उधर देखा तो क्या दिखायी दिया कि समीउद्दीन खाँ वरदी पेटी समत फुन्नन मिया के दामाद मोहम्मद हुसैन के साथ खडे मातम कर रहे थ। यह समीउद्दीन खाँ जौनपुर के शीआ म थे। मातम की आवाज सुनकर उन्हें दिल पर काबू न रह गया। ठाकुर साहब मुसकरा दिये। वह अपने इस दीवान का बहुत पसन्द करते थे।

समीउद्दीन खा बहुत कट्टर किस्म के मुसलमान थ। वह लगभग उतने ही कट्टर मुसलमान थे जितने कट्टर हिन्दू खुद ठाकुर साहब थ। समीउद्दीन खा हिन्दुओ का छुआ नही खाते थे और ठाकुर साहब मुसलमाना की छुई हुई किसी चीज को हाथ नही लगाते थे। लकिन समीउद्दीन खा होशियार आदमी थे। उनके आने के बाद से थाने की आमदनी बहुत बढ गयी थी। इसलिए वह थानदार की नाक का बाल बने हुए थे। ठाकुर साहब जब उनके साथ अकेले होते ता खूब इस्लाम का मजाक उडाते कि वाह यह भी कोई मजहब हुआ कि खुद तो पैगम्बर साहब ने नौ नौ ब्याह कर डाले और बाकी मुसलमानो को चार शादियो पर टरका दिया। समीउद्दीन तड से जवाब देते ठाकुर साहब यह तो कमर के बूते की बात है। जो हजरत[१] ने एसी बसी हरकतो म अपनी ताकत हमारी तरह लुटायी होती तो वह भी चार से ज्यादा शादियाँ न करते। अरे साहब आजकल तो एक का सँभालना मुश्किल हो गया है। लेकिन पाँच भाइयो म एक बीवी स हमारा काम अब भी नहीं चल सकता। यह भी कोई कमर हुई? उनसे अच्छे तो हमी ह। चार भाइयो म कुल मिलाकर सात बीवियाँ हैं। एक मेरी तीन भाई साहब की और तीन मँझले भाई की,

---

१ मुसलमान रसूल का नाम नही लेते। उनकी बात करनी हो तो 'जो हजरत' यानी वह जनाब' कहते हैं।

चौथा भाई अभी कुँवारा है। दो चार बीवियाँ वह भी रखेगा ही। ऊपर की आमदनी अलग

लकिन इन खुश गप्पियों का मौका जरा कम मिलता था। कासिमाबाद हल्के के लोग थे भी बड़े उजड्ड। कभी कोई कत्ल हो गया कभी कहीं डकैती पड़ गयी। यहाँ लाठी चल गयी वहाँ बन्दूक निकल आयी। तमाम छोटे जमींदार गिरोहबन्द थे। रात को लोग डकैत थे और दिन को मुकदमेबाज थे। कभी इस बदमाश ने किया और कभी उस ने। इसी दूर पर में सौ पचास मर हो जाते थे। कभी उसे खेत दिलवा दिया। मिट्टी पानी पत्थर हो मानो उगलने लगती थी। करइल का इलाका था। काली धरती बहुत था और लोग थे बीहड़। क़ानून अपनी जगह लेकिन अगर कोई बात शान के खिलाफ हो गया तो थाना फुँक गया। अभी कोई सात आठ बरस पहले थानेदार शरीफउद्दीन ने फुन्नन मियाँ को गाली दे दी थी तो फुन्नन मियाँ ने रात को कोई दो-सौ आदमियों के साथ थाने पर छापा मारकर थानेदार शरीफउद्दीन को अगवा कर लिया था। फिर उन्हें एक पेड़ से बाँधकर उनकी पकी मूँछों का एक-एक बाल उखाड़ लिया था। शरीफउद्दीन दूसरे ही दिन थाना छोड़ गये। उनकी जगह शिवधनीसिंह आये। शिवधनीसिंह के बड़े चर्चे थे। एस० पी० साहब ने उन्हें खास तौर पर हुक्म दिया था कि फुन्नन मियाँ को सजा मिलना चाहिए नहीं तो पुलिस का रौब खतम हो जायेगा। क्योंकि शरीफउद्दीन थाकड़ थानेदारों में गिने जाते थे और दूर-दूर तक उनकी मूँछों की शोहरत थी। उनकी मूँछ ब्रिटिश सरकार की मूँछ था।

सरकार का खयाल था कि फुन्नन मियाँ कांग्रेसी हैं लेकिन उनके खिलाफ शरीफउद्दीन की इज्जत का मुकदमा इसलिए न चलाया जा सका कि उसमें सरकार की बदनामी होती। थानेदार को किसी थाने से उठा लिया जाना बड़ी बदनामी की बात है। इसलिए शिवधनीसिंह ने फुन्नन मियाँ के खिलाफ डकैती का मुकदमा उठाया। वहाँ आते ही उन्होंने दावात की रात का पहला छापा मारा। फुन्नन मियाँ हमेशा की तरह जुआ खेल रहे थे और हमेशा की तरह शगुन के लिए लक्ष्मी की उस मूर्ति के नीचे बैठे थे, जो ननमुन्ने कलवार की दुकान में दीवार पर लगी हुई गणेश की मूर्ति की तरफ देखा करती

था। यह जुआ बरसातपुर में हो रहा था। शिवधनीसिंह मुजरिमों को गिरफ्तार करके जब रवाना हुए तो यह भूल गये कि गाँव को जानेवाला रास्ता भरटोली से होकर जाता है। उनकी इस भूल का नतीजा यह निकला कि वह अपने तीन कांस्टेबिलों के साथ घिर गये। भरों ने मुजरिमों को छुड़ा लिया। शिवधनीसिंह की वर्दी पेटी छीन ली गयी। उन्होंने गिड़गिड़ाना शुरू किया, तब फुन्नन मियाँ को उन पर रहम आ गया। बोले, थूक के चाटो!'

जब शिवधनीसिंह ने इस हुक्म की तामील की तो उनकी वर्दी पेटी लौटा दी गयी। शिवधनीसिंह उसी दिन गुर्दे के दर्द में तड़पे और दूसरे ही दिन उन्हें दवा दारू करवाने के लिए छुट्टी लेनी पड़ी। फिर वह लौटकर गंगौली नहीं आये। जाते जाते उन्होंने सिपाहियों को दस दस रुपये इनाम के दिये कि वह इस बात को मुँह से न निकालें। सिपाहियों ने तो यह बात मुँह से न निकाली मगर दूसरे ही दिन यह बात आस-पास के तमाम गाँवों में फैल गयी। तब थाना कासिमाबाद पर ठाकुर साहब का 'तनाना' हुए। ठाकुर साहब दो साल से फुन्नन मियाँ की फिक्र में थे। लेकिन वह उन्हें अपने पुट्ठे पर हाथ नहीं धरने देते थे। जो आदमी अपने पड़ोसी की बीवी को निकाल लाये और फिर रोज उसी पड़ोसी के घर जाकर हुक्का पिये, उस पर हाथ डालना खिलवाड़ नहीं है।

यह किस्सा ठाकुर साहब के कासिमाबाद आने से कोई बीस साल पहले का है लेकिन हर थानेदार अपने जगह आनेवाले थानेदार को यह किस्सा जरूर सुनाता था। किस्सा यह था कि फुन्नन मियाँ के पड़ोसी करामत अली खाँ (जो हकीम सय्यद अली कबीर के पुराने मुलाजिम गुलाम हसन खाँ के छोटे भाई थे) ताजपुर से कुलसुम को ब्याह लाये। यह कुलसुम बला की खूबसूरत थी। एक दिन फुन्नन मियाँ ने उसे देख लिया और उस दिन से वह उस पर एक जान छोड़ हजार जान से आशिक हो गये। जब हकीम साहब के छोटे भाई मिट्टा सय्यद अली गाजी की बरात पार के लिए इक्कों, हाथियों, पालकियों, खड़खड़ियों वगैरह पर रवाना हुई और दोनों पट्टियों में सन्नाटा हो गया तो फुन्नन मियाँ करामत अली खाँ के दरवाजे पर गये। करामत अली खाँ की माँ भी बरात के साथ गयी हुई थीं। कुलसुम इसलिए नहीं गयी थी कि

वह पटने से थीं। फुन्नन मियाँ उसे ज़बरदस्ती उठा लाये। बरात की वापसी के बाद बड़ा हंगामा हुआ। फौजदारी हुई। फुन्नन मियाँ गिरफ्तार हुए, लेकिन उन्होंने कुलसुम को अदालत में हाज़िर नहीं किया। पूरी दक्खिन पट्टी उनके साथ थी। उनको सज़ा हो गयी। वह जेल काट आये। मगर मुकदमे के बीच ही में उनकी मरहूमा ने कुलसुम का दिल जीत लिया। और जब वह छूटे तो वह दूसरी के घर में उठ आयी। उसकी गोद में करामत अली का एक बच्चा था। फिर धीरे-धीरे करामत अली इस सिलसिले में आगे हो गये, और फुन्नन मियाँ हमेशा की तरह उनके दरवाज़े पर जाकर हुक्का पीने लगे।

ऐसे ज़िद्दी और सिरफिरे आदमी पर हाथ डालना कोई ठट्ठा खिलवाड़ नहीं था।

इसीलिए ठाकुर साहब समाउद्दीन खाँ से मशवरा करना चाहते थे। उनका ख़याल था कि अगर इस वक्त उत्तर-पट्टीवालों को कुलसुम की याद दिलायी जाय जो अब भी फुन्नन मियाँ के घर में है और उनके दस बच्चा-बच्चियों की माँ है तो शायद करामत अली का मुँह देखकर हकीम अली कबीर दक्खिन-पट्टीवालों पर बलवे का मुकदमा कायम करवाने पर तैयार हो जायें।

मगर समाउद्दीन खाँ तो मातम कर रहे थे।

'आपके हकीम साहब बुलावत बाटेन।'' चमार के एक लड़के ने ठाकुर साहब से कहा।

अच्छा।

ठाकुर साहब जैसे ही फाटक में घुसे हकीम साहब और डिप्टी अली
[illegible] मियाँ ने यह शोर किया कि क्या अगर दक्खिन-पट्टी
न दें तो ये लोग अपने घर में बन्द रहें? इसलिए या तो
या फिर उत्तर-पट्टी के नाज़िर साहब के ज़ोर पर रास्ता बना

ठाकुर साहब ने उन लोगों को बड़ी मुश्किल से ठण्डा
[illegible] उन्होंने अपना [illegible] भी तो हकीम साहब खुश
[illegible] तो इन्शाअल्लाह ऐसा ही होगा। कुछ

आपको गवाहों की कमी नहीं पड़ेगी। इतनी उद् बोलकर वह अपनी जबान पर उतर आये, हे गुलाम हुसन, तनी उ'जान' को बुलइया।

'फुन्नन मियाँ को पकड़ने के लिए तो सरकार बहुत दिनों से बेचैन है। ठाकुर साहब ने डिप्टी अली हादी के कान में कहा।

सरकार की बेकरारी की खबर सुनकर डिप्टी अली हादी खुद बेकरार हो गये। बोले वह हरामजादा तो लाठिया चलाने में सबसे आगे था।'

'सारी हम अब्बू बशीर और वजीरो को ना छोड़ेंगे। हकीम साहब ने कहा।

ये बो असर लोग हैं इन्हें सजा दिलवाना आसान नहीं है।' ठाकुर साहब ने कहा।

मगर हकीम साहब बिफर गये। उन्हें अली हादी मियाँ ने बड़ी मुश्किल से काबू में किया। चुनाँचे रपट लिखवा दी गयी कि बल्ली माई के दरवाजे पर नियाज हो रही थी कि फुन्नन मियाँ ने सुलेमान और हम्माद मियाँ के साथ बल्ली माई पर लाठियों से हमला किया। हम मुद्दई जब बल्ली माई को छुड़ाने और बीच बचाव करवाने पहुँचे तो मुलजिमों ने हम मुद्दइयों पर भी हमला किया और गया अहीर रघुनाथ भर और उसके दो बेटा—दीना और घनशाम—ने भी हम पर लाठियों से हमला किया। मुलजिमों में उन तमाम लोगों के नाम लिखवाये गये जो अहीर टोली भर टोली और चमटोली के मुस्टंड लोगों में थे। और जिनके बूते पर फुन्नन मियाँ जैसे मामूली जमादार की गर्मोली में हुकूमत थी। रपट लिखवानेवालों में मौलवी बेदार मीर उस्ताद हुसन और हुसन अली मियाँ के अलावा कई भर और अहीर भी थे।

यह खबर अब्बू मियाँ को उसी वक्त मालूम हो गयी। क्योंकि उस वक्त हकीम साहब के दरवाजे पर शकरा चमार भी मौजूद था जो हकीम साहब के कैम्प में अब्बू मियाँ का जासूस था।

अब्बू मियाँ ने मरसिये की बयाज तुरन्त जेब में रख ली। मशवरा होने लगा। जुलूस आगे उठा दिया गया। तमाम नामजद मुलजिमों को रूपोश होने का हुक्म सुना दिया गया। तय यह पाया कि मुलजिमान तो कई दिनों

में गाज़ीपुर और मुहम्मदाबाद के अस्पतालों में दाख़िल हैं। और फुन्नन मियाँ अपनी बेटी रज़िया के पास कलकत्ता गये हुए हैं।'

ठाकुर साहब ने जब मुलज़िमों को गिरफ्तार करने के लिए शाम को पाँव बढ़ाया, तो मालूम हुआ कि कोई मुलज़िम गंगौली में मौजूद ही नहीं है। वह बेचारे उन्हें पकड़ने के लिए चलकर बड़े दरवाज़े तक आये थे। अब्बू मियाँ ने ठाकुर साहब की बात सुनते ही तमाम मुलज़िमों के घर आदमी दौड़ाये।

'मगर मेरे ख़याल में तो आपको ग़लत ख़बर मिली है।' आदमी दौड़ाने के बाद अब्बू मियाँ ने ठाकुर साहब से कहा। 'उनमें से कोई आज गंगौली में है ही नहीं।'

'फुन्नन तो शायद कलकत्ते गये हैं क्या मुहम्मद?' अब्बू मियाँ ने फुन्नन मियाँ के दामाद से पूछा।

'जी हाँ।'

'और गुलमान तो कोई छः दिन से सदर अस्पताल में दाख़िल है।' वज़ीर मियाँ ने कहा। 'बेचारा सख़्त तकलीफ़ में है मामूँ।'

'हाँ भाई अब क्या कहा जाय, मौसम अजब आ गया है।' अब्बू मियाँ ने कहा। 'मैं उसे देखने अस्पताल गया था। मुझे देखते ही बेचारा सिविल सर्जन गद्गद हो गया और बोला, सैयद साहब आपने क्या तकलीफ़ की? मैंने कहा, भई माथुर साहब तकलीफ़ कैसे न करता। यह मेरा ख़ास आदमी है। तो उसने कहा साहब ऐसा केस तो मैंने आज तक नहीं देखा। यह सरासर अन्धेर हो चुका है मगर बाई गॉड मुझे अब तक यह न मालूम हो सका कि दंगा हुआ क्या था?

और हम्माद बेचारे पर तो चाँद गाँव में आफ़त आया है। कोठे पर से गिर गये। दाहिना हाथ टूट गया। मुहम्मदाबाद के अस्पताल में पड़े हैं।' ग़फ़्फ़ार मियाँ बोले और फिर दाहिने हाथ में नट का बुनाव पोंछने लगे। हालाँकि हम्माद मियाँ का हाथ कामता चमार के बड़े भाई घुरआ की लाठी से टूटा था।

पहिले मानामान बुलाये गये। उन्होंने ठाकुर साहब के लिए शरबत

बनाया। तमाशी उनके लिए पान लाया। और गुड़ बेचू हलवाई एक दोने में गुड़ के ताजा लखटे लाया। ठाकुर साहब ने सोचा कि अब तो मुलजिमीन हाथ से निकल ही चुके हैं इसलिए नाश्ता करने में क्या नुकसान है। उन्होंने समीउद्दीन खाँ की तरफ देखा। वह उस बँसखट के पायती बैठे हुए थे, जिस पर फुन्नन मियाँ लेटे हुए हुक्का पी रहे थे। समीउद्दीन खाँ के एक हाथ में चाय की प्याली थी और दूसरे में तश्तरी। वह तश्तरी में उँडेली हुई चाय को फूँक रहे थे। ठाकुर साहब ने दाँत पर दाँत जमा लिये कि अब यह कमबख्त सुड़का मारेगा। उस सुड़के की आवाज से ठाकुर साहब के दाँत किरकिरा जाते थे और पूरा बदन झनझना जाता था। वह इस बात पर समीउद्दीन को डाँट भी चुके थे। लेकिन वह समीउद्दीन ही क्यों होगा जो बदल जाय। चुनांचे ठाकुर साहब हाथ में शरबत का गिलास लिये उस सुड़के का इन्तजार करने लगे। इत्तफाक से समीउद्दीन ने उन्हें इस हालत में देख लिया। वह बिना सुड़का लगाये चाय पी गये और जेब से बीड़ा निकालने लगे।

अरे पी के खतम करो खाँ साहब अपनी साली चाय को।'' ठाकुर साहब ने झल्लाकर कहा।

तमाम लोग चौंक पड़े। क्योंकि समीउद्दीन की प्याली अपनी तश्तरी पर औंधी रखी हुई थी और तश्तरी बँसखट के पाये के पास थी जिसके इधर-उधर और ऊपर-नीचे चींटियों का एक गोल अपने काम में जुटा हुआ था। ठाकुर साहब झेंप गये और ठीक उसी वक्त अब्बू मियाँ के भेजे हुए सिपाही लौट आये।

क्या हुआ? ठाकुर साहब ने पूछा।

लेकिन वे सिपाही ब्रिटिश सरकार के सिपाही नहीं थे। उन्होंने ठाकुर साहब के सवाल का जवाब नहीं दिया। वे अपने अपने जमींदारों से मुखातिब हो गये। खबर एक ही थी। कोई मुलजिम गाँव में मौजूद नहीं था।

मीर साहब! ठाकुर साहब ने अब्बू मियाँ को मुखातिब किया, मौलवी बशीर की हालत नाजुक है। यह मामला दब नहीं सकता। मैं दो हजार गवाह पेश करूँगा कि ये लोग वारदात की जगह पर मौजूद थे

'ज़रूर पता कीजिए ठाकुर साहब।' अब्दू मियाँ ने कहा, 'हम आपका यह शराफ़तें बताने में कम रह सकते हैं?'

'हम इसका ख़याल रखिएगा,' वज़ीर मियाँ बोले, 'कि इन गवाहों में से कोई उत्तर पट्टीवालों का आसामी न हो। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूँ कि जिरह करने को मैं ही मस्त हूँगा।'

ठाकुर साहब जानते थे कि यह एक चैलेंज है और वह ऐसे कई थानेदारों को जानते थे जिनसे वज़ीर मियाँ ने जिरह की थी। उन्हें पसीना आने लगा। लेकिन उन्होंने अपनी बिखरी हुई ताक़त को इकट्ठा किया और कहा, "मुख़्तार साहब, हमारा काम बस इतना है कि मुक़दमा अदालत के सामने पेश कर दें।" वह खड़े हो गये। "अच्छा अब इजाज़त दीजिए। आप लोग भी दिन भर के थके हारे हैं।"

ठाकुर साहब कासिमाबाद चले गये जहाँ गुलाबीजान उनकी राह देख रही थी। उनके जाने के बाद तो अब्दू मियाँ भी उठ खड़े हुए।

"चलो भाई, शाम-ग़रीबाँ की मजलिस कर ली जाय।"

किसी ने उनसे यह नहीं कहा कि इतनी सख़्त फ़ौजदारी के बाद उत्तर पट्टी की किसी मजलिस में जाने का क्या तुक है, क्योंकि इमामबाड़ा इमाम हुसैन का होता है और मजलिस भी उन्हीं की होती है। ख़ुद उत्तर-पट्टी में भी किसी ने यह नहीं सोचा था कि मजलिस मुल्तवी कर दी जाय।

रात को नमाज़ के बाद लोग इमामबाड़े में इकट्ठा हुए। हकीम अली कबीर [illegible] मियाँ की जगह पर जा बैठे। लेकिन वहाँ बैठना उन्हें कुछ अजीब लगने लगा। इसलिए वह [illegible] उठकर अपनी पुरानी जगह पर आ गये। चूँकि वह बड़े थे इसलिए सभी उनका मुँह देख रहे थे कि वह आख़िर [illegible] का हुक्म क्यों नहीं दे रहे हैं।¹ ख़ुद हकीम साहब हैरान थे कि आख़िर वह रोशनियाँ गुल करने का हुक्म क्यों नहीं दे रहे हैं। क़िस्सा यह था कि इमामबाड़े के फ़र्श पर दक्खिन-पट्टीवालों की ख़ाली जगह

¹ इस मोहर्रम की रात को जो मजलिस होती है वह शाम-ग़रीबाँ की मजलिस कही जाती है और यह मजलिस अँधेरे में होती है।

उन्हें परेशान कर रही थी। वह सोच ही रहे थे कि अलिमवा हज्जाम को दक्खिन पट्टी भेजें कि अब्बू मियाँ के पीछे-पीछे दक्खिन पट्टी का पूरा गिरोह बच्चों-बच्चों समेत फाटक में दाखिल हुआ।

ये लोग किसी से कुछ कहे सुने बिना अपनी-अपनी जगहों पर बैठ गये। दोनों पट्टियों के बच्चे मिम्बर के पीछे बैठकर गप लड़ाने लगे। हकीम साहब ने रोशनियाँ हटाने का हुक्म दिया, मगर अब सवाल यह था कि मजलिस पढ़े कौन? अब तक तो इस शब्बू मियाँ पढ़ा करते थे। रोशनियाँ के हट जाने के बाद अँधेरे में हकीम साहब की आवाज़ गूँजा करती थी, 'हैं शब्बू पढ़ो भाई!'

लेकिन क्या आज भी वह ऐसा कह सकते हैं? यह सवाल उनको परेशान कर रहा था। अँधेरे में थोड़ी देर सन्नाटा रहा, फिर हमेशा की तरह उनकी आवाज़ गूँजी 'हे शब्बू पढ़ो भाई!

ताना-बाना

थानेदार ठाकुर हरनारायण प्रसाद को हम्माद मियाँ वगैरह को सजा दिलवाने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो केवल पुत्तन मियाँ में दिलचस्पी थी। उनसे भी उनकी कोई जाती अदावत नहीं थी और उन्हें यह भी मालूम था कि फौजदारी में ज्यादती उत्तर-पट्टीवालों ही की थी फिर भी उन्होंने एकतरफा तफतीश की। वह इस काम में सफल भी हुए और पुत्तन मियाँ के साथ-साथ दक्खिन पट्टी के और कई लोगों को भी सजा हो गयी। इनाम में उन्हें सर्विस बुक में चार इन्दराजात मिल गये।

वे उसी वक्त घोड़ा कसवाकर कासिमाबाद की तरफ चल पड़े।

गुलाबीजान उनके क्वार्टर में उनकी राह देख रही थी। ठाकुर साहब का हरगाश बरगाश चेहरा देखकर उसे ध्यान हो गया कि वह मियाँ लोगों को सजा दिलवाने में सफल हो गये। उसने उसी वक्त दुर्गीराम कान्स्टेबल हवलदार समाउद्दीन खाँ को बुलवाया। कासिमाबाद थाने में उनके सिवा कोई और मुसलमान नहीं था। उन्हें काम बताकर गुलाबीजान ने बहादुरगंज चलता किया कि वह हशमतुल्ला हलवाई की दुकान से मिठाई लायें कि ठाकुर साहब की जान की खुशी में खाना नियाज दिलवाया जा सके। गुलाबीजान ने पुत्तन शाह और चन्दन शहीद के मजारों पर भी चादरें मान रखी थी गरज कि गुलाबीजान ने अपनी तरफ से पूरा जोर लगा रखा था।

मगर गुलाबीजान को भी ठाकुर साहब ही की तरह पुत्तन मियाँ से कोई जाती अदावत नहीं थी। उसने तो पुत्तन मियाँ को केवल एक बार देखा था। बहादुरगंज के बड़े खाँ साहब की छोटी बच्ची की शादी के नाच में। पुत्तन मियाँ बराती थे। बारातवालों ने गुलाबीजान के साथ-साथ गाजीपुर की प्रसिद्ध चम्पाबाई को भी बुलाया था।

उन दिनों चम्पाबाई के बड़े शोहरे थे। वह बड़े ठस्से से आयी। गुलाबीजान ट्रेनिंग में आ चुकी थी। चम्पाबाई उसे हिकारत से देखकर एक तरफ बैठ

गयी। इन दानों से थोड़ी ही दूर पर चमारों का एक नमकीन सा लौंडा होंठों पर पान का लाखा जमाये बैठा इन दोनों पर हिकारत से मुसकरा रहा था और अपने हर तरफ बैठे हुए लोगों की गन्दी जुमलेबाजी का तड़ातड़ जवाब दे रहा था और इठला रहा था। उसकी इठलाहट देखकर गुलाबीजान को खयाल आया कि नाज नखरे के सबक उन्होंने बेकार ही लिये थे। उस लौंडे के पास बैठनेवालों की आँखों में वासना के चिराग जल रहे थे। गुलाबीजान और चन्दाबाई के पास बैठनेवालों की आँखों में भी इन्हीं चिरागों की जोत जाग रही थी परन्तु उन चिरागों की लव इतनी ऊँची न थी।

यह छः या सात साल पहले की बात है। उन दिनों गुलाबीजान कोई चौदह पन्द्रह मार की थी, और उसकी उतरी हुई नथ अभी बिलकुल ताजा थी। फुन्नन मियाँ इज्जत की जगह, यानी दूल्हा के पास बैठे थे। पहले गुलाबीजान का मुजरा हुआ। गुलाबीजान मियाँ लोगों की महफिलों को जानती थी। दो-तीन पूरबी गीत गाने के बाद उसने गालिब की एक गजल छेड़ी। चन्दाबाई गरदन टेढ़ा किये बैठी अपने दाहिने पर से ताल देती रही मगर वह लौंडा अपने चारों तरफ बैठे हुए लोगों से ठठोल करता, हँसता और लोगों को हँसाता रहा। उसके पास बैठनेवालों की आवाजों में वासना की नमी बढ़ती ही चली गयी। यहाँ तक कि गुलाबीजान ने यह महसूस किया कि वासना की इस बाढ़ में शायद वह अपनी आवाज समेत डूब जानेवाली है। उसने उस्तादजी की तरफ कनखियों से देखा मगर वह बेचारे कर ही क्या सकते थे। वह लौंडा जगाव करीब के मशहूर नचय्यों में था। और मशहूर था कि सनीमपुर के जमींदार अशरफुल्ला खाँ अशरफ अपने दादा के रतमी[1] दीवान की तरह उस लौंडे का भी रखे हुए थे। और फुरसत में इन दोनों ही के पान उल्टा-पल्टा करते थे। उन्होंने तो उसका नाचना भी बन्द करवा दिया था। उसे बस खास खास मौकों पर नाचने की इजाजत थी मगर जाहिर है कि इन खास मौकों पर भी वह उनके पास तो बैठ नहीं सकता था। बहादुरगंज के खान साहब से उनका याराना था इसीलिए उनके बेटे के ब्याह की महफिल में

[1] हाथ के लिखे हुए।

उनका लौंडा नाचने तो आ गया था मगर उनसे दूर बैठा हुआ लोगों में चुहलें कर रहा था। आग़ा फ़न्ना भी मसनद पर थे और फुन्नन मियाँ से अपने दादा की शायरी की बातें कर रहे थे। वह लौंडा उनसे दूर फ़र्श पर था। खान साहब उन गन्दे घिनौने जुमलों को सुन रहे थे जो गुच्छे उस लौंडे के चारों ओर मक्खियों की तरह भिनभिना रहे थे और बार-बार उस पर बैठ जाना चाहते थे। खान साहब बेचारे उस वक्त तो कुछ कर नहीं सकते थे मगर उन्होंने यह तय कर लिया था कि इस जश्न के बाद बहादुरगंज और मनीमपुर के बीच में पड़नेवाले जंगल में वह उस लौंडे को काटकर डाल देंगे। उनसे यह हतक झेला नहीं जा रहा था। खान साहब का गुस्सा सदा नाक पर धरा रहता था, मगर शरीफ़ आदमी थे और हर जगह गुस्से में बरस नहीं सकते थे। वरना उनके बारे में तो यह मशहूर था कि जब गुलाबीजान ने नथ पहनी और यह खबर खान साहब को इस दुमछल्ले के साथ मिली कि नगरामऊ के ठाकुर साहब गुलाबीजान की नथ उतारने की तमन्ना कर चुके हैं तो खान साहब को ताव आ गया। बोले, वह क्या खाकर गुलाबीजान की नथ उतारेगा। भाई साहब मरहूम ने उसकी बड़ी बहन की नथ उतारी थी। बाबा मरहूम ने उसकी खाला की नथ उतारी थी। इसलिए गुलाबीजान की नथ मैं उतारूँगा।

नतीजे में गुलाबीजान का दाम चढ़ गया। उसकी नथ एक सौ एक नक़द और पाँच बाग़ की माफ़ी पर उतरी। ठाकुर साहब हिम्मत हार गये। मगर संयोग कुछ ऐसा हुआ कि पाला पड़ने लगा। अब गुलाबीजान भला कैसे पानी में घुस आती! खान साहब पहले तो पहलू बदलते रहे फिर कमरे में टहलने लगे। जब पाला किसी तरह न थमा तो वह अपना दुशाला लेकर बाहर निकल आये। उन्होंने आसमान की तरफ़ हाथ उठाकर गालियाँ सुनायीं। वह अल्लाह मियाँ से ख़फ़ा हो गये थे। फिर ख़ुदा ही का करना ऐसा हुआ कि पाला रुक गया। गुलाबीजान आयी और उसकी नथ उतर गयी। उसी दिन से यह बात मशहूर हो गयी कि मनीमपुर के खान साहब से तो अल्लाह मियाँ तक डरते हैं।

अब भला ऐसे में कौन न डरता। मगर उस लौंडे को अपने नवाब पर नाज़ था। वह यह कह सकता था कि मनीमपुर के खान साहब ने चार पाँच दाँव

हैं, और उसके तलवों से आँखें मलकर रोये हैं। अगर वह कभी किसी की तरफ देखकर मुसकरा दिया है तो वह जल जल गये हैं, और उन्होंने उसे औरतों की तरह कोसने दिये हैं। बार बार कहा है, 'आज सता ले, जानिम ! जब मर जाऊँगा तो याद करेगा।"

और शायद यही वजह है कि वह लौंडा खान साहब की परवाह किये बिना लोगों से ठठोल कर रहा था और जोर जोर से हँस रहा था। इस हंगामे में गुलाबीजान बार बार सुर ले रही थी और बार बार सुर की डोर टूट रही थी। चन्दाबाई हिकारत से मुसकराकर अपने उस्तादजी से कानाफूसी कर रही थी।

फुन्नन मियाँ एकदम से खड़े हो गये। वह उस लौंडे की तरफ बढ़े। वह उनकी तरफ देखकर बड़ी निलज्जता से मुसकराया। फुन्नन मियाँ ने उसे एक ऐसा तमाचा मारा कि उस्तादजी के बायें की गमक दब गयी। महफिल में सन्नाटा छा गया। फुन्नन मियाँ फिर अपनी जगह लौट आये। सारी महफिल की निगाहें खान साहब पर जमी हुई थीं।

'वह गालिब की गजल गा रही थी, भई।' फुन्नन मियाँ ने कहा। बस वह अनिफ थे नहीं जानते थे मगर अनीस और वहीद के मर्सिया ही की तरह उन्हें मामिन गालिब और दाग के अनगिनत शेर याद थे। वह गालिब की हतक बर्दाश्त नहीं कर सकते थे। खान साहब की समझ में भी यह बात आ गयी। उन्होंने फिर कुछ नहीं कहा। बाद में थानेदार शिवधनी सिंह और उत्तर-पट्टी के जमादार ने खान साहब को चढ़ाने की पूरी कोशिश की कि फुन्नन मियाँ का थप्पड़ उस चमार के लौंडे के मुँह पर नहीं पड़ा था, बल्कि उनके मुँह पर पड़ा था। मगर खान साहब ने उन लोगों की बात मानने से इनकार कर दिया।

कहते हैं कि उस लौंडे का मुँह इतना सूज गया लेकिन सूजन न गयी। जब वह अच्छा हुआ तो खान साहब ने उसे बड़ी भयानक सजा दी। उन्होंने उसे किसी काम से खलवत में भेजा। उस खलवत में सिराजुद्दीन खाँ पहलवान और उनके आठ पट्ठे पहले से मौजूद थे। वे उसी की राह देख रहे थे। दूसरे

दिन खान साहब ने उस लौंडे को उसकी टोली समेत गाँव से निकाल दिया और फिर वह करीब-करीब के किसी गाँव में भी नहीं देखा गया।

लेकिन ये बातें तो और लोगों के साथ गुलाबीजान ने बाद में सुनी। उस दिन तो बस इतना हुआ कि तमाचा खाकर लौंडा सन्न खींच गया। वह सोच भी नहीं सकता था कि फुन्नन मियाँ जैसा मामूली ज़मींदार भरी महफ़िल में उस पर हाथ भी उठा सकता है। मगर जो बात उस लौंडे को नहीं मालूम थी वह यह थी कि फुन्नन मियाँ लाख छोटे ज़मींदार सही मगर सैयद थे और खान साहब के पुरखे सैयद नूरुद्दीन शहीद के साथ आये थे। लेकिन यह बात न फुन्नन मियाँ भूले थे और न अशरफुल्ला खाँ अशरफ—जो नूह नारवी के शागिर्द थे। इसलिए जब फुन्नन मियाँ ने खान साहब को यह बताया कि गुलाबीजान ग़ालिब की ग़ज़ल गा रही थी तो फिर कहने या सुनने के लिए कुछ रह ही नहीं गया था।

गुलाबीजान देर तक गाती रही। फिर एक ठाठ नाचकर वह बैठ गयी और चम्पाबाई इठी-नची की लहर की तरह हवा की डोर पर चढ़ गयी और अपनी ही मुस्कराहटों के नन्हे-नन्हे गुलाबी फूलों से लद गयी। पहले वह एक ठाठ नाची। गुलाबीजान को यह मानना पड़ा कि चम्पाबाई उससे अच्छा नाचती है। ठाठ नाचकर वह दरबारी गाने लगी। उसकी आवाज़ भी अच्छी थी—हरसिंगार के फूलों की तरह कोमल और पानी की सुगन्ध की तरह दूर जानेवाली। लेकिन अभी वह अनाड़ी भी रही थी कि फुन्नन मियाँ बोले लगता तो अच्छा था कि उस लौंडे को ताल आ जाता।

चम्पाबाई घबराकर चुप हो गयी तो फुन्नन मियाँ उसकी तरफ देखकर बोले, तुम्हारी आवाज़ अच्छी है मगर कच्ची है।

फुन्नन मियाँ संगीतज्ञ नहीं थे। उन्हें तो यह भी नहीं मालूम था कि गिनाकर सुर कितने होते हैं। मगर खानदानी की परम्परा ने उन्हें आवाज़ के उतार-चढ़ाव और तारतम्य से परिचित करा दिया था। वह असिर के नाम से नहीं जानते थे मगर अन्दू मियाँ और हुसैन अली मियाँ के बच्चों के सारे मरसिये उन्हें ज़बानी याद थे। चुनांचे जब वह आम दिनों में मिर- बनने तो मरसिया पढ़नेवालों से बस इतना पूछ सकते कि यह कौन सा

पढने जा रहा है। दस माहरम का जब वह कबला जाते तो कागज का एक मन्नती ताजिया लेकर अपने बुजुर्गों की हर कब्र पर जाते। मुमताज और फुटटू को अपना बाजू बनाकर वह उन कब्रों में सोती हुई आत्माओं को मरसिया सुनाते। लेकिन साजखानी की परम्परा का ध्यान रखते हुए वह अपने हाथों में कोई न कोई मरसिया जरूर रखते—चाहे वह मरसिया वह पढ रहे हों, चाहे न पढ रहे हों। एक साल फुटटू बीमार पड गया तो उन्होंने शम्मू को बाजू बना लिया। शम्मू ने वह पढना शुरू कर दिया जो लिखा हुआ था। उन्होंने शम्मू को कोहनी मारी, 'ऊ मत पढो जउन लिक्खा है। तउन पढो जउन हम पढ रहे'

बात इलम से ज्यादा परम्परा की थी। इसीलिए उन्होंने गाजीपुर की मशहूर तवायफ चन्दाबाई को टोक दिया और वह दस जहर को पी भी गयी। क्योंकि गाजीपुर के दौलतमन्द जुलाहे, बनिया या कुजडा को यह तमीज तो थी नहीं कि आवाज का पक्कापन किस चीज का नाम है और कच्चापन क्या होता है—उनके लिए तो चन्दाबाई के बदन का कच्चापन ही बहुत था।

चन्दाबाई की इस जिल्लत पर गुलाबीजान दिल ही दिल में बहुत खुश हुई और उसने फुन्नन मियाँ को चुपचाप हजारों दुआएँ दे डालीं।

लेकिन जब वह ठाकुर हरनारायन प्रसाद थानेदार की धोती में धब्बे की तरह पड गयी तो उसे ठाकुर साहब की वजह से फुन्नन मियाँ का बुरा चाहना पडा। ठाकुर साहब के साथ उसकी खूब गुजर रही थी इसलिए वह यह नहीं चाहती थी कि फुन्नन मियाँ कबाब का हड्डी बन जायें। इसीलिए उसे फुन्नन मियाँ की सजा के लिए मन्नतें मागनी पडीं। ये मन्नतें ठाकुर साहब से छिपाकर नहीं मांगी गयी थीं। इन मन्नतों से उनके मरदाना गौरव की एक तसकीन भी होती थी। वह जब शहर जाते तो पुलिस लाइन में ठहरे हुए थानेदारों से कहते भई हमारी हमारी रण्डियाँ बवफा मेरी गुलाबीजान तो वफा की पुतली है। हर जुमेरात को मजार की सन्ध्या उतारती है। और फुन्नन मियाँ की सजा के लिए तो उसने मन्नतें मान रखी है

और मजे की बात यह है कि फुन्नन मियाँ के बच्चों की माँ कुलसुम ने भी उन्हीं मजारों पर फुन्नन मियाँ के बेदाग छूट जाने की मन्नत मान रखी थी।

उसने तो बड़े ताज़िये के चौक पर मन्नत मान डाली थी। लेकिन जब फुन्नन मियाँ की सज़ा हो गयी तो इससे उसके विश्वास को ठेस नहीं लगी। उसने सोचा कि शायद मौला इम्तहान ले रहे हों या शायद दमड़िया भर ने ठीक से मन्नत ही न मानी हो या फुन्नन शाह और चन्दन शहीद उस वक्त अपनी कब्रों में रहे ही न हों और बाद में रहमत के फरिश्ते उन्हें यह बताना भूल गये हों कि दमड़िया भर के ज़रिये गंगौली की कुलसुम बी ने कोई मन्नत मानी है।

कुलसुम बी को यह नहीं मालूम था कि फुन्नन शाह या चन्दन शहीद ने गुलाबोजान की मन्नत पूरी कर दी है। अगर कुलसुम को यह मालूम होता तब भी शायद उसका दिल बुरा न होता। मन्नतें तो मन्नतों से टकराती ही रहती हैं। किसी-न-किसी की मन्नत पूरी होती ही रहती है और इसीलिए विश्वासों की दुनिया में कोई तूफ़ान नहीं आता। जिसकी मन्नत पूरी नहीं होती वह यह सोचकर चुप हो जाता है कि खुदा उसका इम्तहान ले रहा है।

समीउद्दीन खाँ जब हशमतुल्ला हलवाई की दुकान पर पहुँचे तो इत्तिफ़ाक से वहीं हकीम अली कबीर के पुराने नौकर गुलाम हुसैन खाँ भी आये हुए थे। अलैक-सलैक के बाद गुलाम हुसैन खाँ ने पूछा, 'किसके वास्ते मिठाई खरीद रहे हो खाँ साहब?'

समीउद्दीन खाँ ने कहा, 'गुलाबोजान के वास्ते।'

गुलाम हुसैन खाँ मुसकराये, 'क्यों भाई, दरोगाजी के साथ-साथ गुलाबोजान की मिठाई आप खाने लगे?'

"नहीं जी!" समीउद्दीन खाँ ने कहा, "माँ ने फुन्नन मियाँ की सज़ा के लिए मन्नत मानी थी। अब दोनों नियाज़ देंगी और फुन्नन शाह और चन्दन शहीद पर चादर चढ़ायेंगी।"

अपने दिल में समीउद्दीन खाँ इस खबर से खुश नहीं थे। ऐसा नहीं था कि उन्हें दक्खिन-पट्टीवालों से हमदर्दी रही हो। मगर उनका खयाल यह था कि इस झगड़े में शरारत उत्तर-पट्टीवालों की थी। लेकिन उनका यह खयाल उन्हें झूठे गवाह तैयार करने से न रोक सका, यह एक बिलकुल ही दूसरी बात है। वह तो झूठे गवाह तैयार करने की तनख्वाह ही पाते थे।

'बाकी आप हिया कइसे दिखाई द रहे ?" समीउद्दीन खाँ ने पूछा।

'ओही सजा की खुशी मे आज हमरी ओर पचमेल बने वाली है। उहै लेवे आये है।

समीउद्दीन खाँ मिठाई लेकर कासिमाबाद चले गये। गुलाम हुसैन ने मिठाई का टोकरा बेगार के सिर पर लदवाकर उसे गगौली की तरफ चलता किया। फिर हशमतुल्ला के यहा एक चिलम पीकर वह भी चल पड़े। अभी वह कोई दो ही मील आये होगे कि गगौली से आनेवाले शरफुआ ने उन्हें धर लिया। इस शरफुआ का नाम नमतुल्ला था लेकिन उत्तर पट्टी म वह शरफुआ ही कहा जाता था। बात यह है कि डिप्टी अली हाजी के यहा एक नौकर था। उसका नाम शरफुद्दीन था—इसलिए वह आसानी के लिए शरफुआ कहा जाने लगा। कोइ दो बरस काम करने के बाद वह कलकत्ता भाग गया तो डिप्टी साहब के चपरासी ने एक और लौडा ढूँढ निकाला। उसका नाम रशीद था। वह रशिदवा हो गया होता मगर डिप्टी साहब के एक चचा का नाम रशीद था इसलिए वह भी शरफुआ कहा जाने लगा। कुछ दिनो तक तो बडी गडबडी रही फिर रशीद को याद हो गया कि इस घर और इस गाँव मे उसका नाम शरफुआ है। फिर वह भी भागकर कानपुर चला गया तो डिप्टी साहब के यहाँ एक और लौडा रखा गया। उसका नाम नमतुल्ला था। चूंकि घर वाले शरफुआ को पुकारने के आदी हो गये थे इसलिए नेमतुल्ला का नाम भी शरफुआ पड गया।

गुलाम हुसन खाँ को बहादुरगज भेजने के बाद हकीम साहब को खयाल आया कि थानेदार कासिमाबाद ठाकुर हरनारायन प्रसाद के यहा भी मिठाई का जाना जरूरी है। इसलिए उन्होने शरफुआ से कहा कि वह लपक जाये और प्रसाद की मिठाई लेकर गगौली आ जाये और गुलाम हुसन खाँ से कह दे कि वह थानेदार साहब की मिठाई लेकर कासिमाबाद चले जायें।

गुलाम हुसन खाँ वहा से लौट पडे। चूँकि मुसलमान हलवाई की शर्त नहीं थी इसलिए उन्होंने झिंगुरी हलवाई के यहाँ से ताजा-ताजा इमरतियों की एक टोकरी भरवायी। इस टोकरी को एक बेगार के सिर पर लदवाकर वह कासिमाबाद की तरफ चल पडे।

ठाकुर साहब ताज़ा ताज़ा खुशरंग और रसीली इमरतिया को देखकर बहुत खुश हुए। झिंगुरी ने जब यह सुना था कि मिठाई दरोगाजी के लिए जा रही है तो उसने इमरतिया को टोकरी में सजाने के बाद उन पर गुलाबपाश से गुलाबजल भी छिड़क दिया था इसलिए टोकरी में भीनी भीनी महक भी आ रही थी।

गुलाम हुसैन खाँ दुनिया देखे हुए थे। इसलिए उन्होंने ठाकुर साहब को बातों ही बातों में यह बता दिया कि मिठाई झिंगुरी के यहाँ की है। झिंगुरी के मज़ीर की तारीफ करते करते उन्होंने यह भी बता दिया कि इमरतिया को टोकरी में खुद झिंगुरी ही ने सजाया है। यानी खुद उन्होंने या किसी और मुसलमान ने मिठाई को हाथ भी नहीं लगाया है और ठाकुर साहब बेधड़क खा सकते हैं। ठाकुर साहब ने भी खाँ साहब के इशारे को पा लिया। उन्होंने खास तौर पर समीउद्दीन खाँ को आवाज़ दी कि वह गुलाम हुसैन खाँ के खाने-पीने का प्रबन्ध करें। गुलाम हुसैन खाँ का टट्टू खास ठाकुर साहब के अस्तबल में भेज दिया गया। उनके मुश्की घोड़े ने उसे बड़ी हिकारत से देखने के बाद अपना दाहिना अगला पैर ज़मीन पर मारना शुरू कर दिया।

गुलाम हुसैन खाँ ने थाने के कुएँ पर नहाने धोने के बाद समीउद्दीन खाँ के क्वार्टर के सामनेवाले नीम के नीचे एक चारपाई पर अपना बदन सूखने के लिए फैला दिया। समीउद्दीन खाँ भी आ गये। उनका बेटा बदरुद्दीन उर्फ बदरुआ हुक्का भर लाया जिसकी नै से कलाबत्तू उधड़ चुकी थी और सिर्फ मलगोरा लाल कपड़ा रह गया था। चिलम के सुलग जाने तक तो समीउद्दीन खाँ कश लेते रहे फिर नट्टा दबाकर उन्होंने हुक्का गुलाम हुसैन खाँ की तरफ मोड़ दिया। गुलाम हुसैन खाँ जौनपुरी खमीर की महक से यूँ ही बेचैन हो रहे थे। समीउद्दीन खाँ बतन-चवन के लिए थोड़ा सा खमीरा रखते थे। वरना रोज़ाना के लिए तो वह अठमर में काम चला लिया करते थे।

गुलाम हुसैन खाँ ने दो-तीन छोटे-छोटे कश लेने के बाद एक बड़ा-सा कश लिया। जब कुछ सुरूर छँटा तो वह सोचने लगे कि अगर समीउद्दीन खाँ के घर के मुर्तुज़ा खाँ से उनकी बेटी बसरन का रिश्ता हो जाय तो कितना अच्छा हो। लड़का माशाअल्लाह से फौज में भरती है—पिछले साल मोहर्रम

म आ गया था, तो समीउद्दीन उस बड़के फाटक की पाचवाली मजलिस म लाये थे। हाथ पर का भी अच्छा है। नौहा पढने म तो उसने फुन्नन मियां के दामाद मुहम्मद हुसैन को भी मात कर दिया था। इसी रिश्ते को ध्यान म रखकर वह सालभर समीउद्दीन को तरह-तरह की चीजें यह कह कहकर खिलाते रहे कि ये चीजें खास उनकी बेटी बदरुन न पकायी है और यह कि बदरुन की शादी के बाद तो उनका बावर्चीखाना बिलकुल ही वीरान हो जायेगा। ऐसा नही था कि बदरुन को पकाना ही न आता रहा हो। भला कौन ऐसा घर होगा जिसकी लडकी को पकाना न आता हो लेकिन एहतियातन वह समीउद्दीन खा को बदरुन की पकायी हुई चीजें नही खिलाते थ। मसलन चने का हलवा वह फुम्मू मियाँ की अम्मा यानी रब्बन बी से पकवाया करते थे जो चने के हलवे के लिए दूर दूर तक मशहूर थी। गलाम हुसन खाँ उत्तर और दक्खिन पट्टी के झगड़े को भूलकर फुस्सू मियाँ के घर जाते, दरवाजे से आवाज़ देते और जब रब्बन बी दरवाज़े पर आ जाती तो वह कहते बदरुन की होनेवाली सुसराल के लिए थोड़ा सा हलवा चाहिए। अब जहाँ मामला बेटी का हो वहा पट्टीदारी का सवाल कहा उठ सकता है। और पट्टीदारी थी तो हकीम साहब से और अली हादी और हुसन अली से, न कि गुलाम हुसैन खा से। इसीलिए रब्बन बी जो गाँवभर म बूबू कही जाती थी हलवा बना देती। ज़ाहिर है कि वह गुलाम हुसन खाँ से उसके पैसे भी नही लेती थी। और फिर खर्च ही क्या होता था। सेर आधा सेर चने की दाल सेर आधा सेर ही घी सेर आधा सेर चीनी और कुछ मेवा। रहा हाथ का जस और मजा तो उसका दाम भला कौन लगा सकता है दही बड़े वह तमाम झगड़े और ज़िल्लतों को भूलकर फुन्नन मियाँ की गर कानूनी बीवी से बनवा लेते। फुम्मन मियाँ के घर फुस्सू मियाँ के घर की तरह दूध घी की नहरें तो नही बहती थी मगर कुलसुम भी दही बड़ा के नाम नही ले सकती थी। एक तो यह जमींदारी की परम्परा के खिलाफ था दूसरे यह कि बदरुन बहरहाल उनके जेठ की बेटी थी। तीसरे यह कि गुलाम हुसन खाँ हकीम साहब के नौकर थे और नौकर की बात कोई कैसे टाली जा सकती है भला। इसलिए दही बड़े उन्हें कुलसुम से मिल जाते। मांस की मीठी फुलकियां पकाने म

मे बस्ती की दूर-दूर तक कोई जवाब नहीं था—गरज कि बस्ती के हाल चाल समझने को खुश करने में सारी मगौली लगी हुई थी। हर आदमी समाउद्दीन खाँ का खयाल रखता था। समाउद्दीन खाँ भी कोई घामड नहीं थे। उन्होंने भी भाँप लिया कि क़िस्सा क्या है इसलिए उन्होंने एक दिन एक मनगाणिन को गुलाम हुसन खाँ के घर भेजा। वह यह खबर लाया कि लड़का भगवान की दया से नाक-नक्शे का अच्छा है और सुघड़ भी है। अभी यह खबर आयी ही थी कि गुलाम हुसन खाँ ने बशीर मियाँ वकील की बड़ी सरवरी की बादी हुई पसन्द की एक चादर तकिये के गिलाफ़ के साथ समीउद्दीन खाँ को यह कहकर दिये कि कढ़ाई का काम खास बस्ती ने किया है। वह तो खुरियत यह हुई कि समाउद्दीन खाँ की बीबी बजजर ज़्हातिन थी वरना मारा खेल बिगड़ गया होता क्योंकि सरवरी ने मकान में कढ़ाई की थी। बहरहाल समाउद्दीन खाँ को भी यह रिश्ता पसन्द आया। गुलाम हुसन खाँ की अपनी तो कोई हैसियत नहीं थी मगर हराम साहब का फाटक बड़ा था और फिर ऊँची हाशी मियाँ हिला थे। वह तो सिफारिश करके मुईनुद्दीन को थानेदार बनवा सकते थे। आखिर उसने उनके तक अग्रजी पढ़ रखी थी। यही सब सोचन विचारने के बाद उन्होंने यह तय कर लिया था कि नौ रबी-उल अव्वल[1] को ख्वाजाजी में हकीम साहब तक इस रिश्ते की बात भिजवायेंगे मगर समाउद्दीन खाँ के दिन को यह बात गुलाम हुसन खाँ को तो मालूम नहीं थी इसलिए जानपुरा बमार की कश लगाते हुए वह यह सोचने भी जा रहे थे कि जब समाउद्दीन मनहाणिन भेजकर लड़के को देख भी चुके हैं तो फिर निस्बत क्यों नहीं भेजते। उनके बाबा ने तो मनहाणिन की बात गाहिर भी की थी। यह तो उस दिन ही मालूम हो गया था कि वह सीने बचन नहीं आया है क्योंकि पहले तो शमिमाबाद में चलकर सौदा बचन गरीबी आना समझ में नहीं आता, और अगर वह इसलिए आयी थी तो उसे

---

[1] दस दस बरस महीने का नाम है। शाओ मुसलमान वाई महीने को मोहर्रम मनाते हैं। उनका मोहर्रम आठ रबी उल-अव्वल को खतम होता है। मोहर्रम के वाई महीनों में वे शुभ काम नहीं करते।

या तो वडके फाटक जाना चाहिए था या फिर पक्कड तल। वह ग्न दाना वड फाटका और लखपति राकिया के घरो को छोडती छाडती जब सीधी गुलाम हुसैन के घर आयी तो यह बात बिलकुल साफ हो गयी कि वह किसी और काम स आयी है। तो कासिमाबाद की मनहारिन किस काम से आ सकती थी ? इसलिए काम बेकाम बदरन की माँ न बन्रन का मनहारिन क सामन से कई बार तेजी और आहिस्ता से गुज़रवाया, ताकि वह देख ले कि बदरन लँगडी नही है। बन्रुन ने चट से मा की सूई म तागा डाल दिया, ताकि मनहारिन का मालूम हो जाय कि उसकी आख देखने ही म बन्ी नहा है बल्कि ठाक ठाक भी है। और जब खरीदारी हा गयी (पठानी न आठ आन का सामान भी खरीदा) और मनहारिन जान लगी तो पठानी ने उस एक रुपया पान खान के लिए भी दिया। असल मे परशानी यह आ पडी थी कि गुलाम हुसन खाँ की हड्डी जरा दागी थी, कोई चार पीढी ऊपर उन लोगा का रगा म उत्तर पट्टी के पक्कड तले का खून मिल गया था। करीब करीब के देहातो म यह बात सबका मालूम थी। यही वजह थी कि चार पीढ़िया स अडास पडोस मे उनका कोई रिश्ता नही हुआ था। व लोग जिला पार स नाता जाडा करत थे। रिश्ता हो जान क बाद समधियानवाला को मालूम होना ता वे बचारे अपनी शराफत की मार खाकर चुप हो जाते थ। बस गुलाम हुसन खा का फूफी की सुसरालवाला न इस बात को पी पिलाकर खत्म नही किया। उन्होने तड स तलाक दिलवा दी। फूफी बचारी मायके लौट आयी। इस तलाक के बाद स अब तक इस घराने म किसी लडका क ब्याह का सवाल नहा उठा था। बदरन पहली लडकी थी जो जवान हुई थी। इसीलिए गुलाम हुसैन खाँ का दिल धडक रहा था। और इसीलिए उन्होन समीउद्दीन की हड्डी की छान-बीन करवायी और उन्हे यह जानकर बडा इत्मीनान हुआ कि उनकी हड्डी म भा बजयान का एक पुट है।

मगर सिलसिला तो निकल वह लडकीवाल थ, मुह फाडकर रिश्ता भा ना नहा माँग सकत थ।

उस दिन भा वह बात न कर पाय बस नाम क नाचे दटे हुक्का गुडगुडात रह। समीउद्दीन खाँ म पुलिसवाला की नयी और पुरानी कहानियाँ सुनन रह

और मेरे उन्हें उत्तर और दक्खिन पट्टी के मयदा की पट्टीदारी की कहानियाँ सुनाते रहे, बचपन के ब्याह के बारे में सोचते रहे, और समीउद्दीन खाँ की बीवी के हाथों की बनायी हुई गिलौरियाँ खाते रहे जो सिगरेट की पन्नी की चाँदियों में आती थीं। मुहरवा (समीउद्दीन का बेटा) खासदान समीउद्दीन को देता। समीउद्दीन उसका ढक्कन उतारकर उसकी तश्तरी गुलाम हुसैन खाँ की तरफ़ बढ़ाते। वह एक गिलौरी कल्ले में दाब लेते तब समीउद्दीन खाँ ढक्कन के ऊपरी हिस्से में बने हुए तम्बाकूदान का ढक्कन खोलते और अहमद हुसैन ठिकेदार हुसैन के कारखाने की सियाह चमकदार तम्बाकू की सुर्ख चारखाने पर चादर की तरह पड़ जाता। गुलाम हुसैन खाँ एक चुटकी तम्बाकू मुँह में डालते और उँगलियों में लगी रह जानेवाली तम्बाकू को चारखाने की पट्टी पर रगड़कर अपनी चुटकी को साफ़ कर लेते। फिर समीउद्दीन एक गिलौरी खाते और कोई नयी कहानी शुरू हो जाती।

जब ज़रा दिन ढला और ठाकुर साहब नंगे बदन केवल धानी की लुंगी की तरह बाँधे हुए रूख के नीचे पड़ी हुई आरामकुर्सी पर विराजमान हो गये और हज्जाम का लौंडा उनके पाँव दबाने लगा तो गुलाम हुसैन खाँ ने उनसे आज्ञा माँगी। थानेदार ठाकुर हरनारायन प्रसाद ने उन्हें जाने की इजाज़त दी और कहा 'सारे माहौल में वह ताज़गी है कि इस मिठाई की कोई ज़रूरत नहीं था। मैं तो इसलिए खुश हूँ कि कामिला की फाँसी का लगाया हुआ बकरा आज छूट गया।'

'अब आप क्या फ़रमाते हैं ठाकुर साहब?' गुलाम हुसैन खाँ ने टुकड़ा लगाया। 'क़ानून तो क़ानून होता है। अंग्रेज़ कलक्टर साहब बहादुर नाइन्साफ़ी तो कर नहीं सकते। वह ज़रूर क़ातिल रहा होगा।'

यह सुनकर ठाकुर साहब मुस्करा दिये क्योंकि यह बात उन्हें और गुलाम हुसैन खाँ दोनों को ही मालूम थी कि कामिला को फाँसी की सज़ा कलक्टर साहब बहादुर ने नहीं बल्कि हिन्दुस्तानी गिरधारीलाल श्रीवास्तव जज ने दी थी और फिर हाईकोर्ट के जस्टिस मिश्रा ने दी थी। मगर राज्य अंग्रेज़ का था। कलक्टर अंग्रेज़ था इसलिए श्रीवास्तव साहब या मिश्रा साहब का भला क्या ज़िक्र हो सकता था कि सारे मामले में कुछ बिना किसी सबब अपनी हानी

जदी, बी०ए० एल एल० बी० ने किसी आसामी को फासी की ऐसी सजा देने, जो प्रीवी कौसिल से भी बहाल रहती।

वसे गुलाम हुसैन या को यह भी मालूम था कि ठाकुर साहब न कलक्टर साहब के माली स रिश्वत खायी है और इसके बाद उन्हाने कामिला के खिलाफ झूठी गवाहियाँ गढा ! लेकिन जाहिर है कि यह कहने की बातें नही हाती। यह बात हकीम अली कबीर और डिप्टी अली हादी को भी मालूम थी। लेकिन उन लोगा ने भी ठाकुर साहब से कुछ नही कहा। क्याकि कहने म अपनी ही हेटी हाती है। और दक्खिन पट्टीवालो को पता चल जाय तो व अलग ले उडें। लेकिन हकीम साहब ने ठाकुर साहब को माफ नही किया था, इसीलिए उन्ह गुलाम हुसन खा का वहा इतनी देर रुक जाना कुछ अच्छा नही लगा। ग्यारह तारीख का सद्दन वापस जानेवाले है और चार हा चुकी है और अब तक काई तयारी नही हुई है। सद्दन ने कहा भी "आप तो खामखाह घबरान लगते है। एक तो यह कि अभी मेरे जान म सात दिन है और फिर तयारी ही क्या करनी है ?'

आप क्या जान ! यह कहकर हकीम साहब एक मरीज की नब्ज दखन लगे। फिर उन्हाने बठे ही बठ उस्ताद मिया को आवाज दी जा इमाम बाडे म अगे रात की मजलिस क लिए मरसिया छाँट रह थे, हे उस्ताद ! हइ नुसखवा बाध दथा। फिर वह मरीज की तरफ मुडे। पहले उन्हान उसकी बहन को गाली दी और तब कहा अब जउन तू कुछ अट शट खात्या न त ट हा जाय म कउनो कसर ना रह जय्यहा। उन्होन एक कागज पर कुछ दवाएँ लिखकर वह कागज मरीज के मुह पर फेंक दिया। मरीज दवा खान की तरफ चला गया। हकीम साहब हौज क किनारे बैठकर उस हाथ को माफ करने लग जिस हाथ म उन्हाने एक काफिर—और वह भी नीची जात के एक काफिर का हाथ छुआ था। और तब उन्ह यह याद आया कि सद्दन न कुछ कहा था। इसलिए वह फिर वहीं से शुरू हा गये, द काँगरेस वाले न आसामियन का दिमाग इवन्नम म खराब कर दिहिन हैं भाई गुला समवे ई गांधी म हकीम साहब न दर तक गाँधी और नेहरू वगरह को बददुआएँ दी अब ई ससुरवा मारा कलक्टर साहब का माली है अउर

अपने दरवाज़े की शामवाला मजलिस पा सक्ते हैं। मगर अशरफुल्ला ख़ाँ 'अशरफ' की मजलिस रात की नमाज़ के बाद शुरू हुई। लेकिन वहाँ एक बार पहुँच जाने के बाद यह भी मुमकिन नहीं था कि गुलाम हुसैन ख़ा मजलिस किये बिना लौट जाते। मगर मग़रिब की नमाज़ से पहले उन्होंने एक बार बड़ा हिम्मत करके ख़ाँ साहब से पूछ ही लिया, 'सरकार की मजलिस तो ज़ुहर के बाद शुरू हो जाया करती है।

ज़ुहर के बाद का तो ऐलान करता हूँ," अशरफुल्ला ख़ा ने कहा, "क्योंकि अगर दशा बाद का ऐलान करूँ तो लोग सुबह की नमाज़ के वक्त आयेंगे। इस गाँव में तो कोई मेरे सिवाय मुसलमान है नहीं। भादों चावनपुर, गुसाँईंपुर समडी के लोग अपनी अपनी मजलिस करके चलते हैं। तीन-तीन, चार चार मील से चलकर आते हैं बिचारे, इसलिए इशा तक इकट्ठा हो पाते है।"

यह सुनकर गुलाम हुसैन ख़ाँ हुक्का पीने लगे कि इसके सिवाय वह कर भी क्या सक्ते थे! तम्बाकू घर का बना हुआ था और अननास का ख़मीरा बहुत अच्छा था। मगर उसे दो रसा बनाने में कड़वाहट ज़रा ज़्यादा हो गयी थी। इसलिए हुक्के को एक तरफ सरकाकर उन्होंने जेब से रफी अहमद बीड़ी का बण्डल निकाला। पहले उन्होंने वह बण्डल ख़ान साहब सलीमपुर के सामने पेश किया। ख़ान साहब ने जब उन्हें बीड़ी पीने की इजाज़त दे दी तब उन्होंने अपने लिए एक बीड़ी सुलगायी और फिर वही उत्तर पट्टी और दक्खिन पट्टी की कथा शुरू हो गयी। यह बात छुपी ढकी नहीं थी कि सलीमपुर के ख़ान साहब दक्खिन पट्टीवालों के दोस्त थे इसलिए बोले गुलाम हुसैन मैं था नहीं वरना ख़ुदा की क़सम उत्तर पट्टी पर गधे का हल चलवा चुका होता।

उत्तर पट्टी की ज़मीन ज़रा सख़्त है सरकार! गुलाम हुसैन ख़ाँ ने कहा।

अशरफुल्ला ख़ाँ अशरफ इस कदर ज़ोर से हँसे कि सामने चारा काटने वाले का हाथ रुक गया। वाले पठान हो ना! बात बरदाश्त नहीं कर सकते।

यह बात नहीं है सरकार!'

'भई तुम ता जानते हा हो कि मैं सिर से ताज़ियदारी हो के खिलाफ हूँ। लेकिन बाप-दादा इसे करते आये हैं, इसलिए हर साल यह गुनाह करता हूँ कि उनकी रूहों को तकलीफ न हो और लोग यह न कहें कि गोरी बाटनी पड़ता था इसलिए खान साहब पिचक गये। दस मजलिसें कर लेता हूँ कि दुनिया की ज़बान बन्द रहे। रोज़ कोई दो हज़ार रोटियाँ बाटनी पड़ती हैं। इसका को अब्बा मरहूम के ज़माने तक सिवाय के दस दग उतरते थे। मैंने शौक और बढ़ा लिया कि ना साला, ताज़ा और समय लो कि मुझे अपने बाप-दादा का नाम अपने ईमान से ज़्यादा प्यारा है। लेकिन पट्टीवाला म हमारी पुरानी रस्म है और भई हम ठहरे पठान लोग। हमारे यहाँ तो दोस्ती और दुश्मनी के अलावा कोई और पैमाना ही नहीं होता। दागली हरकतें करना शर्मा और नीच जानवरों का काम है। फुनन मियाँ से तो मेरा पुराना याराना है वह भी अब्बा मरहूम म अपनी गज़ल ठाक करवाते थे। मैंने भी उनके अब्बा मरहूम मार अमजद हुसन म कुश्ती और तलवार और नक़्श या फन सीखा था, इसलिए गुलाम हुसन। लाठिया तो एक नार और बनेगा और जिसम मन न छूट, वह मर्द है '

इन्हीं बातों में रात की नमाज़ का वक़्त आ गया। अशरफुल्ला खाँ न नामनवाली मस्जिद में जाकर नमाज़ पढ़ी। उनके खानदानवाले सफ़ बाँध कर नमाज़ पढ़ने के लिए खड़े हो गये। लेना हुसन नमाज़ पढ़ाने के लिए आगे खड़ा हुआ। वह जुलाहा था। मगर उम्र म सबसे बड़ा था इसलिए घर के नौकर होने के बावजूद भी अपनी उम्र की वजह से नमाज़ वही पढ़ाता था, और मालूम पठानों के इस खानदान को दिन में पाँच बार उसके पीछे हाथ बाँधकर खड़ा होना पड़ता था।

गुलाम हुसन सबसे भाखा थे इसलिए वुज़ू करके उन्होंने वहीं आँगन म पड़े हुए एक मुसल्ले पर नमाज़ पढ़ी। नमाज़ के बाद लोग इकट्ठा होने लगे। शहर के हिंदू मुसलमान सभी आये। मलीमगढ़ी का लम्बा-चौड़ा आँगन खचाखच भर गया। अली हुसन ने नहानेवाला पलंग। मलीमगढ़ी की मजलिसों में बकरा क्या बात का कोई महत्त्व नहीं था। असली चीज़ तो रौशनी लगा थी। क्योंकि मजलिस की रोशनी का बनाई का हंगामा शुरू हुआ

और कोई तीन घंटा तक रोटी बँटती रही। तब गुलाम हुसैन खाँ को हकीम साहब के घरभर का हिस्सा दिया गया और वह अपने टट्टू पर सवार होकर गंगौली की तरफ चल पड़े। दक्खिन पट्टी के दोनों दरवाजों के लिए हिस्सा बँधवाकर दो बेगारों के सिर पर रखवा दिया गया। वे दोनों भी गुलाम हुसन के टट्टू के साथ हो लिये।

नया चाँद निकलकर डूब चुका था। गहरी अँधेरी रात थी। इसलिए गुलाम हुसन खाँ ने भी उन दोनों चमारों के साथ को गनीमत जाना। उन्होंने अपने टट्टू की बाग ढीली छोड़ दी—वह टट्टू की पीठ पर बैठकर पैदल ही चलने लगे।

अब यह बिलकुल एक इत्तिफाक है कि भग्टोली का एक गिरोह जो अपने 'धन्धे' पर निकला हुआ था उधर ही से गुजरा। चिरौंजी ने गुलाम हुसन खाँ को पहचान लिया। उसके तमाम रोंगटे खड़े हो गये। बात यह है कि वह फुन्नन मियाँ का चहेता शागिर्द था और उनके बाद अखाड़े का खलीफा भी होने वाला था। उसने गुलाम हुसैन खाँ को ललकारा "हमारे मियाँ के सजा दिलवा के केहर जान बाड़ा हो खान साहिब!'

गुलाम हुसैन खाँ ने यह आवाज पहचान ली। वह सन्नाटे में आ गये। कोई यह बात नहीं थी कि वह कायर रहे हों मगर वह बूढ़े हो चुके थे और चिरौंजी की लाठी दूर-दूर तक मशहूर थी। सबसे बड़ी बात यह थी कि वह अकेले थे और चिरौंजी के साथ एक गोल था। कहने को तो खाँ साहब के साथ भी दो आदमी थे लेकिन वे दोनों सलीमपुर के बेगार थे और चिरौंजी से उनकी बात ठीक कही थी। फुन्नन मियाँ की सजा गुलाम हुसन खाँ की गवाही पर ही हुई थी।

सलीमपुर के दोनों चमार चुपचाप खड़े रहे। चिरौंजी के साथियों ने गुलाम हुसैन खाँ को घेर लिया। लेकिन जब चिरौंजी ने गुलाम हुसन खाँ के टट्टू की लगाम पर हाथ डाला तो उन दोनों चमारों ने गौगनी रोटियों के टोकर जमीन पर रखकर लाठियाँ सँभाल लीं।

'ए चिरौंजी भैया! ई ना होई!

चिरौंजी ने उन्हें बहुत समझाया कि व बात म क्या पड़त हैं वे सलीमपुर के हैं और सलीमपुर के खान साहब से फुन्नन मियाँ का याराना है मगर

वे दोनों नहीं माने। उनका कहना यह था कि अभी तो गुलाम हुसैन खाँ उनके साथ हैं और अगर उन्होंने उन्हें फिर जाने दिया तो उनके 'खान साहिब' उनकी चमड़ी उधेड़ डालेंगे। और फिर यह तो बड़ी कायरता की बात है कि एक 'बूढ़ पुरनिया' को इस मुस्टण्डा ने घेर रखा है।

या यह सुनी चिरौंजी नया कि खैरियत चाहन वाले त हुई लगाम्या छोड़ देइँ।

मगर चिरौंजी खैरियत चाहनेवालों में नहीं था। उसने लगाम तो नहीं छोड़ी मगर हाथ छोड़ दिया। बाईस-तेईस बरस का चमचमाता हुआ छोकरा एक तरफ लुढ़क गया। फिर चिरौंजी और उसके साथियों ने उन्हें लाठियों पर धर लिया। रोगनी गगरियाँ बिखर गयीं, और फिर कुचल-कुचला गया और मिट्टी में मिल गयीं। टोकरे टूट गये। गुलाम हुसैन खाँ का टट्टू बोतल होकर गोली की तरफ भागा। खान साहब के हाथ में जो दो हाथ की छली थी वह उसी में विनोद के हाथ निकालने लगे। गनीमपुर के दोनों चमार भी बड़ी जिगर से लड़ रहे थे मगर चिरौंजी फिर फुन्नन मियाँ का पट्ठा था वह चमारों पर हमला नहीं कर रहा था वह सिर्फ उनके वार बचा रहा था और उन्हें समझा रहा था, पगला गइल बाड़ा लोग। एक ठो हुसैन के पर देखऽ न निचियावन चले जयहा लोग

चिरौंजी के खानदानों ने गुलाम हुसैन खाँ का घर रखा था। चिरौंजी जानता था कि जब तक गुलाम हुसैन खाँ की साँस नहीं टूटती वह चार नहीं गा सकता। यह बात उसके खानदान भी जानते थे इसलिए वे गुलाम हुसैन खाँ का बोझ लग गए का तरह घेरा रहे थे। कोई आधा पेट की भिड़ी हुई लड़ाई के बाद गनीमपुर के चमारों की हिम्मत टूटने लगी। खाँ साहब की हिम्मत भी जवाब दे रही थी। चेहरे का तेज का साँस उखड़ रही थी। बस करीब था कि वे ठीगा मार खा जायें कि बारिमपुर के ठाकुरों का पुत्तर आ गया। हुआ यह कि गुलाम हुसैन खाँ का टट्टू जो गगौना की तरफ भागा उस गाँव में बारिमपुर के चौधरी ने पहचान लिया। चौधरी हकीम साहब के मित्र थे। फौरन समझ गये कि गुलाम हुसैन खाँ फिर फँसे। बस वह अपने मान बेटा और अगरहद मजारा का लेकर दौड़ पड़े। चौधरी और फुन्नन मियाँ एक

ही गुरु के चेले थे। यानी चौधरी न भी फुन्नन मिया के बाप ही से लकड़ी चलाने की कला सीखी थी। इसलिए चिरौंजी यू भी उन पर हाथ नहीं उठा सकता था। चौधरी को देखते ही उसन अपना हाथ रोक लिया। चाधरी बोले, तू त बड मरद निकल्ला, चिरौंजी ! एमा बूढ पुरनिया के अकेल पा गइला त सूरमा बन गइल बाड़ा—तनी अब चलावा लकडी हमहूँ त देखी कि फुन्नन का का सिखलउले बाड़ें !

दोना चमार और गुलाम हुसन खा अपन बदन का खून पोछन लग। चिरौंजी न चौधरी की बात का कोई जवाब नही दिया तो चौधरी ने उसे फिर ललकारा। तब चिरौंजी का बोलना पड़ा "दुइये बरस की त बात बाय ठाकुर साहिब ! तनी मिया के छुट्टे के आ जाय देई फेर सिहल जाइ "

उसका ठाकुर साहब के जवाब का इन्तजार नही किया। वह अपने आदमिया को लेकर चला गया। चौधरी साहब चाहत तो उसे घेर लेते, मगर फुन्नन मिया के किसी चेले पर हाथ उठाना उन्हान अपनी शान के खिलाफ जाना। चौधरी न सोचा कि अगर इस जगह उन्हाने चिरौंजी को घेर लिया तो कल फुन्नन मिया के सामन आँख नीची हो जायगी इसलिए चौधरी ने उन्हे चला जाने दिया।

गुलाम हुसन खाँ चौधरी के साथ बाकिरपुर चल गये। दोना चमार गगौली लौट गये। उन्हाने उसी वक्त गढी म खबर भिजवायी। खान साहब अभी साथ नहीं थे निकल आये। अपन असामियो का घायल देखकर वह आगबबूला हो गये। बोले आस पास म एसा दिलेर कौन पैदा हो गया है जिसन हमारे आदमिया पर हाथ उठाया !

चमारो म स एक न मारा कथा सुना डाली। वह यह बताना नहीं भूला कि चिरौंजी न भरसक उन्ह नही मारा। खान साहब न उन दोना को अपनी खास जेब मे एक रुपया इनाम दिया और शकूर को यह हुक्म देकर वह अन्दर चले गये कि दोना चमारो को आधा आधा पाव तम्बाकू दे दी जाय।

अन्दर जाकर वह फिर लेट गये और दो बाँदियाँ चम्पी करने लगी। बगल वाली मसहरी पर उनकी बेगम सय्यदानी उफ मुन्नन गाय की बच्ची का दूध

पिला रही थीं। उनकी गहरे गेहुँए रंग की छातियाँ दिखायी दे रही थीं। लेकिन वह गहरी नींद में थीं। बच्ची रोयी तो उन्होंने नींद ही में अपनी छाती उसके मुँह में दे दी थी। बच्ची चुप हो गयी। उनका दाहिना हाथ थोड़ी देर तक उसे थपकता रहा। फिर वह भी नींद के बोझ से एक तरफ़ गिर पड़ा।

यह महदन ख़ान साहेब से कोई पाँच बरस बड़ी थीं। बहुत ही बदसूरत थीं। लेकिन सगी चचेरी बहन थीं और अपने बाप की इकलौती थीं। आठ आने जमींदारी का मामला था। इसलिए अशरफ़ुल्ला ख़ाँ के पिता ने महदिन्निसा उर्फ़ महदन के पिता से राय बात की और अशरफ़ुल्ला ख़ाँ महदन से ब्याह दिये गये। उन्होंने कोई एतराज़ इसलिए नहीं किया कि उन्हें तो शौक़ ही और था। लेकिन उन्होंने सिर्फ़ बतन में कंजूसी नहीं दिखायी। महदन के पेट से नायह-नाइ अठारह बच्चे पैदा हुए। सबसे छोटा बच्चा सवा साल का था और सबसे बड़ी बच्ची इनाम बेगम थी और जो ख़ुद माशाअल्लाह से आठ बच्चों की माँ थी। उसका बेटा बड़ा लगभग बाईस बरस का था और फ़ौज में नौकर था। उस लड़के का नाम नानी के नाम पर सरदार रखा गया। लेकिन वह सद्दू पुकारा गया। यह सरदीन बड़ा ही मनमानग था। शक्ल-सूरत और हाथ-पाँव का भी अच्छा था। ख़ान साहेब उसे बहुत चाहते थे। जब से वह फ़ौज में भरती हुआ था तब से तो वह उसे और भी चाहने लगे थे। इसलिए वह परेशान थे। क्योंकि उत्तर और पश्चिम-सरहद के मुहाज़ का हंगामा सुनने जो वह शहर गये तो बशीर मियाँ ने उन्हें पहली ख़बर यह सुनायी कि जरमन ने जावा ले लिया है। सिंगापुर तो ख़त्म भी हो चुका है। अब सरकार बरतानिया से ठनी हुई है और सरकार बरतानिया का हाल पतला है। सरदीन सरकार बरतानिया की ही फ़ौज में था। इसलिए ख़ान साहेब परेशान थे और परेशान होना भी चाहिए था। वैसे सारे ख़ानदान में बड़ा भी एक लड़का था। ख़ुद ख़ान साहब के दसों सग्गी बच्चियाँ हुईं और जो लड़का हुआ भी, वह अभी किसी गिनती शुमार में नहीं था। मगर चाहे पाँच माँ का दूध पी रहा था। वे अपनी दो बच्चियों का ब्याह कर चुके थे। कुल मिलाकर सौतेली नवासियाँ हुईं और एक नवासा। इसलिए ज़ाहिर है कि सरदार उनकी आँखों का तारा था। उसकी तमाम शरारतें माफ़ थीं

थी कि उन्हीं की किसी बेटी से उसका ब्याह हो जाय। इस सवाल पर खालाओं में कई बार तकरार भी हो चुकी थी।

सलीमपुर के खान साहब नौकरी के खिलाफ थे। कहीं शरीफों के लड़के भी नौकरी करते हैं। उत्तर पट्टीवालों को जो वह अच्छी निगाह से नहीं देखते थे उसकी एक वजह यह भी थी कि वहाँ के सैयदों में एक जमाने से नौकरी की परम्परा चली आ रही थी। डिप्टिआयी हो या कलट्टरी, नौकरी फिर नौकरी होती है। मगर सरुद्दीन के ददिहाल में फौजी नौकरी की परम्परा सदियों से चली आ रही थी। उन लोगों का कहना था कि पठानों को फौज से लगे रहना चाहिए। क्योंकि पठान मौत के सिवाय और किसी चीज़ से नहीं खेलता। यही वजह है कि अशरफुल्ला खाँ सरुद्दीन की नौकरी का विरोध न कर सके। उनके बड़े समधियान के लोग बड़े जमींदार थे लेकिन रोटी में फौज की तनख्वाह के पैसे मिलाना गौरव की बात मानते थे। गुलज़ार खाँ तोखी यानी सरू के परदादा सन् सत्तावन की क्रांति में लगे हुए लोगों में से थे। उन्होंने मौलवी अहमदुल्ला के साथ लखनऊ पर धावा किया था। उनकी गर्दन पर गदहे का हल इसलिए नहीं चला कि उनकी ससुरालवालों ने अंग्रेज़ों का साथ दिया था। उनकी सिफारिश पर गुलदार खाँ की जान भी बची और जायदाद भी। लेकिन गुलज़ार खाँ ने अपनी ससुरालवालों को कभी माफ नहीं किया। वह अपनी ससुराल तवारकपुर की तरफ मुँह करके सोते भी नहीं थे और न हो किसी को इसकी इजाजत थी कि वह उनके घर में तवारकपुर का नाम ले। सरू की परदादी आयशा खानम अपने मायकेवालों को एक नज़र देखने के लिए तड़प-तड़पकर मर गयी। गुलज़ार खाँ तोखी के बड़े बेटे हिजब्र अली खाँ तोखी अंग्रेज़ी फौज में कर्नल होकर मरे और उनके पोते गज़नफर अली खाँ तोखी सन् चौदह की लड़ाई में काम आये और उन्हें विक्टोरिया क्रास भी मिला। फारूक के एक चचा समसाम अली खाँ तोखी मेजर जनरल थे और खुद फारूक लफ्टिनेंट और बशीर मियाँ कहा करते थे कि सरकार बरतानिया का हाल पतला है

लड़ाई की खबर सुनकर गुलज़ार खाँ तोखी ने तो अपनी सफेद पैबन्दी मूँछों पर ताव दिया। उनकी छाती तन गयी। लेकिन अशरफुल्ला खाँ अशरफ

को इस खबर ने परेशान कर दिया। फखरू ननिहाल ही में था। वह भी इस खबर को सुनकर खुश हुआ और बोला नाना मियाँ। अब एक विक्टोरिया क्रास मैं लूँगा।

अशरफुल्ला खाँ ने तो कोई जवाब नहीं दिया, वह बाहर चले गये। हाँ नाना ने फखरू को बहुत समझाया। थोड़ी देर तक तो फखरू बहस करता रहा फिर उकताकर वह भी बाहर चला गया। पठानी झट-से मस्जिद में गयी और रतजगा मान आयी। इसमें तसकीन न हुई तो आँख बचाकर लकड़ी के उस ताज़िये के पास गयी जो अभी सजाया नहीं गया था। और इधर-उधर देखकर चुपके-से बोली, "हे इमाम साहब! फखरू के नाना से मत कहिएगा कि हम आपसे कुछ कह आये हैं। बाकी फखरू को लाम पर जाये से रोक दीजिए। परसाल हम आप पर नया कपड़ा चढ़ा देंगे।"

ताज़िये पर चुपके से मन्नत मानकर वह घर में भाग गया। मगर अभी उन्हें पूरा इत्मीनान नहीं हुआ था। उन्होंने अपनी पुरानी नौकरानी नसीबा को सवा रुपया देकर बाबा के मठ पर भेजा कि वह वहाँ उनकी तरफ से मिठाई चढ़ा आये।

मगर अशरफुल्ला खाँ ये मन्नतें नहीं मान सकते थे क्योंकि वह वहाबी मुसलमान थे और उनके खयाल में मन्नत मानना गुनाह था। लेकिन इशा की नमाज़ में दुआ उन्होंने भी माँगी, "बारे खुदाया! अगर फखरू लड़ाई से ज़िन्दा सलामत लौट आया तो अब की बकरीद पर तीन गायें काटूँगा और दो ग़रीब मुसलमानों को हज करवाऊँगा और ताज़ियेदारों का गुनाह वर कर दूँगा।"

वह लेटे हुए यही सोच रहे थे कि मन्नत कहाँ हल्की तो नहीं रह गयी और पाँव दबानेवाली दोनों लौंडियाँ उनके सिरहाने से बेखबर उकतायी उकतायी-सी उनके पाँव दबाये चली जा रही थीं। क्योंकि उनमें से एक को पिछवाड़ेवाली बागान मस्जिद में फखरू से मिलना था और दूसरी उसकी राज़दार थी और पिछली रात उसी मस्जिद में फखरू से मिल चुकी थी।

नमक

सुलैमान एक छतनार दरख्त की तरह थे, जिसके साये में बच्छन को बढ़ने का मौका नहीं मिलता था। लेकिन सुलैमान मियाँ जो सालभर के लिए जेल गये तो बच्छन तड़ से जवान हो गयी। उसे बाप के रंग के साथ साथ माँ का नमक भी मिल गया था। वह काजल नहीं लगाती थी लेकिन ऐसा मालूम होता था जैसे सुबह उठते ही थपटिया बो ने उसकी आँखों में बड़े प्यार से काजल डाला है। उसने कद भी खूब निकाला था। उसकी कमर इतनी पतली थी कि ख्वामख़ाह हाथ में लेने को जी चाहने लगे और कमर के नीचे चौड़े कूल्हों के खम यूँ लगते थे जैसे प्याज के कोरे कूँडे हों। उसका सीना तो दुपट्टे के काबू ही में नहीं आता था। दसहरी के कोशों की तरह भरे भरे तरोताज़ा होंठों से होकर जो आवाज़ निकलती थी वह इतनी रसीली होती थी कि रस अब टपका और तब टपका और उसका जूड़ा इतना बड़ा होता था कि नईमा बी का सिर छोटा मालूम होने लगता था।

नईमा बी उससे बहुत जलती थीं और थपटिया बो तो उसके हुस्न से डरने लगी थीं। गाँवभर में बच्छन के टक्कर की एक भी लड़की न थी। वह इतनी ख़ूबसूरत निकली थी कि मौलवी सय्यद बेदार हुसन ज़ैदी सदरुल्फ़ाज़िल के बदन में भी गुदगुदी होने लगती थी और वह यह सोचने लगे थे कि हदीस की फ़िक्र में अपनी ज़िन्दगी ज़ाया करने में कोई फ़ायदा नहीं। एक रोज़ उन्होंने हकीम साहब से कहा, "बुढ़ौती आ गयी भाई, कबीर इतना बड़ा घर रखने को दौड़ता है।" हकीम साहब ने बड़ी जवाब दिया जो मुनासिब था, "बारे मैं तो कहता हूँ सुना कर लो।"

"यही मैं भी सोचता हूँ। सुलैमान की लड़की बच्छनिया कैसी रहेगी?"

हकीम साहब को यह रिश्ता पसन्द नहीं आया। क्योंकि वह यह नहीं चाहते थे कि उत्तर-पट्टी की एक जायदाद का कोई हिस्सा दक्खिन-पट्टीवालों के हाथ आये। लेकिन जब उम्र ज़ाया करने के बाद मौलवी बेदार हुसन

सर्फ़-फ़ाज़िल को शादी का ख़याल आया था, तो वह बदनी से पट्टीदारी के मामलात नहीं छोड़ सकते थे।

बात यह थी कि मौलवी बशीर कोई बीस साल से अपने घर में तनहा रहते थे। चालीस साल पहले उनकी भावज का इन्तकाल हुआ था। एक भतीजी थी आसिया। उसकी भी शादी हो गयी थी मुनहरा के अली अकबर मियाँ से। उसकी शादी के कुछ ही दिनों बाद मौलाना के बड़े भाई का भी इन्तकाल हो गया और मौलाना घर में बिलकुल अकेले रह गये। यह कोई बीस साल पहले की बात है।

मौलाना ने शादी इसलिए नहीं की कि उनके वालिद क़िबलाओ-काबा हान की [illegible] तक मौलाना थे। वह नसाब भी थे। उन्होंने जो हिन्दुस्तान के ऐसे ख़ानदानों के नसबनामों को खँगाला तो मालूम हुआ कि अब कोई बचा ऐसा घराना है ही नहीं कि जिससे वह दूसरी बहू लाएँ। चुनाँचे मौलवी बशीर हुसैन सर्फ़-फ़ाज़िल एक बड़े-से मकान में ज़िन्दगी को भुगतने के लिए तनहा रह गये। दिन तो ज्यों-त्यों गुज़र जाते लेकिन रातें परेशान करतीं। बाहरी मकान में तो उनके चरवाहे और दो नौकर सोते। लेकिन वह रस्म-रिवाज के मुताबिक़ ज़नानख़ाने में सोया करते थे—एक ऐसे ज़नानख़ाने में जो बराएनाम ज़नानख़ाना था। चुनाँचे मेहराबों के ख़म गयी रात तक उनका मुँह चिढ़ाया करते थे।

मौलाना के मकान का ज़नाना हिस्सा ख़ासा लम्बा-चौड़ा था। क्योंकि जब मौलाना के मूरिसे-आला ने यह मकान बनवाया था तो उन्हें इसका ख़याल भी नहीं आया था कि एक ज़माने में मर्दों का ऐसा अकाल पड़ेगा कि बशीर को कोई लड़का नहीं मिलेगा। और मौलवी बशीर इसी वीरान ज़नानख़ाने में ख़ैर-तनहाई के दिन गुज़ार रहे थे। गया अहीर की लाठी खाने के बाद तनहाई का यह दर्द इस क़दर बढ़ गया था कि दुलरिया भंगिन उनकी निगाहों की हरारत में पिघल-पिघल जाती थी। लेकिन मौलाना से देखते रहने के सिवाय जब और कुछ न हो सका तो दुलरिया भी उनसे नफ़रत करने लगी। दुलरिया का मियाँ महाबीर उससे बारह साल छोटा था। दुलरिया बाईस-तेईस साल की कमा-धमाई नहीं था। कोई चार साल पहले जब वह ब्याहकर आयी थी

तभी से उसने गंगौली में छोटी मोटी हजारों नहीं सैकड़ों और सैकड़ों नहीं तो पचासों रवायतों की बुनियाद जरूर डाली थी। वह जिधर से टोकरा लेकर गुजर जाती उधर गन्नों की शाखों में आँखों की हजार कलियाँ खिल जातीं, दरवाज़े बाँह बन जाते और बँसखटों में नब्ज़ धड़कने लगती। हद तो यह कि इससे काम करवाने के लिए कई राकियों और जुलाहों ने अपने अपने मकानों में पाखाने बनवा डाले। वरना सैयदानियों के अलावा तमाम औरतें गोल बनाकर लोटे लेकर खेतों में जाती थीं और वहाँ पास पास बैठकर सासों की शिकायत करती थीं या सरगोशियों में अपने ख़ाविंदों और महरमियों की बातें करती थीं। कभी कभी कोई लड़की अँधेरे में जरा दूर सरक जाती थी तो कोई नयी बेजबान कहानी बन जाती थी। सिर्फ सैयदानियों के पैरों में इन कहानियों की जंजीरें नहीं थीं क्योंकि वे खेत नहीं जाती थीं बल्कि उनके लिए घरों में गंदे मढ़े हुए संडास थे। लेकिन ऐसा नहीं था कि सैयदानियों के हिस्से में कहानियाँ ही न आयी हों। फलाँ मियाँ की बीवी अपने भतीजे से फँसी है। फलाँ को उनके देवर ने रख छोड़ा है। लेकिन इसमें शक नहीं कि इन कहानियों में भी हड्डी का खयाल रखा जाता था। यानी यह कभी नहीं हो सकता कि फलाँ की बीवी फलाँ राकी या जुलाहे से फँसी हुई है।

मौलवी बेदार हुसन मदरुलफाज़िल के हिस्से में कोई कहानी इसलिए नहीं आयी कि उनके जनानख़ाने में कोई औरत ही नहीं थी। आसिया की माँ का इंतकाल चूँकि बचपन ही में हो गया था इसलिए उसकी परवरिश उसके ननिहाल ही में हुई थी। जिस घर में कोई औरत ही न हो उस घर में कोई औरत किस बहाने में जाये। चुनांचे जब दुलरिया आयी भी तो मौलवी बेदार बेचारे की समझ में न आया कि वह उसे देखते रहने के सिवाय और क्या करें।

इसलिए दुलरिया इनसे नफ़रत करने लगी और किसी न किसी तरह उसने मौलाना के घर अपनी बेवा ननद को लगा दिया जो कोई पचास साल की निहायत ही बदसूरत औरत थी।

मौलाना साहब बेचारे बिलकुल ही मायूस हो गये थे कि एक रोज़ उन्होंने फुन्नन मियाँ के घर से झाँकती हुई बच्चन को देख लिया, जो सामने हो कबड्डी खेलनेवाले लड़कों को देख रही थी। ज़ाहिर है कि मौलाना उस मुड मुडार

नहा रख सकत थ, इसलिए वह बन्द चल गय । लकिन फिर लगातार कई दिनों तक बछनिया का ख्याल लाल चींटिया का तरह उनक बदन मे लिपटा रहा ।

हकीम साहब को यह तफ़सीलात नहा मालूम थी लकिन उन्होंने अपने बाल धूप म नहा सफेद किय थ । उन्होंने जब यह देखा कि पचास बरस क मौलाना एक ग़ैर-सैयद और हरामी लड़की क बार म बातें कर रह हैं तो उन्होंने जान लिया कि दाल म कुछ काला ज़रूर है । इसलिए उन्होंने मौलवी बशीर क सवाल का फ़ौरन कोई जवाब नहा दिया ।

'मगर वह तो हरामी है ।' आख़िर उन्होंने एतराज़ का एक पहलू निकाल लिया ।

'इसमें उसका कौन कुसूर है ?' मौलवी बशीर ने कहा ।

'लोका कसूर तो माँ का है बाकी लोग का कहिए ।'

'हदीस में लिखा है कि हरामी लड़का म निकाह नाजायज़ है

आख़िर हमारे मुसलमान मआशिरे म कोई तो न पाता है । हुआ कुराने-हदीस न पढ़त रह ।

'न को कहा ई ना लिखा है कि हरामियन म वियाह ना कर को ,'

हकीम साहब को यह मालूम था कि यह कहीं नहा लिखा है कि हरामियों से शादी न की जाय । फिर भी उन्होंने सवाल किया क्योंकि लिखा हो या न लिखा हो लेकिन यह बात कुछ अच्छी नहीं मालूम होती कि कोई सैयद ख़ानदान का किसी हरामी लड़की से शादी करे और हरामी भी कैसी कि जिसकी माँ धमाइन हो और बाप भी मकिरान-गर्दा की चमाइन हो । चूँकि हकीम साहब ये बातें नहा कह सकते थ इसलिए मौलवी बशीर हुसन सदर फ़ाज़िल ने उन्हें ख़ामोश कर दिया । तब पाया कि मुसलमान की ननिहालवालों के ज़रिये बात पक्की हो जाय । चुनांचे रजब अली मियाँ की मजलिस में शिरकत करने के लिए जब हकीम साहब पहुँच गये तो उन्होंने मौक़ा निकालकर ख़ानदान के मामू अली मुन्तुज़ा मीर से यह ज़िक्र निकाला कि बदर मियाँ की उम्र ज़्यादा है या क्या हुआ । इतना बड़ा आदमी है और फिर यह कि अपने बिरादरी के लिए कोई शरीफ़ लड़की तो मिल नहीं सकता । चुनांचे जब एक

जुम को अली मुरतुजा खाँ सुलेमान से मिलने जिला जेल गये तो उन्होंने इस रिश्ते का जिक्र किया। सुलेमान ने कहा कि वह भैया यानी वजीर मियाँ और मँझले भैया यानी बशीर मियाँ की राय के बिना कुछ नहीं कर सकते, तो अली मुरतुजा खाँ ने वजीर मियाँ से जिक्र किया। वजीर मियाँ ने कहा कि चौदह हजार सिक्के रायजुल्वक्त पर निकाह हो तो उन्हें कोई एतराज नहीं। अली मुरतुजा खाँ ने यह जवाब गंगौली जाकर मौलवी बेदार को सुना दिया और हकीम साहब की मुखालिफत के बावजूद मौलवी बेदार ने यह बात मान ली। तय यह हुआ कि चन्द महीनों बाद जब सुलेमान जेल से छूटकर आ जाएँगे तो निकाह हो जाएगा। यह खबर छिपी रहनेवाली तो थी नहीं, पर लगाकर उड़ी और आसिया की ससुराल की खपरैलों पर बैठकर बाँग देने लगी। आसिया ने यह सुनते ही डोली मँगवायी।

आसिया की डोली दक्खिन पट्टी के बड़े फाटक में उतरी। वहाँ नईमा बी और उनकी बहन कुबरा के सिवाय और कोई न था। ज़ाहिर है कि आसिया जैसी खरी सदानी इन पवंदियों की महमान नहीं हो सकती थी। चुनांचे वह अगू मियाँ के खाली घर से होती हुई मजूर मियाँ के घर चली गयी।

सुबह का वक्त था। रब्बन बी धूप में बैठी तामचीनी के एक बड़े प्याले में चाय पी रही थीं। और मजूर की बीवी सकीना बी बावर्चीखाने में चुपचाप बैठी अपने मायके की याद कर रही थीं और उनकी बड़ी बेटी सलमा चपातियाँ बेल रही थी।

पुफ्फू आदाब! आसिया ने रब्बन बी को सलाम किया।

जीती रहो!" रब्बन ने प्याले को पलंग पर रखकर कहा, ए धाया तू त सहरवालन को एकदम्म से भूल गयू।

का बताएँ पुफ्फू कभी हुइ बीमार है तो कभी हुऊ बीमार है। आ फिर हियाँ के-के पास आव! आसिया बोली एक ठो बच्चा है, त सुना रह कि ऊ बछनिया से बियाह कर रहे।

नऊज! ' रब्बन ने नाक पर उँगली रखी इ बदार सठिया गय है का!

"आ त ऊ बेचार अब का धरवा में का करें ? सकीना ने बावर्चीखाने से टुकड़ा लगाया अब बेचारे बुढ़ापा है। उन्न और दिन दुरुस्त हाल्ह!'

हम मजाक ना कर रहे हैं आज। आमिया न कहा न मच्चद विवाह हा गया ना बिरादरावार का करि ।'

न बिरादरावार आके उनका बदन दबावें। उनके साथ पिये का खयाल करें। अउग तूने उनका वडी फ़िक्र है त तु ल जाक रक्खन उन्हें।' सकीना न हुक्का-हूक्र और पाना-का पानी कर लिया, इ कद का साचिया कि अब व विवाह कीजिन और मक्का-वाला हा गया ता जमीदरिया चली जइहै। आमिया तिलमिलाया।

ज का ज़िम्मादारी हाइह उन्ह ना फ़िक्र करि।

ग बहिनी हमने कौन भिखमगिन क घर स ना आय रह "

सकीना न साचा कि मामला ज्यादा है इसलिए वह बावर्चीखान स उठकर आंगन म आ गया। लकिन रक्खन की न मुदाखलत की। बहुत दिना के बाद खामोशी का ठहरा हुआ ज़िन्दगी म काइ तूफ़ान आया था। फ़ौजदारियां ता गाना हा रहना है। मद हैं ता नाक भाक भा करेंग, रखनियां भी रखें। आखिर भार मियां न याकूत का रखा और जहार मियां न पुखराज का। फुनन कगमन अना की बावी का निकाह लाय लकिन अब तक किसा मदद न किया रखना का लड़की का पयाम नहा दिया था। एन मौजू ता कइ ज़िन्दगिया बाद मिलत है। चुनांचे रक्खन का न अपनी बहू का घुड़क दिया, ग रहन द त कौना लड़ का बात ना है।

खाना खत्म करके हाथ मुँह धोने के बाद फुन्नन मियाँ अपने गमछे से बड़ी बड़ी मूँछों को खुश्क कर ही रहे थे कि दरवाजे से समीउद्दीन खाँ की आवाज़ आयी। मगफिए दरवाजे की आड़ में जाकर खड़ी हो गयी।

फुन्नन मियाँ है? समीउद्दीन खाँ ने पूछा।

हैं।

कह दिजिये कि दरोगाजी बुलाइन हैं हकीम साहब के दरवाज़ पर।

ए अब्बा! आपको दरोगाजी हकीम साहब के द्वार बुला रहे।' मगफिया ने वहीं से हाँक लगायी।

कहि दियो दरोगाजी से कि हमरे पास एक ठो दरवाज़ा है।" फुन्नन मियाँ ने कहा।

ई कहि दें जाके?' समीउद्दीन खाँ ने पूछा।

हाँ हाँ इहे कहि दियो जाय। हम तार दरोगाजी का दिया ना खात।'

"नाहक में बात बढ़ाने से का फ़ायदा मीर साहब!"

'बात अभइ कहाँ बढ़ा है!' फुन्नन मियाँ ने जाम का गिलास ख़ाली करते हुए कहा, "पान लाने जाओ। ए रजिया की माँ, मीर साहब का पान भेज दो।"

कुलसुम पान लगाने लगी।

'हम ई कहि रहे मीर साहब कि

कुछ कहे की ज़रूरत न है।' फुन्नन मियाँ ने समाउद्दीन खाँ की बात काट दी। "हमें मिले का हो त हम उनके पास जावेंगे। उन्हें मिले का है त ऊ हमरे पास आवें।"

समाउद्दीन खाँ ने कलजिया के उस हाथ से पान ले लिया जो दरवाज़े की ओर से बाहर निकला था। पान मुँह में रखकर और फुन्नन मियाँ को दो आवाज़ें बुलन्द सलाम करके वह वापस चले गये। अपने लड़के मुईनुद्दीन की निस्बत गुलाम हुसैन खाँ की लड़की से लगाने के बाद हो से कासिमाबाद के मुईनुद्दीन खाँ की हमशीरा ख़तम हो चुकी थी। यह तय हो चुका था कि लड़ाई के ख़त्म होते ही यह शादी हो जायगी। अगर बीच में कोई छुट्टी मिल गयी और मुईनुद्दीन आया तो तभी निकाह कर लिया जायगा।

गुलाम हुसैन खाँ ने तो शादी की तैयारियाँ शुरू कर दी थीं। उनका कहना था कि कोई ठीक थोड़ा ही है कि आज जो चीज़ किसी दाम पर मिल रही है वह कल उसी दाम पर ही मिल सकेगी। इसलिए आहिस्ता आहिस्ता तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। घर में कोई दौलत का ख़ज़ाना तो नहीं कि पास होते ही सब तैयार कर ली जायगा। चुनांचे पाँच जोड़े कपड़े तो वह तैयार करवा चुके थे जो टक-टँकाकर बक्स में रख दिये गये थे। तीन पान सोने के ज़ेवर और पाँच पान चाँदी के ज़ेवर भी बन चुके थे। नौशेरवान के मुताबिक़ भी शरीक हो चुके थे। बाक़ी अल्लाह मालिक है।

यह गाँव के विचार बड़े बाहर थे और आनेवाले ज़माने से बेख़बर थे।

ठाकुर हरनारायन प्रसाद एक कुर्सी पर बैठे हुए थे जो शायद उनके बाप से विरासत में मिली थी और गाँव के तमाम

दौलतमन्द लोग हस्बे हैसियत ज़मीन, तिपाई और लोहे की कुर्सियों पर बैठे हुए थे। हकीम साहब उलटे हुए बिस्तर की टेक लगाये हुक्का पी रहे थे। उनकी बेटी के नाती लड़के आँगन में निशान खींचे 'इक्कट दुक्कट' खेलने में मसरूफ़ थे। बीवियाँ दरवाज़ों की ओट से झाँक रही थीं। सफ़ुनिया कमर पर हाथ रखे दरवाज़े के बाहर खड़ी अनवारुलहसन राक़ी के लड़के फ़ारुख़ को देख रही थी जो अपने दादा की मौत पर आया हुआ था और बाप के साथ दरोग़ाजी को सलाम करने आया था। दो एक बार फ़ारुख़ ने भी उसको देखा और मुस्लिम लीग का सारा प्रोग्राम उसके ज़ेहन से निकल गया।

ठाकुर साहब की निगाह भी सफ़ुनिया पर पड़ गयी। उन्होंने अपनी मूँछों को ताव देकर सीना चौड़ा कर लिया। उनके ज़ेहन में एक ख़याल उस केंचुए की तरह तड़पकर ख़ामोश हो गया जिस पर खेल ही-खेल में किसी लड़की ने पान की पीक गिरा दी हो। उन्होंने सोचा कि गुलाबीजान में अब कुछ रह नहीं गया है।

'माई बाप! इतना त हम ना दे सकी ला।' गोवरधन बनिये ने एक कदम आगे सरकाते हुए कहा। वह दरोगाजी के पास ही ज़मीन पर उकड़ूँ बैठा हुआ था।

यह गोवरधन बड़ा मालदार था। मशहूर था कि इसने चूल्हे में कई हँड़िया गाड़ रखी है। लेकिन एक बार जब झिंगुरिया ने नकब काटकर चूल्हा खोदा तो उसे कुछ नहीं मिला फिर भी यह शोहरत कम नहीं हुई। झिंगुरिया ने सात बार हमला किया। मगर हर बार वह ख़ाली हाथ लौटा और हर बार गाँववालों को यह यक़ीन हो गया कि गोवरधन बड़ा दौलतमन्द है लेकिन बड़ा चालाक है। उसने रुपया कहीं ऐसी जगह छुपा रखा है कि झिंगुरिया जैसे को भी पता नहीं चलता। यह सुनकर झिंगुरिया की ग़ैरत को ठेस लगी। इसलिए आठवीं बार उसने गोवरधन को बाँधकर बड़ी ठुकाई की। मगर गोवरधन ने बिलकुल पता नहीं दिया। झिंगुरिया को फिर ख़ाली हाथ लौटना पड़ा।

यह गोवरधन गंगौली का रहनेवाला नहीं था। गंगौली में इसकी ससुराल थी। यह जवाईं था। लेकिन इकलौती बेटी का शौहर था। इसलिए घर में

उसका बड़ा लाड़ होता था। वह सिल्क का कुरता पहना करता था और अनवारुलहसन के दरवाज़े पर बैठकर लोगों की बात किया करता था कि फलां चीज़ का भाव गिर रहा है लेकिन क्यों न दस हज़ार लगा दिया जाय। फिर अनवारुलहसन वग़ैरह की मुख़ालिफ़त के बावजूद वह रुपया लगा देता और दो चार दिन होने के बाद दस बीस हज़ार के घाटे या मुनाफ़े की बात करने लगता। मगर घर में एक पैसा नज़र न आता तो एक दिन उसके ससुर ने कुरेदकर उससे बही ली। बुड्ढे की आँखें हैरत में फट गयीं। गोवर्धन का कारोबार लाखों में फैला हुआ था। बम्बई कलकत्ता चटगाँव रंगून, हांगकांग और न मालूम कहाँ-कहाँ गोवर्धन ने अपना जाल फैला रखा था। उसने सोचा कि जँवाई लन्दन में ही निपट्टू है। चुनांचे उसकी आवक और बढ़ गयी। और वह गाँव में छाती तानकर घूमने लगा। ख़िदमत-पेशा लोग उससे निजी मामलात में मशवरा लेने लगे। और इसमें शक नहीं कि उसका निशाना सही ठीक बैठता था। इसलिए उसकी धाक बढ़ती गयी। ससुर के मरने के बाद ससुर का सारा कारोबार भी उसे मिल गया और वह भी गगौनी का एक बुर्ज बन गया। वह सिर्दा लोगों के यहाँ आता तो ऊँची जगह पाता। यह एक ऐसा एजाज़ था जो गगौना में किसी ग़ैर को अब तक नहीं मिला था। जब वह गगौनी आया था तो बिलकुल जवान था। अब बूढ़ा हो चला था। लेकिन उसकी आँखों की चमक वैसी ही थी। उसके छः लड़कों में से चार सरकारी फ़ौज में भरती हो गये थे और एक इलाहाबाद में पढ़ रहा था। गोवर्धन लिखाई-पढ़ाई का शुरू से क़ायल था। वह लक्ष्मी-पूजा के साथ साथ सरस्वती-पूजा भी किया करता था। चुनांचे उसने लोगों की कहा-सुनी के बावजूद अपने सभी लड़कों को तालीम दी थी। छोटे लड़के को तो सरकार ने विलायत भेज दिया था पढ़ने के लिए। और मशहूर था कि उसने वहाँ किसी मेम से शादी कर ली थी। गोवर्धन ने इसको सुन लिया था कि उस लड़के के लिए अब इस घर में कोई गुंजाइश नहीं है। बल्कि लोगों ने तो उस सिलसिले में भी महसूस कर लिया था।

मुख़्तसर यह कि ज़िन्दगी बड़े आराम से गुज़र रही थी कि ठाकुर साहब ने एक लाख रुपया सहारे का फ़ण्ड जमा करने का दम लगा लिया और अब

वह गोवरधन स दस हज़ार रुपया माग रहे थे। इस रकम का नाम सुनत ही गोवरधन उछल पडा और हकीम साहब के पाइँती से उचक्कर दरोगाजी के पास जमीन पर उकडू बैठ गया। मगर दरोगाजी उस वक्त सफुनिया को दख रहे थे। फिर भी गोवरधन के इन्कार की आवाज उनके कानो स टकरा ही गयी

कसी बात करत हैं आप, सेठजी ?" ठाकुर हरनारायन प्रसाद न कहा 'आपका कारोबार मुल्का मुल्का फला हुआ है। आप करोडो नही तो लाखो के आदमी है। क्या साहब ? उन्होने हाजी बुलाकी का मुखातिब किया, जिनसे वह एक हज़ार एक वसूल कर चुके थ 'अगर म गलत कह रहा हूँ तो कह दीजिए।

ए म का शक है साहब इनक एसा दौलतमन्द त दो चार शहर म शायद से मिले। हाजी बुलाकी न कहा।

'दखो सेठ लडाइ हो रही है। तुम्हार चार लडके सरकारी फौज म हैं। म तुम्हारा नाम काग्रेसिया म लिखना नही चाहता।

अरे राम राम करें साहब! गोवरधन बिलकुल घबरा गया 'हम आंग्रेज-काग्रेस मा ना है। च च का कहत बाड सरकार आप ?

जो लडाई का चन्दा नही दगा वह गाधी का कोइ भगत ही होगा।

एसन ना कह सरकार।'

कैस न कह! अब भला बताइए हकीम साहब! दरोगाजी हकीम साहब स मुखातिब हो गय, सठ गोवरधन के लिए दस हजार की क्या हैसियत है ?

अरे द के खतम कर।

कहाँ स दिह, मीर साहब ?

अरे अभइ कल्लह त कहत रहिया कि कानी काह म ताहा आठ हज़ार का फायदा भवा है। गुलाम हुसन खाँ बोल।

दखो गोवरधन! मैं आखिरी बार अभी वह यही तक कह पाय थ कि समीउद्दीन खाँ आ गय क्या कहा फुन्नन मियाँ न ?

समीउद्दीन खाँ न फुन्नन मियाँ क जवाब का बा आवाज बुलन्द कहना

मुनासिब न जाना, इसलिए उन्होंने उनका जवाब दरोगाजी के कान में कहा। ठाकुर साहब का चेहरा सुर्ख पड़ गया और हाथ बेसाख्ता मूँछों तक चला गया।

'रस्सी जल गयी पर बल नहीं गया। चार साल चक्की न पिसवाई तो नाम बदल दूँगा।'

'तो हमरे बाबू का हुकुम बाए?' गोबरधन ने डरते डरते पूछा।

'सात दिन में कुल रकम थाने पर आ जाय।'

जो चमक गोबरधन की आँखों में साठ साल से थी वह एकाएक खत्म हो गयी।

अपनी बैठक में दाखिल होते ही उसने गणेशजी, लक्ष्मी और सरस्वती की मूर्तियों को प्रणाम किया और फिर एक बूढ़े दरख्त की तरह अपनी गद्दी पर गिर गया। जब शाम हुई और उसकी बहू चिराग जलाने आयी तब वह चौंका। दीये को प्रणाम करके वह फिर बैठ गया।

बहू ने यह खबर अन्दर दूसरी बहुओं को पहुँचायी। बड़ी बहू घूँघट निकाले आयी।

गोबरधन से पूरी कहानी सुनकर उसने तो यही सोचा कि दस हजार की क्या हकीकत है। गोबरधन तिलमिलाकर रह गया। दस हजार की यह हैसियत है कि उसकी बड़ी बड़ी रकमें जब डूबी होने लगीं तो डूबकर मर गया। यह है दस हजार की हैसियत। उसने बहू को चुप कर दिया और फिर चुपचाप बैठ गया। बहू ने खाने को पूछा तो उसने इनकार कर दिया। आखिर जब एक घंटा दुश्वार हो गया तो बैठक की कुण्डी चढ़ाकर वह फिर हकीम साहब के घर की तरफ चल पड़ा। मगर उसके कदम अपनी बही के खातों में दूर जा रहे थे।

ठाकुर साहब ने मसौदा में दो रात गुजारने का फैसला किया था। उन्होंने बारहगाँव में पाँच हजार रुपये और आठ हजार के रसीदी पत्र इकट्ठा किया था। रसीदी पत्र तो उन्होंने सरकार रवाना कर दिया था और वे रुपये सन्दूकची में उनके साथ पास रखा गया था।

ठाकुर साहब एक आरामकुर्सी पर बठे सिगरेट पी रहे थे। वह वर्दी उतार चुके थे। लुगी बाधे कम्बल ओढ बठे हुए हकीम साहब से हालात हाजरा पर बहस कर रहे थे। हकीम साहब का शिकायत यह थी कि सारे नौजवान जो जबरदस्ती लाम पर भेजे जा रहे है, तो खेती कौन करगा और जिन काश्तकारो से पुरानी शरह पर लगान वसूल करने के लिए बार बार बकाया लगान का दावा करना पडता हो उनमे ड्योढा और दूना लगान हासिल करना नामुमकिन है। और जवान हाथो को तरसते हुए खेतो की नीममुर्दा फसलो मे अगर सरकार न गल्ला भी वसूल करना शुरू कर दिया तो देहाती जिन्दगी मे खलफिशार हो जाने का अन्देशा है और एमे म कि सारी फौज जमन और जापान स लडन म लगी हुई है इस खलफिशार को दबाना मुश्किल हो जायेगा।

बाकी ई जो मशहूर है कि हिटलर तुर्की के इसमत अनूना है, ई कहाँ तक दुरस्त है। अभइ परसो जो हम गाजीपुर गये तो सुना कि मस्जिद म लोग हिटलर के जीतन की दुआ कर रह ।'

ठाकुर साहब ने सिगरट को आगन म उछाल दिया। 'बात यह है मीर साहब कि अगर लगान न बढाया जाय या गल्ला न वसूल किया जाय या जबरी चन्दा न लिया जाय तो इत्ती बडी लडाइ का खच कसे पूरा होगा ? और अगर जवाना को भरता न किया जायेगा ता इत्ती बयी लडाई लडी कस जायगी ?"

हकीम साहब के पास इस मनतिकी दलील का कोई जवाब नही था। बोले, "ई त आप ठीक कह रह ह। बाकी '

"सलाम मीर साहब ! गोबरधन आ गया, सलाम दरोगाजी !'

"अब लिया हकीम साहब आपन ! सीधा हो गया ! दरोगाजी न हकीम साहब स कहा। फिर वह गोबरधन स मुखातिब हुए "लाये !

'हाँ सरकार।

दरोगाजी सभल गय। क्योंकि उन्होन तय किया था कि गोबरधन को सिर्फ हजार का रसीद दी जायगी। वह गोबरधन स जी ही जी म खुश हो गय क्योंकि अब हिसाब ठीक हो जायगा। उन्होन तय किया था कि बार पण्डके

नए बीस हजार और अपने फण्ड के लिए तीस हजार जमा करेंगे । गोवरधन के खाते में उनके तीस हजार पूरे हो रहे थे और बाकी फण्ड भी अठारह हजार तक पहुँच रहा था ।

'सरकार, जो कुछ हमारे पास था तीन हाजिर है ।' गोवरधन ने एक कहा और एक थैला पेश की । थैली बहुत मुफलिस थी । कहीं बहुत तन्दुरुस्त था । दरोगाजी की भवें तन गयीं, "यह कहीं का मैं क्या करूँगा ?"

"हमारे कुल कारोबार ए ही मा बाप, सरकार !" गोवरधन ने कहा, "और पूजा पलिया मा । और गिन लियन चार सौ अगारह रुपिया है । अब हम का करें !" वह रुक गया और लाना लगा हुई दीवारों की तरह अपनी शख्सियत के ढह पड़ने के धमाके सुनने लगा । उसका कारोबार एक ख्वाब था । एक बजरर ख्वाब जिसमें उसके बच्चों के सिवाय अब तक किसी का नुकसान नहीं पहुँचा था । वह ख्वाबों में कारोबार किया करता था और अपनी बही में सूदाजिमा का हिसाब लिख लिया करता था । वह घर इन तिलिस्मी खजाने हिन्दसा को देखता था और खुश हो लेता था । जब उसे कोई ख्याली नुकसान होता तो वह होता उदास रहता और जब उसका अन्दाजा ठीक निकलता और ख्याली मुनाफा हो जाता, तो वह हफ्ता खुश रहता । पोतों-नातियों को गिराता । और बहुआ ने अच्छी अच्छी बातें करता । उसने दरोगाजी को यह तमाम बातें बता तो डाला लेकिन हर जुमला उसके गले में फाँसी का फन्दा बन गया । उसका दम घुटने लगा और वह बच्चों की तरह रोने लगा । वह साँस के एक पुतले की तरह सिमट गया ।

'? अब हमारी खातिर का हुकुम बाए ?'

ठाकुर हरनारायन प्रसाद भी आदमी थे । उन्होंने वह थैला उसको लौटा दी । वह उनके पैर छूकर चला गया । और यह बात उन्हें दूसरे दिन कोई नौ बजे मालूम हुई कि गोवरधन मर्गोलि छोड़ गया । गाँववालों ने कहा कि ऐसा मशहूर आदमी आज तक नहीं देखा गया ।

फिर दरोगाजी और हकीम साहब को मालूम था कि वह क्या चला गया । मगर शायद यह नहीं कि नाहक जबान खोलने से क्या फायदा । और कुछ यह भी था कि दोनों अपने अपने कामों में [illegible]

तहसीलदारी मे नामज़द भी हो गया है, इसलिए अब उसकी शादी होनी चाहिए और दरोगाजी को फुन्नन मियाँ की फिक्र थी।

खानदान का बुज़ुर्ग होने की हैसियत से अब्बू मियाँ का मौजूद होना चाहिए था। लेकिन अब्बू मियाँ गाज़ीपुर मे थे। इसलिए मेहमाननवाज़ी के फरायज हम्माद मियाँ अदा कर रहे थे जो इस मौरूसी जमीदारी के मुख्तारे आम थे और इधर उधर के काफी खेत निकालकर वह अच्छे खासे पसवाल भी हो गये थे। और अब वह सोच रहे थे कि इस खलवत को छोड़कर उन्हे अपना मकान बनवा लेना चाहिए। चुनांचे उन्होने बड़े फाटक के सामने अपने दो मंजिला मकान की दाग बेल भी डाल ली थी। और चूंकि वह एकदम दौलतमन्द हो गये थे, इसलिए वह फुन्नन मियाँ को किसी शुमार मे नही लाते थे। और फुन्नन मियाँ खरे सैयद थे, इसलिए इन दोनो घरो के ताल्लुकात खराब भी हो गये थे।

'अब मैं क्या कहूँ ठाकुर साहब! उन्होने दरोगाजी से कहा, "फुन्नन की इन हरकतो की वजह से तो हम लोग आजिज आ चुके है। मगर खानदान की इज़्ज़त तो ढोनी ही पड़ती है। डाके वह डलवाएँ। चोरियाँ वह करवाएँ। करामत खाँ की बीवी का भी निकाल लाये। छुट्टे साँड है! खेत चरते रहते है।

"लेकिन अब यह तो हद हो गयी ना कि थानेदार यूसुफ्पुर का दे दिलाकर झिंगुरिया को हवालात मे बन्द करवा दिया और रात को वह वारदात कर गया। वारदात भी कैसी कि कत्ल। लेकिन समझ मे यह नही आता कि आखिर उस औरत से उसकी क्या दुश्मनी थी?

हम्माद मियाँ हँसे, "आप भी खूब है। अरे साहब, झिंगुरिया गुलबहरी को कत्ल करने गया था।

'गुलबहरी।

"अरे, वह अशरफ खाँ वाला।

ओह! तो यह किस्सा है। ठाकुर साहब ने गरदन हिलायी, "यानी वह बच्चा गफ्फू खाँ ही का है!

"ज़ाहिर है।'

"तब तो अशरफुल्लाह मियाँ भी लपट म आ जायेंगे।" ठाकुर साहब न कहा और दिल-ही दिल म सोचने लगे कि इस गाम मामले म अशरफुल्लाह मियाँ कितना दे मरेंगे। अभी वह किसी नतीजे पर नहीं पहुँचे थ कि फुन्नन मियाँ आ गये। उन्होंने हम्माद मियाँ की तरफ देखा। ठाकुर साहब की तरफ देखा मगर किसी को सलाम किये बिना वह पैर लटकाकर एक पलंग पर बैठ गये।

'कहिए।'

"साहब साहब झिंगुरिया के मामले म कुछ बात करनी थी। दरोगाजी न कहा।

'कहिए।

वह नक्व उसी न लगायी थी।

'वाकी हमन त सुना है कि उ हवालात म रहा।

'मुझ मालूम है कि आपने अफसर इलाज यूसुफपुर को तीन सौ रुपये दिये थे।

"का कुई बयान दिहिन है? वह खड़े हो गये "हमारे पास फाजिल पैसा ना है।'

'कोई आदमी सरकार म टकराकर नहीं जीता है साहब साहब।

'ना जाना हाइय। बाकी आपउ सरकार ना हैं, ठाकुर साहब। फुन्नन मियाँ न दरोगाजी की आँखों म आँखें डालकर कहा और इहि बखत आप हमर दरवाज पर है नहीं त कौनो माई का लाल एसा त ना है कि फुन्नन मियाँ का धमकाकर चला जाय। कई हम्माद अम्माद का अपना दरोगायी दिखलाइए।

'हमने सुना है कि आप गज्ज पीछे का चन्दा देते हैं।

फुन्नन मियाँ मुस्कराये। मगर वह मुस्कराहट बड़ा जहरीली था।

'अमद मेक म ना दिया है। बाकी कहिए त देवे लगें। मा कहीं कानून म ई लिखा है कि कांग्रेसवालन का कोई चन्दा न दे। का तूं दुग्गा पाठ रहिया। उन्होंने दरोगानवा चौरीमार म पूछा हम त ना सुना। आतन अब तक थाने-दफ्तर म चन्दा भी नहीं दिया। मालगुजारी त ना न बाकी है। फुन्नन मियाँ ने

त चन्दे म दे दिया है ना। छ महीने स कौनो खबरा ना आयी है कि इम्तियाज़ जियत है कि मर गये। कहिए तो मुन्ताज को भेज दें। वार फण्ड वाह का वार फण्ड। हम कहा रहा जमन से लडे का ? कि हम वार फण्ड द ? कपड़ा हम ना मिले। ए भाइ, गाय की हर चीज बजार स बलाय गयी है। नजर याज को चीनी हम्मे ना मिले। मिट्टी का तल त आब जमजम हो गवा है। खास लोगन को मिलता ह। हम एक डबल न दगे वार फण्ड म। जुअन रर को हा तुअन कर लियो।

खामोश।'दरोगाजी का लहजा सख्त हो गया।

ह दरोगाजी ! फुन्नन मियां चुटीले नाग की तरह पलट, "फुन्नन मियाँ से कोई ए तरह बात ना करता। का है !"

'क्या यह गलत है कि आपने अफसर इलाज यूसुफपुर को तीन सौ रुपये नहीं दिय ?'

'त उन स कहि दिजिए कि अदालत म आक इ बयान द द। बाकी इहो कहि दिजिएगा कि रोजनामचहु को फिकवा डालें। और जा हमरे पास नक्ल रोजनामचा है उहो को छीन ल।

आपके पास यह नक्ल क्या है ?'

आप कौनो अदालत ना ह कि आपक हर सवाल का जवाब देना हमरा फर्ज हो जाय!

गुलचहरी अब पुलिस की हिफाज़त म है!

अच्छा और कौन पुलिस की हिफाजत म है ?'

जी तो चाहता है कि आपको बगावत के जुर्म म गिरफ्तार कर लू।

हिम्मत हो तो जी का कहा कर डालिए!

यह मत समझिए कि बशीर साहब या वजीर साहब या अम्मू मियाँ आप को बचा लेंगे!

हमरे बचायवाले का नाम दरोगा शरीफुलहसन और शिवधनसिंह स पूछ लीजिएगा।

ठाकुर साहब क तन बदन म आग लग गयी और उनकी हरारत म अलफाज पिघल गय। चन्द लमहा तक फुन्नन मियाँ न इन्तज़ार किया।

लेकिन जब ठाकुर साहब ने कुछ नहीं कहा तो वह बड़े दरवाजे से निकल गये। उन्हें झिगुरिया की तरफ से कोई परेशानी नहीं थी। दरोगा युसुफपुर ने उसकी बयान को जरूर बना दिया होगा कि मामला क्या है मगर उनके बाप भी अदालत में यह बयान नहीं दे सकते वरना बेटा खुद बँध जायेंगे। इसलिए उनको तो सिर्फ एक सवाल ने परेशान कर रखा था। मौलवी बेदार ने उनकी तनख्वाह रद्द कर दी थी क्योंकि हकीम साहब हज्जामों के चौधरी को पास रखने में कामयाब हो गये थे और गुरु सफुनिया ने यह बयान दे दिया था कि झिरमा कोई नहीं था। रहीम को चुप हो जाना पड़ा। वह बिरादरी से लड़ नहीं सकता था। चौधरी ने कह दिया था कि अगर सफुनिया की शादी में कोई अड़चन पड़ी तो वह उसे अपने नवास में ब्याह लेंगे। इन सब बातों के लिए चौधरी को दस मन का एक खेत मिला और मौलवी बेदार ने रहीम को एक सौ पाँच रुपये दिये और यह वादा किया कि सफुनिया की शादी के तमाम इखराजात वह खुद बरदाश्त करेंगे। ये बातें फुन्नन मियाँ को बहुत देर से मालूम हुईं। इसीलिए मौलवी बेदार के इन्कार को फिर्न ने उन्हें हैरान कर दिया था। मगर जब वहाँ से लौटने के बाद रहीम से उनकी बातें हुईं तो बात उनकी समझ में आ गयी।

'तैं एक सौ पाँच रुपिये में हमरी बात बेच दिये ?'

का करें सरकार साहब! चौधरी सब गड़बड़ कर दिहिन।

ठीक है। उहीं का देख लेंग। ऊ ससौसी छोड़ देत न रहिन।

ये बातें उनके दिमाग में गूँज रही थीं। सलीमपुर जाते वक्त उन्हें चौधरी के खेत से गुजरना पड़ा। धन और जौ की बड़ी अच्छी फसल खड़ी थी। उन्होंने गुनगुना लिए और यह सोचता हुए रास्ता की एक ठाकुर साहब आगे बढ़ गये।

जब वह सलीमपुर पहुँचे तो अस्गरन्वाह सो किसी आसामी का ... ... बैठे थे। फुन्नन मियाँ को देखकर तो उसकी शामियों ... ...

और ... ... मगर पम्मा नहे सलात और ...

... हार इतर सब नीलाम करवा दूँगा और

... और ... समझ कि अदालत में

सामने ही एक तन्दुरुस्त दमकता हुआ नौजवान मुर्गा बना हुआ था। उसकी पीठ पर ईंटों का एक मीनार सा बना हुआ था। जब वह मीनार हटाया गया तो कई मिनिट तक वह खडा न हो सका। वह खडा होने के बाद भी अपनी पीठ सहलाता रहा।

सलाम कर जमींदार को!" बाप ने उसे कुहिनी मारकर सरगोशी में कहा। उसने खाँ साहब को सलाम किया। फिर अपने बाप के साथ चला गया। उन दोनों के जाने के बाद खाँ साहब देर तक उन दोनों को और फिर आसामियों की सारी कौम को गालियाँ देते रहे।

बेदार मियाँ ना माने। फुन्नन मियाँ ने कहा।

नहीं माने? अशरफुल्लाह खाँ ने चौंककर पूछा।

"हाँ असिल में बात ई है कि चौधरी साला ऊनहीं का आसामी है।

तब?

अरे तब का। जब तक फुन्नन ज़िन्दा है आपको कोई का कर सकता है। आज त हम ऊ साले दरोगा कासिमाबाद को भी जी भर के सुना दिया। और हम देख रहे कि *अब ई हम्मादा की शामत आ गयी है।'*

और झिंगुरिया का क्या होगा?

ऊ की फिकिर आप काहे को करते हैं। ऊ को छुडाना हमरा काम है। बाकी गुलबहरी के बारे में अलबत्ता सोचना है। हमरी समझ में त अब इक्के ठो सूरत रह गयी है कि ऊ लड़के पर काबू कर लिया जाय। और कौनो और ज़िने से गुलबहरी का वारण्ट निकलवाया जाय कि ऊ किसी की जाजा मनकूहा है। भाग गयी है और पता चला है कि वारिसपुर के शेर मोहम्मद के घर में है लिहाज़ा वह बरामद करवायी जाय। एक मरतबा ई मुकदमा चालू हो जाय फिर देख लेंगे।

काफी देर बाद तय पाया कि मत्तोपुर जिला फ़ैज़ाबाद के गज़नफ़र अली खाँ से यह दावा करवाया जाय।

अच्छा त अब हम चलें।

खाना वाना खाकर जाइए और एक ताज़ा गज़ल भी हो गयी है।

अन्दर से गाना आ गया। लड़कियों ने सलाम कहलवाया। फुन्नन मियाँ मुँह में गिलौरी दाबकर जमकर बैठ गये।

'बिस्मिल्लाह!'

खाँ साहब ने गजल शुरू की। फुन्नन मियाँ झूम-झूमकर तारीफ करने लगे। मगर इक्कीसवें शेर पर वह चौंके 'जरा दुबारा इरशाद करिए!'

खाँ साहब ने दुबारा जहमत की।

'वाह!'

क्या बात है? खाँ साहब उनके महज पर चौंक पड़े।

'साहब, हम बोलो पढ़े लिखे तो हैं नहीं। बाकी आशिक के दामन सर उठाने का मुहावरा कुछ समझ में ना आया। ऊ सर कटा सकता है मन्सूर बनकर सरमद बनकर। ऊ ईसा बनकर सूली पर चढ़ सकता है। बाकी ऊ सर नहीं उठा सकता। सर उठाना तो मास्टरन का बच्चापन साबित करना है जैसे ऊ का असली मालिकन की अकड़ है।

अशरफशाह खाँ भी आस्तीन चढ़ाकर लग गये। लेकिन फुन्नन मियाँ ने आखिरकार उन्हें कायल कर ही लिया। चुनांचे वह शेर खारिज कर दिया गया। फिर खाना लग गया। अण्डे का कोरमा था कलिया था। मटरपुलाव था और गाजर का हलुवा था जिस पर चाँदी के वरक की मोटी तह थी।

खाने से फारिग होकर फुन्नन मियाँ वापस हो रहे थे कि कुँवरपालसिंह से मुलाकात हो गयी।

ठाकुर साहब उन्हें देखकर रुक गये। शिकवे-शिकायतों का सिलसिला शुरू हो गया। फिर यह बात निकल आयी कि झिंगुरिया ने सलाम हुसैन खाँ को धरकर अच्छा नहीं किया था। तो फुन्नन मियाँ उखड़ गये बोले रहे क्या ठाकुर रहे क्या? हम ना रहे से तू झिंगुरिया पर चढ़ गयो।

नहीं भाई, तो चुप हो गये रहे नहीं तो

नहीं तो का करियो। देखो, ई हमरा तुम्हरा मामला है। समझत रहो। ऊ बाबा के खानदान हैं और हम उनके खानदान के नमकखोर हैं। और तोहें हमरे लिहाज से कबीर का साथ देना चाहिए।

इस बीच साहब का पता तो चल ही गया कि बाकी गमीरा उसीरा की

बात रह द । ऊ म हमार-तुहार फैसला न भइल बाय । रइन अली कबीर मिया की बात । त ऊ हमार दोस्त हइ । उस्ताद का नाम बीच म मत ला आवा !

'काहे न ली आयें ?'' फुन्नन मिया ने कहा, 'और एक बात कहि दे रह ठाकुर कि मरद होवा त पुलिस को बीच म मत ली आओ और गुलबहरी का परसा अदालत म पहुँचा दियो ।'

''इहे हुई । बाकी हम चलब उकर डोली क साथ ।''

मजूर ।'

यह बात फुन्नन मियाँ की स्कीम म दाखिल नही थी । मगर अब तो हाथ मिल गया था।

चला लग हाथ इहू तय हो जाती कि मीर साहब का खलीफा हम हैं कि न ! ठाकुर ने कहा ।

त ऐसा कर तूहो अकेल आवा हमहूँ अकेल आयें । तोहरी जीत होय त गुलबहरी हिया रह हमरी जीत हुए त हम जुअन चाह तुअन करें। फुन्नन मिया ने कहा ।

ईहू ठीक बाय । हम ओके ले के कल रात के चले के सोचत बाडें ।

बात खतम हो गयी । दाना फसला और महँगाइ और सरकार की ज्यादतिया की बात करने लग । फुन्नन मिया थोडी देर क लिए बारिखपुर मे रुके भी । ठाकुर साहब के लडका और पोता ने उन्ह घर लिया । अन्दर स घर का गुड आया जिसम इलायची की तज खुशबू आ रही थी और जो घर के घी म तयार किया गया था । फुन्नन मियाँ न पानी पिया और इधर उधर की गप्पें टाककर वह फिर गगौली के लिए रवाना हुए । रास्त म फिर हज्जामा व चौधरी क खेत आये और उन्ह देखकर वह फिर मुसकराये ।

व खेत उसी रात कट गये ।

इस दिन के तमाम काश्तकारो क दिल दहल गय क्योंकि खेत कभी तनहा नही कटत इसलिए खेतो की रखवाली बढ गयी और यूँ रात के कोई एक बज नील क गोदाम क पासवाले खेतो म रखवाली करनेवाले एक चमार न फुन्नन मिया का लाशी लिय तेज तेज कदमो स गढ़ई की तरफ जाते देखा ।

गाड़ी से पहले वह एक बलगाड़ी को भी देख चुका था जिसे खिलाफ मामूल ठाकुर कुंवरपालसिंह हांक रहे थे। गाड़ी में यकीनन कोई औरत भी थी क्योंकि इस चमार ने एक बच्चे के रोने की आवाज़ साफ सुनी थी। और उसने पहले वह जिगुरिया को जाता देख चुका था।

फुन्नन मियाँ अकेले ही जा रहे थे कि गाँव में कोई साल भर पर उन्होंने देखा कि ठाकुर कुंवरपालसिंह बलगाड़ी रोके उनकी राह देख रहे हैं।

तूं त बहुते राह देखइला। कुंवरपालसिंह ने कहा।

हाँ, तनी देर हो गयी।

गुनबहरी ने फुन्नन मियाँ की आवाज़ पहचान ली। उसका दिल धड़कने लगा। उसने अपने बच्चे को छाती से लगा लिया।

सावधान!' ठाकुर साहब ने कहा।

या अल्ला! फुन्नन मियाँ ने कहा।

दोनों पतरे बदलने लगे। कच्ची सड़क और दोनों तरफ खड़े हुए आम इमली और जामुन के पेड़ और रात के सन्नाटे के सिवाय कोई तमाशाई नहीं था क्योंकि गुनबहरी तो आँखें बन्द किये बड़े पीर साहब को याद कर रही थी।

लाठियाँ टकराती रहीं। कोई चोट नहीं लग रही था। दोनों ही एक अखाड़े के थे और दोनों हाथ मनौती के पक्के थे। सुने हुए हाथ चल रहे थे। नन्ही चाँदनी में लाठियाँ डूबते हुए चाँद की रोशनी में चमक रही थी।

या अल्ला! फुन्नन मियाँ ने वार किया। ठाकुर साहब का सिर खुल गया। उनकी सफ़ेद दाढ़ी खून से लाल हो गयी।

जै बजरंग बली! ठाकुर साहब ने वार किया। फुन्नन मियाँ का बायाँ शाना खुल गया।

गुनबहरी चीख पड़ी। फुन्नन मियाँ ने ठाकुर साहब की लाठियों पर रख लिया। ठाकुर साहब लड़खड़ाये और गिर पड़े। एक दरख्त की आड़ से चिड़िया निकला।

वो बहुत देर लगने बाद
गुनबहरी को ले जा।

"बाकी।"

'बहि न रहे ' फुन्नन मियाँ ने झिंगुरिया को डाटा, "ले जा!"

झिंगुरिया गुलबहरी को घसीट ले गया। फुन्नन मियाँ ने देखा कुँवरपाल सिंह के बैल उनके ज़ख्मों को चाट रहे हैं। खुद उनके जिस्म पर भी कई ज़ख्म थे और बायाँ हाथ तो बिलकुल ही बेकार हो गया था। लेकिन वह ठाकुर के ज़ख्म साफ करने लगे। ठाकुर ने आँखें खोल दीं।

खलीफाई मुबारक होये। ठाकुर साहब मुसकराये।

फुन्नन मियाँ ने उन्हें बड़ी मुश्किल से गाड़ी पर रखा। फिर वह खुद भी बैठ गये। उन्हें इतना तो होश रहा कि उन्होंने गाड़ी को गाँव की तरफ मोड़ा। फिर क्या हुआ यह उन्हें नहीं मालूम हो सका। लेकिन बैलों को रास्ता मालूम था।

बैलगाड़ी जब नील के गोदाम के पास से गुजरी तो खेत की रखवाली करनेवाले चमार ने देखा कि एक खाली बैलगाड़ी चली जा रही है।

उसकी आवाज पर कई खेतों के रखवाले लाठियाँ लेकर दौड़ पड़े। उन्होंने देखा कि गाड़ी में दो बेहोश जख्मियों के सिवाय और कोई नहीं है। गाज़ीपुर करीब था। गाड़ी वहाँ पहुँचा दी गयी। एक आदमी कासिमाबाद की तरफ लपकाया गया।

समीउद्दीन खाँ अपने कलमदान के पास कम्बल ओढ़े सो रहे थे। पहले वह जागे फिर उन्होंने रपट लिखी। चूँकि मामला ठाकुर कुँवरपालसिंह का था इसलिए हरनारायन प्रसाद अफसर इंचार्ज कासिमाबाद को जगाया गया, जो थके थकाये गुलाबीजान के साथ सो रहे थे। वह अपनी उस बीवी को ख्वाब में देख रहे थे जो बहुत खूबसूरत थी और ठाकुर साहब के खानदान के साथ जी रही थी। चुनांचे जब उन्हें जगाया गया तो वह एक हद तक खुश हुए क्योंकि अपनी बीवी की याद उनके लिए हमेशा तकलीफदेह हुआ करती थी। उन्होंने जल्दी जल्दी वर्दी पट्टी दुरुस्त की। मगर जब तक वह गाज़ीपुर पहुँचे पहुँचे असीमवा जर्राह ठाकुर साहब की मरहम पट्टी कर चुका था और हकीम अली कबीर का खयाल था कि ठाकुर साहब का बचना मुहाल है।

माई हमरे खयाल में तो ई काम फुन्नन के सिवा कोई और का ना है। हकीम साहब ने कहा।

सबका यही खयाल था। लेकिन फुन्नन मियाँ खुद लँगड़ा थे और वही ठाकुर साहब के साथ थे। इसलिए किसी की समझ में यह किस्सा नहीं आ रहा था और उस हंगामे में गुलबदरी का किसी को खयाल ही नहीं आया। बड़े तो जब दरोगाजी आये तो उन्होंने पहला सवाल गुलबदरी के बारे में पूछा और तब सनसनी फैल गयी। ठाकुर साहब ने आँखें खोल दीं। बोले दरोगा जी, हमारे बयान लिख लिये जायें। अन्तिम यात्रा का समय आ गया है बाबू।

नहीं ठाकुर साहब आप

नाहीं। ठाकुर साहब ने दरोगाजी की बात काट दी हम मर न सकन नाहीं। हम गुलबदरी के ले के जात रहे कि चार-छह जनों हमरे पर हमला करिन। ऊ पचे फुन्नन मियाँ हमरे संग रहीन अपना बयान लिखाकर ठाकुर साहब ने इत्मीनान की साँस ली उन्होंने अपने बड़े बेटे को नजर दौड़ा कहा, भूमि पर लेटने का समय आ गइल

उन्हें जमीन पर लिटा दिया गया।

फुन्नन कहाँ बाड़ें?"

"हमरे पास बइठल हैं। फुन्नन मियाँ ने जो बड़ा मुश्किल से उनके पास आ गये थे।

हम जात हईं सलीमा

फुन्नन मियाँ की आँखें भीग गयीं और वह बच्चों की तरह बिलख बिलखकर रोने लगे।

उस वक्त यह बात किसी के दिमाग में नहीं आयी कि चार छह आदमियों के बीच तो अकेले ठाकुर साहब मारे गये। इसलिए यह बात सब लोग हो गयी कि फुन्नन मियाँ और ठाकुर साहब मिलकर मुकाबला करें और चार छह आदमियों से मार खा जायें। लेकिन जब ठाकुर साहब के मरने का हंगामा जरा कम हुआ तो लोगों ने इस सवाल पर सोचना शुरू कर दिया।

ठाकुर हरनारायन सिंह बड़े लम्बे-चौड़े आदमी थे। लेकिन यह ठाकुर

कुंवरपालसिंह के बयान को झुठला भी नहीं सकते थे और गुलबहरी अपने बच्चे समेत गायब थी। बरसों बाद सलीमपुर के एक आदमी ने गुलबहरी को बलिया के इशरतगंज¹ मुहल्ले के एक कोठे पर देखा। तब यह किस्सा फूट निकला कि उस दिन ठाकुर साहब और फुन्नन मियाँ में लड़ाई हुई थी। ठाकुर साहब के जख्मी होने के बाद झिंगुरिया गुलबहरी को अपने साथ ले गया था। परन्तु इस खबर ने कोई सनसनी नहीं फैलायी क्योंकि यह बात तो सबके दिमागों में पहले ही दिन से थी।

ठाकुर हरनारायन प्रसाद थानेदार कासिमाबाद की बड़ी सुबकी हो रही थी। वह कानून की सारी ताकत के साथ टूट पड़े। लेकिन किसी को कुछ मालूम ही नहीं था। फुन्नन मियाँ पर उन्होंने हाथ नहीं डाला, क्योंकि वह काफी जख्मी थे। हालांकि फुन्नन मियाँ की बातें उनके दिल में काँटे की तरह खटक रही थीं।

"आखिर इन फुन्नन मियाँ का क्या इलाज किया जाय?" उन्होंने गुलाबी जान से पूछा। जाहिर है कि गुलाबीजान के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था। इस सवाल का जवाब तो समीउद्दीन खाँ के पास भी नहीं था, जिनसे दरोगाजी रोज ही यह सवाल पूछा करते थे। परेशानी केवल यह थी कि वह कोई उचटता हुआ वार करना नहीं चाहते थे। वह चाहते थे कि वार इतना भरपूर पड़े कि फुन्नन मियाँ हमेशा हमेशा के लिए टूट जायें।

"क्या न मगुनिया से कोई दावा करवा दिया जाय।" एक दिन समीउद्दीन खाँ ने कहा।

"गुलबहरी से एक नालिश करवाके देख नहीं चुके क्या?" ठाकुर साहब ने कहा, "बशीर मियाँ, वज़ीर मियाँ, शब्बर मियाँ और अग्गू मियाँ न होते तो मैं अब तक कब का फुन्नन मियाँ को कुचल चुका होता। मगर क्या करूँ— शहर के हुक्काम से उनकी बनी हुई है और अब मालूम हुआ है कि यह लोग यहाँ से मेरी बदली कराने की फिकिर में हैं।"

समीउद्दीन खाँ हमदर्दी जरूर करते मगर उसी वक्त रात आ गयी। एक

¹ तवायफों के मुहल्ले का नाम हुआ करता था।

मन उनका भी था। उस पर भाँति भाँति की मुहरें लगी हुई थीं। उनका दिल धड़कने लगा। क्योंकि इन मुहरों के साथ तो सिर कट का मन आता था। ठाकुर साहब ने भी लिफाफा पहचान लिया।

"लो!" उन्होंने लिफाफा बढ़ाया, "मुन्ने का मन मालूम होता है। मुन्ने ने लिखा था कि वह पाँच अगस्त को आ रहा है। उसने यह भी लिखा था कि उस फौज से डिस्चार्ज कर दिया गया है। सिलसिले के कागजात बन रहे हैं।

समीउद्दीन खाँ मन लेकर क्वार्टर की तरफ भागे। चाबी से खोल, अरे, सुनती हो, मुन्ने आ रहे! उनकी छुट्टी हो गया। पाँच अगस्त को इतवार है।

'आज कौन अगस्त है?' बीवी ने पूछा।

'आज तो पचीस जुलाई है।'

"आप अच्छा करिये की फरीदा जाके ब्याह की तारीख ठीक आइए

'अरे सुना तो जल्दी क्यों मची है अभइ तो कउनो तयारियो ना हुई है।

आपको का मालूम कि तयारी भई है कि ना भई है। हम सब तयारी कर लिया है। शादी बिलकुल तयार है। नहर का गहना बनके बक्स म धरा है। अउर हाँ, जौनपुरी निगर लिजित की तारीख दे गया। सफूरन मिरासिन का बिसरा मत भूल आदमी नही तो ऊ जान गाय म कउना कसर ना छुटि। अ हमरे मयार म तो पूआ या का भी बुना निजित। पुराना बाउन है। काम दखिहै अउर आला बग अरमाना है मुर्दन का सहरा देग का।

"पहले समधी ला दो आवें"

'आगे की बात का गुलाम हुसैन खाँ इनकार कर गए

"फिर भी कुछ लब म कउन नुकसान है?

उन्होंने बक्स के अन्दर बिलकुल नीचे दबा हुआ लखनवी निकाली। इस बक्स के अलावा मेरवानी पहनने का मौका हो नहीं सकता था। मालूम पड़ता है तो उन्होंने कभी पहनी नहीं थी। अपनी मोहल्ला म — बस तक रिवाज था कि जौनपुर का मातम पर रखा। बस्ता लखन[1] का सदाल्दि

[1] जौनपुर के शीआ मातम के लिए यह बड़ी गहरी नजर मरन है।

म कसा मजा आता था। क्मा क मातम क लिए खजर साफ हो रह हैं। जजीर[1] धायी जा रही है, वह तो आठ मोहर्रम का पायक भी बना करत थे। कमर म काली डोरी काली और सफेद डोरियो की वदधी पन्ना हुआ हरा कुरता

पायक तो वह अब भा बन लिया करते थे लकिन हरे कुरते पर खाकी कमीज पहनना उन्ह वडा अजीव लगता था—ता एसे म शेरवानी पहनन का भला सवाल ही कहा पदा होता था। इसलिए वकरीद के बाद शेरवानी मुइन की मा के भारी कपडो के बक्स म रख दी जाती थी, और फिर इद ही के दिन निकाली जाती थी। लेकिन वह बेटे की शादी की तारीख पक्की करने के लिए पुलिस का वरदी म जाना नहीं चाहत थे। चुगडी मुगडा शेरवानी पर मुइनुद्दीन की मा ने तामचीनी के एक बड प्याल स इस्त्री का और समाउद्दीन खा शेरवानी डाटकर तयार हा गय। बीवी न नप स एक गिलौरी खिलायी और समीउद्दीन खा बिस्मिल्लाह करक अपन क्वाटर से बाहर आ गये।

'कहाँ जा रह हा?' ठाकुर साहब न शेरवानी दखकर सवाल किया।

पाँच का मुईनुद्दीन आ रहे हैं। मुईनुद्दीन की मा का ख्याल है कि छ या साल का ब्याह हा जाय। ता जा रहे हैं गगौली तारीख तय करन।

मुबारिक हा! ठाकुर साहब ने कहा भई गगौली जा रह हा ता जरा हकीम स भी मिल लना और कहना कि गल्ल की वसूला म उन्हान जा मदद की थी उसकी मुनरा साहब न तारीफ की है। सनद चन्द दिना म आ जायगी। खबर गरम है कि शायद अबके उन्हे खाँ साहब का खिताब भी मिल। मगर इस इलाके स दस हजार और मिल जाय तो खिताब कहा गया नहा है।

ई ता बडी अच्छी खबर है।

समीउद्दीन खाँ न अपनी साइकिल सभाली।

बारिश शुरू हा चुकी थी। फिजा म एक नमी था। हवा तज थी और इधर उधर स बादल इकट्ठा हा रह थे। समाउद्दीन खा न बादला का दखकर

---

[1] यह लाग तरह की जजीरें भी मातम के काम आती हैं। इसम छोटे छोटे बेशुमार तज धारदार फल लग होत है और इनस पीठ या सीने पर मातम किया जाता है।

अन्दाज़ा लगाया कि वह गगौली पहुँच सकते हैं। फिर भी एहतियातन उन्होंने छाता मँगाकर साइकिल के डण्डे से बाँध ली।

गगौली के बाज़ार में समीउल्लाह खाँ की निगाह फुन्नन मियाँ पर पड़ गयी। फुन्नन मियाँ ने भी उन्हें देख लिया इसलिए खाँ साहब को सलाम करने साइकिल से उतरना पड़ा। फुन्नन मियाँ ठीक तो हो गये थे मगर उनका बायाँ कन्धा झुक गया था। और अभी तक चेहरे पर बहाली नहीं आयी थी।

'कहिए मीर साहब क्या हाल है?'

'हैं! हाल में कौन खराबी है!' फुन्नन मियाँ ने कहा। शायद वह यह पहचान कर चुके थे कि उन्हें पुलिसवालों से सीधे मुँह नहीं बोलना चाहिए तू कहीं शहर का रस्ता भूल गइल्या। सब कहरा घर लूटे को है। गगौली में अब गाफ़िलन के अलावा कोई के पास का न है।

'आदाब चचा!' अनवारुलहसन राकी का लड़का पास आ गया।

'आह भया, सार पाकिस्तान का का हाल है?'

'वह तो बन रहा है।'

'काहे न बनिहे भया। तूं कहि रहया तो ज़रूर बनिहे। बाकी ई गगौली पाकिस्तान में जइहे कि हिन्दुस्तान में रहिहे?'

'गगौली हिन्दुस्तान में रहेगा। पाकिस्तान में तो सूबा सरहद, पंजाब, सिन्ध और बंगाल होंगे। और कोशिश कर रहे हैं कि मुस्लिम यूनिवर्सिटी भी पाकिस्तान में हो जाय।'

'गगौली के बारे में न करिहो कोशिश'

'गगौली का क्या सवाल है?'

सवाल न है त हम्मे पाकिस्तान बनने या न बनने से का!

एक हम्माली हसूमत का आदमी।

कहीं इस्लाम है कि हुसूमत बन जैहे। ई भाई ... की खबर लियो है और इमामबाड़ा लियो है ... लियो है। हम बारा सुनत है कि सार पाकिस्तान जिन्दाबाद में फँस जायँ।

अंग्रेज़ों के जाने के बाद यहाँ हिन्दुओं का राज होगा।

होने ना दूंगा। गूँ न एसा हिन्दू कहि रहिया जब ...

हैं कि काट लीहयन । अरे, ठाकुर कुवरपालसिह त हि दुए रहे। मिगुरियो हि दु है । ए भाड आ परसरमुवा हि दुए न है कि जब शहर म सुनी लाग हरमजदगी कीहन कि हम हजरत अली का ताबूत न उठें दग, काहे को कि ऊ म शीआ लाग तबर्रा पढन हएँ त परसरमुवा ऊधम मचा दीहन कि ई ताबूत उट्ठी और ऊ ताबूत उठा । तारे जिना साहब हमरा ताबूत उठवाय न आय ।"

फारूक हस दिया ।

असल म इन हि दुआ की सि सियरिटी मशकूक है ।'

का मशकूक है ?

सि सियरिटी मरा मतलब है कि अग साहब वह यानी कि "

का भाई बाप दादा की जबाना भूत गयो ।'

फारूक सिर खुजान लगा ।

अच्छा मार साहब, हम चल रह ।' समीउद्दीन खाँ ने कहा ।

हई सुसर पाकिस्तान क मगड म त हम ताहे भूल गय रह । वहाँ जा रन्यिा ?

मुईनुद्दीन का खत आया है कि ऊ पाँच का आ रह तो सोच रह कि छठी का दा बाल पढा दिया जाय एही मार गुलाम हुसन खाँ के हा जा रह ।"

मुबारिक हा भई ।' फुन्नन मियाँ मुसकरा दिय, हालाँकि उन्ह यह बात शिद्दत स याद आयी कि इम्तियाज अब ना लौन्हि ।' उन्ह यह खबर मिल चुकी थी कि उनका बेटा बहादुरी स लडता हुआ काम आ गया है । जब एस० डी० ओ० मुसुफपुर ने उन्ह यह खबर सुनायी, ता उन्होंने कहा, आपऊ का बान डिप्टी साहब । फुन्नन मियाँ का लटका बहादुरी स लडन लडत काम आ गया ना इसम कौन ताज्जुब की बात है । ऊ कौनो हवाम अली कबीर का लडका है ! मगर इस वक्त मुईनुद्दीन के आने की खबर सुनकर वह अन्दर स उन्ाग न् ा गय । क्योंकि उन्ह इम्तियाज की शान्ी का बडा अरमान था । उन्ाने ता हम्माद मियाँ की लडकी उम्म हबीबा को पसन्द भी कर रगा था न्ालाँकि वह जानन थ कि यन् शान्ी नहीं हा सकती पर तब तक यन् सोचकर खुश न्ा लन म क्या न्ज है कि हा सकती है । उन्होंने यह जिक्र नहीं करवाया था क्योंकि उन्ह मालम था कि हम्माद मियाँ इकार

कर देंगे लेकिन वह मुतमईन थे कि इम्तियाज़ के लौटने के बाद कोई-न-कोई लड़की मिल ही जायेगी। असल सवाल तो नसीबा का होता है। आखिर अल्लाह ने जोड़ा बना ही दिया। रज़िया और रफ़ीक़ा अपने अपने घर की हो गयीं। तभी मग़फ़िरत तो अल्लाह ने उसका जोड़ा भी पैदा न किया होगा। लेकिन इम्तियाज़ के मरने की ख़बर आ गयी। ठाकुर कुंवरपालसिंह की मौत ने उन्हें यूँ ही बुझा दिया था। इम्तियाज़ की मौत ने सारी तरफ़ बिल्कुल ही अंधेरा कर दिया। सच तो यह है कि वह दीवाली के जुए की फड़ पर भी नहीं बैठे और हरनारायन प्रसाद ने नाम उनके लिए जो छापा मारा था वह ज़ाया हो गया। उन्होंने यारों जुआरियों को नशा-ख़्वारी नक़द छोड़ दिया था। दीवाली की फड़ पर न बैठना एक बहुत बड़ी घटना थी। फुन्नन मियाँ ने दुआ पर बस नहीं किया, उन्होंने नमाज़ पढ़ना शुरू कर दिया। नमाज़ में वह सिर्फ़ तीन दुआएँ माँगते थे :

परवरदिगार! मुहम्मद और आले मुहम्मद के सदक़े में ठाकुर कुंवरपालसिंह को बख़्श दे, मग़फ़िरत की चादर अता कर और इम्तियाज़ को साथ ख़ैरियत से वापिस कर!

अब पता नहीं कि अल्लाह मियाँ ने ठाकुर कुंवरपालसिंह को बख़्शा या नहीं। लेकिन मग़फ़िरत के लिए उसने कोई रिश्ता फ़राहम नहीं किया और इम्तियाज़ के साथ ख़ैरियत से वापिस आने का सवाल ही ख़त्म हो गया। ले देकर एक मुमताज़ था मगर वह अभी छोटा था। फुन्नन मियाँ का मतलब था कि अगर लड़ाई-लम्बी खिंच गयी और मुमताज़ जवान हो गया तो क्या होगा? इसलिए उन्होंने ग़ाज़ीपुर के मुसलमानों और हिन्दुओं के बेटियों और मुहाज़ों के आरज़ुओं के लिए एक और दुआ माँगना शुरू कर दी।

परवरदिगार! मुहम्मद और आले मुहम्मद के सदक़े में ठाकुर कुंवरपालसिंह को बख़्श दे, मग़फ़िरत की चादर दे और जर्मन को हराकर इस फ़साद का ख़ात्मा करदो। आमीन!

गाँव में किसी को इन दुआओं की ख़बर नहीं थी। बस यह बात फुन्नन मियाँ को मालूम थी और अगर कोई सुनता है तो वह ख़ुदा ही सुनता अगर दुनिया साथ ही में दोस्त बात न कर दे सब!

लेकिन हर दुआ के बाद वह यह सोचने लगते थे कि ठाकुर को किसने मारा। उस फुन्नन ने जो अशरफुल्लाह खाँ का दोस्त था या उस फुन्नन ने जो अखाड़े का खलीफा था। वह कोई फलसफी तो थे नहीं कि हयातो मुमात के मसाइल पर गौर करते। वह कोई मौलवी भी नहीं थे और कोई शेख सादी भी नहीं थे कि उस वाक्य से कोई इखलाकी हिदायत गढ़ लेते। वह तो सिर्फ फुन्नन मियाँ थे। गंगौली के एक जमींदार और उनके पास एक मोहर्रम के सिवाय इखलाकी फलसफाओं, तारीख का ज्ञान और जखीरा नहीं था। सोचते सोचते उन्हें मुहम्मद इब्ने अबू बक्र याद आये, जो सियासी तौर पर अपने बाप के खिलाफ थे और उन्हें तसकीन हो गयी कि अगर ठाकुर उन फुन्नन मियाँ के हाथों से मारा गया जो अशरफुल्लाह खाँ के दोस्त हैं तो पशेमाँ होने की कोई वजह नहीं। फिर भी उनके जेहन से ठाकुर साहब का आखिरी जुमला नहीं निकलता था—'हम जात हुए खलीफा!' यह जुमला फुन्नन मियाँ से बार बार यह कहता था कि शायद ठाकुर के कत्ल में खलीफा फुन्नन मियाँ का हाथ भी है और इसीलिए जब एक खेत के मामले में हम्माद और ठाकुर साहब के बड़े लड़के पृथ्वीपालसिंह का इख्तिलाफ हुआ और फौजदारी की नौबत आयी तो फुन्नन मियाँ ने अपने आदमियों से कहा कि वह ठाकुर का साथ दें। इस बात पर पट्टी में उनकी बहुत ले दे भी हुई, लेकिन एक बार सुनते सुनते वह झल्ला गये और बोले पट्टीदारी का मतलब एह है का कि हम्माद जुअन आफत चाहें जोतें और सब उन्हें का साथ दें। ई हम से ना होईये।

लेकिन इसका अंजाम यह हुआ कि फुन्नन मियाँ दक्खिन पट्टी से भी टाट बाहर कर दिये गये थे। जब वह करामत अली की बीवी को निकाल लाये थे तब वह टाट बाहर नहीं किये गये थे। सिर्फ इतना हुआ था कि कुलसुम की बीवियों के साथ उठने बैठने का हक नहीं मिला था। और यह होना भी चाहिए था। फुन्नन मियाँ को कोई शिकायत नहीं हुई थी लेकिन जब फुन्नन मियाँ ने गैर हक की बात पर पृथ्वीपालसिंह का साथ दिया तो पट्टीवालों ने उन्हें टाट-बाहर कर दिया। उनका हुक्का पानी बन्द होने का भी ज्यादा मलाल नहीं था इसलिए कि उन्हें मालूम था कि अब उन्हें मरने में दिन नहीं बरसों

है लेकिन मुझे यह ख़याल बहुत तकलीफ़देह था कि हुक्का-पानी बन्द है और 'मुमताज़ अभी छोटे हैं' और इम्तियाज़ बहादुरी से लड़ते हुए काम आ गए हैं और मसीउद्दीन भी अपने मुईनुद्दीन की शादी की तारीख़ तय कर रहे — उन्होंने अपनी गरदन झटक दी, 'ए भाई! अब किस्मत में इन्हें लिखा है न कोई क्या करे।'

लेकिन जब उन्होंने मुईनुद्दीन की शादी की बात कुलसुम को बतायी, तो वह इम्तियाज़ को याद कर-करके रोने लगी। उसे रोता देखकर रज़िया भी रोने लगी और रुख़साना भी। रज़िया को रोता देखकर उसकी छः साल की लड़की बनात फ़ातिमा उर्फ़ बन्नन रोने लगी और उसे रोता देखकर उसका साढ़े पाँच साल का लड़का मुहम्मद निज़ाम हुसैन अशरफ़ उर्फ़ दुल्लन भी रोने लगा। उसे रोता देखकर चार साल की मुमताज़ फ़ातिमा उर्फ़ पत्तो ने चीख़ना शुरू किया। उसके बाद वाला पेट गिर गया था और उसके बादवाली परवीन फ़ातिमा उर्फ़ पप्पो अभी एक ही साल की थी इसलिए वह रोने से बेनियाज़ थी।

रज़िया की तबीयत इधर छः सात महीनों से ख़राब रहने लगी थी। शाम को तबीयत निढाल रहती थी और हल्की-सी हरारत भी हो जाती थी। उसकी बड़ी बड़ी चमकदार निगाह आँखों की चमक धुँधली पड़ गयी थी और मुस्कराहट के वे चिराग़ बुझ गये थे जो उसके होठों पर हमेशा जलते रहते थे। और इन सब बातों के साथ-साथ तीन महीनों का पेट अलग।

कुलसुम तो आग बगूला हो गयी थी।

'मुहम्मद हसन को ईदे एक ठो काम रह गया है। जब देखो तब पेट! दिन भर आराम से दराबे नमाज़ पढ़े औ रहे एक के बाद एक!

उसने बेटे से तो ग़ुस्से में यह कह दिया। लेकिन दामाद से तो यह कहा नहीं जा सकता था और चूँकि रज़िया को कलकत्ते की आबोहवा रास नहीं आ रही थी इसलिए रज़िया मायके आ गयी थी कि मायके में भी कर लेगी और दवा से सम्भव बच्चा भी हो जायेगा।

रज़िया को ही दुलारकर नसीमा को तो मार-मार कर दिया, 'अब

रजिया न बची हसन और उम्मुन, तू देख लिया फुन्नन मियाँ के मुहम्मद हसन से ब्याह दिहिन ।

नाहीं !' उम्मुल ने नाक पर उँगली रखकर कहा, 'फुन्नन का सठिया गये हैं। मुहम्मद हुसैन की शादी दर म भई नहीं त मगफिए वगैरह त ऊ की बेटी होती और मगफिए का कुद्दन से ब्याह ना है। हमरे ख्याल म त तीन चार साल ढेर का फर्क न है।'

'त फुन्नन का कमासु दमाद कहाँ से जुडिय ?" नइमा बी ने चमककर कहा।

जस रब्बन का जुड गया और रजिये का जुड गया ! मगफिए का जोडा का अल्लाह मियाँ ना बनाईन होइएँ ?'

तोहे बात का टूगना जरूरी है !' नइमा बी बिगड गयीं क्योंकि एक जमाने के बाद कुबरा ने भी बेटियाँ की एक खेप उतार दी थी। उम्म हबीबा, सुगरा, अजरा, नजमा और फिरोजा। सुगरा के नाम पर तो अच्छा खासा फिसाद खडा हो गया था। क्योंकि हकीम साहब की एक नवासी का नाम भी सुगरा था। चुनांचे उनकी बेटी उलट गयी कि हम्माद ने उनकी बेटी का नाम कैसे रख लिया। औरतों के लिए नाम तो बडी गजब की चीज होता है।

बशीर मियाँ की माँ अकबरी बाबी का यह हाल था कि चूंकि उनके मियाँ का नाम मुहम्मद था इसलिए वह मरते मर गयीं लेकिन आधी से ज्यादा जिन्दगी गाजीपुर में गुजारने के बावजूद वह मुहम्मदपुर को उन्हपुर कहा करती थीं। और जब उनकी बडी पोती सरवरी की शादी इब्न अली से हुई तो बडा फजीता खडा हो गया। क्योंकि नौहा मरसिया में इब्न अली बार बार आता है। इसलिए जब शादी के बाद पहला मोहर्रम आया और सरवरी ने रस्म-दस्तूर नौहा पढना शुरू किया तो दूसरे ही शेर में इब्न अली आ गया। सरवरी को चूंकि बाकायदा उर्दू पढायी गयी थी और उसने मिसेज नायडू से अधूरा को इन्किलाबी किताबें पढी थीं इसलिए वह उस बगावत को न समझी। पढ गयी। अकबरी बीबी सब सुनकर सन्न हुईं कि पन हुआ म उठ गया यानी ... म बहुत रहियें ...

का मत बुलाओ। बाक़ी अंग्रेज़ी पढ़ाने का शौक़ चर्राया रहा ना। अब लिया अँग्रेज़ी। लगान मियाँ का नाम लिए जा रही है।'

उन्हें लाख समझाया गया कि इन्ने अली इमाम हुसैन को कहते हैं मगर वह न मानीं। उनका मंतक़ अजीब था, "म का न जानियू ? बाक़ी इब्न अली के मियाँ का नाम है कि ना ?'

इस सवाल का जवाब कौन दे सकता था ! चुनांचे अकबरी बीबी सरवरी से खफ़ा रहा कीं। तो भला ऐसी दुनिया में कोई किसी और का नाम कम रख सकता है। मगर नईमा बाजी खेल गया। अज़रा और नजमा का उन्होंने किसी तरह बर्दाश्त कर लिया हालांकि उनका कहना था कि 'नौज ता नाम है।' लेकिन फ़िरोज़ा पर तो वह बिलकुल ही बिगड़ पड़ी हों

उनका ख़याल था कि अब्बास अपनी बहना के लिए किरिस्टाना जमा रहा है। बहुत बिगड़ीं कि 'ई नाम बशीर और अग्गू मियाँ को रह गए हैं ! लेकिन अब्बास ने ज़िद की और नईमा बी का हार मानी पड़ी। लेकिन बहू से खफ़ा ना कोई नहीं रोक सकता था। तो वह रमज़ान का हा की तरह अपनी बहू से खफ़ा हो गयीं। चुनांचे उन्हें जब बीच में टूकड़ा लगाया तो वह उखड़ गया। बुढ़िया कुड़कुड़ाकर दीवानख़ाने में चली गयी और नईमा बी फिर उम्मुन से बातें करने लगीं। इसरार था कि रज़िया मर जायगी और फुन्नन मियाँ मशफ़िक़ा या मुहम्मद न में रख लेंगे। उम्मुन का इस बात के मान लेने में कोई ख़ास एतराज़ न था।

सुन रखियू कि मखूर की लड़की का रिश्ता आया रहा फ़र्रुख़ाबाद से। न पक्की हो गया रही। बाक़ी फिर लड़केवाले रिश्ता तोड़ दिहन कि लड़की का नाम ख़राब है।

न का ग़लत कहिन सब।' नईमा बी बोलीं, 'हमने तो सोचियाम दरी ख्याल का है। बाक़ी तू न बोलो शक ना है कि नजमा की सूरत बुरी है।

वह एक ठो सलमा बदसूरत है। कौन कहे कि बुढ़िया, सदा उसमें रंगा, फ़क़ीर ख़राब और ऊ नाकवाला का का नाम है हाँ, महजबी का

शक्ल बहुत अच्छी है ? आँव का आवा बन गवा है । फुस्सू का दिल गुरता है कि सभन को चाहत हुएँ ।'

'और सुना है कि बदरुन के ब्याह की तारीख पड गयी ।'

हा औं मार गाना बजाना हो रहा ।

गुलाम हुसन त बडा जहेज तैयार कीहन हाइहैं ।"

सुन त रहे कि पाँच थान सोने का और दस थान चादी का गहना दे रह । कपडा म परेशानी है । एक दम्म स न उड गवा है । परमिट अरमिट वनवाईन न हाएँ । वाका देख जुअन उन जाय तुअन गनीमत है । का जमाना आ गवा है ।"

मगर गुलाम हुसैन खा ने मर जीकर किसी न किसी तरह ग्यारह जोड तयार कर ही लिये । दो भाइया के बीच म अकेली लडकी थी, क्योंकि बुल सुम के निकल जान के बाद करामत खाँ ने शादी नही की और वह थे डिप्टी अली हादी के मुह लगे मुलाजिम । उन्ही के साथ रहत भी थे । इसलिए उपर की आमदनी काफी थी और खच एक नये पसे का नही था । उन्होने सोचा कि पैसा किसके लिए बचायें ? इसलिए उन्होने अपनी डाकखाने की काफी बडे भाई के सुपुर्द कर दी उसम आठ सौ चालीस रुपये तेरह आने थे ।

गुलाम हुसन खाँ न अपनी बिसात से ज्यादा इन्तजाम किया । बस हकीम साहब और डिप्टी अली हादी न भी मदद की । दोना न एक एक जोडा कपडा दिया । हकीम साहब की बीबी न चाँदी की आठ चूडियाँ दी । डिप्टी अली हादी की बीवी न अपना एक पुराना बुन्दा दिया जो सुनार के यहाँ स साफ होकर आया तो दप-दप कर रहा था । फिर खुद बदरुन की माँ न अपने चार गहने पात दे डाले । यू जहेज तयार हो गया । ढोल पर थाप पडी और बदरुन माँझे बिठा दी गयी और सफुनिया की माँ उसे सुबह शाम उबटन मलने लगी । उसका खाना बिलकुल बन्द कर दिया गया । चुनाँचे बदन की जरदी पर उबटन की चमक चढने लगी और बदरुन उल्टे सीधे ख्वाब देखने लगी । शादीशुदा हमजोलियाँ और गाँव की भौजाईयाँ उसे तरह-तरह की कहानियाँ सुनाने लगीं । कभी उसका दिल धडकने लगता और कभी वह शरमा जाती और लाजवन्ती की तरह अपने मले कपडा म सिमट जाती ।

जमाईनों का गाना गन्दी गन्दी गालियाँ गाने लगा। औरतें—शरीफ औरतें—वे गालियाँ सुनने लगीं। कभी किसी ने एक चवन्नी देकर किसी के लिए गाली गवायी। कभी उसने एक अठन्नी देकर उस गाली गवायी। नतीजे में मालूम हुआ कि सबकी बहुओं का थानेदार से नाता है और तमाम की-तमाम शरीफजादियाँ और घर की शादीशुदा औरतें हर्राफनियाँ हैं कि सौ-सौ मर्दों से उनका जी नहीं भरता। और उन गालियों को सुन-सुनकर मन ठहाके लगाती रहीं। गाने गाती रहीं। और जमाने की खराबी पर माथा कूटती रहीं कि क्या जमाना आ गया है कि गढ़े चार मर का लिख रहा है।

गाने अरबन का मुजरा हो में शामिल होने लगीं। लड़कियों ने बदरुन का छेड़ना शुरू किया।

'हम बहन न रहें की पनाली में मत जाओ। अब इ कीचड़ में मियाँ गई वहाँ गिर गिरा गये तब'

बदरुन मियाँ भाई का जिक्र सुनकर अपना सिर घुटनों में छुपा लेती।

यकायक बाहर रात के ग्यारह बज आया तो मालूम हुआ कि मुईनुद्दीन की एक टाँग मसरी थी है। अन्दर से लड़कियों और औरतों के गाने की आवाज आ रही थी

बन्ना घूम नगर में आया री बन्ना
कुम्हार की गली हो आया री बन्ना।
अपनी अम्मा नचाता आया री बन्ना
सब लोग कहें कुम्हार का जना।
बन्ना घूम नगर में आया री बन्ना।
महतर की गली हो आया री बन्ना।
अपनी बहन नचाता आया री बन्ना
सब लोग कहें महतर का जना॥
बन्ना घूम नगर में आया री बन्ना

मगर मदरसा की टाँग की खबर जो अन्दर पहुँची तो गाने रुक ही गये।

यह खबर सोनार में फैल गया। मदरसे का कहना था कि मुईनुद्दीन ने यह खबर फैलाकर अच्छा नहीं किया। औरतों ने माथा कूट लिया कि

बदरुन की किस्मत फूट गयी। सारे गाव ने कहा कि यह खुली हुई धाधला है। बगत लौटा दी जाये। मगर गुलाम हुसैन खा बरात लौटान पर तयार नही हुए। करामत खाँ न ता लाठी तक उठा ली थी। लकिन गुलाम हुसन खाँ नडकीवाल थे, बोने ई मत भूलो कि हम लडकीवाले हैं।"

'हैं ता का भया हमरी नडकी का नगडी लूली है? समीउद्दीन खा की एमा की तसी! हम इनकी सारी दीवानी अभई निकाल देते है। भया, बदरुन क वास्त कौनो लटके की कमी ना है।

ऊकी किस्मत म ई लँगटवे लिखा है त हम कौन खुदा के कारखाने म दखल देव वाले?

गाव के लोग भी पट्टीदारी और जात बिरादरी को भूलकर लडने मरने पर आमादा हो गये। जौनपुरवाल शेरवानिया पहने पहने अकड रह थ।

अर निकाल दामाद के त ऊ सुसरन के ' गया अहीर न कहा।

आप अलग हटें खा साहब! इ गाँवभर की मरियादा का सवाल बाय।' सुखरमवा चमार न कहा।

"ई साले का समझ के बरात ली आये हैं! ' फुन्नन मियाँ ने कुलसुम म कहा।

आपमे हम इसकी उम्मीद न थी। हकीम साहब ने ठाकुर हरनारायन प्रसाद म कहा।

मीर साहब अब म क्या अज करूँ! ठाकुर साहब बाले म तो समझा था कि समाउद्दीन खा ने बता दिया होगा। मुझे तो बल्कि ताज्जुब था कि जान-बूझकर आप लोग लडकी को कुएँ म क्या ढकेल रह हैं!"

किस्मत फूट गयी बचारी का। एक तो हकीम साहब की बात पूरी न हो सकी क्योंकि मौलवी बेकार हुसन मदरसफाजिल बदरुन की मजरा लकर आ गय। अन्दर रोना पीटना पडा हुआ था। बदरुन की माँ रो रही थी और बरात क साथ आनवाली औरता की कोई बात नहीं पूछ रहा था।

हम कहि रहें कि आप लरिकिया का लरिकवा की टाँग स ब्याह रही कि लरिकवा स? मुईनुद्दीन की माँ ने जलकर सवाल किया। उस अपने लडक की शादी क मौके पर यह रोना धोना एक आँख नही भा रहा था।

हालाँकि जब मुईनुल्हसन लँगड़ा की एक टाँग पर घिसटता हुआ घर में दाखिल हुआ तो उनके मुँह से चीख निकल गयी थी। वह सोच भी नहीं सकती थी कि यह भी हो सकता है। उन्होंने आँगन में नंगे सिर खड़ी होकर जमनो और अंग्रेज़ों को खूब कोसा था कि उनकी लड़ाई में बेटे की टाँग गयी। मगर वह बात और थी। इस समय जब कि मौलवी लड़की से पूछ रहा है कि क्या उसे मुईनुद्दीन खाँ वल्द मसीउल्हसन खाँ से पाँच सौ इक्यावन रुपये और पाँच अशर्फियों पर निकाह कबूल है? रोने का कोई मौका नहीं था। कोई माँ यह बदशगुनी नहीं कर सकती थी।

बन्नन की माँ मुईनुद्दीन खाँ की माँ की बात पी गयी। उसने भी सोचा कि अब तो जो होना है हो गया। रोने से क्या फायदा। इसलिए वह अपनी समधिन के लिए गाने गवाने लगी।

मगर जब लँगड़ा अपनी टाँग पर घिसटता हुआ जलवे के लिए अन्दर आया तो गाँव बिरादरी की औरतें फिर बात पर ... 'नौज इससे तो अच्छा रहा कि बन्नन को तमाम हुसन कुएँ में झोंक देते।'

मगर मिरासिनों ने बात सँभाल ली। वे गालियाँ गाने लगीं।

काहे से बना भैया हमारा बना

बन्ने की अम्मा बाँस बरेला

बन्ने का अब्बा रूठा मुर्ग़ा हमारा बना

काहे से बना लम्बा हमारा बना

फिर मिरासिनों ने बलबा करवाया। जौनपुर की गफूरन मिरासन ने गोरा की औरतों के लिए गालियाँ गायीं। औरतों ने उन्हें गालियों पर इनाम दिया। तमाशा देखा। मुईनुद्दीन की एक साली ने मुईनुद्दीन के हाथ में बन्नन की माँ का दुपट्टा दे दिया। ई तोरी सास है, पकड़े रहो दुपट्टा।'

बन्नन की माँ ने ग्यारह रुपये दिये। मगर ने दुपट्टा नहीं छोड़ा। उन्होंने पाँच रुपये और दिये। तब ने दुपट्टा नहीं छोड़ा। औरतों में फिर खुसर फुसर होने लगी कि यह तो कोई बात नहीं हुई। लड़का आखिर चाहता क्या है। लड़के की साली बोली 'लड़का मार्शल चाहता है।

लड़का का लोग पर मार्शल नौज, की ... ! उसने अपनी ज़बान

न राक सकी । सफुनिया इस बात पर खिलखिलाकर हस पड़ा । खाला बिगड़ गयी । नेन के देन पड़ने की नौबत आ गयी मगर बदरुन की माँ ने माँफी माँगी। हाथ जोड़ तब जाकर खाला मानी । वरना वह तो इस पर तुल गयी थी कि लड़की को सड़ने के लिए गंगौली म छोड़ दिया जाय ।

खैर खुदा खुदा करके लड़का बाहर गया ।

हकीम साहब के बड़े फाटक म बरातियों के सोने का इन्तज़ाम था। आगन मे पलग पड़े हुए थे । नौशाह के लिए लाल पाया वाला निवाड़ का पलग था बाकी लोगो के लिए सुतली और मूझ के । एक बराती का बँसखट मिला। वह उखड़ गया कि क्या गंगौलीवालो का यही तरीका है ।

हकीम साहब खून का घूट पीकर रह गये। उन साहब के लिए पलग आया ।

ताश का गड्डियाँ निकल आयी । कोटपीस गन, ब्लैक कुइन, ट्वन्टी नाईन माग पत्ती जोड पत्ती और फ्लश होने लगा । बूढे बराती हुक्का पीते पीते और पान खाते खाते थककर सो गये । ठाकुर साहब का पलग हकीम साहब के पलग के पास था । ठाकुर साहब उन्ह खाँ साहिबी की मुबारकबाद द रहे थे कि न मालूम कैसे उस साधू का जिक्र निकल आया जिसने मुरादपुर के पुराने गैर आबाद मन्दिर को आबाद किया है ।

भाई हमने तो सुना है कि वह काई पहुचा हुआ आदमी है । हकीम साहब न कहा दिन रात मूरती के सामने बैठा रहता है और एक लाल रग की मोटी सी किताब पढ़ा करता है । न किसी से बोलता है न चालता है। लोग जो दे देत है खा लेता है । नहीं देत हैं तो खाली पेट सो रहता है ।

हमने तो सुना है कि वह लोगो की मन्नत मुराद पूरी कर रहा है । किसी के यहाँ लड़का नहा होता था उसने असीस दी । अब सुना है कि उसकी बीवी पेट से है । यह बात मौलवी बशीर न कही और उनके लहज म शिकायत की कोई झलक नहीं थी ।

यह बात तो म भी जानता हूँ ठाकुर साहब न कहा ' बिना मुझसे पूछे गछे गुलाबीजान वहाँ जाकर उससे यह माँग आयी कि मेरी तरक्की हो जाय । उस बेचारी को क्या मालूम कि सर्विस इम्पीरियल यानी नाम का ओहदा है । म क्या मिट्टी फाँकता हूँ कि तरक्की की ख्वाहिश करूँ । मगर साहब गुलाबीजान

के यह समझने मानने के बाद पंद्रह दिन बाद जो मैं गाज़ीपुर गया तो एस० पी० साहब ने मुझे मुबारकबाद दी कि अनक़रीब मेरी तरक्क़ी होनेवाली है। सोच रहा हूँ कि किसी दिन मुज़फ़्फ़रपुर का कोई काम निकालकर उधर जाऊँ तो महराज के चरन छूकर प्रार्थना करूँ कि महराज हम तो थानेदार रहते तो हम तरक्क़ी नहीं चाहिए।

'और अगर हो गयी?'

तो मैं नौकरी छोड़ दूँगा। थानेदारी करने के बाद इन्स्पेक्टरी में भला क्या मज़ा आयेगा! थाने भी ज़मींदारी बना दी है। सो बाप की ज़मींदारी भी कर ली है। वहीं चला जाऊँगा, खेती बाड़ी करूँगा।

"और क्या साहब!" हकीम साहब रहीम हज्जाम की तरफ़ मुड़ गये, "काहे रे?"

'फुन्नन मियाँ की बड़ी लड़किया की तबीयत बहुत ख़राब है। बिचारे भागे भागे उतरौलपुर गये। थानेदार साहब गाज़ीपुर गये हैं। पर मोर साला पटना गया है।' रहीम ने चिलम उठाकर उसे फूँकते हुए कहा। फिर जब चिलम की आग साफ़ हो गयी तो उसने चिलम कान पर रख ली। हकीम साहब जल्दी जल्दी और छोटे छोटे कश लेने लगे। थोड़ी देर तक तो उन्होंने रहीम की बातों का असर को टालना चाहा। लेकिन कोई पाँच सात मिनट के बाद वह पसोपेश में या अपना [illegible] हुए।

ज़रा उधर हो आऊँ। उन्होंने ठाकुर साहब से कहा। फिर जब रहीम से मुख़ातिब हो गये, 'तो का फुन्नन मियाँ अकेले हैं [illegible]?'

'नाहीं। रहीम ने कहा, बीवी ने मोर जिन्दगानी रही। यानी ऊ करन भर काम किया रहा। हम अभी कवार को सलाम कर ना जायेंगे।

हकीम साहब मुस्करा दिये।

तुम आगे आगे चलो। वो मालूम मसनिया करो न निकर आवे और तुम पछताओ बुलाकर मशहूर करने लगे। तुम कहीं ज़्यादा ज़्यादा क्यों नहीं कर रहा। हरामज़ादी तेरा किस्सी है। मज़हब का मज़ाक़ करवाओगे क्या?

रहीम ने और सिकायत किए अब हकीम साहब उससे कभी की बात हो नहीं कर रहे थे।

हकीम साहब गस की रोशनी से जो बाहर आये तो अँधेरा और गहरा मालूम होने लगा। एक कुत्ते पर उनका पाँव पड़ गया, वह ट ट करता हुआ भागा। हकीम साहब उसे मा बहन की गालियाँ देते हुए आगे बढ़ गये। रहीम साथ-साथ था। मगर जब वह बड़े फाटक पर पहुँचे तो एकाएक कुलसुम के बैन करने की आवाज आने लगी। वह इनल्लाहो पढ़कर लौट पड़े।

कुलसुम के रोने की आवाज ने रात्रियों के घर जगा दिये। फारूक और अनवारुलहसन लपके हुए आये। हम्माद मियाँ ने अपने दरवाजे से पूछा 'अरे भई क्या किस्सा है?'

मालूम होता है कि फुन्नन चा की नन्का का इन्तिकाल हो गया। फारूक ने कहा।

हम्माद मियाँ फिर अन्दर चल गये। दक्खिन पट्टी में जाग सब मगर सोते बने रहे। हद तो यह है कि वाजिद मियाँ की रखनी यानी रहमान बो ने जब फुन्नन मियाँ के घर जाना चाहा तो वाजिद मियाँ ने उसे घुड़क दिया वहाँ जा रहिया वा ताहे मालूम ना है कि फुन्नन वा हुक्का पानी बन्द है?

सईदा चुप हो गई और चली गई। तन्नू उदास हो गया और अपने दरवाज़े पर वापस आ गया। मगर दरवाज़े पर क्या रखा था। सद्दन का चबूतरा पर कोई ग़मगुसार नहीं था। फुन्नन उठ चुका था। मिसरी कुँआ जा चुका था। सब लोग अपने-अपने घर हो गए थे। तन्नू सोचा कि मोहर्रम के बाद गंगौली में रहकर वक़्त गुज़ारना क्या है? उसे भी सब के साथ चला जाना चाहिए था। वह एक दफ़ा फिर उठकर सईदा के दरवाज़े में झाँकने लगा और फिर वापस आकर उसकी अम्माँ और यह कहा कि सईदा से उसका रिश्ता तय हो चुका है। मगर क्या हो चुका है ? उसने सवाल किया। अगर मैं लड़ाई में काम आ जाता तो ? तो क्या मगर किसी सईदा का ख़्याल के बारे में सोचा ... तो फिर सईदा से मैं क्या कहूँ ? सईदा ने जब लिखा कि नहीं ... मगर शरीफ़ है वह बुज़ुर्ग

क्या कह रहे हो ? अभी किसी से मत कहो।

वह कमरे में जाकर बैठ गया। सिरहाने की खिड़की से उसने ... लिया लिया। ... नहीं। वह सही हो गया ... मोहर्रम के बाद सब गंगौली ख़ाली हो जाता है।

हाँ ... अब दिन ... गंगौली में ... आवाज़

हैं। बस उधर इमाम गए इधर घर भाँय भाँय कर लगा। वह रान नग ! ए हम्माद ! आँसू पोछकर उन्होंने हाँक लगायी।

जी ! हम्माद मियाँ ने अपने कमरे में झाँककर जवाब दिया।

तनी हुक्का भिजवाओ भाइ

'ले आ रहे।

सुना रही कि शब्बू मरहूम नारी निस्बत लगा गय रहे ?' अब्बू मियाँ ने नरम हुए कहा।

जी, हाँ।

और ई बात मरहूम उस वक्त पर कहिन कि सिवाए फुम्मू के कोई ना रहा उनके पास।

जी ! तन्नू चौंक पड़ा।

और का बेटा खुदा का शुक्र है कि फुम्मू रहे नाहीं त उनकी आखिरी ख्वाहिश तूहे कस मालूम होती।

आप कहना क्या चाहते हैं दादा ! तन्नू ने पूछा।

तुम उनको मजबूर क्या कर रहे हो ? हम्माद ने मालान से कलम रखते हुए कहा और भई अगर शब्बू भाई मरहूम की यही ख्वाहिश होती तो क्या वह कभी इसका जिक्र न करते !

मगर दा

अगर मगर का कर रहिआ, बेटा ? अब्बू मियाँ बोले "तू न माशा अल्लाह से मजरू हो गये हो सभ लोग चाहिन कि नाम अपनी बेटी बियाहें।

तन्नू का दिल जोर जोर से धड़कने लगा।

इस निस्बत का क्या मतलब ! हम्माद मियाँ ने पूछा।

भाई अबही हम फैसला ना किया है। अब्बू मियाँ ने कहा, 'हम फुम्मू की तरफ कोनो जल्दी न ना है न हमारी नदरी में कोनो गगरी है। ई ठीक है कि लड़का इंजीनियर है। बाकी ऊ जरा कमसन है। दुलहिन की शक्ल अच्छी है। बाकी तनख्वाह-ननख्वाह भर की आमदनी है। चार सौ तनख्वाह में कौने बुरी ना होती, बाकी इंजीनियर फिर इंजीनियर है।

तन्नू के दिल की धड़कन की रफ्तार मामूल पर आ गयी। वह फिर उदास हो गया।

'अलीगढ़ में न कि हुस्नाल भर की लड़कियाँ आती हैं न पढ़े। न घर काज सब करती हैं। और माशाअल्लाह से हजारों में एक है।

मैं तो कहता हूँ करम को छोड़िए। असल चीज़ आमदनी है। अल्लाह का नाम लेकर उसी इंजीनियर वाला रिश्ता कबूल कर लीजिए।

इस्तखारा निकलवा के कबूल करेंगे।'

'और अगर शादी के लिए इस्तखारा मना आ गया तो?' तन्नू ने पूछा।

'क्या कोई जबरदस्ती है कि दोनों ही बार मना आ जाए।' अम्मू मियाँ बोले, 'ये हो सकता है इस मौलवी साहब से तो निकलवा रहे हैं। हम ने अहद्या नसिरुल मिल्लत से निकलवायेंगे इस्तखारा। मौलवी साहब क्या जानें इस्तखारा देखना ... बुजुर्गों का खयाल करके ही चुप हो गया वरना काम तो उन्होंने ऐसा किया था कि

तन्नू अन्दर चला गया। घर भर की निगाहों में मसरूफ़ियत थी क्योंकि वह तो मोहर्रम में भी नहीं आयी थी। दिल्ली की निगाहों में ... बच्चों के गाने और रमज़ानिया के पकवान की आवाज आ रही थी। ... के पेड़ पर अब भी ... पर मोहर्रम के ... नहीं जाता। वह ... जनानखाने में चला गया। वहाँ क्या था। हर तरफ ... सन्नाटा था। ... पर बैठा हुआ एक कौवा अपने पर नोच रहा था।

वह जनाने इमामबाड़े से होता हुआ मिश्कू मियाँ के जनानखाने में चला गया। वहाँ भी सन्नाटा था। खिड़की खुली हुई थी और अम्मू मियाँ के घर से आवाजें आ रही थीं। ... की बातें हो रही थीं। अम्मू मियाँ की बाबा किसी और बाबो को समझा रहे थे कि कैसा वसीअत और कम भाई साहब— आप ... विषय में कर दिया। अब ... कि ... की बात में भूल गये ... कर दिया रहा। ... वसीअत ... किस्सा ... से बताइए ... दिन।

वह अब्बू मियाँ के जनानख़ाने में जाकर उस आँगन और उस दालान और उन कमरों में साँस लेना चाहता था जो थोड़ी देर पहले तक सईदा के वुजूद की ख़ुशबू से बसे हुए थे। मगर सईदा की माँ की आवाज़ ने जब खिड़की का दरवाज़ा धड़ से बन्द कर दिया। वह सिन्नू मियाँ के वीरान जनानख़ाने के आँगन में एक बुझी हुई मोमबत्ती की तरह खड़ा रह गया। क्या सच है कि अब्बा ने वसीयत नहीं की? अगर न की हो तो कम-से-कम यह तो हो ही सकता है कि सईदा के लिए उसका पयाम जाए और अब्बू मियाँ इन्कार कर दें। इन्कार का वह ख़त पढ़कर इत्मीनान हो जाएगा कि सईदा एक परछाईं है जिसको छूना भी दुश्वार है और न छूना भी मुहाल। उसे अपना यह इश्क़ बहुत अजीब मालूम हुआ। चन्द दिनों पहले तक उसे सिर्फ़ यह मालूम था कि वह सईदा से इश्क़ करता है। उसके ख़्वाब देखना चाहता है और उसे हासिल करना चाहता है। ये घरेलू इश्क़ कितने अजीब होते हैं। इतने सादे और बरजस्ता होते हैं ये इश्क़ कि इन पर यक़ीन नहीं आता। उसने सईदा की क़ुरबत के एक-एक लमहे को याद किया। मगर वह किसी नतीजे पर न पहुँच सका। कभी उसका जिस्म कहता कि ठीक है। और कभी उसकी दानिशमन्दी कहती कि ठीक नहीं है। सईदा तनहाई और मजमे में कोई फ़र्क़ ही नहीं करती थी। इस वीरान आँगन में सईदा के ख़याल ने उसे पसपा कर दिया। वह तेरह-चौदह साल के फ़र्क़ को भूल गया और उसने अपने दिल को समझा लिया कि अब्बा ने कोई वसीयत नहीं की थी।

'ए भाई तू अँगनवा में खड़ा का कर रहेआ?' अब्बू मियाँ की बीवी ने खिड़की से झाँककर कहा।

आप की ही आन रहे कि सिर चकरा गया। वह साफ़ झूठ बोला। मगर क्या वह वाक़ई झूठ बोला था?

अल्ला रहम करे! का बात है बेटा? वह घबरा गयी।

कुछ नहीं भाभी। बस चकराकर खड़ा हो गया। बहुत ज़ख़्म खाए हैं कमज़ोर हो गया हूँ।

आओ। घर के भीतर चले आओ।

नहीं भाभी।

अच्छा बन्दा था। जन्नत नसीब है। वह उसे अपने घर घसीट ले गया। उन्होंने उसे पलंग पर लिटा दिया। वह उस बिस्तर को पहचान गया। सन्दरा उसी बिस्तर पर सोया करती थी। तकिये से टूटा हुआ एक सियाह रेशमी बाल लगा हुआ था। उसने वह बाल उठा लिया। वह उस बाल से खेलने लगा।

एक ठो बात पूछें भाई?

पूछो, बेटा।

का अब्बा मरहूम वाकई बगावत करिहन रहा?

अम्मू मियाँ की बातें अपनी मालगाड़ी के लिए मशहूर थीं। वह तकरीबन दस हजार साल्या और जवानमर्द थे लेकिन शायद वह इस सवाल के लिए तैयार न थे इसलिए वह फौरन जवाब न दे पाया। पान लगाने लगा। जब गिलौरी तन्नू के मुँह में डालकर एक छोटा-सा पान के पत्ते पर उन्होंने अपने लिए पान लगाना शुरू किया।

आपने बताया नहीं?

अब मैं का बताऊँ? का मालुम करिहन हो।

आप कहाँ से हो सकता है या करिहन हो! तन्नू ने कहा।

हाय बाबा से ना हो सकता बाबा। वह रुक गया। करिहन हो या ना करिहन हो। आखिर तू काहे को ई बियाह करब करिहो। ई मनमा में गुस्सा न लागा कोनो बुराई न ना है ना।

बुराई तो नहीं है दादा। मगर मैं तो क्या करूँ।

ए बेटा। ओ तू अब इनकार किया तो बड़ा बदनामी होई और मुन्नू का अब्बा नौशिदा और सर्वेश्वरन का बियाह कर रहा है।

गाँव का हर कुँआरी लड़का ना ना में ब्याह नहीं कर सकता। मुस्लिम ने कर दे हमू से कर दें लिए से कर दें।

तारीखियो बात। मैं मामा के पास मुन्नू का लड़का रह गया है?

ना बेटा

अबही मालामसरा ने बरोतो दिया है और सबो मजहब के जरूर और शिबू भाई का दिया रहा। मुन्नू करार बगावतनामा पर दस्तखत करें।

मैं नहीं करूँगा यह शादी।' वह उठा और अब्बू मियाँ की बीवी के जवाब का इंतज़ार किये बिना निकल गया। फुस्सू मियाँ के यहाँ जाने को जी नहीं चाहा। उसे रब्बन बी, सकीना और फुस्सू मियाँ की खातिर बहुत अजीब लगती थी। वह जाता तो घर में भूचाल आ जाता। सलमा झट से बावर्चीख़ाने में घुस जाती। एक बार तो जब उसे भागने को कोई जगह नहीं मिली और पाखाना ही करीब नज़र आया तो वह बिना लोटा लिए झट से पाखाने में चली गयी। तन्नू हँस दिया। फिर मजूर मियाँ की तमाम लड़कियों ने उसे घेर लिया। और रब्बन बी और सकीना ने लड़कियों को डाँट डाँट और बास-बासकर अलग करना शुरू कर दिया। और एक बार तो उसने घरेलू तकल्लुफ़ का लुत्फ़ लिया। मगर फिर उसका जी ऊब गया। उसे यह बिलकुल अच्छा नहीं लगता था कि वह आये तो लेटे हुए फुस्सू मियाँ उठ जाएँ। वह तो चाहता था कि हमेशा की तरह वह जाय और रब्बन बी भी उसी चारपाई पर लेट जाय और उसे अपने बाजुओं में दबाय और वह हँसने लगे और खाँसने लगे। मगर रब्बन बी यह नहीं कर सकती थी। ख़याल फिर सईदा का आ गया। और फिर उसने महसूस किया कि उसके दिल पर कोई बड़ा बोझ है। वह गर्दन झुकाये हुए सिब्तू भाई के दरवाज़े से बाहर निकला और नूरुद्दीन शहीद के मज़ार की तरफ़ चला गया।

लेकिन अब्बू मियाँ की बीवी के लिए तन्नू के इनकार को चुपचाप पी जाना आसान नहीं था। यह सब एक खानदान के लोग थे। लेकिन एक-दूसरे की परेशानियों में शरीक होने के बावजूद थोड़ी सी जलन भी हासिल करते थे। ये तमाम लोग एक-दूसरे से गहरी मुहब्बत करते थे। लेकिन उनकी मुहब्बत इस कमीना जलन के रास्ते में कभी हायल नहीं हुआ करती थी। और फिर सईदा के अलीगढ़ जाने पर सबसे ज़्यादा जो नाक चढ़ा था, वह रब्बन बी की ही थी। इसलिए वह झप से एक पान खाकर सिब्तू के ज़रिये मजूर मियाँ के घर गयी।

'आदाब ममानी!' मजूर मियाँ ने कहा।

'जीते रहो बेटा।' अब्बू मियाँ की बीवी मजूर मियाँ की फूआ दरर

रहमन खाँ की बातचीत के बाद चौपाल बैठ गया। सकीना पान लगाने लगीं। 'मुहर्रम के बाद न गरीबों की शादी न जी हराम लगता है।'

'और का कहिनी।' रहमन खाँ ने कहा 'भूख आदमियन को जिन्दा रखा।'

'मन्नो के निकाह का कोई तारीख पक्की कि ना?'

'अब हम त मुहर्रम खतम भया है तारीख कइसे पड़ रहे हैं। नौ रबीउल-अव्वल के बाद न बात निकालें।' रहमन खाँ बोलीं 'मैं तो सोचन रहिउ कि रजब के चाँद में ब्याह होत माशाअल्लाह से।'

'पक्का तक दो तारीख है।' मजूर मियाँ बोले 'गाजीपुर जइहें तो बड़े भइया से बातचीत करेंगे।'

'काहे मन्नुआ से पूछ लिया है कि ना?' अब्बू मियाँ की बीवी बोलीं।

'मन्नू से पूछे का का जरूरत है?' रहमन खाँ ने चमककर कहा 'हमरे यहाँ लड़का-लड़कियन से पूछे का रिवाज अबहीं ना भया है।'

'आप त जरा-सा बात पर लगत हैं बिगड़े जात।' अब्बू मियाँ की बीवी ने कहा 'मन्नू अबहीं साफ़ कहकर गए हैं कि हम कमाऊ आदमी से ना मानेंगे! का मालूम कहीं अटका है कि ना। हम ना करेंगे।'

'अरे! मन्नू कहिन है?' सकीना ने कहा।

'और नहीं तो का हम अपने मन से गढ़ लिया है!' अब्बू मियाँ की बीवी के चेहरे से उतर गयी। सकीना, मैं न कहती थी कि दौड़ी-दौड़ी आइके कि बच्चा... बड़ी जिद हुई गया। घर बदहवासी हुई चला गयी। उनके जाने के बाद आँगन में सन्नाटा छाया रहा। मजूर मियाँ उठ हुए हुक्के के कश लेने लगे। रहबा भी उठ गयी मगर फिर चौपाल हो उठ बैठी। बाबा ... मारो मन्नू के ... उनकी ना रही।

'हम चाहत का किस्मत फूटी है अम्मा!' मजूर मियाँ ने कहा 'नहीं तो का ई होता कि हमार का बिटियन की शादी हो। बाबा और अम्मा बैठ रह जाती।'

'किस्मत फूट गयी रहमत की!' रहमन का चिढ़ना का तरह चमकी 'का और किस्मत फाटत बाट! दुनिया में मन्नू के हमारा प्यारा लड़का ना

है ? ना करिहै न मत करें। उनकी करनी पटी मारी जूती की नाव पर है। हम त मरहूम की वसीअत का मुनकर चुप लगा गये। बाकी जब अह माटी मिट को अपन बाप की वसीअत का खयाल ना है त हम्म कौन मजबूरी है! का हम्म सरलो के वास्ते कोइ वर ना मिलिह ? खुदा न ख्वास्ता लडकन का अइसा काल ना पड गवा है। अउर इ अगू की दुलहिन आयी रही हमरा मजाक उडाये। का सईदा का बियाह न करिह।

'अब इ सब बात करे से का फायदा। आपकी जबनिया से त हम बिलकुल आजिज आ गये हैं।' मजूर मियां बोले 'अब मैंवनी ममानी और सईदा आपका का बिगाडिन है ?'

'आ त चुप रह। जा हमरी लडकी का बुरा चहइ ई बुराइ खुदा करिहै न ओका लडका के सामने अइहे। उन्हान दोनो हाथ बददुआ के लिये बुलन्द किये हे मौला मुश्किलकुशा! हम आप पर भरोसा करके सबर कर रहे।

बात शायद आगे न बढती लेकिन खिडकी खुली हुई थी और अब्बू मियां की बीवी पट के पीछे मौजूद थी। रब्बन बी ने जो बददुआ के लिये हाथ उठाया तो वह चमककर सामने आ गयीं और हमरी लडकी को कोई का कहिहै! जूती से जबनिया ना काट लेब।

त हमरी जबान कटब!' रब्बन बी बददुआ करना भूल गयीं।

हम आपका ना कह रहे हैं! बाबा कोई हमरी लडका का कुछ कहिहै त हम चुप ना रह सकते। ई गांववाले आकी पढायी लिखायी से जलायें बरू। सभ का ई जलन है कि काहे की लडका त ना पढी त मरदा बदन पड लीहिन।

ना हां दुलहिन और पढावा! ऊ त नौकरी करिहै क्रिस्टान की तरह।

नौकरी कर आके दुश्मन!

अ दुश्मन त हमेशा लागा है। रब्बन बा ने फौन बनावकर कहा बाबा हमरा लडका ना अंग्रेजी पढ़ रहा नाग गयी ना इ है कि नौकरी करिहै।'

त अम्मा आप चुप हो जाइए। फुन्नू ने बडा बदमाशी से कहा।

तू त अम्मा का अदगा चुप करा रहवा! अब्बू मियां की बीवी चमकी

'अहम हम ही वर रहे और ऊ निगावन कर रहा। अर वटी का वर न जुड रहा त मैं का कम। कौना मैं नन्नू म अपना लडका त वियाह ना रहिउ।'

'ताग लड़का एक आविता है कि कौना शरीफ घर म ओका वियाह हा। रब्बन वा न कहा 'अंग्रजा पढ़ा रहना त कौना अंग्रजा स ओ का वियाह कर गाग।'

हाँ नमिाग बूढ़ा! हमरा मना का कुछ कहियगा ना नहा त ठीक ना ।ड़।'

का कहिहा तैं।' अम्नू मियाँ का वादी थर थर काँपन लगा।

'ऊ जबान मड जहर जा मारी लड़का का कुछ कहिहै।'

जबान मड ताग।' रब्बन वी न मिसरे पर मिसरा लगाया।

अम्नू मियाँ का बीवा न तड म खिड़की बन्द कर ली और जजार 'गा।

य खिड़कियाँ जो एक मकान को दूसरे मकान स मिलाना हैं साल म दो एक बार गुस्स म बन्द भी जाना है और फिर कुछ दिना क बाद बिना बीच बचाव क खुल जाना है। फुम्नू मियाँ जानत थ कि इस तू-तू मैं-मैं का ननीजा यही होगा कि खिड़का बन्द हो जायगा। चुनांच जब खिड़की बन्द हुइ तो उन्होंने इत्मीनान का साँस ली। रब्बन वा काफी देर तक बड़बड़ानी रही। थाग दा दिन क बाद गुस्सा आ गया और फिर उम्म हवीबा भी आयी। हसा-खुशी करक ननदड़ा का बातिया का शानियाँ भी आन लगा, तब रब्बन वा का माथा ठनका। उन्हें पड़ान हो गया कि नन्नू क इन्कार की खबर गार मोह म फल चुका है।

तमाम बातिया न एक जबान होकर नन्न का बुराइ शुरू का कि उस अपन माहम बाप का बुढ़ापन का ख्याल करना चाहिए था। लगा हुई निस्बत का तर जाना यू भी अच्छा नहा हाना। किसी का जबान तो पकड़ा नहा जा सकता। मगर य तमाम बातियाँ एक हद तक दिखावा दिल में खुश भी थी कि इस कम्बख्त उनका लड़कियाँ क हिस्स म नहीं आया। अलबत्ता सलमा स दर दुःख का बुझना किसी न मुनासिब नहीं का कि उस पर क्या गुजर रहा है। मगर तमाम मोहल्ला लड़कियाँ का तरह एक निशाना। मान्ताने और

बेवकूफ़ लड़की थी। बस फूहड़ वह नहीं थी। उसे क्रोशिये की बेलें भी बनानी आती थीं। वह तकिये का गिलाफ़ भी काढ़ सकती थी। घर में पलंग की तमाम चादरें उसी की काढ़ी हुई थीं। खाना पकाने में उसका जवाब नहीं था। क्योंकि रज़्ज़न बी और सकीना ने बावर्चीख़ाने का सारा तजुर्बा उसे घोलकर पिला दिया था। वह फर्राटे से उर्दू पढ़ सकती थी। हद तो यह है कि वह टूटी-फूटी उर्दू लिख भी लेती थी। चुनांचे जब वह तनहा होती और अपने बारे में सोचती तो अपने लड़के-लड़कियों के देहाती नाम न रखती। बल्कि वह इस क़िस्म के नाम रखती जो उन कहानियों में रखे जाते हैं जिन्हें उसने ग़ाज़ीपुर में मासूम के कमरे में रखे हुए रिसालों में पढ़ा था। नज़िश तावक्का, ताज, नीलो, सलमा, अहमदी, अकबरी, सरवरी किस्म के नाम न रखने का वह फ़ैसला कर चुकी थी। फिर जब उसकी और तन्नू की शादी की बातचीत शुरू हुई तो वह यह सोच-सोचकर ख़ुश होने लगी कि जब वह अपनी पहली लड़की का नाम सीमा या नज़िश रखेगी तो दद्दा किस क़दर बरहम होंगे। "नौज! ई कोई नाम है" पर अब तन्नू के एक ख़त ने उसे ख़्वाबों की तिलस्मी सरज़मीन से दूर फेंक दिया था। उसने रज़्ज़न बी और अब्बू मियां की बीवी की सारी बातें बावर्चीख़ाने में सुनी थीं। वह उस वक़्त चपातियां बना रही थी। आवाज़ें उसके वजूद में उतर रही थीं और उसके हाथ मशीन की तरह पटरे पर बेलन चला रहे थे। आटे के पेड़े पर पलेथन डाल रहे थे। तवे पर चपातियां उलट-पलट रहे थे। फिर वह चौंक पड़ी थी क्योंकि रज़्ज़न बी ने उसी का मातम शुरू कर दिया था। वह बहुत हैरान हुई कि अगर तन्नू भाई ने शादी से इनकार कर दिया तो इसमें उसका क्या क़सूर है। 'हां, इसमें कौन क़ुसूर है?' ज़ाहिर है कि उसके सवाल का जवाब देनेवाला कोई नहीं था।

तवे की आख़िरी चपाती उतारकर उसने रोटी की टोकरी पर कपड़ा उलट दिया। फिर हाथ धोकर दुपट्टे से पोंछती हुई वह बावर्चीख़ाने से आंगन में आ गयी। रज़्ज़न बी कलमदान संभाले शाकिरा अकबरी को ख़त लिख रही थीं। सकीना पलंग पर घिस-घिसकर आलू छील रही थी। फुन्नू मियां बाहर जा चुके थे।

वह चुपके से बाहर गलियारे में घुसकर सिन्नू मियां के घर की तरफ़

चली। वह जानती थी कि अच्छू मियाँ के यहाँ जाना इस वक्त मुनासिब न होगा। मगर वह घर में रहना नहीं चाहती थी। क्योंकि वह रोना नहीं चाहती थी। इसलिए वह जावेद मियाँ के घर चली जाना चाहती थी कि रहमान के साथ वाले कमरे जो कहना सब। मगर वह जैसे ही मिच्छू मियाँ के दरवाज़े पर पहुँची तन्नू से टकरा गया। बिलकुल टकरा गयी। उसका सिर तन्नू के सीने से टकराया। तन्नू ने उसे सँभालने के लिए हाथ बढ़ाया। रहमान वाले ने सिटका ... समझा कि सल्मा तन्नू की बाँहों में है। उसने गुस्से में खिड़की बंद कर ली। इसलिए वह यह न देख सका कि तन्नू ने उसे फ़ौरन अलग कर दिया और फिर मिच्छू मियाँ के मरदाने की तरफ़ चला गया। वह तो माधो जवाद मियाँ के पलंग की तरफ़ गया जहाँ वह बैठे हुए हुक्का पी रहे थे। वह पायंता बैठ गया और बोला... अब्बा से भी कहा।

कुछ मत कहो। जवाद मियाँ ने उसकी बात काटकर उसे खामोश किया।

... बोला। तभी बलिये देख है कि जो चाह रहा कि अलियाँ पुर गयी होती तो अच्छा रहता।

... क्या? जवाद मियाँ उठकर बैठ गये।

तन्नू सल्मा से विवाह ना करिए और उसको सिलहट्टा करिए।

... कह रहा है।

मैं बक-आर ना करिए। मैं अपनी आँख से देख हूँ। यह बाली ... क़यामत का आसार है। नहीं तो इस घर में सब ... रहा बाक़ी है न ... रहा। अम्मी ने ई गुस्सा पाए गिन्तु कि सल्मा का क्या हो गया है।

अच्छा हम ... से बहुत दिन से कहे दिन ... अब तो ... बात ... ग हम साथ बयान करें। जवाद मियाँ ने कहा।

मैं तो सुना है कि करना ... जब ... बयान करे पर हम ... सगार।

जवाद मियाँ ने साथ माना। वह ... से मुड़कर गयी। जवाद मियाँ उस ... दिन से। वह दरअसल उस पर नाराज़ नहीं थे। उन्हें तन्नू और सल्मा ... शिकायत थी जिसकी वजह से ... अपना ... का बड़ा सुनना पड़ा।

रहमान बो जमीन से उठकर कपड़े की मिट्टी झाड़ती हुई आँगन की तरफ चली। जवाद मियाँ बोले, "निकल ने ई बात मुँह से नहीं त मुँहवा झुलस देंगे।" वह बाहर आ गये जहाँ उनके बड़े बेटे कमाल उर्फ कम्मो का मदरसा जमा हुआ था। पास के जुलाहों और दागदार सैयदों और खरे गरीब सैयदों के लड़के लड़कियाँ दो का पहाड़ा याद करने में मशगूल थे और खुद कम्मो तीन टाँग की एक कुर्सी पर बैठा हुआ कोई किताब पढ़ रहा था। छोटा भाई फिदा हुसैन उर्फ फद्दू मदरसे को सख्त नापसन्द करता था। वह अभी-अभी खेत से वापस आया था, और खम्भे के एक ओर में उकड़ूँ बैठा हुआ बासी पी रहा था।

इस मदरसे ने जवाद मियाँ के घर की बहुत सी छोटी-मोटी ख्वाहिशों को पूरा कर दिया था। मसलन रहमान बो अब पैबन्द लगा कपड़ा नहीं पहन रही थीं। लड़कों के घर से गल्ला भी आता था और पैसा भी। कम्मो के स्कूल में कोई पचास लड़के-लड़कियाँ पहाड़ा याद करने और आम सिपारा और कायदा बगदादी पढ़ने आते थे। चार आने महीने फी बच्चे के हिसाब से कोई साढ़े बारह रुपये फीस के होते थे। लेकिन कभी पूरी फीस इकट्ठा नहीं हो पाती थी। मगर लगभग दस रुपये माहवार की आमदनी हो जाती थी। इसके अलावा फसल पर गल्ला आ जाता था। जुलाहों से कुछ गमछे और लुंगियाँ भी मिल जाती थीं। तीन-चार तोरा बीघे की खेती भी थी। इसलिए जवाद मियाँ के घर में एक हद तक आसूदगी थी। सबसे वाजह अलामत यह थी कि रहमान बो कम्मो का ब्याह करने के लिए सख्त बेचैन थीं। वह दिन रात एक बहू के ख्वाब देखा करती थीं। खुद जवाद मियाँ भी यही चाहते थे। मगर वह इसका इन्तजार कर रहे थे कि कम्मो डॉक्टरी शुरू कर ले तब रिश्ता ढूँढ़ा जाय। कम्मो के डॉक्टर होने की खबर को जवाद मियाँ और रहमान बो और फद्दू ने सीने में छुपा रखा था। क्योंकि अभी इजहार का वक्त अभी न था और नाराज करने में कोई फायदा भी न था। खुद कम्मो भी होमियोपैथी की किताब को कुरान शरीफ के जुजदान में रखता था और कभी-कभी रहल पर रखकर पढ़ता हुआ भी नजर आता था। चुनांचे गंगौली में यह मशहूर था कि कम्मो बड़ा मजहबी आदमी है। वह हर वक्त तिलावत किया करता है।

और अगर कोई न बदला न तो उसने दुनिया में दिलचस्पी लेना भी छोड़ दिया है। बस हर वक़्त कुरान है और वह है। किसी ने इस बात पर गौर नहीं किया कि इधर मुहर्रम या गरमी की छुट्टियों में जब सल्मा आ जाती है तो कम्मो की आँखों में एक चमक पैदा हो जाती है और वह अपनी माँ से हँस-हँसकर बातें करने लगता है और जब सल्मा चली जाती है तो कम्मो उदास हो जाता है। इस बात पर किसी ने इसलिए गौर नहीं किया कि यह गौर करने की बात ही नहीं थी। कहाँ अब्दु मियाँ का बड़ा बेटा और कहाँ नवाब मिर्ज़ा का इकलौता बेटा कम्मो। यह बात सिर्फ़ कम्मो को मालूम थी कि वह सल्मा के जाने के बाद उदास हो जाता है। लेकिन वह अपने आप से भी यह सवाल करने से डरता था कि ऐसा क्यों हो जाता है। वह तनहाई में भी सल्मा से बातें करने के बारे में नहीं सोचता था। लेकिन उसने यह ज़रूर तय कर लिया था कि वह शादी नहीं करेगा चुनांचे जब रहमान बी उसकी शादी की बात निकालतीं तो वह टाल जाता।

नवाब मिर्ज़ा ने कम्मो की पढ़ाई में शुरू [illegible] अपनी लम्बी दाढ़ी पर हाथ फेरा। कम्मो ने एक नज़र उन पर डालने के बाद फिर अपनी किताब पर नज़र जमा ली। उसे नवाब मिर्ज़ा से कोई प्यार नहीं था। वह उनसे एक हद तक नफ़रत ही करता था। वह भी कोई बाप हुआ कि बस जिसका नाम वतन में हवेली और जागीर। बाबा अब भी किसी और आदमी के नाम से पुकारा जाता हो। कमालुद्दीन वल्द सफ़दर नवाब हुसैन ज़ैदी—और माँ रहमान थी। कहा जाता है, मगर यह बात वह जानता था कि अपने पास है न उसका कोई इख़्तियार नहीं था इसलिए उसने दिल में अपनी माँ—दादा रहमान की बाबा और जवाद मियाँ की इज़्ज़त के लिए भी कोई इज़्ज़त नहीं था। लेकिन वह इसका इज़हार नहीं करता था, कभी-कभी तो उसे ऐसा लगता जैसे वह अपनी माँ से मुहब्बत करता है। ये मौके कम [illegible] जब नवाब मिर्ज़ा उसकी माँ को गालियाँ दे-देकर मार बैठते थे। वह उन मौकों पर बिलबिला उठता था। बाद में तू-तू मैं-मैं हो जाती थी। और फिर वह खोखला [illegible] सामान में नाम पाया वाली कुर्सी पर बैठकर यह सोचा करता था कि आख़िर वह इस गाँव में क्यों रहा है। कभी ऐसा

है इन कच्चे मकानों और गन्दी गलियों में। उसका जी चाहता था कि लोग उसे भी उसी तरह देखें जिस तरह और बापों के बेटों को देखते हैं। लेकिन इस गाँव में तो भंगियों चमारों तक को मालूम था कि वह हरामी है। उसके बाप की गोरी हड्डी उसे हलाली नहीं बना सकती थी। इसलिए वह गाँव के उन तमाम लोगों से जलता था जो हलाली थे। इसीलिए उसकी किसी बच्चे से दोस्ती ही नहीं हुई। वह मुनिस मासूम गिग्ग, शम्मू मन्नन—और हद तो यह है कि मिगदाद तक के साथ नहीं खेला। ये लम्बे टोलियों में निकलते, शोर करते शरारतें करते बागों में फल तोड़ते, खेतों से गन्ने चुराते और कम्मो अकेला उन्हें देखा करता। गाँव भर में फुन्नन मियाँ के लड़कों के सिवाय कोई और उस-जैसा था भी नहीं। मगर फुन्नन मियाँ के लड़के सैयदजादों में घुल मिल गये थे। इसलिए उसने फुन्नन मियाँ के लड़कों से भी दोस्ती नहीं की। नतीजे में उसका बचपन एक गहरे सन्नाटे में गुज़रा। उसे बचपन का कोई मज़ा ही नहीं आता था। जब वह जवान होने लगा तब भी उस जानलेवा सन्नाटे ने उसका पिण्ड नहीं छोड़ा। फ़र्क बस इतना हुआ कि वह पाखाने में ज़्यादा वक्त गुज़ारने लगा। और उसका मुँह पीला पड़ने लगा। और उसकी आँखों के गिर्द काले हलके पड़ने लगे। उन्हीं दिनों तक्कन मियाँ उसे गोदाम ले गये। फिर एक दिन जवाद मियाँ ने उसे तक्कन मियाँ के साथ गोदाम से उतरते देख लिया। उन्होंने तक्कन मियाँ को तो वहीं लाखों सुना डालीं और फिर कम्मो को वहीं से पीटते हुए घर तक लाये। इतना ज़रूर हुआ कि यह बात सारे गाँव में फैल गयी कि तक्कन मियाँ कम्मो को गोदाम ले गये थे। उनके साथ गोदाम जाने का मतलब सबको मालूम था। लड़कों ने जुमलेबाज़ी शुरू कर दी और कम्मो ने घर से निकलना बिलकुल बन्द कर दिया। लेकिन उसने तक्कन मियाँ को माफ़ नहीं किया। और एक दिन वह लाठी लेकर तक्कन मियाँ पर टूट पड़ा। अगर ठीक उसी वक्त कहीं से फुन्नन मियाँ न आ जाते तो शायद उसने तक्कन मियाँ को मार डाला होता। उस दिन से गाँव के लड़कों ने डर के मारे जुमलेबाज़ी भी बन्द कर दी। और कम्मो के चारों तरफ़ फिर वही जाना-पहचाना सन्नाटा छा गया। वह इस सन्नाटे में जूझ रहा था क्योंकि उसे यह नहीं मालूम था कि वह सन्नाटे में क्या, क्यों और

कम प्यार करने लगा। हो सकता है कि यह मुहब्बत उस दिन शुरू हुई हो जिस दिन सुरय्या ने आकर सम्मन को गुदगुदा दिया था। यह भी हो सकता है कि यह मुहब्बत उस दिन शुरू हुई हो जिस दिन मदीना पाँयचे उठाए, कीचड़ से बचती, बारिशों के पानी में हाथी की तरह जा रही थी और उसकी गोरी-गोरी सख्त पिंडलियाँ नज़र आ रही थीं। उस ने अपने प्यार की ख़बर उस दिन दिया जिस दिन सम्मन अलीगढ़ जा रहा था। उसके गाज़ीपुर में रहने को वह बुरा नहीं मानता था। लेकिन अलीगढ़ तो एक बिलकुल ही अजनबी शहर है। उस दिन गाँव के स्कूल जाकर सम्मन मास्टर साहब से यह पूछा भी था कि यह अलीगढ़ किस मुल्क में है? और यह जानकर भी उसकी तसकीन नहीं हुई थी कि अलीगढ़ हिन्दुस्तान ही में है। और अब तो वह यह सुन रहा था कि अलीगढ़ पाकिस्तान जानेवाला है। अलीगढ़ के पाकिस्तान जाने या न जाने से उसे कोई दिलचस्पी नहीं थी। उसे तो बस यह फ़िक्र थी कि अलीगढ़ के साथ कहीं सम्मन भी पाकिस्तान न चली जाए। बस उसकी समझ में यह बात भी नहीं आ रही थी कि अलीगढ़ कोई आदमी तो है नहीं कि कहीं चला जाएगा। भला गाँव और शहर कहीं और जा कैसे सकते हैं? मगर यह बात जब उसने अख़बार में पढ़ी तो अख़बार लिखनेवाले पर ईमान लाना पड़ा। अख़बार छपा लिखा था। इसलिए सम्मन को चुप हो जाना पड़ा। गाँव के स्कूल का पढ़ा हुआ सम्मन ऐसी अख़बार की बात का जवाब ही क्या दे सकता था! लेकिन यह बात उसकी समझ में नहीं आती कि अलीगढ़ पाकिस्तान कैसे जा सकता है। आख़िर जब सम्मन से रहा नहीं गया तो वह अब्बू मियाँ के घर चला गया। मदीना बहुत मसरूफ़ थी। वह दुपट्टा धन चुका था, मगर उस ... बनवान ... रहा दिन रहा था। लेकिन सम्मन को देखकर वह ... हो गई।

"ए सम्मन भाई, नहीं हैं ... उधर आइए।"

सम्मन ने ... दिया। ... मदीना ने देखा। फिर वह ... की ओर ... लगा। और सम्मन चूड़ियों के ... से ... गया। और वह ... अलिफ़ ... देखने लगा ... हाथ ... में ... नहीं थीं।

जो कउनो शहर इ चाहे की एक जगह से दुसरी जगह चला जाय त का ई हो सकता है ?' कम्मो ने सवाल किया।

जी ? सईदा न नूशा बनात बनात पूछा।

यार लोग इ ना कह रहे का अलीगढ़ पाकिस्तान म जाय को है ? याका हमरे कहे का मतलब ई है की ई हाइ ना सकता।'

काहे ना हो सकता ?

क्यों। शहरो कउनो आदमी है की जहाँ चाहे तहाँ चला जाय ?

'जालल म जिन जा मरना है सईदा न कहा त पाकिस्तान म अलीगढ़ काहे न आ सकता ?'

ई सब बेकार बात है। हम ना मान सकत।

सईदा दुपट्टे की लुडा लिय हुए चली गयी तो फिर कम्मा वहाँ क्या करता! वह भी चला गया। मगर यह सवाल उसे परेशान करता रहा। फिर जब एक सरनवा वह जलाल मियाँ के साथ गाजीपुर गया तो उसने यह सवाल मासूम मन्दू सिराज और शम्मू सभी से किया। कोई उसे ऐसा जवाब न दे सका जिससे उसकी तसकीन हो जाती। मन्दू ने इतना जरूर कहा कि जोर यो न जाने के बारे म तो वह कुछ नहा कह सकता लेकिन उसने मुस्लिम स्टूडेण्ट फेडरेशन के एक जलसे म अलीगढ़ हो के एक लडके से यह बात सनी जरूर थी।

ए भाई तब त बडा गजब हो जइहे। कम्मा घबरा गया त का जउन लोग हुआँ है उहो लोग चले जइहे ?'

शहरवा जइहे न ऊ लोग कहाँ रहिहें त ? मन्दू ने सवाल किया।

ई त परेशानी की बतिय है।

फिर वह गाजीपुर से लौटा तो पाकिस्तान के खिलाफ होकर लौटा। गाँव म और किसी से तो उसका मिलना जुलना था नहीं। इसलिए वह अपनी माँ ही का सामने पाकिस्तान के खिलाफ तकरीरें करने लगा। सा एक दिन तो इसरार था ने सुन लिया। फिर वह उलझ गयी। उसके पास बेकारी की इन बातों के लिए वक्त कहाँ था ? इसलिए वह 'तउज गुना' कर कर चला जाता और कम्मा मजबूरन गली गलियों म आकर लड़के लडकियों

पहले याद करवाने लगता और फिर रहल सामने रखकर हामिदायरी की नाव पढ़ने लगता और सईदा के बारे में सोचने लगता

'हम घर जा रहे।' एक लड़के ने कहा।

आवाज़ से कम्मो चौंक पड़ा। उसने किताब पर से आँखें हटाकर उसकी ओर देखा। पहर जुलाहे का लौंडा अपनी जगह पर खड़ा था और बाकी सब पढ़ना ख़त्म कर चुके थे।

'बहुत गुस्ताख़!' कम्मो ने डाँटा, 'हरामी! घर जा रहे।'

'हम शादी मनाने जाएँ।' लड़के ने चिढ़कर कहा। कम्मो का पूरा चेहरा घूम पड़ा। मगर कम्मो के पास उस लौंडे की बात का कोई जवाब नहीं था। ज़ाहिर है कि वह किसी का दावत-नामेवाला नहीं रोक सकता था।

'जा, भाग जा!'

लड़का भाग गया। बाकी लड़कों ने फिर पढ़ना शुरू कर दिया। कम्मो ने हामिदायरी की किताब को जुज़दान में रखकर जुज़दान को खूँटी में टाँग दिया और फिर एक बार गुनगुनाकर सईदा के बारे में सोचने लगा जब वह बड़ा डॉक्टर हो जाएगा।

'अस्सलामअलैकुम!'

यह आवाज़ सुनकर वह चौंक पड़ा। काली शेरवानियाँ पहने दो अजनबी सामने खड़े थे।

'वअलैकुमस्सलाम!' उसने सलाम का जवाब दिया। 'आइए, तशरीफ़ लाइए।'

वे दोनों अन्दर आ गए। जिद्दू ने एक बैंगपट थाम लिया।

'हम यहाँ अलीगढ़ से आ रहे हैं।' एक साहब ने कहा।

'ए साहब का दूसरा रूप है आजकल?' कम्मो ने सवाल किया।

जी नहीं। दूसरा बोला 'इन्हीं का नहीं है मगर आपने सुना होगा कि रिश्ता होनेवाला है।'

'हैं न हमने सुना था।'

मालूम कहिए और बात क्या आ गयी है।

यह सुनकर कम्मो का मन भर आया। उसने एक बार अपनी माँ के लिए

किसी में 'वालदा' सुना था। वरना वह तो न माँ थी, न बीवी। वह तो सिर्फ रहमान की थी। वह मुसकरा दिया।

'अच्छा ई बताइए की अलीगढ़ पाकिस्तान चला जइहे की हिअइ रहिय ?'

'हम लोगों की कोशिश तो यही है कि अलीगढ़ पाकिस्तान में शामिल हो जाय। क्योंकि वह इस्लामी तहजीब का एक रौशन मीनारा है।'

'मीनारा ?' कम्मो हैरान हो गया, "ए साहब, हम त सुना रहा की हुआँ एक ठो उनीवरसीटी है। अउर आप कह रहे की ऊ रोशन मीनारा है।"

लड़के मुसकरा दिये। बोले, "देखिए, बात दरअसल यह है कि..."

"ए साहब, सुनिए हमरी सीधी बात," कम्मो ने उनकी बात काटी, 'अगर अलीगढ़ पाकिस्तान में जाय का होय त साफ साफ बता दीजिए। काहे मारे की तब हमरे वालिद अउर हमरी वालदा आपको ओट ना दे सकत।'

'जी ?" एक ने सवाल किया।

"पाकिस्तान न बना तो ये आठ करोड़ मुसलमान यहाँ अछूत बनाकर रखे जायेंगे।" दूसरा बोला।

"ए भाई, हम्म त अइसा लग रहा कि आप लोगन का पढ़ा लिक्खा सब बेकार भया। काहे मारे की आप लोगन के त ई हो ना मालूम की भंगी चमार अछूत होते हैं। हम कउनो भंगी चमार हैं ? अ जो अछूत होइबे ना करीह ओको कोई अछूत कइसे बना दीहै साहब ? तुम्ही बताव तनी हमें सुनें।"

लड़कों में से एक ने एक पूरी तकरीर कर डाली। वह तकरीर कम्मो की समझ में बिलकुल नहीं आयी। क्योंकि लड़के जिन बातों का जिक्र कर रहे थे उनमें से किसी एक का भी कम्मो या गंगौली से कोई ताल्लुक नहीं था।

'हम ई सब ना मानबे साहब !' कम्मो ने तकरीर को सुन लेने के बाद कहा, "हिन्दुस्तान के आजाद होने के बाद ई गयवा आहीर ई छिकुरिया या लगना चमार या ई हरिया बढ़ई हमार दुश्मन काहे को हो जइहें ? यानी बिना सबब ? हुआँ कै सब पढ़ा के आप लोग का ?

'इस वक्त आपकी समझ में यह बात नहीं आयेगी, लेकिन होगा यही। हमारी मस्जिदों में गायें बाँधी जायेंगी।'

'तो साहब, अब मुसलमान लोग पाकिस्तान जाकर ही मस्जिदों में पाक बने रहें। या पहले पहिल अब हिन्दुओं सब आम जाकर नमाज़ न पढ़े न रहे। ई अच्छा ज़बरदस्ती है या हम न जायेंगे पाकिस्तान औ हिन्दू अपनायें हमरी मस्जिद।'

बग्गा ने पहले तो उस गँवार की मसखरी का आनन्द भी लिया, लेकिन फिर धीरे धीरे उसे गुस्सा आने लगा। गुस्सा आना भी चाहिए था। आखिर हर बात की कोई हद होती है। वह बहुत बिगड़ गया। बोला, 'ठीक है, लेकिन जब हिन्दू आपकी माँ बहन का निकाह कर जाय तो ऐतराज़ न कीजिएगा।'

'हमरी माँ बहिन का कौन बहनचोद निकाह कर ले जा सकता है जी!'

बग्गा का बदन गुस्से से थर थर काँपने लगा। 'आप लोग जब तक हमारे तलवार पर न होंगे तो टपिया चार धक्के हम आप साहब को!' सामने से हाथ में मिट्टी के तेल की बोतल लटकाये एक चमार आ रहा था। बग्गा की आवाज़ सुनकर वह रुक गया।

'सुन रहे हो?' बग्गा ने उससे पूछा।

'का बात हो मियाँ?' उसने पूछा।

'ई लोग अफ़वाह में हमसे कह रहे हैं कि जब हिन्दुस्तान आज़ाद हो जायेगा तो ये लोग हमरे साहब की माँ बहिन का निकाह न करेंगे।' बग्गा ने बात बना ली।

अरे राम राम! चमार बिल्कुल घबरा गया। वह अलीमुहम्मद की तरफ़ मुड़ा, 'आप लोग तो मियाँ-बड़े मुसलमान। तेरा साथी की हिम्मत के जीभ काट दिये साहब की बहिन माता की तरफ़ ऐसा कहना?'

भाई साहब ने अपने से ज़्यादा ई समझते हैं। बग्गो ने कहा, 'वो माँ बहिन के निकाह किए जाने की बात सुनकर राम राम करने लगा।'

मैं माफ़ी चाहता हूँ,' ... ने कहा, 'हमारा मतलब यह हरगिज़ नहीं था। हम तो सिर्फ़ यह कहना चाहते थे कि हिन्दुओं पर भरोसा नहीं किया जा सकता।'

'काहे न किया जा सकता साहब ?'

अब मैं आपको कैसे समझाऊँ !"

इहाँ हमहू बतायें ? कम्मो मुसकरा दिया, "चाय पीजिएगा ?'

'जी नहीं शुक्रिया !'

दोनों लड़के कम्मो के दालान से उतरकर रास्ते पर आ गये। कम्मो ने झल्लाकर खूँटी पर टँगा हुआ जुजदान उतार लिया। लड़के आगे बढ़ गये। उन्होंने वोटरों की लिस्ट खोल ली।

फुन्नू मियाँ से तो भुगत लिया हमने। जवाद मियाँ का घर भी देख लिया गया। अब्बू मियाँ गये हुए हैं गाजीपुर। बस हम्माद मियाँ से भुगत लिया जाय तो दक्खिन पट्टी का सिलसिला खत्म हो जाय। रहे उत्तर पट्टी के मियाँ लोग तो उनका वोट तो हमारी जेब में है।'

'मगर ये जुलाहे ?'

इनके लिए तो मौलाना आजाद सुभानी और मौलाना अब्दुल बाकी चले आ ही रहे हैं। मैं जुलाहों और बिहारियों से बातें नहीं कर सकता। दोनों साले मादरजात चूतिये होते हैं।

'अस्सलामोअलैकुम चचा !' एक मकान से निकलते हुए हाजी गफूर अंसारी को देखकर दूसरे लड़के ने हँसकर सलाम किया।

'वालेकुमस्सलाम भैया।' हाजी साहब ने जवाब दिया। 'आप लोग अलीगढ़ से आये हैं का ?'

'जी हाँ !'

'हम त देखते ही समझ गये रहे।' हाजी साहब ने दाढ़ी पर हाथ फेरकर कहा। और अपनी पहचान पर बड़े खुश हुए कि मुसकरा दिये। 'आप लोग आज शाम को आइएगा ?'

'जी नहीं।' एक ने कहा। 'जलसा तो कल होगा। मौलाना आजाद सुभानी और मौलाना अब्दुल बाकी साहब तशरीफ ला रहे हैं ना।'

'वोटवा बाद का मसगिरिया लिया रहे ?' हाजी साहब ने तुर्री ब-तुर्री

जवाब दिया हम लाग न जमीयतुल अन्सार वाल है। हम लाग उसलिम लीग मुस्लिम लाग का आद ना न सकत।

मुखालिफ करना ता हमारा फज है।

तरह न निमाज राजा है नया।

स्ता उमाज क वनार क लिए ता पाकिस्तान का जरूरत है। बाला

सरयाना न दूसरा लगाया।

नाहा मियाँ। हाजा साहब न कहा हम त अनपढ़ गवार है। राजा

हमर गवार म निमाज मालिर पाकिस्तान आकिस्तान का मतिका उस्तन ना है। निमाज क बारा मानी स्मान का जरूरत है। सताबत ताना मार-साप परमा लिहिन है का ए मर पगम्बर का द लाग त का हम इमानवालन क गाय है। अउगा काना बजन त कहना रगा की आप लागन क जउन जिन्ना है क निमाजा ना पढ़ा।

इनदाम का माया न रविया और पगम्बरा नर पर लगाया है जिनका गर मरना लिर गम हान लगा।

बारा पयम्बर माग त माजजा-आजजा स्वना क गार कर लिलिन।

जिन्ना साहब का माजजा पाकिस्तान है।

हुई हवा भया। हमम न न ना मालुम रहा का जिन्ना साहब पगम्बर हा गय है।

महब मरदना गर और लिर ही लिर म हाजा साहब का तराज म गाना दा मार। लर बाला नऊजबिल्लाह। यह आन बना रमति है। यह ता कहन का नर मगाया था। वर्ना रसुलमरताल सदना व मौलाना हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलह सल्लम क बाद किना क पगम्बर हान का बना सवाल पदा हाता है?

गवार न मुँहा लाग न उठाओ। हाजा साहब मुस्करा दिए। आखिर उन्हा दुनियादारा क सा मन्दा का खिन कर लिया था। लहजा नया अस्सलामा अलकुम।

वह सलवकर भाग खड़ हुए। तब स्ना मन्दा का दल आया कि जुब का नि है और नमाज का वक्त निर गर है। व भी गरद।

मगर जब वे मस्जिद में घुसे तो नमाज़ की जमात खड़ी हो चुकी थी। वे दोनों भी जल्दी से पिछली सफ़ में खड़े हो गये। एक ने हाथ बाँध लिये। दूसरे ने हाथ खोल लिये। साथी ने कुहनी मारी तो उसने भी जल्दी से हाथ बाँध लिये।

नमाज़ के बाद उनमें से एक खड़ा हुआ।

बिरादराने इसलाम। अस्सलाम अलैकुम!"

वालेकुमसलाम! बिरादराने इसलाम ने एक साथ जवाब दिया।

'यह तो आप लोगों को मालूम ही होगा कि आजकल पूरे मुल्क में मुसलमानों की ज़िंदगी और मौत की लड़ाई छिड़ी हुई है। तकरीर शुरू हो गयी। हम एक ऐसे मुल्क में रहते हैं जिसमें हमारी हैसियत दाल में नमक से ज़्यादा नहीं है। एक बार अंग्रेज़ों का साया हटा तो ये हिंदू हमें खा जायेंगे। इसीलिए हिंदुस्तानी मुसलमानों को एक ऐसी जगह की ज़रूरत है जहाँ वे इज़्ज़त से जी सकें। मैं यह नहीं कहता कि खालिद बिन वलीद और मुहम्मद बिन कासिम की औलाद हिंदुओं से डरती है। मगर..."

बड़ी जोशीली तकरीर थी। बीच-बीच में बिरादराने इसलाम ने तकबीर भी डाली। नतीजे में राकियों और जुलाहों के एक बड़े हिस्से ने यह तय किया कि वोट लीग को देना चाहिए। यह एक मज़हबी फ़र्ज़ है। हाजी गफ़ूर ने कई मरतबा बोलना चाहा लेकिन नौजवानों ने उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया।

ते जाने जो लोग अपनी माँ चुदावें! हाजी साहब को गुस्सा आ गया। गुस्से में वह यह भी भूल गये कि वह मस्जिद में हैं। अलीगढ़ से आनेवालों ने इस गाली का पूरा फ़ायदा उठाया। जो लोग ढुलमुल रहे थे वे भी बिलकुल गच पुख्ता हो गये।

हाजी साहब गुस्से में मस्जिद से निकल आये। उनकी समझ में तकरीर बिलकुल नहीं आयी थी। उनकी समझ में यह बात भी नहीं आ रही थी कि मुसलमानों को यह तस्म्म से एक पनाहगाह की ज़रूरत क्या आ पड़ी है। और अंग्रेज़ों का यह साया क्या है जिसकी बात लड़कों ने इस धूमधाम से की थी। गंगौली में तो अब तक कोई अंग्रेज़ देखा नहीं गया था। और जब अंग्रेज़ हिंदुस्तान में नहीं थे तब आखिर हिंदुओं ने मुसलमानों को क्यों नहीं मार

छिकुरिया ने बड़बड़ाते हुए हाजी गफूर को देखते हुए कहा जो बार बार अपने कंधे का रूमाल बराबर करते जा रहे थे। 'आपो के त आट दवे के होई?' उसने सवाल किया, हम त सुनन हईं की मियां लोग मुसलिम लीग के आट देन बाटन।

हम माटीमिली मुसलिम लीग का कभइ जो दें अपना आट!" कुलसुम ने चमककर कहा "हम त अपने मुनताज़ के दवा अपना आट। दुना अलीगढ़ वाले हमरहू किहा आय रहे। हम उनहूँ लोगन से साफ साफ कह दिया इहे बात।

"ई बीबी हई पकिस्तनवा कहर बनी?' छिकुरिया ने वह सवाल किया जो उसे बहुत दिनों से सता रहा था।

अ का जाने कहर का रहा माटीमिला।"

जउना गाजिपुर में बनत त हमहू देख लेते!' छिकुरिया ने अपनी धोती की फेंट से कच्ची तम्बाकू की पत्ती निकालते हुए कहा 'हम त समझत बाडी की ई पकिस्तान कउनो महजिद ओहजिद होइ।' वह बाएँ हाथ की हथेली पर दाहिने हाथ के अगूठे से तम्बाकू मलने जा ही रहा था कि उसने आते हुए तन्नू को देख लिया। वह खड़ा हो गया। 'सलाम, मीर साहब!'

तन्नू मुसकरा दिया, 'का कर रहा है!'

'हम बीबी से ई पूछत रहली की हई पकिस्तान कउनो महजिद ओहजिद बाय का?'

तन्नू हँस दिया। उसके पास छिकुरिया के इस निहायत माकूल सवाल का कोई जवाब नहीं था। इसलिए वह हँसता हुआ अन्दर चला गया और कुलसुम को सलाम करके एक चारपाई पर लेट गया। उसी चारपाई के पाँयती सगफिर बैठी पानदान का सामान काट रही थी।

"ए बेटा, हम सुना है की तू लड़ना में बिआह कर से इनकार कर दिये हो।' कुलसुम ने उसे एक पान देकर यह सवाल किया।

'काहे हम इनकार कब किया रहा अम्मा?' तन्नू ने पूछा।

'काहे ए बेटा, तोरे अब्बा बगीअन ने कहे गये रहे?

'बगीअन कहे के वास्ते उनहूँ गये हा कि पुसगुप का मिल रहे?' तन्नू ने

बे सवाल कर लिया जिसका जवाब गगौनी म किसी के पास नहीं था। और जिस सवाल पर सारा मयन्वाला सोच रहा था। गाँवभर म किसी एक का स्पष्ट ध्यान नहीं था कि शब्बू मियाँ न यह वसायत की होगी। लेकिन हुस्सू मियाँ की आँखों म आँसू डाक्टर कोई यह कह नहीं सकता था कि शब्बू मियाँ की वसायत की बात एक मनगढ़न्त कहानी है। हद तो यह है कि जब शब्बू मियाँ तन्नू को छोड़ रहे थे तब भी उन्ह इसका यकीन था कि शब्बू न कोई वसायत नहीं की है। अब जब पूरे मयन्वाड म किसी के पास इस सवाल का जवाब नहीं था तो बेचारी कुसमुस क्या जवाब देती? इसलिए वह सिर इतना कह सकी वसीअत की बात रहने दो। यारो इ सोच कर की कहेगा बदनामी की बात है।

की भाई मज़ाक! तन्नू मज़ाक म बात करने लगा माहम्मद चा ऐसा न्या नहीं रहे थे ना?

अ बात नो निकल गयी। जवाब कुसमुस न दिया जरूर अग्य रिवाज हाथ नूँ त जानकी का जब म नाहर गया था जहल मर है इकरा पदम की आयस्ता ना मई है। या इसनियाज की नमाह अदर अज़ीज़ टुल्हा क स्पय पर घर भर रहा था और लस्टम-पस्टम।

अज़ाज़ हुआ। यह गिनाव तन्नू क दिल म टकराया। क्या बात ह इन गाना की ना! सामान की बदल-बदल गिनाव दिए जाते ह। अज़ाज़ हुआ। नराज हुआ। हमान हुहा और हुस्न म कोई नया पूछा कि नई तू भा कहा गया कहा गए है? उसन मज़ाक की तरफ देखा। वह उसी तरह गायब कान्न म जुगा हुए था।

हम रोज दो कहानी सुनाए, उसा न ... मिरगान बटन हुए पूछा। सुनाओ।

एक दो गरा बाश्नाह

ऐसा गरी नशा हुईन बावर्चीखान हा म नागा न्नि का बगान ऐसा ऐसा मशगूला। अरे बरद मामू ऐसा भुर अम्पह र।

...ी बग। कुसमुस न कहा इसनियाजी मुसाफिर है ऐसा भुन बला।

ए तन्नू भाइ ई मुसाफिर का होना है ?' फत्ता ने पूछा।

मुसाफिर ? मुसाफिर उस आदमी को कहत है जो " वह जवाब देते देते रुक गया।

मगफिए खिलखिलाकर हँस पड़ी।

जाइए तन्न भाइ।' वह बड़ी मुश्किल से बोली एत्ती जरा सा बात आपको ना मालूम !

अच्छा तू ही बता देयो।' तन्नू ने मगफिए की आँखों में आँखें डाल दीं। मगफिए शरमा गयी। उसका सारा बदन गुनगुना उठा। उसे आँखों की ज़बान नहीं आती थी क्योंकि कभी मुहम्मद हुसन ने उससे आँखों की ज़बान में बात नहीं की थी। शायद मुहम्मद हुसन को भी आँखों की ज़बान नहीं आती थी। लेकिन उस वक्त तन्नू की आँखों की ज़बान वह तड़ से समझ गयी। उसे ऐसा लगा जैसे इस ज़बान को वह हमेशा हमेशा से जानती है। बिलकुल घरेलू ज़बान की तरह जानती है। और उसे यह भी लगा कि वह इस ज़बान को भी अपनी घरेलू ज़बान की तरह फर फर बोल सकती है। उसने अपनी लम्बी लम्बी पलकों की आड़ से तन्नू की तरफ देखा। मगर तन्नू फत्ता की तरफ मुड़ चुका था।

लेके रहेंगे पाकिस्तान !

लड़के लेंगे पाकिस्तान !

इनकिलाब ज़िन्दाबाद !

दुल्लन कंधे से स्कूल का बस्ता लटकाये नारा लगाता घर में आया।

हम भूके नगी है ! तन्नू की तरफ एक आवाज़ उछालकर उसने नारा लगाया।

पाकिस्तान ले के का करिहो जी ? तन्नू ने पूछा।

हम का जानें ! दुल्लन ने कहा मास्टर लड़कवा सब चिल्लात रहे त हमहूँ कह दिया।

अउर पाकिस्तान के साथ इनकिलाबो माँग रह्यो ? ' तन्नू ने दूसरा सवाल किया, जैसे तू काँग्रेसी हो लीगी ?

हम मुसलमान हैं। दुल्लन ने छाती पर हाथ मारकर कहा।

मुसलमान ! भई ना अउर मुसलमान हो गयो। मगफिए बोली।

मुसलमानों का नाम सुनते ही दुल्हन टनकने लगी। उसने मौके का फायदा उठाकर दुकड़ा लगाया, मान की चिड़िया फुर से उड़ गयी!

चुप, बदतमीज! दुल्हन ने उसे बदतमीजी से [illegible] मुँह से कहा।

ये मजहब की बड़ी बात है। उसने पूछा ए नन्नू, और मुसलमानियों का मजहब की बात है? आपा की नई हाउस।

नन्नू सन्नाटा गया। मशहिर पर फिर हँसी का दौरा पड़ा। कुलसुम ने मुँह पर मुसकरान के बाद चला की तरह धक्का दिया मारा। मिला उन्हें!

अच्छा भाग अब मैं चलता हूँ। नन्नू खड़ा हो गया।

बहनिन! बहनिन! मशहिर ने मुश्किल से हँसी रोककर कहा अब कोई कुछ ना पूछिए।

नहीं अब चलेगा। सोचता हूँ कि गाजीपुर चला जाऊँ।

तूने अभी कुछ दिन रह का न बताया! कुलसुम ने पूछा।

कि हाँ, मगर वह चुप हो गया।

ये बड़ा भी बड़ा बदनदा। कुलसुम ने कहा बड़ा बदनामी की बात है।

'बड़ा बड़ा सा बड़ा कस्बा के डिप्टी कलेक्टर आप मशहिर ने सवाल किया अब भी अच्छा बदकिस्मत है की बाऊ का जो चाहे वो वही बहुत विधाह है उनमें बड़ मान। वह मान की बदनामी का डर है!

नन्नू ने चौंककर मशहिर की तरफ देखा।

ठीक है भाई! उसने कुलसुम से कहा हमेशा का है। बाबा पुरखु घा के घर में सन्नाटा के अलावा भी कई तरकीबें अड़ी है। आखिर हम कालेज कोई में न विश्वास करके न कलम से फिर सत्ताईस के बाद से घर रहे। है का ना।

उसने कुलसुम के सवाल का इन्तज़ार नहीं किया। घर में निकला तो ना [illegible] का साथ न मौका मिला। मानो! मैं सुबह उठना चला गया हूँ और हमारे मानतानी गन्नूबहाना क्या हाल क्या नहीं है? हो क्या बात ने हैं आए।

वह झल्ला गया। सद्दन को कम से कम इतना तो बता ही देना चाहिए था कि वह उसे कितना चाहता है। लेकिन अगर यह सुनकर वह हँस पड़ी, तब? इन घरेलू लड़कियों में यही तो खराबी होती है। सब पर जान छिड़कने को मौजूद होती हैं। अब कोई जान छिड़कने और जान छिड़कने में कैसे फ़र्क करे आखिर?

गया अहीर हम्माद मियाँ के फाटक पर उकड़ूँ बैठा बीड़ी पी रहा था। छिकुरिया जा चुका था। मिगदाद जनाने इमामबाड़े के फाटक के सामने खड़ा अपनी बेटी को खिला रहा था, जिसका नाम तो उसने नक्हन रख लिया था मगर प्यार की वजह से वह जिसे नक्का कहा करता था। प्यार के मुँह से शायद लम्बे नाम निकलते ही नहीं।

बड़े फाटक के सामने जुलाहों के कुछ लौंडे लट्टू नचा रहे थे और गालियाँ बक रहे थे। और बल्ली साईं के नुक्कड़ पर लड़कों का एक जुलूस 'मुसलिम लीग ज़िन्दाबाद!' 'कायदे आज़म ज़िन्दाबाद!' और 'इनक़िलाब ज़िन्दाबाद!' के नारे लगा रहा था और दो दरवाज़ों से झाँकती हुई दो औरतें शायद उस जुलूस पर हँस रही थीं।

तन्नू ने देखा कि गंगौली में कोई तूफ़ान नहीं है। ज़िन्दगी जैसी थी वैसी है। जुलाहे सूत सुलझा रहे हैं। औरतें शिकायत कर रही हैं और लड़ झगड़ रही हैं और हँस बोल रही हैं। लौंडे लट्टू नचा रहे हैं और इक्कट-दुक्कट खेल रहे हैं। मिगदाद अपनी बच्ची को प्यार कर रहा है। गया अहीर उकड़ूँ बैठा बीड़ी पी रहा है। हकीम साहब बीमारों की नब्ज़ देख रहे होंगे और लड़कों को गालियाँ दे रहे होंगे। हकीम साहब का ख़याल आते ही वह मुसकरा दिया। तो फिर मैं गंगा की तरह मज़े मज़े में बहती हुई इस ज़िन्दगी में तूफ़ान क्या लाऊँ? इन देहाती खानदानों में न मालूम कितनी नस्लों से कितने तन्नुओं ने प्यार किया होगा! शरीफ़ों में प्यार ज़ाहिर नहीं किया जाता। क्या पता किस बीबी के दिल की राख कुरेदी जाय तो किस मियाँ की मुहब्बत की चिनगारी निकल आए। तो फिर मेरी मुहब्बत में कौन से सुरख़ाब के पर लगे हैं! और क्या मालूम वह भी यही न कर रही हो। हाँ और क्या। क्या मालूम! मन्नो किसी फ़िल्मी गाने की तरह इन्तज़ार न

लगा। लेकिन वह एक घरेलू गाय की तरह सीधा और मासूम तो है ही। और फिर यह क्या जरूरी है कि

हकीम साहब को अपने सामने देखकर वह चौंक पड़ा। उसने देखा कि वह हकीम साहब के कमरे में है। उसने जल्दी से हकीम साहब को आदाब किया। अलीगढ़वाले लड़के को उसने पहचान लिया। ...के तमाम लोग मौजूद थे। एक काली शेरवानी अपनी उँगलियों में सिगरेट दबाये हाथ घुमा-घुमाकर मियाँ साहब को समझा रहा था कि कुरान में कहाँ-कहाँ अल्लाह मियाँ ने मुस्लिम लीग को वोट देने का हुक्म दिया है।

और सबसे बड़ी बात तो यह है कि दुनिया के नक्शे पर एक और इस्लामी हुकूमत का रंग चढ़ जायेगा। और यह भी नामुमकिन नहीं कि ... के साथ किसी दिन एक बार फिर सारे इस्लामी परचम लहराता नज़र आये। अगर पाकिस्तान न बना '

वज़ीर को पाकिस्तान के बनने या न बनने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। यह एक ... का पौधा लग गया। वह उन लड़कों को ... सुनता और ... सुनता ... मगर ... दिलचस्पी ... हुई थी। वह ... पाकिस्तान ... और ...—सभी के बारे में एक साथ सोच रहा था।

सुन रहे हो ... मियाँ साहब ... है! ... ।

मुसलमान है। काली शेरवानी बोली।

... की यह ... भी सुना होगा आपने! दूसरी ... शुरू हो गया ... हमारा नाम ... अपनी ... है! ... मुश्किल में होता है ... !

... उसने ... और ... में ... हुए ... का ... ।

... के ... अनाम ... मुलाकात ... ! उसने ... मियाँ ... ! ... पर हाथ रखकर वह ... हुए और अनाम को ... बिना ... ।

... और ... सिलसिला ... तो ... हो ... मैं कहता "

'तूँ मागन का का है !' हकीम साहब ने काली शेरवानी की बात काटी बना रहा मलीफा ।

देखिये किब्ला !' काली शेरवानी ने कहा यह मौका इन छोटे मोटे झगडों को याद करने का नहीं है । अल्लाह की रस्सी को मजबूती से पकडिये । आज उस रस्सी का नाम मुहम्मद अली जिन्ना है । आप अल्लाह की ताकत हैं । उठिये और कहिये कि आप पाकिस्तान बनाना चाहते हैं । जरा अपने लीडर को देखिये । और एक यह काँग्रेस वाले हैं । गाँधी हों या नेहरू । गलिया गलिया मारे मारे फिरते हैं । और एक हमारे कायदे-आज़म हैं जिनसे मिलना इतना मुश्किल है कि लाट साहब को भी उनसे वक्त लेना पडता है ।

त जब ऊ काइ से मिलब ना करते त फिर

हाँ अउर का !' हकीम साहब ने उब्बास की बात लोक ली "जब ऊ काई से मिलबे ना करते तब त फिर माशल्ला ऊ अल्लाह मियाँ हो गये ।

यह आप क्या फर्मा रहे हैं ?' काली शेरवानी बोली ।

हम कमा उमा ना रहे । हकीम साहब ने कहा 'ओर त गर हम लाग लीग को रंगे बाकी एक ठो बात पूछे बिना ना रहेंगे की जब जिन्नह साहब ना मिलते अउर अल्लाहो मियाँ ना मिलते त फिरे हम लोग अल्लाह मियाँ को ओट काहे न दे ?

तन्नू खिलखिलाकर हँस पड़ा ।

'आप लोग इस सवाल का जवाब नहीं दे सकते ।' तन्नू ने कहा और फिर आप बिना वजह यहाँ तकरार कर रहे हैं । सरकारी मुसलमानों का यह मान्ना लीग के अलावा और किस बात पर सकता है ? मगर आप गुम्मान कुलसुम का वोट नहीं ले सकते । वह तो अपने 'मुनताज' ही को वोट देंगी । वह औरत निरी अनपढ़ है । वह अपने बेटे का सही नाम नहीं ले सकती । वह मुमताज को मुनताज कहती है । वह बड़ा ही शरीर लड़का था । आप उसे क्या जानें । वह मासिमाबाद के थाने पर गोली खाकर मर गया । मैं तो उस वक्त यहीं था नहीं । मगर सुना है कि वह बड़ी बहादुरी से मरा । यानी जब उसे यकीन हो गया कि वह मर रहा है तो वह मौत से डरकर भागा नहीं । कहते हैं कि उसने भागते हुए एक आदमी का दामन पकड़ लिया

और कहा न गया, मगर उनका उल्टा तो वह होता हमारी अम्मा से भी हम डर गये। हैं इस बहिनचारे हमारी जान ले लीह। आप तो शायद इस ज़बान को समझ भी न होंगे क्योंकि आप लोगों ने तो उर्दू को मुसलमान कर लिया है। मगर नमाज़ की कसम जो ज़बान इस वक्त मैं बोल रहा हूँ वह मेरी मादरी ज़बान रही है। मेरी मादरी ज़बान तो वह है जिसमें मुमताज़ ने अपनी माँ को सलाम भेजा था। यह नहर बानन पर ना हम्माद दो पूरे गाँव में नहर बन गए हैं। पाकिस्तान बनने के बाद आप इस नहर को यहीं छोड़ जायेंगे या अपने साथ ले जायेंगे? हाँ, मैं कोई सियासी आदमी नहीं हूँ। लेकिन मैंने लड़ाई का मंज़र देखा है। लड़ाई में मरनेवाले बड़ी बेबसी की मौत मरते हैं। मारनेवाला तो बस मजबूर हो जाता है। क्योंकि अपनी जान बचाने के लिए वह सामने वाले को दुश्मन मानने और उससे नफ़रत करने पर मजबूर होता है। मुश्किल है कि अगर इसके बाद मुझे यहीं गगौली में मिलता तो मैं उसे सिगरेट पिलाता, पान का रस पिलाता, उसे अपने तालाब में नहाने को भेजता और फिर रात को उसके लिए किसी दोस्त की तरह खिचड़ी इस पसन्द पर बनवाता और इस बिस्तर लगवाता और उससे उसके मुल्क की बातें करता। और उसे अपने गाँव की बातें सुनाता। लेकिन वहाँ मैंने उसे मार डाला। क्योंकि अगर मैं उसे न मारता तो वह मुझे मार डालता। इसलिए मैं डरता हूँ। आप लोग कौन सा डर पैदा कर रहे हैं। डर की यह पसन्द हमीं को मालूम थी। इसीलिए मैं डरता हूँ।

आगे मुहम्मद बिन कासिम के वारिस

"मैं काफ़िर नहीं हूँ।" ननू ने कारी नरवाला की बात काटी। "मैं मुसलमान हूँ। लेकिन मुझे इस गाँव से मुहब्बत है क्योंकि मैं खुद यह गाँव हूँ। मैं नाम के इस शाम इस तालाब और इन कच्चे रास्तों से प्यार करता हूँ क्योंकि ये मेरे ही मुतअल्लिक हैं। मगर जंग में जब मौत बिल्कुल पास आ जाती थी तो मुझे अल्लाह ज़रूर याद आता था लेकिन मक्का मदीना या कर्बला मुअल्ला की जगह मुझे गगौली याद आता था। और मैं यह सोचकर डरता जाता था और रोने लगा करता था कि अब शायद मैं नैना के तालाब में कभी डुबकी न लगा सकूँगा। और शायद

जब मुझे आठवीं की मजलिस का हलवा नहीं मिलेगा। अल्लाह तो हर जगह है। फिर गंगौली और मक्का, और नील के गोदाम और काबे और हमारे पोखर और चाहे ज़म्ज़म में क्या फ़र्क़ है ?

आप ही जैसे लोग हिन्दुस्तानी मुसलमानों को हिन्दुओं के हाथ बेच डालेंगे।' काली शेरवानी बिगड़ गयी, 'आपको शर्म नहीं आती। आप मक्का शरीफ़ से इस जटियल गाँव का मुक़ाबला कर रहे हैं ?'

जी हाँ, कर रहा हूँ!" तन्नू ने कहा, "और मुझे शर्म भी नहीं आती। और शर्म आये क्यों ? गंगौली मेरा गाँव है। मक्का मेरा शहर नहीं है। यह मेरा घर है और काबा अल्लाह मियाँ का। खुदा को अगर अपने घर से प्यार है तो क्या वह माज़ल्ला यह नहीं समझ सकता कि हम भी अपने घर से उतना ही प्यार हो सकता है।

ए बेटा, तू त कुफुर बके लग्यो।" हकीम साहब ने कहा, "ई का कर रहा रे हरामजादे !" उन्होंने उसी साँस में एक हाँक लगाया और हौज़ में थूकने का इरादा करता हुआ लड़का डरकर भाग गया, 'बाबा फिर बाबा रे बेटा।

मैं कब कहता हूँ कि काबा काबा नहीं है ? लेकिन लाहौर तो काबा नहीं है ना ?" उसने सवाल किया, "देखिए चचा, जो कुछ मैंने देखा है वह आपने नहीं देखा है। इसीलिए जो कुछ मैं देख सकता हूँ वह आप नहीं देख सकते। नफ़रत और ख़ौफ़ की बुनियाद पर बननेवाली कोई चीज़ मुबारक नहीं हो सकती। पाकिस्तान बन जाने के बाद भी गंगौली यहीं हिन्दुस्तान में रहेगा और गंगौली भी फिर गंगौली है। तब अगर मथवा अहीर, लगना चमार और छिकुरिया भर ने आपसे पूछा कि उन्होंने तो आपसे कभी दुश्मनी नहीं की थी, फिर आपने पाकिस्तान का वार क्यों किया तो आप इस सवाल का क्या जवाब देंगे ?

तो क्या कांग्रेस का आर्डर दिया जाये जो ज़मींदारी पर अपनी आँखियाँ गड़ाये बैठा है ?" उस्मान मियाँ ने पूछा।

आप चाहें या न चाहें मगर गंगौली में कांग्रेस ही का राज होगा।'

"बउना बकबकता है ?" हकीम साहब बोले।

"और जमींदारों को भी गया समझ लीजिए।'

अंदर की। हकीम साहब चमके, 'गधियों के बाप का है ना जमींदारी को अव्वल अव्वल इन सबों ने तोड़ दी है।

इन की बातें न सुनिए डिप्टी!' बाली शेरवानी ने कहा, "कांग्रेस जमींदारी को तोड़ने की कोशिश ज़रूर करेगी क्योंकि ज़्यादातर जमींदार मुसलमान ही हैं। लेकिन यह काम इतना आसान नहीं। अगर ऐसा हुआ तो पाकिस्तान की इस्लामी फ़ौजें दिल्ली पर हमला कर देंगी।

और हमले की बातें ज़रूर कर सकते हैं क्योंकि आपने जंग नहीं देखी है। तन्नू का लहजा कड़वा हो गया, "पाकिस्तान ज़रूर बनाइये।" उसने उठते हुए कहा, "मगर कभी-कभी ख़ैरियत की ख़बर लिखते रहियेगा वहाँ से।'

गाला इमाम चौकी को छूता हुआ वह बड़े फाटक से निकलकर गली में आ गया। उसे अपने आप पर बड़ा गुस्सा आ रहा था कि आख़िर तकरार करने की क्या ज़रूरत थी। मगर वह सचमुच डर रहा था कि इस नफ़रत का अंजाम क्या होगा? क्या सचमुच हिंदुस्तानी मुसलमान इस ज़मीन का नहीं है? मगर दिलदार नगर और गहमर के राजपूत मुसलमान तो इसी मिट्टी के बने हुए हैं। फिर ये मुस्लिम लीग को वोट क्यों दे रहे हैं? वे क्यों एक वतन की ज़रूरत महसूस कर रहे हैं? राम की सल्तनत का क़दम चूमकर बनाये गये चूमनेवाले मुसलमान पाकिस्तान क्यों बना रहे हैं? क्या सचमुच पाकिस्तान बनाना चाहते हैं? और क्या ... के बारे में ये जानते हैं कि पाकिस्तान कैसा होगा और क्या होगा? क्या ये तमाम लोग जो मुस्लिम ... पाकिस्तान कोई सूबा तो है नहीं कि उसे भी ... मान लिया जाय। किसी मज़हब के नाम को ज़बानों पर चढ़ने के लिए ... नस्लों की ज़रूरत पड़ती है। फिर बारवाली नस्लों का क्या होगा ... इस हवा में लहरनेवाली नफ़रत को कम करना ... शानो नरवासियों को इन सवालों में कोई दिलचस्पी नहीं थी। वे इस सवाल पर सोचने को भी तैयार नहीं थे कि आदमी सिर्फ़ नफ़रत पर और डर के सहारे ज़िन्दा नहीं रह सकता। तन्नू अपने ही सवालों की ... में उलझ गया। उसका मन पूछने लगा तो अब मैं क्या करूँ? कुलसुम ... मगर हुमायूँ की बातें सुनना चाहती है। हकीम अली कबीर मुस्लिम

लाग का। कौन ठीक है? आह, डिस्मिस! वह एकदम से फौजी बन गया। ... में? उसने एक कुत्ते को ठोकर मारी। वह टें टें करता हुआ भाग गया।

"तो मैं छुट्टी के बाद नहीं रुक सकता।" उसने फुस्सू मियाँ से कहा, "आप मँझले अब्बा से पूछकर तारीख डलवा लें।"

फुस्सू मियाँ हड़बड़ा गये। उठ बैठे। हुक्का उलट गया। चिलम टुकड़े टुकड़े हो गयी। आग बिखर गयी। आँगन के एक कोने में छोटी बहन की गुड़िया बनाती हुई सल्लो शर्मा गयी। सकीना गपागप पान लगाने लगी। रब्बन बी की इकलौती आँख मुसकरा दी।

"मगर बेटा, तो रबिउल-अव्वल[1] से पहिले..."

"तो मुहर्रम का इमाम हसन की बेटी का बिआह भया रहा की ना?'' बेटे ने फुस्सू मियाँ की बात काटी।

"बाकी अइसी जल्दी का है?"

"जल्दी क्या है? अरे साहब, क्या पता किस दिन पाकिस्तान बन जाय। मैं चाहता हूँ कि न मालूम कब तक के लिए बात टल न जाय। सो आनेवाले मोहर्रम के शुरू होने से पहले अब्बा मरहूम की वसीयत पूरी कर दूँ।'

"त फिर त अब्बू का दुलहिन में ? बात कह रह्यो तो नू ई बिआह ना करिहो?" रब्बन बी ने सवाल किया।

"तो आप मँझले अब्बा से बात कर लीजिए।" वह रब्बन बी के सवाल को टाल कर गया।

"ना," रब्बन बी बोलीं, "बिआह होए चाहे मत होए। बाकी तो रबिउल अव्वल से पहिले ना हो सकता।"

"अम्मा तू..."

"तनिको अम्मा-उम्मा करे की जरूरत ना है।" रब्बन बी ने पगला गुना लिया। फिर वह तन्नू की तरफ मुड़ीं, "ए बन्नो, का तू हमरे आँगन पर ...

---

[1] रबी-उल-अव्वल अरबी महीने का नाम है। शीआ मुसलमानों में मोहर्रम के महीने के बाद भी एक महीना आठ दिन तक खुशी का कोई काम नहीं होता।

घर का विवाह कर सका ? अन्नू ने बात हाथ से अलग रख दिया। सारा गुड़िया। बाकी अपना सामान रख दिया।

सलमा का फिर [illegible] गया।

अन्नू ने हिसाब लगाया तो मालूम हुआ कि छुट्टी खत्म होने में अब बाद तक है। सो वह मान गया। मगर उस रात सारा घर सो गया तो उसने चुपके से सामान का बक्सा खोला था। कुछ मिठाई की नाव जागने से बाद रखी थी। सबका था की नाव भी कभी-कभार शराब बुलबुले मार ही लगी थी।

अन्नू ने अपने गुस्से में पड़ दिखाया। फिर वह एक नया लिखने वाला कागज का पन्ना रहा। खत लिखने में वह हमेशा घबराया करता था। मगर कोई सवा दो मिनटों बाद के बाद उसने अपने आपको खत लिखने पर तैयार कर लिया। लेकिन अब सवाल यह था कि खत शुरू कैसे किया जाय। मन की दुनिया तमाम बातें उसके दिमाग में उमड़ रही थी। कोई बुरी बात तो लिखनी नहीं थी। उसे तो अपनी ही मोहब्बत की बातें लिखनी थीं। और प्यार का जोश तो मामूली से मामूली शब्द को भी कुन्दन की तरह दमका देता है। हर लफ्ज़ [illegible] जादू बन जाता है। फिर भी यह बात उसे मुश्किल दिखायी दी। और खत लिखना—खत-पत्र लिखना आसान होता तो [illegible] परेशान न हो गया होता।

आखिर बहुत देर के बाद विचार के बाद उसने खत लिख ही डाला।

प्यारी सलमा [illegible] प्यार।

मैं अच्छा हूँ। उम्मीद करता हूँ कि तुम भी अच्छी होगी। मैं तो एक [illegible] जीता हूँ। [illegible] कि यह बार बार [illegible] लिखना चाहिए [illegible] लिखना यह है कि [illegible] की सालगिरह पर [illegible]। उम्मीद है कि तुम [illegible] आओगी। [illegible] आती है। [illegible] हुआ है। बाकी सब खैरियत है। [illegible] लिखता रहा है। प्यार।

तुम्हारा अपना

अन्नू

यह खत लिखकर उसने फिर से एक बार उसे पढ़ा। [illegible] लिखने, नहीं [illegible] लेकिन वह किसी और तरह का खत नहीं लिख

